छिन्दवाड़ा जिला – इस जिले में चौरागढ़ नागद्धारी कला पहाड़, खापा पहाड़ी, तामिया घाटी, छिंदी घाटी, दूल्हादेव घाटी, भीमसेन घाटी, सिल्लेवानी घाटी, कुंड कुकड़ी खापा, घोघरा, लिलाही, रानी कला, प्रताप घोटा महोदव झरना, तुलतुला झरना, सतधारा, अमोनी–समोनी गर्म जलकुंड, अन्होनी, मुत्तौर, तामिया, पातालकोट गुलाबगढ़ हर्रई, डोंगरदेव, गोहड़देव नीलकंठी का प्राचीन शिव स्थल, देवरानी दाई, प्राचीन कुंड परासिया, देवगढ़ किला, ऐतिहासिक जैन मंदिर मोहखेड, चांदशाह वली पहाड़ी, फरीद वाटिका, बढ़ाबिचोली पांढुर्ना, राधादेवी गुफा बिछुआ, पातालेश्वर धाम छिन्दवाड़ा, शिव आराधना केन्द्र चौरागढ़ नागद्धारी, विशाल (जामई) अर्द्ध नारीश्वर ज्योर्तिलिंग, प्राचीन शिवमंदिर मुजावर, शक्ति आराधना केन्द्र माँ हिंगलाज अंबाडा, माँ खेड़ा छति चांदा मेरा माँ षष्टी देवी कपूर्दा, बंजारी माता हनुमान मंदिर जाम सांवली, छूनीवाले दादा का मंदिर आँचलकुंड़ आदिवासी संग्रहालय छिन्दवाड़ा, आदि प्रमुख पर्यटक स्थल हैं।

नरसिंहपुर जिला – सतधारा प्रताप, बरमानघाट, झिकोपीघाट, शोकलपुर घाट, नरहरिया ऐतिहासिक तालाब, चौरागढ़ किला, बरहरा विराटनगर वोहनी आल्हा ऊदल के पिता एवं चाचा का गढ़, बरमान के धार्मिक मंदिर नरसिंह मंदिर मंदिर नरसिंह पुर, केशवानंद दादा दरबार, सांई खेड़ा शिवधाम डमरूघाटी, राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी भोलेश्वर आदि इस जिले के प्रमुख पर्यटकों के केन्द्र हैं।

होशंगाबाद जिला – नर्मदा के सुंदर घाट, महादेव पहाड़ियाँ, पांडव गुफाएँ, नागद्धारी गुफाएँ, अस्ताचल गुफाएँ, जम्बूद्धीप गुफाएँ, निम्बूभोज गुफाएँ, पंचमढ़ी, आदमगढ़ गुफाएँ, भितीचित्र पंचमढ़ी, पांचालगढ़, तिलक सिंदूर खरामा, जटाशंकर, बड़ा महादेव, पंचमढ़ी, बांद्रामान नर्मदा–तवा संगम, आंवली घाट– नर्मदा भीलटदेव–संत समाधी बोरीवन अभ्यारण्य, पंचमढ़ी अभ्यारण्य, सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान, पचमढ़ी बायो स्फियर रिजर्व, आदि इस जिले के प्रमुख पर्यटक एवं दर्शनीय स्थल हैं।

हरदा जिला – बाण गंगा नदी पर सुंदर प्रपात, गौमुख झरना, जलकुंड खिरकिया, प्राचीन किला हंडिया, जोगा का किला, हिंडोन नाथ गुफा, सिंदूर त्रिशूल आकृति, मकडाई प्राचीन किला, स्वास्तिक चक्रव्यूह मॉडल चारूवा, गुप्तेश्वर मंदिर, ऋद्धेश्वर मंदिर, पढ़तविराम मंदिर, पीपलेश्वर मंदिर, त्रिकाल चौपीसी मंदिर आदि इस जिजे के प्रमुख पर्यटक स्थल हैं।

बैतूल जिला – कालीमीत ग्वालगढ़, ताप्ती नदी का उद्गम मुतलाई, मोरंड घाटियाँ, खेंडला किला बैतूल, शेरगढ़– मुलताई, भवरगढ़ शाहपुर, सांवलीगढ़ बैतूल, भैंस देही किला, रूकमणी बालाजी मंदिर बैतूल, गुरू साहब महाराज मंदिर, भटकाबड़ी, तप्तेश्वर शिवमंदिर, मुलताई, राममंदिर धनगौरी, विठ्ठल रूकमणी मंदिर सांईखेड़ा कुकरू काफी बागान, कालीमीत अभ्यारण्य खालीगढ़ पहाड़ी गुफाएँ एवं रॉक पेंटिंग्स, माँ कामांक्षा मंदिर डडुआ, मुक्तागिरी जैन तीर्थ, श्रीराम मंदिर सारणी आदि इस जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

बुरहानपुर जिला – पश्चिमी सतपुड़ा पर्वत श्रेणियाँ, राजपीपला पर्वत श्रेणियाँ, हन्ती पर्वत श्रेणियाँ, असीरगढ़ पहाडियाँ, बुरहानपुर ऐतिहासिक नगर, बीवी मस्जिद, जामी मस्जिद शाही किला, मकबरे आहूरखाना, जल वितरण प्रणाली, खूनी भंडारा, असीरगढ़ का प्राचीन किला, महल गुलाटा बहादुरपुर प्राचीन शिवालय असीरगढ, उच्छादेवी मंदिर इच्छापुर आदि इस जिले के प्रमुख प्राचीन पर्यटन स्थल है।

खण्डवा जिला – घार तथा घामड़ी जलकुंड एवं प्रपात, गौरीकुंज आडिटोरियम, खण्डवा, शंकराचार्य गुफा, ओंकारेश्वर, काजल टानी गुफाएँ–ओंकारेश्वर, नागचून के प्राचीन बांध, शक्तिधाम, ओंकारेश्वर सिद्धनाथ चौबीस अवतार, सप्तमातृका तीर्थ अन्नपूर्णा मंदिर, पंचमुखी गणेश मंदिर, सिद्धवरकूट जैन मंदिर, सिंगाजी संत समाधी इंदिरा सागर एवं ओंकारेश्वर विशाल जलाशय, ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान, मांधावत वन अभ्यारण्य, सुरमाव्यावन अभयारण्य आदि इस जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं तथा इनमें से कुछ का निर्माण प्रस्तावित है।

खरगोन जिला – बीजागढ़ की पहाडियाँ, विन्ध्य कगार, सिरवेल झरना, सहस्त्रधारा जल प्रपात, सगूर–मगूर अमृतकुंड नागेश्वर कुंड, बीजागढ़ का किला महेश्वर, मंडलेश्वर दुर्ग, देवी अहिल्या संग्रहालय, ऊन जैन तीर्थ, कसरावड़, नावडा टोली, रावेरखेड़ी, दरियाव महल, नर्मदा महल, पुरानी गढ़ी भीकनगांव दत्तात्रयधाम, नवग्रह मंदिर, महेश्वर के मंदिर देवड़ा जलाशय, महेश्वर तालाब, कमलताई–गुफाओं का तालाब आदि इस जिले के दर्शनीय पर्यटन स्थल है।

बड़वानी जिला – बड़वानी हिल्स, सेंधवा पहाड़ी, बावनगज पहाड़ी, ऐतिहासिक नगर बड़वानी, पुरानी चम्पा बावड़ी वड़वानी, आवारूगढ़ किला, भंवरगढ़ किला कसराबइ चिखलड़ा छत्रियां शिलालेख भित्तिचित्र, अवसगढ़ किला, पानसेमल का किला, सिद्धनाथ मंदिर, भीलटदेव मंदिर, बावनगज के जैन मंदिर चूलगिरी बड़वानी, गायत्री धाम, जानकी, भोलेश्वर महादेव मंदिर, प्राचीन मंदिर सोन्दुल, आदि इस जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। सपपुड़ा पर्वत श्रेणियाँ विभिन्न पठार व पहाड़ियों से युक्त है। पश्चिम में बड़वानी से प्रारम्भ होकर बैतूल छिन्दवाड़ा परसवाड़ा मैकल पठार पूर्व की ओर चले जाते हैं। संपूर्ण पर्वत श्रेणियों में पर्यटन स्वरूप के विकास की अपार संभावनाएँ तो हैं ही इसके साथ ही यहां कृषि पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, जलाशय पर्यटन, ईको पर्यटन आदि की विकास की पूर्ण संभावनाएँ हैं।

सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में बसे छिंदवाड़ा जिले के पर्वतीय अंचल में तामिया, पातालकोट क्षेत्र में कई स्थान अपने नैसर्गिक सौन्दर्य और आकर्षण का सबसे बड़ा केन्द्र हैं । इस प्रकार सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों में प्राकृतिक सौन्दर्य के पर्यटन स्थल, वन एवं वन्य प्राणी पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक पर्यटन स्थल, शैलाश्रय एवं शैलचित्र धरोहर वाले पर्यटन स्थल, धार्मिक पर्यटन एवं पौराणिक पर्यटन स्थल एवं सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण पर्यटन स्थल है तथा इस क्षेत्र में पर्यटन उद्योग तथा रोजगार की असीम संभावनाएँ विद्यमान हैं । जिसके द्वारा यहां का सामाजिक तथा आर्थिक विकास संभव हो सकता है ।

मध्यप्रदेश के पर्यटक स्थल एवं पर्यटको की स्थिति – मध्यप्रदेश में पर्यटन के विकास की संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश प्राकृतिक एवं नैसर्गिक पर्यटक स्थान विद्यमान है। भीमबैठका, खजराहो, सांची, मांडू, पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र तथा कान्हा, बांधवगढ और पेंच जैसे वन्य जीवो से भरपूर राष्ट्रीय उद्यान और पंचमणी जैसे सुंदर पर्वतीय क्षेत्र हैं धार्मिक दृष्टि से भी मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण प्रदेश हैं। प्रदेश की उज्जैन नगरीय जहॉ हर बारह वर्ष में सिंहस्थ मेला का आयोजन किया जाता है, चित्रकूट, ओरछा, मैहर और सांची जैसे तीर्थ स्थल है। जहॉ देष के साथ –साथ विदेशी शैलानियो को देखा जा सकता है। इस प्रकार प्रदेश अपने आकर्षक स्थलो के कारण राष्ट्रीय अन्तराष्ट्रीय पर्यटको और तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करता है,

म.प्र. शासन तथा म.प्र. पर्यटन विकास निगम के सफल प्रयासो के कारण पर्यटको की संख्या में वद्धि करने के साथ–साथ प्रदेश को देश के प्रथम पर्यटक –स्थल के रूप मे विकसित करने के लिए सतत् प्रयत्न किये जा रहे है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2011–2012 में राज्य में कुल 4 करोड 20 लाख 6 हजार 140 पर्यटको ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानो का भ्रमण किया जो कि निम्न सारिणी से स्पष्ट किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के विभिन्न पर्यटन केन्दो पर पर्यटको के भ्रमण की स्थिति

पर्यटन केन्द्र	भारतीय	विदेशी	योग
अमरकंटक	1906500	15	1906515
भेड़ाघाट	470587	774	471361
बांधगढ़	109947	36623	146570
चित्रकूट	9264468	290	9264758
ग्वालियर	770096	19137	789233
कान्हा	148017	21138	169155
खजुराहो	256068	98504	354572
महेश्वर	533922	4345	538267
मांडू	738203	6648	744850
ओरछा	1978000	37342	2015242
ओंकारेश्वर	4025000	1346	4026346
पचमढ़ी	903517	415	903932
शिवपुरी	33124	112	33236
साँची	205222	7196	212418
बुरहानपुर	48869	202	49071
भीमबैठका	45636	1918	47554
पन्ना	93957	15093	109050
पेंच	60490	5720	66210
उज्जैन	2740400	791	2741191
भोपाल	555727	1143	556869
इंदौर	825290	169	825459
जबलपुर	571343	1040	572383
दतिया	177996	131	178127
होशंगाबाद	1125000	164	1125
मैहर	11150000	0	11150000
सलकरपुर	3006815	1792	3008607
योग	**41744194**	**261948**	**42006140**

स्रोत: म.प्र. का आर्थिक सर्वेक्षण, म.प्र. शासन, 2011–2012

मध्यप्रदेश में पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु पर्यटन विभाग के आधीन मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम कार्यरत है। पर्यटन विकास निगम के अनुसार राज्य में 382 ऐसे केन्द्र हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकृर्षित करते हैं इनमें अधिकांश केन्द्र ऐसे हैं जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हैं।राज्य के विकास में शासन के आय स्त्रोतो के के साथ–साथ निजी क्षेत्रों की भागीदारी का विशेष योगदान होता है । इस दिशा में पर्यटन के क्षेत्र में निजी भागीदारी काफी कम है । निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा पर्यटन नीति 2010 में संशोधित किया गया तथां राज्य सरकार ने पर्यटन नीति 2012 को लागू कर पूर्व नीतियों को समाप्त कर दिया, जिससे निजी क्षेत्र को अधिकाधिक भागीदारी किये जाने का प्रयास किया जा रहा है । मध्यप्रदेश पर्यटन निगम ने गत पाच वर्षों मे आय अर्जित की यह निम्न सारिणी से देखी जा सकती है।

मध्यपदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा आर्जित आय

वर्ष	आय राशि करोड रूपयो मे	पर्यटकों की संख्या करोड में
2008–2009	51.00	1.58
2009–2010	60.00	2.65
2010–2011	70.00	2.72
2011–2012	84.70	6.67
2012–2013	72.00 (दिस. 2012)	5.35

स्रोत म.प्र. का आर्थिक सर्वेक्षण म.प्र. शासन भोपाल ,

उपरोक्त सारिणी से स्पष्ट होता है कि प्रदेश मे निरंतर पर्यटको की संख्या में वद्धि के साथ–साथ प्रदेश की आय में भी वद्धि हो रही है। पर्यटन उद्योग के विकास से जहॉ लोगों के मनोरंजन एवं ज्ञान में वद्धि हो रही है वही यहा के जन समूह को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार अच्छी आय के संसाधन प्राप्त हो रहे है आवश्यकता है शासन की सक्रियता की पर्यटक स्थल में सुविधाएं बढाने की पर्यटक हेतु, परिवाहन व्यवस्था बढाने की, तथा पर्यटक स्थलो को आधुनिक तर्ज पर विकसित करने की, ताकि पर्यटक उद्योग का और अधिक प्रचार–प्रसार हो एवं प्रदेश के पर्यटक स्थलों की लोक प्रियता बढे तथा हमारे पर्यटन उद्योग से राज्य की आय के साथ–साथ यहा के जनमानस को सीधे तोर पर रोजगार प्राप्त हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वर्मा, अंजलि, भारत में पर्यटन विकास और संभावनाएँ ओमेगा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली 2008
2. अमित एवं जोशी महिमा – भारत में आधुनिक पर्यटन रावत पब्लिकेशन्स जयपुर 2010
3. शर्मा, सोलंकी एवं सिंह आर.के. म.प्र. जिला दर्शन एवं सामान्य ज्ञान उपकार प्रकाशन आगरा –2, 2012
4. तिवारी कपिल देव : छिंदवाड़ा दर्पण, अरूणोदय प्रकाशन नई दिल्ली 2009
5. वरे, एस,एल, मध्यप्रदेश में पर्यटन, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल 2009
6. मध्यप्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण, म.प्र. शासन भोपाल

भारत में बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन

डॉ.आर. बी. गुप्ता * जया कैथवास **

प्रस्तावना – भारत में बैकिंग का इतिहास काफी पुराना है। ब्रिटिश शासन के दौरान बैकिंग की परिभाषा बदली और वित्तिय विस्तार के दौर में नई प्रवृत्तियों का समावेश हुआ। वर्तमान बैकिंग युग ग्लोबलाइजेशन से प्रभावित है, जिसे समझने के लिये वैश्विक लेन–देन से परिचित होना आवश्यक है। इस शोध पत्र में भारत में बैकिंग विकास की प्रक्रिया को समझाया गया है।

किसी भी देश की समृद्धि में उसकी वित्तिय संस्थाओं की भूमिका होती है। बैकिंग व्यवस्था वित्तिय सेवाओं का अहम केन्द्र बिन्दु है। भारत की वर्तमान प्रवृत्ति का आरम्भ दसवी शताब्दी के अन्त में आरम्भ हुआ था। आधुनिक बैकिंग सेवा का सम्बन्ध बीसवी शताब्दी से है।

भारतीय बैकिंग व्यवस्था के विकास को निम्न भागों में विभाजित किया जा सकता है:–

- **अस्तित्व का दौर**– वर्ष 1935 से पहले का दौर अस्तित्व का दौर कहलाता है।
- **राष्ट्रीयकरण का दौर–** 1935 से 1983 तक का सफर राष्ट्रीयकरण का दौर कहलाता है। बैकों के राष्ट्रीयकरण की सुत्रधार तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी थी।
- **विलय का दौर–** 1984 से 2006 तक का समय विलय का दौर माना जाता है। इस दौर में लगभग 45 से अधिक निजि क्षेत्रो के बैंकों का विलय एक–दूसरे में हुआ।
- **आधुनिकीकरण का दौर–** 2006 से अब तक आधुनिकीकरण का दौर माना जाता है। इसके तहत भारत में बैकिंग बहुत सुविधाजनक और परेशानी मुक्त हुई है।

उद्देश्य– इस शोध का मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार है:–

1. बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली आम सेवाओं का संक्षिप्त अध्ययन करना।
2. बैंकिंग प्रणाली की संरचना का संक्षिप्त अध्ययन करना।
3. देश की प्रमुख बैकिंग संस्थाओं का संक्षिप्त अध्ययन।

विवेचना–भारत में बैंकिंग प्रणाली की संरचना को समझने के लिये बैकिंग कार्य में लगी सभी कम्पनियों का संक्षिप्त परिचय जानना आवश्यक होगा। यहां हम बैंकिंग कार्य में लगी कुछ कम्पनियों का परिचय जानेगे। बैकिंग प्रणाली की संरचना को निम्नलिखित रुप मे प्रदर्शित किया जा सकता है।

- **अनुसूचित बैंक–** अनुसूचित बैंक वे बैंक होते है जो रिजर्व बैंक की दूसरी अनुसूची में सम्मिलित है। इनकी प्रदत्त पूंजी तथा आरक्षित कोश का योग कम से कम पांच लाख रुपये के बराबर है। तथा रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार ये अपनी जमा का निर्धारित प्रतिशत नगद आरक्षित कोश के रुप मे रिजर्व बैंक के पास रखते है।
- **गैर– अनुसूचित बैंक–** गैर अनुसूचित बैंक से तात्पर्य एक बैंकिंग कम्पनी से है इसे बैकिंग रेग्युलेशन एक्ट वर्ष 1949 के सेक्शन 5 के क्लास में परिभाषित किया गया है। इसकी आरक्षित पूंजी पांच लाख रुपये से कम होती है। बैंक भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम द्वारा शासित नहीं होते और भारतीय रिजर्व बैंक से कोई सुविधा भी प्राप्त नहीं करते।
- **सहकारी बैंक–** सहकारी समिति अधिनियम के अंतर्गत सहकारी बैको को पंजीकृत किया जाता है एवं बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट 1949 और बैंकिंग विधि अधिनियम,1955 द्वारा प्रशासित किया जाता है, सहकारी समितियां जब बैकिंग व्यवसाय करती है तो उन्हे सहकारी बैंक कहा जाता है। इनका कार्य सामान्यत: छोटे किसानों, कर्मचारीयों एवं लघु उधोगों को ऋण सुविधाऐं प्रदान करते है। ये बैंक ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रो में कार्य करते है। इन्हे प्राय: केन्द्रीय सहकारी बैंक, राज्य सहकारी बैंक एवं प्राथमिक सहकारी बैंक समितियों में वर्गीकृत किया जाता है।
- **वाणिज्यिक बैंक–** इन्हे व्यापारिक बैंक भी कहते है। व्यापारिक बैंक प्राय: व्यापार का ही अर्थ प्रबन्धन करते है अर्थात ये बैंक केवल व्यापारियों को ही अल्पकालीन ऋण देते है। इनके कार्यो का मूल्यांकन करने के लिऐ रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया ने इन्हे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ओर निजी क्षेत्र के बैंक के रुप में वर्गीकृत किया है।
- **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक–** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना वर्ष 1975 में की गई थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में उन लोगों को बैंकिंग सुविधाऐ देना जिनके पास मे सुविधाऐ नही है। समाज के कमजोर वर्गो के लोगो को रियायती दर पर संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना इनका मूल उद्देश्य है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मे केन्द्र सरकार राज्य सरकार तथा प्रवर्तक बैंक 50:15:35 के अनुपात में पूंजी लगाते है।

इस प्रकार बैंकिग संरचना के अन्तर्गत आने वाले उपरोक्त बैंक अपना बैंकिंग कार्य सम्पन्न कर रही है, तथा भारत में वित्त की स्थिति बनाती है।

देश की प्रमुख बैंकिंग संस्थाएँ देश में बैंकिग प्रक्रिया को सफल बना रही है। जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण क्षेत्रो में बैंकिंग प्रक्रिया को प्रभावी रुप से चला रही है, तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैक (SIDBI) के माध्यम से उद्योगो को बेहतर वित्त पोषण दिया जा रहा है।

देश की नई बैंकिंग व्यवस्थाएँ– भारत में कुछ नई बैंकिंग व्यवस्थाएँ निर्मित हूई है जिनमे से कुछ इस प्रकार है–

- **भारतीय महिला बैंक (बी एम बी)** – यह भारत का पहला महिला बैंक है इसकी शुरुआत 19 नवम्बर2013 को हुई है। इसका मूख्यालय दिल्ली मे है। शुरुआत मे इस बैंक की सात शाखाएँ मुम्बई, बेंगलुर,

* प्राध्यापक (वाणिज्य) कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर (म.प्र.) भारत

कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ तथा गुवाहाटी में खोली गई है। इस बैंक के निर्देशक मण्डल की सभी सदस्य महिलाएँ है। वर्तमान में इस बैंक की प्रबन्ध निर्देशक उषा अनन्तसुब्रहमण्यम है। इस बैंक के लिये वर्ष 2013 मे आम बजट में प्रस्ताव रखते हुए 1000 करोड़ की पूंजी आवण्टित की गई थी। इसमे बचत खाते में सामान्य बैकों की तुलना में 0.05 से 1प्रतिशत तक ज्यादा ब्याज देने का विकल्प है।

- **इस्लामिक बैंकिंग** – भारतीय रिजर्व बैंक ने 17 अगस्त 2013 को केरल सरकार को इस्लामिक वित्तिय सिद्धान्तों पर आधारित संस्था शुरु करने की मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत केरल राज्य औधोगिक विकास निगम चेयरमेन वित्त सेवाएँ लिमिटेड के नाम से गैर–बैंकिंग वित्त कम्पनी की शुरुआत की। इसकी आधारिक पूंजी 100रु करोड़ होगी। इस्लामिक बैंक मे शरीयत के अनुसार ब्याज लेना व देना, दोनों स्वीकार्य नही है। अत: नया संस्थान न तो कर्ज पर ब्याज लेगा और न ही जमा पर ब्याज देगा।

उपरोक्त दोनों संस्थाऐ देश में अपना बैंकिंग कार्य कर रही है। तथा वित्ति सम्बधी सहायता देश को प्राप्त करा रही है।

बैंको द्वारा भारत में दी जाने वाली आम सेवाएँ–आधुनिकीकरण के दौर मे भारत में बैंकिंग बहुत ही सुविधा जनक हो गयी है। इसके द्वारा भारत में निम्न आम सेवाएँ प्रदान की जा रही है–

- **बैंक खाते** –यह बैकिंग क्षेत्र की सबसे आम सेवा हैं। जिसके तहत बचत खाता, चालू खाता या जमा खाता आदि खोले जाते है।
- **ऋण खाते** – इसके तहत आवास ऋण, कार ऋण, व्यक्तिगतऋण, शेयर के विरुद्ध ऋण, शैक्षिक ऋण, आदि सुविधाएँ दी जाती है।
- **धन हस्तान्तरण** –बैंक, विश्व के एक कोने से दूसरे कोने मे पैसा स्थानान्तरण करने के लिऐ ड्राफट, धनादेश या चैक जारी कर सकते है।
- **क्रेडिट और डेबिड कार्ड** –सभी बैंक अपने ग्राहको को कार्ड के तहत उधार पैसा देने की सुविधा तथा डेबिड कार्ड से एटीएम से पैसा निकासी की सुविधा भी देता है।
- **लॉकर्स सुविधा** –यह महत्वपूर्ण दस्तावेज, किमती गहने सुरक्षित रखने के लिए बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है।

हाल ही में भारत सरकार ने स्वाभिमान योजना का शुभारम्भ किया है जिसके तहत आम आदमी तक बैकिंग सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए वित्तिय समादेश हो सके। केन्द्र सरकार द्वारा 10 फरवरी 2011 को इस योजना को आरंभ किया गया।

- **बैंको की वस्तुस्थिति** – वर्तमान में भारत में 168 वाणिजिक बैंक कार्यरत है। जिनमें से 164 अनुसूचित वाण्यिजिक बैंक है जबकि 4 गैर–अनुसूचित बैंक है। अनुसूचित बैंकों में 82 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मथा 27 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक है। जिसमें स्टेट बैंक एवं उसके 7 सहयोगी बैंक, 18 राष्ट्रीयकृत तथा 1 आई.डी.बी.आई बैंक ही जबकि 32 विदेशी तथा 26 निजी क्षेत्र के बैंक है।

हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया द्वारा किए गए स्ट्रेस टेस्ट के अनुसार भारतीय बैंकिग प्रणाली किसी भी तरह के आर्थिक संकट और ऊँची नॉन परिसम्पत्तियों के झटकों को सहन करने में सक्षम है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास सोने का दुनिया में 10वां सबसे बडा भण्डार है। नवम्बर 2009 में भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.7 अरब अमेरिकी डालर की लागत से अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 200 मीट्रिक टन सोने की खरीदी की थी। जिसमें उसने विदेशी मुद्रा कोश में गोल्ड होल्डिग्स की हिस्सेदारी बढ़ गई। पहले यह 4प्रतिशत थी, अब 6 प्रतिशत हो गई है।

निष्कर्ष– उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट होता है, कि भारतीय बैंकों का वर्तमान परिदृश्य काफी बेहतर हो गया है। हाल ही में यूनाईटेड किंगडम स्थित ब्राण्ड फाइनेन्स द्वारा किए गए वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय रैकिग अध्ययन के अनुसार 20 भारतीय बैंकों को ब्राण्ड फाइनेन्स ग्लोबल बैंकिग 5 की सूची में शामिल किया गया है। वस्तुत: स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया भारत का ऐसा पहला बैंक बन गया है, जिसे दुनिया के पचास बैंको की सूची में स्थान मिला है। इसे 36 वां स्थान मिला है। वर्ष 2009 मे जहां इस बैंक की ब्राण्ड वैल्यू 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर थी वही वर्ष 2010 में यह4.6 अरब डॉलर हो गई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वाणिज्य बैंक प्रबंध– वी.पी. अग्रवाल
2. समाचार–पत्र, मासिक पत्रिका,
3. इन्टरनेट

****

उद्योग, विकास और पर्यावरण

डॉ. प्रीति श्रीवास्तव *

शोध सारांश – उद्योग और विकास का सीधा संबंध है पर इसका पर्यावरण के साथ क्या सम्बंध है यह समझना जरूरी है क्योंकि पूर्ण विकास तभी संभव है जब पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आर्थिक विकास किया जाए। इस के लिए चेन्नई में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च का ताजा अध्ययन एनवायरमेटंल सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स फॉर इंडियन स्टेटस (भारतीय राज्यों का पर्यावरण स्थिरता सूचकांक) 28 राज्यों की स्थितियों का इसमें विवरण किया गया है। आर्थिक प्रगति से किसी राज्य के असली विकास का पूर्ण चित्रण नहीं हो पाता क्योंकि इसमें परिस्थितिक और प्राकृतिक संसाधनों पर उसके प्रभाव की चर्चा नहीं होती। इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने 0 – 100 से पैमाने पर सभी राज्यों के पर्यावरण दृश्य को परखा, इसमें 100 के निकटतम रहने वाले राज्यों में पर्यावरण का सबसे कम नुकसान हुआ है जबकि 0 के निकट आने वाले राज्यों में पर्यावरण का नुकसान सर्वाधिक है। इस अध्ययन में यह बताया गया है कि यह आवश्यक नहीं है कि किसी राज्य में पर्यावरण का नुकसान, उद्योगों के ही कारण होगा। अत: यह कहना गलत नहीं होगा कि औधोगिकरण से प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान सीधे जुड़ा हुआ नहीं है।

प्रस्तावना – यह एक लंबी बहस है कि उद्योगों से पर्यावरण पर क्या असर पड़ता है। अभी तक इस पर कोई समग्र और अधिकारिक अध्ययन उपलब्ध नहीं था, क्योंकि इसके लिए आवश्यक कोई दीर्घकालीन आंकड़े ही उपलब्ध नहीं थे। हालाकि अब इस क्षेत्र में कुछ प्रगति हुई है और कुछ नये और उपयोगी अध्ययन सामने आये है इस अध्ययनों से किसी अंतिम निष्कर्ष पर चाहे न पहुँचा जा सके पर ये एक निश्चित दिशा की ओर इंगित अवश्य करते है।

चेन्नई में स्थिर इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मेनेजमेंट एंड रिसर्च का ताजा अध्ययन एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स फॉर इंडियन स्टेटस (भारतीय राज्यों का पर्यावरण स्थिरता सूचकांक) 28 राज्यों की स्थितियों की जांच पड़ताल का नतीजा है। इस अध्ययन में 5 प्रमुख मानक थें। ये है जनसंख्या का दबाब, पर्यावरण का दबाब, पर्यावरण प्रणाली, पर्यावरण स्वास्थ पर प्रभाव, पर्यावरण प्रबंधन। इन राज्यों के अध्ययन के समय वायु प्रदुषण, वायु की गुणवत्ता, जल प्रदूषण, कूडे की उत्पत्ति आदि का भी ध्यान रखा गया।

आर्थिक प्रगति से किसी राज्य के असली विकास का पूर्ण चित्रण नहीं हो पाता, क्योंकि इसमें परिस्थितिक और प्राकृतिक संसाधनो पर उसके प्रभाव की चर्चा नहीं होती। राज्य का आर्थिक प्रगति और विकास के विश्लेषण में यदि इन मानकों को भी शामिल कर लिया जाए तो राज्य के वास्तविक विकास को बेहतर समझा जा सकता है। पर्यावरण स्थिरता सूचकांक तय करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस तरह से राज्य के विकास और पर्यावरण की आवश्यकता का विश्लेषण करके प्राथमिकताओं को तय करना आसान हो जाता है। इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेशियल मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च के भारतीय राज्यों के पर्यावरण स्थिरता सूचकांक मानक अध्ययन से प्राथमिकताएं तय करने में मदद मिलेगी।

इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने जब भिन्न–भिन्न राज्यों के पर्यावरण स्थिरता सूचकांक का अध्ययन किया तो यह पाया गया कि पर्यावरण स्थिरता सूचकांक के मानको में मणिपुर सबसे आगे है। मणिपुर के बाद क्रमश: सिक्किम, त्रिपुरा, नागालैंड़, और मिजोरम प्रथम 5 राज्यों में शामिल है। उनके उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जहां औद्योगिकरण बहुत अधिक है सातवें स्थान पर है, जबकि पंजाब, गुजरात, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सबसे नीचे के पायदानों पर है। सतही तौर पर देखने पर ऐसा लगता है कि चूँकि सिक्किम में बड़े उद्योग नहीं है अत: उसका सबसे ऊपर की पायदान पर होना तथा गुजरात जैसे औद्योगिक प्रदेश का सबसे निचले पायदानों में से एक पर होना स्वाभाविक है, पर यदि बारीक विश्लेषण करे तो एक अलग ही तस्वीर उभरती है।

पर्यावरण पर दबाब के मानकों में प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, प्रदूषण, कूडा बनाना आदि कारण शामिल है। इनकों ध्यान में रखते हुए यह तय किया जाता है कि किसी राज्य में पर्यावरण की हानि का पैमाना कैसा है।

इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेशियल मैनेजमेट एंड रिसर्च ने 0–100 के पैमाने पर सभी राज्यों थे। पर्यावरण दृश्य को परखा, इसमें 100 को निकटम रहने वाले राज्यों में पर्यावरण का सबसे कम नुकसान हुआ है जबकि 0 के निकट आने वाले राज्यों में पर्यावरण का नुकसान सर्वाधिक है। विश्लेषण में मणिपुर को 98, हिमाचल प्रदेश को 82, छत्तीसगढ़ को 77 महाराष्ट्र को 51, गुजरात को 30 और गोवा को 27 अंक मिले है।

उपरोक्त अंक तालिका से स्पष्ट है कि गोवा को गुजरात से भी कम अंक मिले जबकि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को गोवा के मुकाबले में बहुत अधिक अंक मिले। सब जानते है कि गोवा प्रसिद्धि उद्योगों के कारण नहीं है और महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ जहां उद्योगीकरण बहुत अधिक है, वहां वातावरण का नुकसान गोवा जैसा नहीं है। इस तालिका से यह सिद्ध होता है कि यह आवश्यक नहीं है कि किसी राज्य में पर्यावरण का नुकसान उद्योगो के कारण ही होगा, यानि ये भी आवश्यक नहीं है कि उद्योग पर्यावरण के लिए नुकसान देह होगे ही।

इस प्रकार जब प्राकृतिक संसाधनों के कारण का विश्लेषण किया गया तो यह पाया गया कि गुजरात में यह नुकसान सबसे ज्यादा है जबकि महाराष्ट्र में वैसा नहीं है। छत्तीसगढ़ को यहां भी अच्छे नम्बर मिले है और हिमाचल प्रदेश ने जहां कुछ वर्षो में औद्योगीकरण हुआ है, काफी अच्छे नम्बर

* अतिथि विद्वान, संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय, गंजबासोदा, विदिशा (म.प्र.) भारत

लिये है। अत: यह कहना गलत नही होगा कि औद्योगिकरण से प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान सीधे जुड़ा हुआ नहीं है, वरना हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ जहां सीमेंट प्लांट भी है, प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण में सबसे आगे होता, जबकि वस्तु स्थिति ऐसी नहीं है।

पहाड़ी राज्य होने के कारण उत्तरांचल व हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में अकसर औद्योगीकरण को लेकर पर्यावरण संतुलन तथा प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण की बहस चलती है। लोगों में और कई बार मीडिया में भी इन बहस को लेकर भ्रम की स्थिती बनी रहती है। क्योंकि लोगों के पास असल विकास या पर्यावरण के नुकसान को मापने का कोई मान्य, वैज्ञानिक, अथवा तर्कसंगत तरीका नहीं होता।

कई लोग भिन्न-भिन्न कारणों से औद्योगीकरण के खिलाफ है। उनमें से कई कारण वैध है, लेकिन बहुत बार या तो निहित स्वार्थ के कारण अथवा अज्ञान और गरीबी की मानसिकता के कारण भी लोग बड़े उद्योगो का विरोध करते है। वे यह भूल जाते है कि सरकारी नौकरियों का जमाना खत्म हो गया है, कृषि लाभदायक व्यवसाय नही रह गया है और विकास के लिए और रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिए आपको बड़े उद्योग का सहारा लेना ही पड़ेगा। देश में गरीबी की समस्या को हल करने का एकमात्र तरीका रोजगार के नये अवसरों को पैदा करना हैं। इसके लिए उद्योगो की जरूरत है। कृषि क्षेत्र में पहले से भी बहुत कम पगार पर बहुत से लोग लगे हुए है, इसलिए आपको मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों में रोजगार पैदा करना होगा। अत: हमें यह सोचना होगा कि पर्यावरण को क्षति पहुँचाएं बिना औद्योगीकरण कैसे हो सकता है ताकि रोजगार के अवसर बढ़े और देश समृद्धि आये।

निष्कर्ष – हम इक्कीसवीं सदीं में प्रवेश कर चुके है और सत्रहवी सदी की मानसिकता से हम देश का विकास नहीं कर सकते। नई स्थितियों में नई समस्याएं है और उनके समाधान भी पुरातन पंथी नहीं हो सकते। यदि हमें गरीबी, अशिक्षा से पार पाना है और देश का विकास करना है तो हमें इस मानसिक यात्रा में भागीदार होना पड़ेगा जहां हम नये विचारों और आत्मसात कर सके। और जमाने से साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Media Reporting.
2. Industries and enviroment "Attemative Journalism"
3. Alternative Journlism and PK Khurana
4. पर्यावरण चेतना, प्रधान संपादक प्रोफेसर धनंजय वर्मा प्रकाशक : मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी
5. मासिक पत्रिका उद्यमिता मार्च 2014 अंक 11
6. मासिक पत्रिका उद्यमिता जनवरी 2014 अंक 9

****

Export Potential Of Agricultural Commodities Of India

Dr. S.T. Warade *

Abstract - Agricultural sector is the mainstay of the rural Indian economy around which the socio economic privileges and deprivations revolve and any change in its structure is expected to have a corresponding impact on the existing pattern of social equality. The growth of India's agriculture sector during the 50 years of independence remain impressive at 2.7 % per annum. About two-third of this production growth is added by gains in crop productivity. The need based strategies adopted since independence and intensifies after mid-sureties' primarily focused on feeding the growth population and making the country itself reliant in food production. According to experts, India has needed to play a bigger role in the global markets in agriculture products in the future. The country is expected to strengthen its position among the world's leading exporters. But recently the GDP is decline & in GDP share of agriculture also gradually decline. Exports during May 2010 were valued at US $ 26796.54 million during May 2010. Due to worldwide deflation the estimated growth of Indian economy may stand 6% from 8% of previous years. It is also key- challenge to policy makes that in declining growth rate how to bust agricultural production & export of agricultural produce. **Keyword -** Agricultural produce, Commodities, Export, Socio economic

Introduction - India ranked second worldwide in form output. Agriculture and allied sectors like forestry, logging and fishing accounted for 15.7% of the GDP in 2009-10, employed 52% of the total workforce, and despite a steady decline of its share in the GDP, in still the largest economic sector and a significant piece of the overall socio-economic development of India. Yields per unit area of all crops have grown since 1950 due to special emphasis placed on agriculture in the five year plans and steady improvement in irrigation, technology, application of modern agricultural practices and provision of agricultural credits & subsidies since the green revolution in India. India is the largest producer in the world of jute, milk and pulses. Also has the world's second largest cattle population. It is second largest producer of rice, wheat, sugarcane cotton and ground nuts, as well as the second largest fruit and vegetable producer. India is also second largest producer of silk.

But India is second largest country of population in worldwide& basically most of population based in rural India & dependent on agriculture &Agri. practices related field. After green revolution farm output increased. International comparisons reveal the average yield in India is generally 30 % 50% of the highest average yield in world. But main problem of Indian farmers is how to better marketing to get good price to their produce. Farmers can't get better price to their produce so after 65 years of independent the living of standard is really poor.

One of the main reasons of less productivity of agriculture in India is agricultural marketing. Farmers must get adequate marketing facilities so that they get better earning. But an inadequate marketing facilities farmers dispose of his surplus mainly locally. Most common method is to sell away his surplus produce to the village money-lender cum trader, who my buy it either on his own or as on agent of a bigger merchant of the neighbouring 'Mandi' town. It is estimated that in the Punjab 60 present of wheat, 70 present of oilseed and 35 present of cotton are sold in the village itself. The second method of marketing by the Indian farmer is to dispose of his produce in the weekly village markets, fairs and religion festivals. The third method of agricultural marketing is through the Mandi's in small and large towns.

The Indian farmers are very poor, illiterate and ignorant. As well as Indian agriculture sector belongs to unorganized sector so farmers didn't get better price of their produce. Farmer is so poor & didn't have adequate storage facilities so that he was no capacity to wait for better price, transport condition in rural areas are so bad, condition of Mandi's are poor, the method of transaction in Mandi's are against farmer the number of intermediaries and middlemen between the farmer & final consumer of his produce, lack of warehouse facilities, farmers do not ordinarily get information, about the ruling price as a result farmers have to accept whatever price is quoted to them. To change these scenario steps to be taken to improve agricultural marketing in domestic markets but also promote export of agri. commodities so that farmers get better price of their produce so it improve his living of standard as well as enhance agricultural productivity.

Agricultural sector is the mainstay of the rural Indian economy around which the socio economic privileges and deprivations revolve and any change in its structure is expected to have a corresponding impact on the existing pattern of social equality. The growth of India's agriculture sector during the 50 years of independence remain impressive at 2.7 % per annum. About two-third of this production growth is added by gains in crop productivity. The need based strategies adopted since independence and intensifies after mid-sureties primarily focused on feeding the growth population and making the country itself reliant in food production. Indian agriculture has attained an impressive growth in the production of food grains that has increased around four fines during the planned area of development from 51 million tons in 1950 -51 to 1991 militia tonnes in 1997-98 in several agricultural sectors India is the world's leading or one of the largest producers. For example the country is second largest milk producing county in the world. As well as other commodities like sugar, cotton tea, coffee spices like cardamom black pepper, coriander, etc. is major producer & exporter also.

Agricultural expert were 44% of total exports in FY 1960 they decreased to 32% in FY 1970 to 31 % in FY 1980 and to 15.3% in FY 1993 this drop in share of agriculture in total exports was somewhat showing burden of excessive population on agricultural sector. In early 1950 India were export raw agricultural product such as cotton and jute. After 1960 India have been exported as cotton yarn, fabrics, readymade garments and coir yarn.

* P.G. Department of Economics, G.S. Sci., Art & Commerce College Khamgaon, Distt. Buldana (M.S.) INDIA

The composition of agricultural and allied products for export changed primarily due to the continuing increase of demand in the domestic market. This demand cut's into the excess available for expert in spite of a continuing desire, on the part of government to shore up the invariant foreign exchange shortage in FY 1960, tea was the major export by value oil cakes, cashew kernels, tobacco, raw cotton and spices were equal in value but were only on eighth of the value of tea export. By FY 1980 tea was still a major export commodity however rice coffee fish and fish products came close, followed by oil cakes, cashew kernels & cotton. In 1992-93 fish and fish products became the main agricultural export followed by oil meals then cereals and then tea. The share fish & fish products became the main agricultural export followed by oil meals then cereals and then tea. The share of fish & fish produce rose steadily.

Export of principal commodities (Table See in bottom)

In above table we see the export date of agricultural goods & allied of India. The data of agricultural export of 2010-11 year of various items like tea, coffee, cereals, pulses, nuts seeds, processed food like vegetable fruits farm fresh vegetable & fruits, meat poultry products floriculture& spirit & beverages. In total Indian export the share of agriculture is decline &very negligible so it is need to improve or make a such export policy to increase share of agriculture products in export.

The national agri. cultural co-operative marketing federation of India Ltd. (NAFED) need to key roll to enhance export of agricultural products. The national co-operative development corporation (NCDE) also promote for the production processing, storage marketing of agricultural produce. To bust export of agricultural produce these institution as well as other co-operative institution, & private players need to work hard. India is great opportunity to enhance export in agricultural goods like floriculture, fruits &vegetable seeds, fresh onion, fresh mangoes grapes, other fresh fruits, dried &preserved vegetable, mango pulps, pickles & chutneys processed fruits, buffalo meat, goat sheep meat, dairy product, poultry products, gaur gum, ground nuts, jiggery& confectionery, pulses, cereals, basmati rice, non-basmati rice, natural honey, cotton & silk product, sugar etc.

According to experts, India has needed to play a bigger role in the global markets in agriculture products in the future. The country is expected to strengthen its position among the world's leading exporters. But recently the GDP is decline & in GDP share of agriculture also gradually decline. Export during May 210 were valued at Us $ 26796.54 million during May 2010. Due to worldwide deflation the estimated growth of Indian economy may stand 6% from 8% of previous years. It is also keychallenge to policy makes that in declining growth rate how to bust agricultural production & export of agricultural produce.

References -

1. Acharary S.S. and N.L. Agrawal (2010) Agricultural Marketing in India, Oxford & IBH Publishing Co. Pvt. Ltd., New Delhi.
2. Rudra Datt and K.P.M. Sundaram (2003) S.Chand& company Ltd. New Delhi.
3. Dr.Sudhakar Shastri (2004), Indian economy, Vishva Publishers, Nagpur.

Export of principal commodities

Commodity	Apr-mar 2010	Apr. – mar 2011	% growth	% share
A) Plantation	4975.59	6154.47	38.83	0.58
1) Tea	2943.53	3246.75	9.75	0.26
2) Coffee	2032.06	2907.72	75.96	0.32
B) Agri. & Allied Prodts.	59723.66	81596.29	62.98	7.82
1) Cereals	14228.15	14405.93	76.63	1.56
a) Rice	11254.90	10800.89	71.91	1.25
b) Wheat	0.05	0.60	41	0.03
c) Others	2973.19	3604.44	79.41	0.28
2) Pulses	407.35	848.86	31.98	0.09
3) Tobacco	4344.40	3820.73	-19.52	0.24
a) Unmanufactured	3621.44	3000.57	-28.84	0.17
b) Manufactured	722.96	820.16	20.86	0.07
4) Spices	6157.33	7864.67	73.41	0.93
5) Nuts & Seeds	5773.46	6952.24	90.16	0.86
a) Cashew InclCSNL	2829.20	2626.76	65.79	0.31
b) Sesame &Niger Seed	1518.33	2231.41	43.89	0.21
c) Ground Nllt	1425.93	2094.06	186	0.66
6) Oil Meals	7831.79	10810.52	21.85	0.66
7) GuerGum Meal	1133.31	2811.95	289.42	0.63
8) Carter Oil	2179.28	2855.38	64.83	0.40
9) Shellac	71.30	139.03	36.99	0.01
10) Sugar & Molasses	129.99	11017.76	229.02	0.64
11) Processed Foods	9362.79	9146.01	11.99	0.76
12) Meat & Preparations	6286.10	8762.46	67	0.07
13) Poultry & Dairy Products	915.47	1057.00	17	0.06
14) Floriculture	294.46	286	12.28	0.03
15) Spirit & Beverages	608.48	817.30	58.11	0.08

Source- commerce.nic.in

****

कमजोर वर्गों के सामाजिक - आर्थिक समावेशीकरण की योजना मनरेगा : उपलब्धियाँ एवं चुनौतियाँ

प्रो. अलका जैन * डॉ. अर्चना शर्मा * *

समावेशीकरण की आवश्यकता – समावेशीकरण से तात्पर्य broad based growth, shared growth and pro-poor growth अर्थात् विकास की सामान्य धारा में सबको शामिल करना जिससे कि आर्थिक विकास से सभी वर्ग, सभी क्षेत्र, मुख्य रूप से ग्रामीण–शहरी गरीब तथा कमजोर वर्ग स्त्री तथा बच्चे सभी लाभान्वित हो सके। समावेशी विकास की प्रक्रिया के दो मुख्य पहलू हैं – आर्थिक विकास की ऊँची वृद्धि दर जिससे राष्ट्रीय उत्पादन का आकार बढ़े तथा दूसरा आर्थिक विकास से उत्पन्न लाभ का बंटवारा जिससे ग्रामीण शहरी कमजोर वर्ग अधिक लाभान्वित हो। आज भारत में गॉवों और शहरो के बीच की खाई तथा अन्तर्क्षेत्रीय विषमता बढ़ रही है।कृषि की GDP में कम हिस्सेदारी के बावजूद जीवन यापन में कृषि पर निर्भरता अनुपात कम नहीं हो पा रहा है, गरीबी तथा बेरोजगारी बढ़ रही है। जनसंख्या का एक बढ़ा तबका, दुनिया की आबादी का 25 प्रतिशत हिस्सा, 24 करोड़ लोग भारत में गरीबी एवं भूखमरी का शिकार हैं, वह शिक्षा, बिजली, आवास, साफ पानी तथा आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। कुपोषण से मरने वाले बच्चों में भारत अग्रणी देश है। 10 में से 2 बच्चे कक्षा 5 वीं से आगे नहीं जाते। कुल कार्यबल का 92 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है। लगातार रोजगार की दर में वृद्धि के बावजूद बेरोजगारो की संख्या में वृद्धि हो रही है। आर्थिक विषमता एवं गरीबी बढ़ रही है। यही कारण है कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था में समावेशी विकास को इन समस्याओं का समाधान माना जा रहा है। समावेशी विकास की प्राप्ति के लिए भारत सरकार अनेक गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार सृजन के कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है। जिनमें मनरेगा एक महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी वित्तीय रोजगार योजना है जो गॉव में प्रत्येक परिवार को वर्ष में न्यूनतम 100 दिवस के रोजगार की कानूनी गारंटी देकर गरीबी एवं बेरोजगारी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गांवों में व्याप्त मौसमी, अदृश्य, अकुशल, बेरोजगारी दूर करने, गांवों से शहरो की ओर पलायन रोकने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों में रोजगार देकर ग्रामीण विकास करने की महात्वाकांक्षी, व्यापक वित्तीय योजना मनरेगा 2 फरवरी 2006 से भारत के 200 जिलों में प्रारंभ की गई। वर्तमान में यह भारत के सभी 600 जिलों में क्रियान्वित है। यह योजना गांवों में रोजगार प्रदान कर निर्धन ग्रामीणों की आय में वृद्धि तो कर ही रही है साथ ही गांव में स्थायी परिसम्पत्तियों का निर्माण कर, ग्रामीण अर्थवयवस्था का ढांचा मजबूत कर, भारतीय अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास का आधार स्तम्भ बन रही है।

अध्ययन के उद्देश्य एवं अध्ययन विधि – भारत एक कल्याणकारी राज्य है, जो सामान्य रूप से अपने सभी नागरिकों और विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के प्रति वचनबद्ध हैं। यही कारण है कि सरकार देश के सभी वर्गों व सभी क्षेत्रों विशेष रूप से निर्धन एवं ग्रामीण क्षेत्रों, गंदी बस्तियों एवं पिछड़े क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं का निर्माण कर उन्हें क्रियान्वित करती है। 'मनरेगा' उनमें एक बड़ी वित्तीय एवं महत्वाकांक्षी योजना है। यह अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों में कितनी सफल रही है? क्या उनका अपेक्षिक प्रभाव हुआ है? उनके क्रियान्वयन में क्या बाधाएं आ रही है? उनमें क्या सुधार किए जाने चाहिये? यह शोध का विषय है। मेरे इस शोध पत्र के अध्ययन के उद्देश्य मुख्यत: है –

1. मनरेगा योजना की प्रगति एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया ज्ञात करना।
2. ग्रामीण गरीबी,बेरोजगारी,रोजगार के लिए की गयी मांग एवं उपलब्ध कराये गये रोजगार का विश्लेषण करना।
3. मनरेगा योजना में कमजोर वर्गो की भागीदारी का अध्ययन करना।
4. योजना के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों का अध्ययन करना।
5. अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर सुझाव देना।

शोध विधि – यह अध्ययन द्वितीयक समंको पर आधारित है, जिसमें भारत में मनरेगा के अन्तर्गत हुई प्रगति का अध्ययन किया गया है। अध्ययन की अवधि योजना प्रारंभ 2006 से 2013 तक की ली गई है। आंकड़े मुख्यत: पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भारत के आर्थिक सर्वेक्षण, पत्रिकाओं तथा मनरेगा की वेबसाईट www.nrega.nic.in द्वारा एकत्रित किए गए हैं। आवश्यकतानुसार समंको का सारणीयन कर माध्य एवं प्रतिशत का प्रयोग किया गया है।

आय की असमानता–निर्धनता – भारत में आजादी के 65 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भारत गरीबी बेरोजगारी की समस्याओं से जूझ रहा है। भारत में योजना अवधि के दौरान तमाम आर्थिक विकास के बावजूद 2004–05 में 41.6 प्रतिशत जनसंख्या विश्व बैंक द्वारा परिभाषित 1.25 डालर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन की गरीबी रेखा के नीचे थी। जनसंख्या का यह बड़ा हिस्सा आज भी तमाम अभावों की जिन्दगी में जी रहा है। गरीबी रेखा को एक ऐसे न्यूनतम उपभोग स्तर के रूप में परिभाषित किया जाता है जो जीवन का एक निम्नतर स्तर प्राप्त करने के लिए व मूल आवश्यकताओं को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति या परिवार को उपलब्ध होना चाहिए। तालिका क्र.1 में भारत में योजना आयोग द्वारा लगाये गये गरीबी के अनुमान को दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 1 (पीछे देखें)

तालिका क्र. 1 से स्पष्ट है कि आर्थिक विकास के साथ गरीबी का प्रतिशत कम हुआ है। 1973–74 में जो लगभग 55 प्रतिशत था, वह 2009–2010 में घटकर 30 प्रतिशत हो गया है। किन्तु आज भी लगभग 35 करोड़ जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे निवास कर रही है। जिनकी मूलभूत, जीवनरक्षक आवश्यकताओं की पूर्ति भी नहीं हो पा रही है और उनके लिए

* सहायक प्राध्यापक श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
* प्राध्यापक, नवीन कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

रोटी, कपड़ा पाना मुश्किल और मकान के रूप में झोपड़ी भी नहीं है। यह आधुनिक चकाचौंध की विकसित दुनिया में अत्यन्त भयावह स्थिति है जो रोटी, कपड़ा और मकान के रूप में इंसान के लिए एक चुनौति है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में 22 करोड़ लोग आज भी प्रतिदिन भूखे पेट सोते है। 'सेव द चिल्ड्रन' रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिदिन 5000 से भी अधिक बच्चे कुपोषण के चलते मौत की नींद सो जाते है। धनी देशों में जहाँ लोग अपनी आमदनी का 10 से 20 फीसदी ही भोजन पर खर्च करते है वही भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा अपनी कमाई का 55 फीसदी भोजन जुटाने में खर्च कर देता है। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले 30 प्रतिशत जनसंख्या का कमाई का 70 फीसद भोजन पर ही खर्च हो जाता है। अगर रिपोर्ट पर गौर करे तो अगले दस सालों में भारत की ग्रामीण इलाकों में रहने वाली जनसंख्या का एक चौथाई हिस्सा भूख से मर जायेगा। अर्थव्यवस्था की चमक सिर्फ मेट्रो सिटी तक ही सीमित रह जायेगी।

इसमें संदेह नहीं कि भारत की राष्ट्रीय आय एवं प्रतिव्यक्ति आय बढ़ी है लेकिन न तो इससे गरीबी की व्यापकता में कमी हुई है और न ही आय की असामनताएँ कम हुई है। वर्ष 2011 में भारत के सबसे धनी 100 लोगों के पास सकल घरेलु उत्पाद का लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा है। सबसे सम्पन्न 20 प्रतिशत जनसंख्या के पास कुल वैयक्तिक आय का 47 प्रतिशत तथा सबसे निर्धन 20 प्रतिशत जनसंख्या के पास 7.5 प्रतिशत हिस्सा है जो व्यापक आय की असमानता एवं निर्धनता को दर्शाता है।निर्धनता का एक मूल कारण निरन्तर रोजगार बढ़ने के बावजूद भारत में बेरोजगारी निरन्तर बढ़ती जा रही है तालिका क्र. 2 भारत में बेरोजगारी की दरे एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्र की बेरोजगारी दरों की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाती है।

तालिका क्र. 2

भारत में ग्रामीण एवं शहरी बेरोजगारी की स्थिति (प्रतिशत में)

क्र.	अनुमान	2004-05			2009-10		
		ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल
1.	UPSS	2.1	4.4	2.3	1.6	3.4	2.0
2.	CWS	3.8	5.2	4.4	3.3	4.2	3.6
3.	CDS	8.0	7.5	8.2	6.8	5.8	6.6

UPSS – सामान्य मूल तथा गौण स्थिति, CWS :– चालू साप्ताहिक स्थिति, CDS – चालू दैनिक स्थिति

स्त्रोत : Govt. of India, Economic Survey 2011-12, Table 13.7, P. 307

तालिका क्र. 2 से स्पष्ट है कि भारत में शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में अधिक बेरोजगारी विद्यमान है। भारत में बेरोजगारी दरों के अनुमान CDS (चालू दैनिक स्थिति) के अनुसार सबसे अधिक है क्योंकि इसमें खूली तथा आंशिक सभी प्रकार की बेरोजगारी शामिल होती है। CDS बेरोजगारी की सर्वोत्तम माप प्रस्तुत करती है तथा नीति निर्धारण के दृष्टिकोण से इसका सबसे अधिक महत्व है। CDS के बेरोजगारी के आंकड़ों को देखा जाए तो ज्ञात होता है कि भारत में 2004-05 में बेरोजगारी दर 8.2 प्रतिशत थी जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 8.0 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 7.5 प्रतिशत थी। वहीं 2009-10 में बेरोजगारी की दर 6.6 प्रतिशत थी जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 6.8 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 5.8 प्रतिशत थी। तुलनात्मक रूप से देखे तो 2004-05 एवं 2009-10 दोनों में ही ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र की अपेक्षा बेरोजगारी की दर अधिक रही है। किंतु यदि 2004-05 से 2009-10 की स्थिति की तुलना करें तो ज्ञात होता है कि बेरोजगारी की दर में कमी आई है। जहां 2004-05 में बेरोजगारी की दर 8.2 प्रतिशत थी वह 2009-10 में कम होकर 6.6 प्रतिशत हो गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 2004-05 में 8.0 प्रतिशत से कम होकर 2009-10 में 6.8 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 7.5 प्रतिशत से कम होकर 5.8 प्रतिशत हो गई। जो यह स्पष्ट करती है कि 2004-05 की तुलना में 2009-10 में बेरोजगारी की दर कम हुई है। उल्लेखनीय है कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी की दर 1.2 प्रतिशत कम होने का एक महत्वपूर्ण कारण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम 'मनरेगा' का क्रियान्वयन है जिसने व्यापक रूप से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन कर ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण एवं ग्रामीण विकास किया है। स्पष्ट है भारत में गरीबी और बेरोजगारी एक भयावह गंभीर समस्या के रूप में विद्यमान है जो सामाजिक अपराध चोरी, डकैती हत्या, नशा आदि को जन्म देती है। भारत सरकार 'मनरेगा' जैसी योजनाओं के माध्यम से समावेशी विकास द्वारा गरीबी एवं बेरोजगारी उन्मूलन के लिए प्रयासरत है।

● **मनरेगा के मुख्य बिन्दु –** मनरेगा अधिनियम 2005 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले प्रत्येक परिवार के वयस्क सदस्य को जो अकुशल श्रम करने का इच्छुक है कि आजीविका सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के रोजगार की कानूनी ग्यारंटी दी गई है। इसके अंतर्गत पंजीकृत परिवार का वयस्क सदस्य अकुशल मानव श्रम हेतु आवेदन करने का पात्र है। जॉब कार्ड प्राप्त होने पर रोजगार हेतु आवेदन ग्राम पंचायत में प्रस्तुत किया जाता है। मजदूरी श्रम आयुक्त द्वारा कृषि श्रमिकों के लिए निर्धारित दर से अथवा केन्द्र सरकार द्वारा इस अधिनियम के लिए निर्धारित दर से दी जायेगी। वर्तमान में म.प्र. में न्यूनतम मजदूरी दर 100 रू. निर्धारित की है। रोजगार की मांग के दिनांक से 15 दिनों में रोजगार उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है अन्यथा आवेदक को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता है। जिसके व्यय का वहन राज्य सरकार को करना होता है। योजना के क्रियान्वयन में ठेकेदारी प्रथा प्रतिबंधित है। मानव श्रम के स्थान पर कार्य करने वाली मशीनों का प्रयोग प्रतिबंधित है। कार्य स्थल पर तात्कालिक उपचार सुविधा पेयजल, छांव हेतु शेड, झूलाघर आदि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत कार्यरत व्यक्ति की मृत्यु या स्थायी अपंगता की स्थिति में 25000 रू. बतौर मुआवजे के तौर पर दिये जाने का प्रावधान है। योजना में महिलाओं के लिए 33% सहभागिता अनिवार्य है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए किसी प्रकार के आरक्षण की व्यवस्था नहीं है।

● **मनरेगा में वित्तीय प्रबंध –** मनरेगा में वित्तीय प्रबंधन के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा योजना के अधीन अकुशल मजदूरी के लिए दी जाने वाली मजदूरी की सम्पूर्ण राशि, सामग्री की लागत की तीन चौथाई राशि तथा प्रशासनिक खर्चो के लिए कुल लागत का तय किया गया प्रतिशत उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता, सामग्री लागत की एक चौथाई राशि तथा राज्य परिषद का प्रशासकीय खर्च उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

● **भारत में मनरेगा की प्रगति –** NREGS एक मांग आधारित योजना है जिसके अधीन जलसंरक्षण, सुखाग्रस्त क्षेत्रों का उद्धार वानिकी, वृक्षारोपण, भूमि विकास, बाढ़ नियंत्रण/सरंक्षण, सड़कों का निर्माण इत्यादि कार्यक्रम अपनाये जाने की व्यवस्था है। भारत में नरेगा सन् 2006-07 से लागू है। विभिन्न वर्षो में मनरेगा की प्रगति को तालिका क्र. 3 द्वारा दर्शाया गया है –

तालिका क्र.3 (अगले पृष्ठ पर देखें)

तालिका क्र. 3 से स्पष्ट है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत भारत में सन् 2006-07 में जॉब कार्ड प्राप्त परिवारों की संख्या 3,78,50,390 थी जो सन् 2011-12 में बढ़कर 12,12,68,914 हो गई जो लगभग चार गुना है। इसी अवधि में कार्य की मांग करने वाले परिवारों की संख्या में लगभग तीन गुना तथा रोजगार उपलब्ध कराये गये परिवारों की संख्या में भी लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। कुल सृजित मानव दिवस में भी 2006-07 की तुलना में 2011-12 में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। लेकिन महत्वपूर्ण है कि 2009-10 की तुलना में 2010-11 में कुल सृजित मानव रोजगार दिवस में कमी आई है जो 9.32% है। कुल सृजित रोजगार मानव दिवस में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की स्थिति में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। वर्ष 2006-07 से 2009-10 तक लगातार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सृजित रोजगार मानव दिवस में वृद्धि हुई है लेकिन 2009-10 की तुलना में 2010-11 में सृजित रोजगार मानव दिवस में कमी आई है जो 8.9% है।कुल में महिलाओं का प्रतिशत बढ़कर 2011-12 में 49.33% हो गया है।

- **भारत में मनरेगा में वित्तीय प्रदर्शन एवं कार्य निष्पादन स्थिति -** यह योजना इतनी व्यापक एवं महत्वाकांक्षी है कि इसके द्वारा बड़े पैमाने पर वित्तीय अन्तर्वेशन हुआ है। लाखों परिवारों का बैंक में खाता खुला है। योजना के प्रारंभ से अब तक 2 करोड़ 14 लाख (लाख रू. में) रू. व्यय हो चुका है। व्यय की राशि में 2006-07 से 2012-13 तक लगातार वृद्धि हुई हैं, लेकिन वृद्धि दर के प्रतिशत में कमी आई है। तालिका क्र. 4 इसे स्पष्टत: दर्शाती है।

तालिका क्र. 4 (अगले पृष्ठ पर देखें)

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार ग्यारंटी योजना न केवल रोजगार उपलब्ध कराती है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में विकास आधारित कार्य जैसे सड़कों का निर्माण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, भूमि विकास इत्यादि चलाये जा रहे हैं जिनकी निष्पादन स्थिति को तालिका क्र. 5 में दर्शाया गया है :

तालिका क्र. 5 (अगले पृष्ठ पर देखें)

तालिका क्र. 5 से स्पष्ट है कि सन 2006-07 में मनरेगा के अंतर्गत कुल 841588 कार्य किये गये जो 2013-14 में बढ़कर 10482533 हो गये अर्थात 1146 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वृद्धि दर में अन्तर रहा है जो अधिकतम 111.67% (2007-08 में) न्यूनतम 34.56% (2013-14) में रही है। 2013-14 में 22 oct तक की प्रगति है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि मनरेगा में व्यापक पैमाने पर कार्य चल रहे है, जिसने गांव में विकास की स्थिति को परिवर्तित किया है।

- **मध्यप्रदेश में मनरेगा की प्रगति -** म.प्र. में 2006-07 में 18 जिले में यह योजना शुरू की गई थी जो 2008-09 में 31 जिलों में तथा 2010-11 से सभी 50 जिलो में लागू हो गई है। म.प्र. में मनरेगा के अन्तर्गत प्रगति एवं अनुसूचित जाति-जनजाति की स्थिति को तालिका क्र. 6 में दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 6 (पीछे देखें)

तालिका क्र. 6 से स्पष्ट है कि म.प्र. में सन् 2008-09 में जॉब कार्ड प्राप्त करने वालो की संख्या 1.12 करोड़ थी जो 2011-12 में बढ़कर 1.87 करोड़ हो गई अर्थात 66% वृद्धि हुई। लेकिन कार्य की मांग करने वाले तथा रोजगार उपलब्ध कराये गये परिवारों की संख्या 2008-09 से क्रमश: कम होकर 2010-11 में 52.6% कम हो गई।

इसी तरह कुल सृजित रोजगार मानव दिवस में भी 2008-09 की तुलना में 2009-10 में 10.95% की कमी तथा 2009-10 की तुलना में 2010-11 में 16.22% की कमी हुई है जो यह स्पष्ट करती है कि मध्यप्रदेश में मनरेगा की प्रगति में क्रमश: कमी आई है।

म.प्र. में मनरेगा में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की स्थिति को देखे तो कुल सृजित रोजगार मानव दिवस संख्या में कमी आई हैं, लेकिन उल्लेखनीय है कि जहां कुल सृजित रोजगार मानव दिवस में अनुसूचित जाति के प्रतिशत हिस्से में वृद्धि हुई है (17.82% से बढ़कर 19.34%) वही अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत हिस्से में कमी आई है (46.81% से घटकर 43.44%)। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि म.प्र. में कुल सृजित रोजगार मानव दिवस में अनुसूचित जाति की तुलना में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत ढाई गुना है। इसका कारण म.प्र. में अनुसूचित जाति की तुलना में जनजाति की जनसंख्या का अधिक होना है।

इसी तरह से महिलाओं की भागीदारी को देखे तो कुल सृजित रोजगार मानव दिवस की संख्या में 2008-09 की तुलना में 2011-12 तक क्रमश: कमी आई है किन्तु कुल के प्रतिशत हिस्से में क्रमश: वृद्धि हुई है।

यह योजना साल में 100 दिन रोजगार की ग्यारंटी देती हैं। कुल रोजगार उपलब्ध कराये गये परिवार की संख्या में 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार की संख्या बहुत कम है। 2008-09 में यह 18.8%, 2009-10 में 14.4%, 2010-11 में 10.6% रही है।

- **म.प्र. में मनरेगा में वित्तीय प्रदर्शन एवं कार्य निष्पादन स्थिति -** 'मनरेगा' एक व्यापक महात्वाकांक्षी वित्तीय योजना है। तालिका क्र. 7 में म.प्र. में मनरेगा में वित्तीय प्रदर्शन को दर्शाया गया है :

तालिका क्र. 7 (अगले पृष्ठ पर देखें)

तालिका क्र. 7 से स्पष्ट होता है कि म.प्र. में मनरेगा में कुल उपलब्ध राशि की तुलना में कुल व्यय की राशि कम है। यह 2008-09 में 73.9%, 2009-10 में 63.82% तथा 2010-11 में 45.19% ठ हुई है।

वित्तीय अन्तर्वेशन की दृष्टि से मनरेगा एक महत्वपूर्ण योजना है जिसने लाखों व्यक्तियों को बैंकिंग से जोड़ा है। 2008-09 से क्रमश: खातों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2008-09 में 55.64 लाख थी जो 2010-11 में बढ़कर 73.36 लाख हो गई। अर्थात 29.97% वृद्धि हुई है। इसी प्रकार कार्य निष्पादन स्थिति को तालिका क्र. 8 में दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 8

मध्यप्रदेश में मनरेगा में कार्य निष्पादन स्थिति

वर्ष	प्रगतिरत कार्य	पूर्ण कार्य	कुल कार्य	प्रतिशत वृद्धि
2008-09	313657	184864	498521	-
2009-10	311869	241030	552899	10.90
2010-11	749281	27509	776790	40.49

स्त्रोत: मध्यप्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण 2010-11, पृष्ठ संख्या 120

www.narega.nic.in, 16 जनवरी 2012

तालिका क्र. 8 से स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश में मनरेगा में कार्य निष्पादन की स्थिति में वृद्धि हुई है। जहां 2008-09 में कुल कार्य संख्या 498521 थी वह बढ़कर 2010-11 में 776790 हो गई अर्थात 51.39% वृद्धि हुई है। यह स्थिति स्पष्ट करती है इस योजना से गांवों में सड़क निर्माण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण भूमि विकास इत्यादि कार्यों से गांवों का विकास हुआ है।

- **तुलनात्मक अध्ययन -** मनरेगा योजना का भारत और मध्यप्रदेश का तुलनात्मक अध्ययन किया जाय तो महत्वपूर्ण तथ्य सामने आते हैं, जिसे तालिका क्र. 9 में दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 9
मनरेगा में कमजोर वर्गो की स्थिति तुलनात्मक अध्ययन
(कुल सृजित रोजगार मानव दिवस का प्रतिशत में)

वर्ष	कुल लाभार्थी में अनुसूचित जाति का प्रतिशत		कुल लाभार्थी में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत	
	भारत	म.प्र.	भारत	म.प्र.
2006-07	25.36	-	36.44	-
2007-08	27.44	-	29.27	-
2008-09	29.29	17.82	25.43	46.81
2009-10	30.48	18.48	20.71	45.34
2010-11	30.62	19.34	20.85	43.44
2011-12	22.75	20.56	17.11	27.01

स्त्रोत : शोध अध्ययन से प्राप्त

तालिका क्र. 9 से स्पष्ट है कि भारत में मनरेगा में अनुसूचित जाति के प्रतिशत हिस्से में लगातार वृद्धि हुई है। वहीं अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत हिस्से में लगातार कमी आई है। मध्यप्रदेश में भी लगातार अनुसूचित जाति के प्रतिशत हिस्से में वृद्धि तथा अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत हिस्से में कमी आई। भारत एवं म.प्र. की तुलनात्मक स्थिति पर दृष्टि डाले तो स्पष्ट होता है कि भारत की तुलना में मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति का प्रतिशत हिस्सा बहुत कम है, जबकि भारत की तुलना में म.प्र. में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत हिस्सा बहुत अधिक है।

• **निष्कर्ष एवं चुनौतियां -** अदृश्य, मौसमी एवं ग्रामीण बेरोजगारी दूर करने, गरीबी दूर करने, ग्रामीण क्षेत्र का समावेशी विकास करने की अद्भूत, महात्वाकांक्षी, व्यापक वित्तीय योजना 'मनरेगा' अपने उद्देश्य में सफल रही है जैसा कि सम्पूर्ण अध्ययन से ज्ञात होता है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए कोई निर्धारित प्रतिशत लाभ व्यवस्था नहीं होने के बावजूद उन्हें अच्छा लाभ मिला है। महिलाओं के लिए एक तिहाई हिस्सा निर्धारित होने के बावजूद उससे अधिक महिलाओं की भागीदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन हाल ही के वर्षो में इस योजना के क्रियान्वयन में थोड़ी कमी आई है। वास्तव में कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां है जैसे इसको लागू करने की लागत अत्यधिक होना (40000 करोड़ रू.), स्फीतिकारी शक्तियों का बढ़ना, दोषपूर्ण कार्यान्वयन, भ्रष्टाचार, इत्यादि जिन्हें दूर करना होगा। योजना में पूर्ण पारदर्शिता एवं इमानदारी रखनी होगी, तभी यह योजना अपने स्वर्णिम उद्देश्य को प्राप्त कर सकेगी। निश्चित ही गरीबी एवं बेरोजगारी दूर कर कमजोर वर्गो का आर्थिक उत्थान कर सकेगी। इस संदर्भ में आर.एस. गोपाल का मत महत्वपूर्ण है कि -

'सरकारी दावों के बावजूद यह एक ऐतिहासिक योजना है, इससे संभावित लाभों के बारे में संदेह है। यदि सही प्रभावी कदम नहीं उठाये जाते तो ग्रामीण निर्धनों को इस कार्यक्रम से भी बहुत कम फायदा ही मिल पायेगा।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्र एवं पुरी, भारतीय अर्थव्यवस्था, हिमालया पब्लिशिंग हाउस पृष्ठ क्र. 140 से 142.
2. मध्यप्रदेश ग्रामीण रोजगार ग्यारंटी योजना 2005-06 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल।
3. सुखादों थोरेट प्रो. अर्थशास्त्र जे.एन.यू., दिल्ली - शोध पत्र New Economic policy and impact on employment and poverty of the scheduled castes some observations.
4. यास्मिन अखतर - शोध पत्र NREGA Case Stury of Betul District - कुरूक्षेत्र नवम्बर 2009.
5. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण 2010-11, पृष्ठ क्र. 300, 301.
6. संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट 2013
7. नई दुनिया समाचार पत्र 19/03/2011, पृष्ठ क्र. 6
8. www.mgnega.nic.in
9. www.nrega.nic.in
10. www.pib.nic.in
11. www.mpgov.in/des

तालिका क्र.3
भारत में मनरेगा की प्रगति

वर्ष	जॉबकार्ड प्राप्त परिवार की संख्या	कार्य की मांग करने वाले परिवार की संख्या	रोजगार उपलब्ध किये गये परिवार की संख्या	कुल सृजित मानव दिवस लाख में	अनुसूचित जाति मानव दिवस लाख में	कुल में अनु. जाति का %	अनुसूचित जनजाति मानव दिवस लाख में	कुल में अनु. जन जाति का %	महिलाऐं मानव दिवस लाख में	कुल में महि-लाओ का %	अन्य
2006-07	37850390	21188894	21016099	9050.54	2295.23	25.36	3298.73	36.44	3679.01	40.64	3456.59
2007-08	64740595	34326563	33909132	14367.95	3942.34	27.44	4205.60	29.27	6109.10	42.51	6219.98
2008-09	100145650	45518907	45115358	21632.86	6336.18	29.29	5501.64	25.43	0357.32	47.87	9795.06
2009-10	112548976	52920154	52585999	28359.57	8644.83	30.48	5874.39	20.71	3640.51	48.91	3840.34
2010-11	119824438	55763244	54954225	25715.25	7875.65	30.62	5361.80	20.85	2274.23	47.73	12477.81
2011-12	121268914	38294824	37855866	12087.19	2750.18	22.75	2068.68	17.11	5962.98	49.33	7268.36

स्त्रोत :www.nrega.nic.in 2 फरवरी 2012

तालिका क्र. 4

भारत में मनरेगा के अंतर्गत वित्तिय स्थिति का विवरण

वर्ष	उपलब्ध कुल राशि (लाख रू. में)	केन्द्र द्वारा स्वीकृत राशि (लाख रू. में)	कुल व्यय, (लाख रू. में)	कुल व्यय में प्रतिशत वृद्धि
2006-07	1207362.72	418432.42	882335.55	-
2007-08	1927877.71	1229592.4	1585844.15	79.73
2008-09	3630045.57	2994544.33	2725068.7	71.84
2009-10	4568551.32	1178076.46	3790522.78	39.09
2010-11	5264889.48	1038287.82	3937727.03	3.88
2011-12	3715426.88	790071.73	3707272.93	-5.85
2012-13	-	-	3964164.20	6.93
2013-14	-	-	1741254.43	-56.07

स्त्रोत: भारत का आर्थिक सर्वेक्षण 2010-11, पृष्ठ क्र. 300, 301, www.nrega.nic.in, 22 oct 2013

तालिका क्र. 5

भारत में मनरेगा में कार्य निष्पादन स्थिति का विवरण

वर्ष	प्रगतिरत कार्य	पूर्ण कार्य	कुल कार्य	वृद्धि दर % में
2006-07	444806	396782	841588	-
2007-08	961280	820168	1781448	111.67
2008-09	1560485	1214139	2774624	55.75
2009-10	2357423	2259444	4616867	104.33
2010-11	2496763	2585824	5082587	96.56
2011-12	5328673	2753670	8082343	59.02
2012-13	8407389	2809145	11216534	38.77
2013-14	9885378	597155	10482533	34.56

स्त्रोत: www.nrega.nic.in, 22 oct 2013

तालिका क्र. 6

मध्यप्रदेश में मनरेगा की प्रगतिवर्ष

वर्ष	जॉबकार्ड प्राप्त संख्या (करोडों में)	कार्य की मांग करने वाले परिवार की संख्या	रोजगार उपलब्ध गये परिवार की संख्या	कुल सृजित मानव दिवस (लाख में)	अनुसूचित जाति मानव दिवस (लाख में)	कुल में अनु. जाति का %	अनुसूचित जनजाति मानव दिवस (लाख में)	कुल में अनु. जन जाति का %	महिलाऐं मानव दिवस लाख में	कुल में महि-लाओ का %	अन्य
2008-09	1.12	5207862	5207665	2946.97	525.07	17.82	1379.55	46.81	1275.39	43.28	1042.35
2009-10	1.12	4714916	4714591	2624.03	485.04	18.48	1189.84	45.34	1160.55	44.23	949.15
2010-11	11.13	4445781	4407643	2198.16	425.18	19.34	955.02	43.44	976.02	44.40	817.96
2011-12	1.87	2739760	2718841	892.341	183.55	20.56	241.09	27.01	378.96	42.46	467.69

स्त्रोत :www.nrega.nic.in 2 फरवरी 2012

तालिका क्र. 7

म.प्र. में मरेगा में वित्तिय प्रदर्शन

वर्ष	उपलब्ध कुल राशि (करोड में)	कुल व्यय (करोड में)	उपलब्ध कुल राशि में से कुल व्यय का %	अकुशल श्रम हेतु मजदूरी	खाते की संख्या (लाख में)	खाते से भुगतान राशि (करोड में)
2008-09	4809.87	3554.95	73.90	2156.21	55.64	876.32
2009-10	5922.85	3779.71	63.82	2231.39	68.67	2258.69
2010-11	4078.50	1843.16	45.19	973.18	72.36	1669.00

स्त्रोत : म.प्र. का आर्थिक सर्वेक्षण 2010.11, पृष्ठ क्र. 120 . www.narega.nic.in, 16 जनवरी 2012

ग्वालियर जिले में बढ़ते आर्थिक अपराधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. वसुधा अग्रवाल *

प्रस्तावना – ग्वालियर जिला म. प्र. राज्य का हृदय स्थल कहलाता है। मध्य प्रदेश के उत्तरी भू भाग पर ही ऐतिहासिक ग्वालियर जिला स्थित है। यह जिला न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से बल्कि पौराणिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। वर्तमान में ग्वालियर संभाग में 6 जिले शामिल हैं। उनमें ग्वालियर प्रमुख जिला है जो संभाग का मुख्यालय है।

वर्तमान समाज जटिल एवं गतिशील होने के कारण नित्य नई समस्याओं को जन्म दे रहा है। मानवीय क्रियाओं का क्षेत्र विस्तृत एवं बहुमुखी होन के कारण कानून की परिधि पूर्ण रूप से समाहित नहीं कर सकती है। अपराधों के इस दृष्टिकोण ने समाज और वैज्ञानिकों को ध्यान आर्थिक अपराधों की ओर आकृष्ट किया है। आधुनिक युग में केवल आर्थिक दुर्बलता या शारीरिक और मानसिक दोषों को ही अपराध का कारण समझना भूल होगी। अब निर्धन और बेकार लोगों के अतिरिक्त कुछ वे लोग भी अपराध करते हैं जो आर्थिक दृष्टि से संपन्न होते हैं और सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठित पदों पर आसीन होते हैं और समाज में व्यवस्था, नैतिकता और सदाचार के स्तंभ समझे जाते हैं। गगनचुम्बी अट्टालिकाओं का निर्माण और संरक्षण आर्थिक अपराधों में लिप्त, श्वेतवसन अपराधियों द्वारा जो कि समाज के उच्चतम वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, किया जाता है।

बड़े – बड़े व्यापारी, मिल मालिक एवं सरकार के स्तंभ प्रशासकीय अधिकारी और मजदूरों के नेता सभी श्रेणियों के कुछ लोग अपराध करतें हैं। ये लोग अपनी सामाजिक स्थिति, उच्च पद, धन संपत्ति आदि के कारण अपने दुष्कृत्यों के लिये अपराधी प्रमाणित होने से बच जाते हैं। आज भौतिकवादी मनोवृत्ति के कारण अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है। विज्ञापनों द्वारा झूठा प्रचार करने वाले व्यापार, निगम, कॉपीराइट एवं ट्रेडमार्क आदि से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाएं गबन, फ्रॉड एवं युद्ध संबंधी कानूनों का उल्लंघन करने वाले लोग आर्थिक अपराधी हैं। कभी कभी कुछ राजनेता जिनके हाथ में सत्ता होती है एवं व्यवस्था और कानून के संरक्षक समझे जाने जाते हैं, सरकारी कर्मचारियों से मिलकर जनता के धन का दुरुपयोग करते हैं।

कतिपय बड़े बडे पूँजीपति, मिलमालिक और दुकानदार प्रतिदिन आर्थिक अपराध करते हैं। हिसाब किताब में उलट फेर करना, कर बचाने हेतु मंदिर बनवाना, सरकारी निरीक्षकों को रिश्वत देकर अनेक प्रकार के गैर कानूनी कार्य करना इन व्यक्तियो के कार्य हैं। कालाबाजारी करना, मिलावट करना, नकली सामान बेचना इत्यादि विरोधी कार्यों में दुकानदार और व्यापारी लगे रहते हैं।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन ऐतिहासिक पद्धति अंतर्गत पुस्तकालय अनुसंधान पद्धति से किया गया है। वर्तमान परिदृश्य में आर्थिक अपराधों की प्रासंगिकता एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन हेतु विधि की उपलब्ध पुस्तकों, भारतीय दंड संहिता, भारत का संविधान, अपराध शास्त्र एवं अपराधिक प्रशासन, विधि शास्त्र के अलावा पत्र पत्रिकाओं, समाचार पत्रों व प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों को अध्ययन का केन्द्र बिन्दु बनाया गया है। वर्तमान परिदृश्यों में समाज में बढ़ते जघन्य अपराधों, आर्थिक अपराधों, अपराध बढ़ने के कारण एवं अपराध पर नियंत्रण हेतु दण्डादेश की व्यवस्था के अंतर्गत दंड की प्रासंगिकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

उद्देश्य –

1. वर्तमान में बढ़ते आर्थिक अपराधों की प्रासंगिकता का अध्ययन करना।
2. आर्थिक अपराधों के सुधारात्मक सिद्धांतों का अध्ययन करना।
3. समाज में बढ़ते आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण के उपायों का अध्ययन करना।

ग्वालियर जिला बड़ा जिला होने के कारण आर्थिक अपराधों की संख्या यहाँ अधिक है। जैसे जैसे मानव समृद्धि की ओर बढ़ता है वैसे वैसे आर्थिक अपराधों की प्रवृत्ति की समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो जाती है। इस आधार पर ग्वालियर जिले के आर्थिक अपराधों की संरचना में जो आर्थिक अपराध प्रमुखत: पाये जाते हैं उनमें म. प्र. विकास अधिनियम 1958 की धारा 18 व 19 के अंतर्गत विक्रय कर चोरी एवं पब्लिक फूड एडल्ट्रेशन (पीएफए) अधिनियम 1954 की धारा 7/16 के अंतर्गत एवं म. प्र. खाने योग्य दाल, तेल, बीज अनुच्छेद 1977 के अंतर्गत मिलावट संबंधी, म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ए तथा एफ के अंतर्गत अवैध मादक द्रव्य संबंधी, म. प्र. नापतौल प्रवर्तन 1959 संशोधित 1971 की धारा 11/25, 14/28, अधिनियम की धारा 139/1, 139/4, 140, 143, 271, 272, 276, 277, 278, 280, के अंतर्गत आयकर संबंधी आर्थिक अपराध प्रमुख हैं।

ग्वालियर जिले के आर्थिक अपराधों में कर वंचन, कर चोरी, काला बाजारी, विदेशी नियमों का उल्लंघन नापतौल संबंधी नियमों का अनदेखी, राशनिंग कीमत की वस्तुएं अधिक कीमत पर बाजार में बेचना, लाइसेंस परमिट, कोटा किसी व्यक्ति को दिये जाने पर कार्य करने वाला व्यक्ति अन्य होना, अनुचित तरीके से धन एकत्रित करना, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, स्वजन पक्षपात ये सभी आर्थिक अपराधों का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

ग्वालियर जिले के सामान्य अपराधी प्रवृत्ति को सर्वप्रथम निम्न तालिका द्वारा प्रस्तुत किया गया है–

तलिका क्र. – 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

वर्ष 2001 में सबसे अधिक चोरी की संख्या 122 एवं सबसे कम बलात्कार की संख्या 4 है। कुल अपराधिक घटनाओं की संख्या 502 है। वर्ष 2005 में सबसे अधिक चारी की संख्या 175, बलात्कार की संख्या 7 कुल अपराधिक घटनाओं की संख्या 989 है। इसी प्रकार वर्ष 2010 में 689 चोरी की घटनाएं, 24 लूटपाट, 26 अपहरण तथा कुल 2164 अपराधिक घटनाएं

* विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

हुई हैं। इस समयावधि में अपराधिक घटनाओं में कमी एवं वृद्धि हुई है किंतु कुल प्रभाव देखने पर अपराध का ग्राफ बढ़ता हुआ दिखाई देता है। यदि प्रतिशत रूप में देखें तो लगभग 23 प्रतिशत अपराधों में वृद्धि हुई है।

तालिका क्र. – 2 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका में चोरी एवं मिलावट से संबंधित विभिन्न अधिनियमों को दर्शाया गया है किन्हीं वर्षों में कुछ वस्तुओं से संबंधित जानकारी कार्यालय से उपलब्ध नहीं हो पायी। जिले में खाने योग्य दाल, तेल, बीज अनु. 1977 के अंतर्गत लगातार प्रकरणों की संख्या में हुई है। केरोसिन एवं सीमेंट के तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस समयावधि में यद्यपि कर चोरी एवं मिलावट संबंधी प्रकरणों की संख्या में घट बढ़ हुई है तथा प्रकरणों की संख्या 17 से बढ़कर 37 हो गई है।

तालिका क्र. – 3 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका में आयकर संबंधी अपराधों को दर्शाया गया है जिनमें रिटर्न, देरी से रिटर्न, त्रुटि रिटर्न, आयकर नहीं जमा करने वाला कोई प्रकरण पंजीकृत नहीं है। ग्वालियर जिले में वर्ष 2010 में बढ़क 395092 हो गई है।
इस प्रकार एक ओर आयकर दाताओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है वहीं दूसरी ओर इसी समयावधि में आयकर चोरी संबंधी कोई आर्थिक अपराध नहीं पाया जाता है।

तालिका क्र. – 4 (देखे अगले पृष्ठ पर)

वर्ष 2001 में मध्य प्रदेश विक्रय कर अधिनियम 1958 की धारा 18 व 19 के अंतर्गत चोरी से संबंधित 57 प्रकरण दर्ज किये गये जिनमें राशि 130738 रूपये हैं। इसके पश्चात् तालिका देखने से स्पष्ट है कि वर्ष 2010 तक लगातार धारा 18 व 19 के अंतर्गत विक्रय कर चोरी के प्रकरणों में वृद्धि दिखाई देती है जो कि वर्ष 2010 में 296642 रूपये है।

उपरोक्त विश्लेषण से यह बात स्पष्ट है कि जहाँ एक ओर ग्वालियर जिले में सामान्य अपराधों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है वहीं इस समयावधि में आर्थिक अपराधों में कमी होना या आर्थिक अपराध संबंधी यथा स्थिति बनी रहना अथवा कोई आर्थिक अपराध का पंजीबद्ध न होना। इस बात संकेत है कि ग्वालियर जिले में आर्थिक अपराधों के नियंत्रण में भ्रष्टाचार की एक कड़ी गुप्त रूप से कार्यरत है। इससे जहाँ एक ओर उपभोक्ता वर्ग का शोषण हो रहा है वहीं दूसरी ओर आर्थिक अपराध वर्ग अत्याधिक लाभ अर्जित कर काले धन की वृद्धि में तेजी से अभिवृद्धि कर रहे हैं। जो कि भीषण मंहगाई तथा अन्य प्रकार के आर्थिक अपराधों को जन्म दे रहे हैं। काले धन का दुष्चक्र न केवल तेजी से घूम रहा है बल्कि इसकी प्रवृत्ति और फैलाव में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इस पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है।

वर्तमान समय में युवकों में बेरोजगारी के कारण भी अपराधिक प्रवृत्ति में वृद्धि हुई है। राजनैतिक नेताओं के प्रशासनिक कार्यो में अत्याधिक हस्तक्षेप के कारण कार्यकारी अधिकारी वर्ग एवं पुलिस का नैतिक मनोबल क्षीण हो गया है जिसके परिणामस्वरूप अपराधों में असाधारण वृद्धि हुई है।

आर्थिक अपराधों को कम करने हेतु उपाय –

1. आर्थिक अपराधों को जनसामान्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है। लोगों को ईमानदारी, चारित्रिक एवं नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिये।
2. प्राथमिक स्तर पर छात्रों को मिलावट संबंधी आर्थिक अपराधों एवं उनके परिणामों के बारे में शिक्षा प्रदान की जानी चाहिये। आर्थिक अपराधों के प्रति घृणा को भाव पैदा करना चाहिये। यह शिक्षा उन्हें पाठ्यक्रम, ब्लैकबोर्ड, चित्रों, कार्टून फिल्मों, कहानियों, नाटकों के द्वारा दी जानी चाहिये।
3. माध्यमिक स्तर पर छात्रों को कालाबाजारी, संचयीकरण, धोखाधड़ी इत्यादि आर्थिक अपराधों के बारे में पूर्ण जानकारी दी जानी चाहिये। यह शिक्षा उन्हें पाठ्यक्रमों में शामिल कर टी.वी., रेडियो सीरियल एवं समाचार, फिल्म, रंगीन पोस्टर, नाटक आदि के द्वारा कर चोरी, भ्रष्टाचार, तस्करी, संपत्ति चोरी, गबन, आदि आर्थिक अपराधों के बारे में शिक्षा दी जानी चाहिये।
4. सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने हेतु उपभोक्ता संरक्षण कानून का प्रचार एवं प्रसार किया जाये। इसके साथ ही सरकार ने आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण हेतु विक्रय कर अधिकारी, विक्रय कर निरीक्षक, नापतौल अधिकारी, नापतौल निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक, आबकारी अधिकारी, केन्द्रीय उत्पादक निरीक्षक, आयकर अधिकारी की नियुक्ति की है जो समय समय पर अचानक व्यवसायों के लेखे जोखे एवं माल गोदामों का निरीक्षण करते हैं। यदि व्यवसायी के कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कर दंडित भी किया जाता है।
5. सामाजिक मूल्यों के प्रति आस्था का भाव निर्माण करना एवं सामाजिक मान्यताओं के उल्लंघन में कष्ट का भय जागृत करना भी दण्डनीति का उद्देश्य है। न्यायालय आर्थिक अपराधों के लिये दण्ड इसलिये देता है कि ताकि सरकारी आय में वृद्धि हो। सरकार द्वारा दण्ड इसलिये दिया जाता है ताकि अपराधों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जा सके। सरकार द्वारा अपराधियों में सुधार हेतु प्रोबेशन, पैरोल आदि की व्यवस्था है। दण्ड विधान में परिवर्तन आवश्यक है।
6. राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये वर्तमान राजनीतिक संरचना में सुधार करना आवश्यक है। जो राजनेता, पूँजीपति, भ्रष्ट, बेईमान व्यापारी, अधिकारीगण को शरण दे उन्हें तुरंत राजनीति से हटा देना चाहिये।
7. आर्थिक अपराधों के नियंत्रण हेतु प्रोमिस प्रणाली आवश्यक है।
8. केन्द्र एवं राज्य सरकारों को चाहिये कि वह ऐसी कर प्रणाली बनाये जिसमें करदाता को कम से कम कर देना पड़े तथा कर देने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।
9. आर्थिक अपराधों की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा स्थानीय विभिन्न समितियां बनाई जायें जो समय समय पर आर्थिक अपराधों के संबंध में शासन को जानकारी दें ताकि अपराधियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की जा सकें।
10. आर्थिक अपराधों के उन्मूलन के लिये समाचार पत्र में आर्थिक घटनाओं से संबंधित व्यक्ति का फोटो सहित पूर्ण विवरण नाम ग्राम स्थान बडे बड़े अक्षरों में प्रकाशित करें ताकि आर्थिक अपराध प्रकाश में आए और आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण हेतु अधिकारी गण प्रभावशाली कदम उठाने हेतु विवश हो जायें।

ग्वालियर जिले में आर्थिक अपराधों के परिणामस्वरूप जहाँ एक ओर काले धन ने भौतिक समृद्धि को प्रोत्साहित किया है तथा लोगों के रहन सहन के स्तर को ऊँचा उठाया है, वहीं दूसरी ओर ईमानदारी से जीवन यापन कर रहे लोगों को आर्थिक अपराधों की ओर अग्रसर किया है। ईमानदारी से जिंदगी बसर कर रहा है उसके लिये मंहगाई तथा अन्य कारणों ने जीना मुश्किल कर दिया है तथा इस प्रकार आर्थिक अपराधों ने अमीर गरीब के बीच खाई पैदा कर दी है। ग्वालियर जिले में आर्थिक अपराधों के उपयुक्त नियंत्रण

एवं दंड में भयवादी दंड, सुधारवादी तरीकों एवं पुनर्स्थापना की पर्याप्त व्यवस्था दृष्टिगोचर नहीं होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची –

1. विधि शास्त्र एवं विधि के सिद्धांत – डॉ. एन. वी. परांजये
2. भारतीय दंड संहिता – डॉ. एन. वी. परांजये
3. भारत का संविधान – डॉ. जे. एन. पाण्डेय
4. अपराध शास्त्र एवं आपराधिक प्रशासन – डॉ. एम. एस. चौहान

तलिका क्र. – 1

ग्वालियर जिले में अपराधिक घटनाओं की प्रवृत्ति

वर्ष	हत्या	बलात्कार	लूटमार	दंगा उपद्रव	अपहरण	चोरी	गृह भेदन	अन्य	योग
2001	13	4	35	11	08	122	107	202	502
2002	16	9	25	18	03	119	109	305	604
2003	20	8	19	07	09	203	115	350	731
2004	22	5	35	17	11	207	120	400	817
2005	27	7	40	29	06	175	130	575	989
2006	15	17	12	16	07	198	155	612	1032
2007	25	12	32	24	12	305	192	836	1438
2008	21	9	26	18	21	417	209	798	1519
2009	32	11	29	31	18	663	301	927	2012
2010	29	8	24	27	26	689	398	963	2164

तालिका क्र. – 2

ग्वालियर जिले में आर्थिक अपराधों के अंतर्गत कर चोरी एवं मिलावट संबंधी प्रकरणों की प्रवृत्ति

वर्ष	जिले में खाने योग्य दाल, तेल, बीज अनु. 1977 के तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या	अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या	जिले में खाद्यान्न व्यापारी अनु. आदेश1965 के तहत के तहत दर्ज संख्या	जिले में केरोसीन अनु. आदेश 1979 प्रकरणों की संख्या	जिले में सीमेंट डीलरलाइसेंस आदेश 1973 दर्ज प्रकरणों की प्रकरणों की संख्या	जिले में शुगर डीलर लाइसेंस आदेश 1963 के तहत के तहतदर्ज की संख्या	प्रकरणों की कुल संख्या दर्ज प्रकरणों
2001	17	7	6	7	6	–	43
2002	10	2	3	–	7	2	24
2003	15	5	5	9	3	3	40
2004	18	4	7	10	6	–	45
2005	20	–	–	13	9	–	42
2006	22	6	5	19	–	6	58
2007	29	8	7	14	17	–	75
2008	25	5	6	20	19	–	75
2009	32	7	9	23	21	7	99
2010	37	9	–	26	23	9	104

स्त्रोत– कार्यालय जिला खाद्य अधिकारी ग्वालियर (म. प्र.)

तालिका क्र. – 3

ग्वालियर जिले में आर्थिक अपराधों के अंतर्गत आयकर चोरी के प्रकरणों की प्रवृत्ति

वर्ष	रिटर्न फायल नहीं करना धारा 139(1)	देरी से रिटर्न फायल करना धारा 139(4)	त्रुटि को सुधार करने के पश्चात् रिटर्न फायल करना धारा 139(9)	आयकर नहीं जमा करना धारा 140, 147, 271, 272, 276, 277, 278, 280	आयकर दाताओं की संख्या
2001	–	–	–	–	75151
2002	–	–	–	–	85303
2003	–	–	–	–	110125
2004	–	–	–	–	151751
2005	–	–	–	–	250105
2006	–	–	–	–	320137
2007	–	–	–	–	331243
2008	–	–	–	–	351459
2009	–	–	–	–	373678
2010	–	–	–	–	395092

स्त्रोत– कार्यालय आयकर अधिकारी, ग्वालियर (म. प्र.)

तालिका क्र. – 4

ग्वालियर जिलें में आर्थिक अपराधों के अंतर्गत विक्रय कर चोरी के प्रकरण

वर्ष	मध्य प्रदेश विक्रय कर अधिनियम 1958 की धारा 18 व 19	कर चोरी संबंधी दर्ज किये गये प्रकरणों की संख्या	राशि
2001	धारा 18 व 19	57	130738
2002	धारा 18 व 19	60	150378
2003	धारा 18 व 19	62	165344
2004	धारा 18 व 19	41	80415
2005	धारा 18 व 19	76	175666
2006	धारा 18 व 19	84	182378
2007	धारा 18 व 19	91	189442
2008	धारा 18 व 19	98	196776
2009	धारा 18 व 19	105	209556
2010	धारा 18 व 19	128	296642

स्त्रोत – कार्यालय जिला विक्रय कर ग्वालियर(म. प्र.)

****

भारत में लिंगानुपात संरचना का विश्लेषण

डॉ. निशा मिश्रा *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधपत्र में द्वितीयक समंकों पर आधारित है। 1991, 2001, 2011 की जनगणना के अनुसार लिंग अनुपात में परिवर्तन का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषणात्मक व तुलनात्मक अध्ययन विधि का प्रयोग निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया है।

प्रस्तावना – भारत का जनसंख्या की दृष्टि से चीन के बाद दूसरा स्थान है। विश्व के 2.4 प्रतिशत क्षेत्रफल में रहने वाली भारत की 17.5 प्रतिशत जनसंख्या का विश्व की राष्ट्रीय आय में 1.2 प्रतिशत योगदान है। जो जनसंख्या के बढ़ते दबाव को दर्शाता है। लिंग अनुपात, किसी जनसंख्या के संख्यात्मक लिंग संघटन मापन को कहा जाता है। लिंग अनुपात में असंतुलन, आर्थिक जीवन को अत्यधिक प्रभावित करता है। 2011 की जनगणना के अनुसार 121.43 करोड़ जनसंख्या वाले देश में 1000 पुरुषों पर 980 स्त्रियां हैं, अत: घटता लिंगानुपात व लिंग असंतुलन एक दीर्घकालीन गंभीर समस्या है। जो जनांकिकीय संरचना को विघटित कर रही है। कन्या भ्रूण हत्या में निरन्तर वृद्धि से लिंगानुपात में बढ़ता अंतर आज एक चुनौती बनकर उभरा है।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. भारत की जनसंख्या में लिंगानुपात की वर्तमान स्थिति
2. लिंग अनुपात की दृष्टि से भारत की सर्वाधिक जनसंख्या व कमी वाले राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश
3. 0–6 वर्ग के आयुसमूह में लिंगानुपात
4. लिंग असंतुलन के कारण व प्रभाव
5. निष्कर्ष एवं सुझाव

भारत में लिंगानुपात की संरचना व स्वरूप – किसी देश की जनसंख्या में स्त्री पुरुष अनुपात व लिंग अनुपात काफी महत्वपूर्ण होता है। जो जन्मदर – मृत्युदर से प्रभावित होता है। प्रतिकूल लिंगानुपात की स्थिति (स्त्रियों की संख्या कम होती) में भिन्न नैतिक व सामाजिक बुराइयाँ उत्पन्न होती है।

लिंगानुपात किसी विशेष समयावधि पर किसी देश, स्थान व जाति विशेष के स्त्री व पुरुषों की संख्या के बीच अनुपात को प्रदर्शित करता है। लिंगानुपात में हुए परिवर्तन को तालिका 01 में दर्शाया गया है।

तालिका नं. 01

भारत में लिंग अनुपात (1901–2011)

(1000 पुरुषों पर महिलाएँ)

वर्ष	लिंग अनुपात	वृद्धि/कमी
1901	972	–
1911	964	–8
1921	955	–9
1931	950	–5
1941	945	5
1951	946	1
1961	941	–5
1971	930	–11
1981	934	4
1991	927	–7
2001	933	–6
2011	940	–9

Source - Census of Inda 2011, Provisional Pag-81.

तालिका से स्पष्ट है कि भारत में लिंगानुपात में निरन्तर कमी हुई है। 1901 में लिंगानुपात जहाँ 972 था वह घटकर 2001 में 933 रह गया वर्तमान जनगणना 2011 के अनुसार भारत में लिंगानुपात 940 हो गया है। भारत में सामान्यत: 937 मादा शिशुओं के जन्म की तुलना में प्रति 1000 नर शिशु जन्म लेते हैं। भारत जैसे विकासशील देश में उच्च स्त्री मृत्यु दर जो प्रत्येक आयुवर्ग में होती है जो दोनों लिंगो के मध्य अंतर को बढ़ा देती है। स्त्रियों के प्रति लापरवाही के कारण बाल्यावस्था में स्त्री मृत्यु दर उच्च होती है साथ ही उच्च जन्म दर के कारण भी प्रजनन अवस्था में मृत्युदर उच्चतर होती है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1,21,01,93,422 में 62,37,24,248 पुरुष व 58,64,69,174 स्त्रियाँ अर्थात लिंगानुपात 940 हैं। अत: भारत में घटता लिंगानुपात महिलाओं के लिए अहितकारी है।

तालिका नं. 02

विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों में लिंगानुपात 2001–2011

देश	वर्ष 2001	वर्ष 2011	वृद्धि/कमी
विश्व	986	984	– 2
भारत	933	940	7
चीन	944	926	– 8
सोवियत रूस	1140	1167	27
यू.एस.ए.	1029	1025	– 4
इंडोनेशिया	1004	988	– 16
ब्राजील	1025	1042	17
जापान	1041	1055	14
नाइजीरिया	1016	987	– 29
पाकिस्तान	938	943	5
बांग्लादेश	958	978	20

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय के. आर. जी. महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

Source - Census of India 2011 provisional provisional production total statement 11P.79

तालिका से स्पष्ट है कि जनसंख्या की संरचना में भिन्नता है। विश्व के प्रमुख 10 देशों में यू.एस.ए. ब्राजील, व जापान में 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या अधिक है। जबकि अन्य छ: देशों में स्त्रियों की संख्या पुरुषों से कम है। पिछले दशकों की तुलना में चीन, इंडोनेशिया, नाइजीरिया व यू.एस.ए. में 2011 में लिंगानुपात घटा है।

भारत में लिंगानुपात की तुलनात्मक स्थिति का अध्ययन – भारत में यदि विभिन्न केन्द्र शासित प्रदेशों व राज्यों में लिंग अनुपात की स्थिति पर प्रकाश डालें तो बहुत अन्तर दिखाई देता है। यह अधिकतम 1084 व न्यूनतम 618 अर्थात 466 अंको का अन्तर है। जिसे तालिका में तुलनात्मक स्थिति को दर्शाया गया है –

तालिका नं. 03

भारत में विभिन्न राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में लिंगानुपात की स्थिति

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	लिंगानुपात		वृद्धि/कमी	2011 में स्त्री पुरुष अनुपात
	2001	2011		
भारत	933	940	07	940 <1
जम्मू-कश्मीर	892	883	- 9	883 <1
हिमाचल प्रदेश	968	974	6	974 <1
पंजाब	876	893	17	893 <1
चंडीगढ़	777	818	41	818 <1
उत्तराखंड	962	963	- 1	963 <1
हरियाणा	861	877	16	877 <1
दिल्ली	821	866	45	866 <1
राजस्थान	921	926	5	926 <1
उत्तर प्रदेश	898	908	10	908 <1
बिहार	919	916	- 3	916 <1
सिक्किम	875	889	14	889 <1
अरूणाचल प्रदेश	893	920	27	920 <1
नागालैण्ड	906	931	25	931 <1
मणिपुर	974	987	13	987 <1
मिजोरम	935	975	40	975 <1
त्रिपुरा	948	961	13	961 <1
मेघालय	972	986	14	986 <1
असम	935	954	19	954 <1
पश्चिम बंगाल	934	947	13	947 <1
झारखण्ड	941	947	6	947 <1
उड़ीसा	972	978	6	978 <1
छत्तीसगढ़	989	991	2	991 <1
म.प्र.	919	930	21	930 <1
गुजरात	920	918	- 2	918 <1
दमन व द्वीप	710	618	- 92	618 <1
दादरा नगर हवेली	812	775	- 37	775 <1
महाराष्ट्र	922	925	3	925 <1
आंध्र प्रदेश	978	992	14	992 <1
कर्नाटक	965	968	3	968 < 1
गोवा	961	968	7	968 < 1
लक्षद्वीप	948	946	- 2	946 <1
केरल	1058	1084	26	1084 <1
तमिलनाडु	987	995	8	995 <1
पांडिचेरी	1001	1038	37	1038 <1
अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह	846	878	32	878 <1

Source - Provisional Population totals Govt.of India Ministory of Home affairs Page-88.

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 2011 की जनगणना में केरल व पांडिचेरी को छोड़कर सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में स्त्री-पुरुष अनुपात 1 से कम है। अधिकतम लिंगानुपात दक्षिण राज्यों - केरल, तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश में क्रमश: 1084, 995 एवं 992 है तथा उत्तर पूर्वी राज्यों में सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा में क्रमश: 889, 883 एवं 877 न्यूनतम लिंगानुपात है। केन्द्र शासित प्रदेशों में अधिकतम लिंगानुपात पांडिचेरी (1038) लक्ष्यद्वीप (946) व अण्डमान निकोबार द्वीप समूह (878) में है। वहीं दमन और द्वीप, दादरा नगर हवेली व चंडीगढ़ में क्रमश: 618, 775 एवं 818 न्यूनतम लिंगानुपात है।

2011 की जनगणना में देश में लिंगानुपात में अल्पवृद्धि होना एक शुभ संकेत है जहाँ 2001 में देश का लिंगानुपात 933 स्त्रियों प्रति 1000 पुरुष था वहीं 2011 में बढ़कर 940 पर पहुंच गया है। दमन और द्वीप, दादरा नगर हवेली, जम्मू कश्मीर में लिंगानुपात तेजी से क्रमश: 92, 34 व 9 अंक कम हुआ है। जो अत्यन्त चिन्तनीय है।

तालिका नं. 04

लिंगानुपात में सर्वाधिक वृद्धि/कमी वाले प्रदेश (2001 - 2011)

प्रदेश	वर्ष 2001	वर्ष 2011	परिवर्तन (वृद्धि + /कमी -)
वृद्धि वाले प्रदेश			
मिजोरम	935	975	+ 40
नागालैण्ड	900	931	+ 31
अरुणाचल प्रदेश	893	920	+ 27
केरल	1058	1084	+ 26
असम	935	954	+ 19
कमी वाले प्रदेश			
जम्मू कश्मीर	892	883	- 9
बिहार	919	916	- 3
केन्द्र शासित प्रदेश वृद्धि वाले प्रदेश			
दिल्ली	821	866	+ 45
चंडीगढ़	777	818	+ 41
पांडिचेरी	1001	1038	+ 37
अंडमान निकोबार	846	878	+ 32
कमी वाले प्रदेश			
दमन और द्वीप	710	618	- 92
दादरा नगर हवेली	812	775	- 37

Source - Census of India 2001-2011 Primary Census Abstract Total Population Table A-5 and 2011 provisional population total.

तालिका द्वारा स्पष्ट है राज्य दमन और द्वीप में लिंगानुपात 92 अंकों की भारी कमी दादरा नगर हवेली में 37 अंक की कमी हुई है वहीं प्रदेश में जम्मू कश्मीर में 9 व बिहार में 3 अंक की कमी आई है।

भारत में बालिका लिंगानुपात की स्थिति – भारत में 0–6 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की बालिकाओं में लिंगानुपात में लगातार कमी आई है। 1961 में यह 976 से घटकर 2011 में 914 रह गयी जो चिन्ता का विषय है। 1961 से 1991 तक बालिका लिंग अनुपात अधिक था। किन्तु 1991 से 2011 में लिंगानुपात 945 से घटकर 914 रह गया मात्र दो दशक में 31 अंकों की गिरावट आई है। जो कन्याभ्रूण हत्या की ओर संकेत करता है साथ ही समाज में पुत्र को महत्व, बालिका कुपोषण आदि।

तालिका नं. 05

भारत में (0–6 वर्ष आयु समूह में) बालिका लिंगानुपात की स्थिति
(प्रति 1000 पुरुष पर)

वर्ष	0–6 वर्ष के आयु समूह में लिंगानुपात	समग्र औसत लिंगानुपात
1961	976	941
1971	964	930
9181	962	934
1991	945	927
2001	927	933
2011	914	940

Source - Census of India 2011 provision population on totals P-90.

0–6 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लिंगानुपात के आंकड़ों के अनुसार 2001 में 933 व 2011 में बढ़कर 940 हो गया। किन्तु 1961 से 1991 तक बालिका लिंग अनुपात भारत के समग्र लिंग अनुपात से अधिक रहा किन्तु 2001 व 2011 में यह घटा है। 2001 में भारत में लिंगानुपात 933 तथा जबकि बालिका लिंगानुपात 927 रहा वहीं 2011 में भारत में समग्र लिंगानुपात 7 अंक बढ़कर 940 हो गया जबकि बालिका लिंगानुपात 927 से घटकर 914 रह गया 13 अंकों की कमी आई – देश के 25 राज्यों में लिंगानुपात में वृद्धि हुई है। वहीं हिमांचल प्रदेश, बिहार, गुजरात में गिरावट आई है। केन्द्र शासित प्रदेशों में से 5 प्रदेशों में वृद्धि व 2 प्रदेशों 'दमन और द्वीप' तथा 'दादरा नगर हवेली' में लिंगानुपात में कमी आई है। अधिकांश केन्द्र शासित प्रदेशों 9 राज्यों में सुधार से यह संकेत मिलते हैं कि स्त्रियों–शिशुओं में मृत्युदर में सुधार हुआ है। लीला विसारिया के अनुसार 2001 के जनगणना में हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र में 0–6 वर्ष की आयु के बच्चों से लड़कों की भरमार से यह सिद्ध होता है कि व्यापक पैमाने पर कन्याओं की भ्रूण हत्या हो रही है।

भारत में प्रतिकूल लिंगानुपात के कारण – भारत में 1901 से 1991 तक लगातार लिंगानुपात का कम होना व 2001 से 2011 तक कुछ अंक बढ़ना तथा उत्तर भारत में लिंगानुपात का प्रतिकूल होना अत्यन्त चिंताजनक व विचारणीय प्रश्न है। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 10 लाख से अधिक भ्रूण हत्याएं हो रही है। प्रति 30 मिनट में एक भ्रूण हत्या हर डेढ़ घंटे में दहेज के कारण हत्या भयावह की स्थिति को दर्शाती है। कई कारण है जो प्रतिकूलता को जन्म देते हैं।

- सामाजिक व आर्थिक पिछड़ापन
- लड़कों की अपेक्षा लड़कियों की मृत्युदर अधिक होना
- पुत्रों से विशेष लगाव व आकर्षण के कारण पुत्र को भविष्य की आयकर स्त्रोत व वृद्धावस्था का सहारा व अनेक धार्मिक अनुष्ठान में पुरुषों द्वारा सम्पन्न कराना
- निर्धनता व गरीबी के कारण बेटियों को परिवार का बोझ समझा जाता है।
- कन्या शिशुओं की हत्या – बेटी को जन्म होते ही मार डालना, बालिका मृत्युदर का अधिक होना
- आर्थिक पराधीनता, बाल–विवाह, पर्दा–प्रथा, दहेज–प्रथा व स्त्रियों में साक्षरता की कमी का भी लिंगानुपात पर विपरीत प्रभाव डालता है।
- कुपोषण का शिकार होना

अमर्त्यसेन – 'अधिक मृत्युदर का कारण लड़कियों के स्वास्थ्य आहार व अन्य संबंधित आवश्यकताओं की उपेक्षा है। खास तौर पर उत्तर भारत में' भारत की अनेक जातियों में कन्या जन्म को हेय की दृष्टि से देखा जाता है।'

निष्कर्ष एवं सुझाव – आज वर्तमान में सामाजिक परिवर्तन व जागरुकता भ्रूण हत्या कन्या शिशु हत्या को रोकने व लिंगानुपात बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। नवजात शिशु हत्या, कन्या भ्रूण हत्या, कुपोषण भारत में लगातार घटता लिंगानुपात में असमानता, बालिका लिंगानुपात का गिरना, उत्तर भारत में लिंगानुपात का कम होना – महिला प्रगति, महिला सशक्तिकरण, नारी स्वतंत्रता व समानता के युग में एक चिन्तनीय पहलू है। लिंग असंतुलन समाज में अराजकता, अनैतिकता व असंतुलन को पैदा करता है। जिससे हमारी सामाजिक व्यवस्था खतरे में पड़ सकती है।इसके अलावा आर्थिक पराधीनता, बाल–विवाह, पर्दा प्रथा, दहेज प्रथा व स्त्रियों में साक्षरता की कमी का भी लिंगानुपात पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

कन्या भ्रूण हत्या बाल विवाह दहेज प्रथा जैसे सामाजिक कुप्रथाओं पर रोक सोनोग्राफी मशीनों पर नियंत्रण निरीक्षण की प्रभावी व्यवस्था जैसे सोनोग्राफी को Online करना, भ्रूण हत्या रोकने हेतु दण्ड दुर्माने का प्रावधान करना, शासकीय व निजी अस्पतालों में गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज व दवाईयों की सुविधा शादी का अनिवार्य पंजीयन जिससे बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक, सरकार को विभिन्न रोजगार प्रदान करने वाली योजनाओं में ऐसे परिवारों को प्राथमिकता। लड़कियों को व्यवसायिक तकनीकी, मेडिकल में स्थान सुरक्षित कर कम फीस पर शिक्षा उपलब्ध कराना। महिला साक्षरता में वृद्धि, आय के स्तर को बढ़ाना। आदि उपायों को प्रोत्साहन देकर लिंगानुपात की भिन्नता को कम किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुमार, वि.एवं गुप्ता शिवनारायण (2009) जनांकिकी साहित्य भवन,आगरा
2. विसारिया प्रवीण – Demographic Aspect Development the Indian Experience in Uma Kapila (ed) Indian Economy since Indepandence (New Delhi - 2007 Page 193-194)
3. टोंग्या एवं पाटनी – जनांकिकी एवं जनसंख्या अध्ययन पृष्ठ 60–68 संजीव प्रकाशन, मेरठ
4. दत्ता एवं सुन्दरम – भारतीय अर्थव्यवस्था (एस.चंद एण्ड कं.लि.दिल्ली 2012)
5. Government of India Economic Survey 2011-12
6. http://Censusindia.gov.in
7. http://en.wikipedia.org/wiki/2011
8. आर्थिक समीक्षा 2009, 2010, 2011, 2012 प्रकाशन विभाग, भारत सरकार
9. बेटी बचाओ योजना (अभियान की बदलती तस्वीर, नई दुनिया, 18 अक्टूबर 2012
10. Visaria Leela - I mortality Frends and Transtiion in Tim oyson robert casson and Leela Visaria (ed) Twenty Firts.

कृषि विकास एवं उसके पर्यावरणीय प्रभाव

डॉ. शक्ति जैन *

प्रस्तावना – भारत देश के आर्थिक विकास में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। कृषि भारत देश में केवल जीविकोपार्जन का साधन या उद्योग धंधा ही नहीं बल्कि संपूर्ण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भारत देश कृषि प्रधान देश है इसलिए कृषि क्षेत्र को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि कृषि असफल रहती है तो सरकार एवं राष्ट्र दोनों ही असफल रहते हैं। भारतीय कृषि 58.2 प्रतिशत जनसंख्या को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करती है। बहुत से महत्वपूर्ण उद्योगों एवं लघु उद्योगों का आधार कृषि ही है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार (आर्थिक सर्वेक्षण 2011–12) देश की सकल राष्ट्रीय उत्पादन में कृषि एवं उससे संबंधित क्षेत्र का हिस्सा 13.9 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त विदेशी व्यापार व राजस्व में भी कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान हे।

भारत देश की ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व की आबादी बढ़ी है। विश्व की आबादी में भारत का दूसरा स्थान है। 121 करोड़ जनसंख्या वाले भारत देश को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की समस्या देश के सामने आ सकती है। क्योंकि कृषि योग्य कृषि भूमि सीमित ही नहीं है बल्कि सिकुड़ रही है। इस तरह कृषि क्षेत्र से संबंधित पहली समस्या बढ़ी हुई आबादी के लिए खाद्यान्न उपलब्धता है तो दूसरी समस्या कृषि विकास से उत्पन्न पर्यावरणीय समस्या है। विस्तृत एवं गहन खेती, कृषि योग्य भूमि का छोटा होना, उर्वरकों एवं कीटनाशकों का बढ़ता प्रयोग, भूमि तथा जल संसाधनों का अत्यधिक शोषण पर्यावरणीय समस्या को उत्पन्न कर रहा है बढ़ा रहा है।

प्राचीन काल से ही कृषि भारत देश के निवासियों की आजीविका का प्रमुख साधन रही है। विदेशी ब्रिटिश सरकार की कृषि एवं ग्रामीण उद्योगों को नष्ट करने की सोची समझी रणनीति के कारण स्वतंत्रता के समय देश की कृषि की दशा अत्यंत खराब एवं असंतोषजनक थी लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत देश के खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए कृषि के विकास पर ध्यान दिया गया कृषि को प्राथमिकता दी गयी। सन् 1966 में हरित क्रांति के आगमन से भारत में पारंपरिक कृषि व्यवहारों का प्रतिस्थापन, औद्योगिक, प्रौद्योगिकी एवं फार्म व्यवहारों से किया जाने लगा जिससे कृषि की दशा में तेजी से सुधार हुआ वर्तमान में भारत की स्थिति कृषि के क्षेत्र में सुदृढ़ एवं सम्मानजनक है। जिसे निम्न तालिका में दिखाया गया है –

तालिका क्रमांक – 1(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

भारत में कृषि उत्पादन में निरंतर वृद्धि हुई है फिर भी अन्य देशों की तुलना में भारत में कृषि की निम्न उत्पादकता की प्रवृत्ति है जबकि भारत के भौगोलिक क्षेत्र में लगभग 54 प्रतिशत भाग पर कृषि की जाती है। कृषि के निम्न उत्पादकता के कई कारण सामने आते हैं जैसे भूजोतों का अनार्थिक आकार, कृषकों की गरीबी, अशिक्षा, ऋणग्रस्तता, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, मृदा अपरदन, कृषि शोध, शिक्षा एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का अभाव आदि।

स्वतत्रंता प्राप्ति के पश्चात् भारत सरकार पंचवर्षीय योजनाओं में निरंतर कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। बजट 2012–13 (वास्तविक) में 24254.42 करोड़ रूपये व्यय कृषि क्षेत्र में प्रावधान रखा तथा 2014–15 में 31062.94 करोड़ रूपये का कृषि में बजट अनुमान है जो जीडीपी का 0.24 प्रतिशत है। कृषि उत्पादन संतोषजनक है। भविष्य में 2020 में खाद्यान्न की आवश्यकता 36 करोड़ टन हो जायेगी। बढ़ती हुई जनसंख्या की खाद्यान्न की आवश्यकता की पूर्ति तथा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह–तरह के रासायनिक खादों व जहरीले कीटनाशकों के उपयोग, प्रकृति के जैविक व अजैविक पदार्थों के बीच आदान–प्रदान के चक्र (इकोलाजिकल सिस्टम) को प्रभावित करता है जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है, पर्यावरण प्रदूषित होता है मानवीय स्वास्थ्य में गिरावट आती है।

कृषि उत्पादन व व्यवसाय में वृद्धि के पिछले कुछ दशकों में पर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव को कुछ तथ्यों के द्वारा देखा जा सकता है –

1. कृषि के उपयोग किये जाने वाले उर्वरकों व रसायनों का पर्यावरण पर प्रभाव – खाद्य पदार्थों के उत्पादन में वृद्धि हेतु अनेक प्रकार के रासायनिक खादों और कीटनाशकों का उपयोग अधिक मात्रा में किया गया जिससे जमीन की गुणवत्ता प्रभावित हुई भूमि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण के साथ सबसे अधिक जल प्रदूषण बढ़ा। जल प्रदूषण में कृषि व उद्योगों का बहुत बड़ा हाथ है उर्वरकों व रसायनों के अधिक प्रयोग से युट्रोफिकेशन की समस्या उत्पन्न होती है। युट्रोफिकेशन अर्थात खेतों में आवश्यकता से अधिक उर्वरक डालने से ये उर्वरक पानी के साथ बहकर तालाब, झीलों और नदियों में जा मिलते हैं इससे वहाँ का पानी पोषक तत्वों से सम्पन्न हो जाता है फलस्वपरूप जलीय वनस्पतियों में तेजी से वृद्धि होती है जिससे जल में घुली आक्सजीन कम हो जाती है और आक्सीजन की कमी से मछलियाँ व अन्य जलीय जीव मर जाते हैं। कृषि क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशी, रोगनाशी, कृत्रिम रसायनों से जल प्रदूषित हो जाता है जो जल वर्षा के समय खेतों में धरातलीय वाही जल (Surface Runoff) इन रसायनों को बहाकर पास स्थित झीलों, नदियों व तालाबों में पहुँचा देता है जिस कारण इन संसाधनों का जल प्रदूषित हो जाता है ये रसायन जल के साथ भूमि में रिसकर नीचे पहुँच जाते हैं तथा भूमिगत जल को प्रदूषित करते हैं। जल का प्रदूषण सदा बढ़ता ही जाता है। जब जल का विभिन्न मार्गों से होकर संचरण होता है तो उसके साथ मिले रासायनिक पदार्थों का भी विघटन होता जाता है।

विषाक्त रसायनों से प्रदूषित जल के कारण पौधों और जंतुओं की मृत्यु हो जाती है। इस प्रदूषित जल द्वारा सिंचाई करने से फसलें नष्ट हो जाती हैं अत्यधिक प्रदूषित जल के कारण मिट्टियों का भी प्रदूषण हो जाता है उनकी उर्वरता घट जाती है तथा उपयोगी मृदावाली सूक्ष्म जीव बैक्टीरिया मर जाते हैं। केंचुआ जो भूमि में अपना महत्वपूर्ण योगदान भूमि सुधारक के रूप में देता

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

रहा है वह भी अब भूमि व मिट्टी प्रदूषित होने के कारण मर जाते हैं आज वर्तमान में अलग से वर्मी कम्पोस्ट के रूप में उनका उपयोग किया जा रहा है। पहले अलग से इस तरह की खाद की जरूरत नहीं पड़ती थी। आधुनिक खेती में रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक के उपयोग ने केंचुएं की उपस्थिति मिट्टी में नगण्य कर दी है।

उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग ने भूमि व जल प्रदूषण के साथ-साथ मानव व जानवरों पर भी विपरीत प्रभाव डाला है। मानव स्वास्थ्य पर इसका बहुत ही गंभीर प्रभाव पड़ा है और मनुष्य को कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। जल प्रदूषण के कारण कई महामारी (कालरा) तथा कई जानलेवा रोग जैसे तपेदिक, टाइफाइड, पीलिया, पैराटाइफाइड, डायरिया आदि प्रदूषित जल के सेवन से पहाड़ी क्षेत्रों में पेट के रोग तथा पेट का कैंसर, स्कलेरॉसिस आदि रोग, अस्बेटस के रेशों से प्रदूषित जल द्वारा अस्बेस्टोसिस (फेफड़े के कैंसर का एक रूप) रोग, सीसा अधिक होने पर सीसा विषायण (Lead Poisiong) तथा पारा से प्रदूषित जल द्वारा मिनामाता रोग हो जाता हैं कई चर्म रोग भी हो जाते हैं।

पंजाब देश जो कृषि के उत्पादन में सर्वोच्च स्थान रखता था परंतु आज देखने व सुनने में आता है कि वहाँ अत्यधिक रासायनिक उर्वरक के प्रयोग में वहाँ की धरती खेती योग्य नहीं रहा। वहाँ का पानी संपूर्ण रूप से बर्बाद हो गया वहाँ हजारों लोग कैंसर व अन्य खतरनाक बीमारियों से पीड़ित हैं तथा वहाँ की स्त्रियों के दूध के नमूनों में तक इन कीटनाशकों की बढ़ी मात्रा पायी गयी है। आज इन अत्यधिक रसायन व कीटनाशकों का प्रयोग पंजाब के लोग व प्रकृति भुगत रही है।

भारत में हरित क्रांति के बाद उत्पादन तो बढ़ा लेकिन पर्यावरण को बहुत ही नुकसान हुआ पर्यावरण को प्रदूषित होने में सबसे प्रमुख योगदान इन रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों का है। 1960-61 में देश में घरेलू उर्वरकों का उत्पादन मात्र 1501 हजार टन था तथा कुल उर्वरकों का उपभोग केवल 292 हजार टन था जो बढ़कर 2008-09 में 24,909 हजार टन हो गया तथा देश का उत्पादन 14,334 हजार टन है शेष विदेशों से उर्वरकों का आयात किया जाता है। भारत उर्वरकों के कुल उत्पादन और खपत की दृष्टि से चीन और अमेरिका के बाद तीसरा स्थान रखता है। उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग पर्यावरण के लिए बहुत नुकसानदायक है। 2010-11 के अनुसार भारत में रासायनिक उर्वरकों की खपत 28.12 मिलियन टन है। भारत में उर्वरकों के उत्पादन व खपत एवं किया जाने वाले आयात की निम्न तालिका में दिखाया गया है -

तालिका क्रमांक - 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

कृषि में तेजी से विकास होने से पर्यावरण में निम्न रूपों से अवनयन होता है

1. वन विनाश तथा संबंधित भूमि उपयोग में परिवर्तन होने से।
2. खेतों में रासायनिक खादों कीटनाशी एवं शाकनाशी के प्रयोग से।
3. सिंचाई की सुविधाओं एवं सिंचाई की मात्रा में वृद्धि होने से।
4. जैविक समुदायों में परिवर्तन होता है।

- बढ़ते कृषि व्यवसाय के लिए जल का अत्यधिक उपयोग होता है जल की उपलब्धता के लिए अधिक भूजल दोहन कर सिंचाई करनी पड़ती है जिससे नहरों के पास के क्षेत्रों का जल लवणीकरण हो गया। लवण युक्त जल से फसलों की सिंचाई करने मिट्टी की क्षारीयता बढ़ जाती है खेत खेती के योग्य नहीं रहते हैं। अत्यधिक जल दोहन से भूजल का स्तर नीचे चला जाता है तथा जल की कमी भी भविष्य में हो सकती है।
- कृषि विविधता की हानि - कृषि व्यवसाय में वृद्धि बढ़ाने से कृषि की बहुत सी किस्में समाप्त हो जाती हैं जैसे छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के क्षेत्र विशेष चावल की अनेक किस्मों वाले क्षेत्र के रूप में जाने जाते थे परंतु अधिक पैदावार किस्मों एवं खेती के व्यवसायीकरण के रूप में कई किस्मों को चलन से बाहर कर दिया है।
- मृदा प्रदूषण के कारकों में सबसे महत्वपूर्ण कारक रासायनिक उर्वरक व कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग है। खाद्यान्नों के उत्पादन के लिए मृदा मुख्य आधार होती है। मृदा बहुत ही महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक तत्व है। यह महत्वपूर्ण क्षयशील प्राकृतिक संसाधन है क्योंकि इसके एक बार नष्ट हो जाने या इसके समाप्त हो जाने पर इसकी स्थानापूर्ति नहीं की जा सकती।
- गहन खेती से मिट्टियों की उत्पादकता घट जाती है।
- कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लिए रासायनिक खादों का अधिक उपयोग किया जाता है। फसलें समस्त रासायनिक पोषक तत्वों का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाती है इस तरह अप्रयुक्त रसायनों का मिट्टियों में लगातार संचय होता रहा है जिससे रसायनों के अत्यधिक सान्द्रण के कारण मिट्टियों का प्रदूषण प्रारंभ हो जाता है। फिर इन्हीं रसायनों का कुछ भाग वर्षा के जल के साथ बहकर तालाबों, झीलों, नदियों तक पहुँच जाता है तब जल प्रदूषण प्रारंभ हो जाता है। कुछ रसायन रिसकर नीचे चले जाते हैं तथा भूमिगत जल को प्रदूषित करते हैं। इसी तरह खरपतवार एवं फसलों को रोगों से बचाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले मृदा कीटनाशी एवं शाकनाशी कृत्रिम रसायनों के कारण एवं जल प्रदूषण होता है।
- जब वन क्षेत्रों का कृषि क्षेत्रों में रूपांतरण के कारण कई श्रृंखलाबद्ध पर्यावरणीय समस्या उत्पन्न हो जाती है जैसे वन विनाश द्वारा मृदा अपरदन में वृद्धि होती है → जिससे उर्वर मिट्टियों का क्षय होता है → मिट्टियों की उत्पादकता का ह्रास होता है → मृदा अपरदन के द्वारा नदियों में अवसाद भार बढ़ जाता है → जिससे नदियों का तल ऊपर उठ जाता है → नदियों की जलधारण क्षमता कम होती है → नदियों के बाढ़ मैदान क्षेत्रों के फसलों की क्षति होती है।
- इसी तरह रासायनिक उर्वरक कीटनाशी के अत्यधिक प्रयोग से किस तरह संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र प्रभावित होता है। उर्वरक व कीटनाशक का अत्यधिक उपयोग → मृदा प्रदूषित होती है → भूमिगत जल प्रदूषित होता है → नदी, तालाब, झील का जल प्रदूषित होता है → जलीय जीव जंतु मर जाते हैं → मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है → कृषि उत्पादकता में कमी आती है → खेती कृषि योग्य नहीं रहती है → इकोलाजिकल सिस्टम प्रभावित होता है → भूमि की उर्वरा शक्ति खराब होती है ।

बढ़ती हुई जनसंख्या वृद्धि के लिए एक अनुमान के अनुसार 2020 तक 36 करोड़ टन खाद्यउन्न की आवश्यकता होगी इसके लिए कृषि विकास आवश्यक है। कृषि विकास का पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं उत्पन्न पर्यावरण समस्याओं के समाधान के लिए देश प्रयत्नशील है लगभग दो दशकों से भारत कई उपायों को कर रही है यदि कुछ प्रमुख बातों को ध्यान में रखकर कृषि विकास किया जा सकता है जैसे -

सर्वप्रथम धारणीय अथवा पोषणीय विकास जो बहुआयामी पर्यावरण प्रबंधन को इंगित करता है इसके अंतर्गत पर्यावरण एवं समाज के हितों के अनुकूल विकास के कार्यक्रमों को योजनाबद्ध रूप से निर्मित कर क्रियान्वित किया जाता है। पर्यावरण पर शत्रुतापूर्ण व्यवहार करके किया गया विकास स्वयं मानव के लिए आत्मघाती सिद्ध हुआ जिससे पर्यावरण प्रदूषण, संसाधनों का संकट, असाध्य रोगों से ग्रसित मानव जीवन आदि इसके दुष्परिणाम है। धारणीय विकास वह है जो भावी पीढ़ियों को अपनी आवश्यकताओं को

पूरी करने की क्षमता को क्षति पहुँचाये बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता को पूरा करें तथा पर्यावरण को हानि पहुँचाये बिना जीवन की गुणवत्ता जारी रख सके।

धारणीय कृषि (Sustainbale Agriculture) विकास में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के स्थान पर जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशकों का प्रयोग कर कृषि उत्पादन को बढ़ावा दिया जाता है इससे भूमि की उर्वराशक्ति को भविष्य में भी बनाये रखना संभव होगा तथा मृदा में जो खतरनाक रसायन प्रवेश कर उसे प्रदूषित करते हैं उससे मुक्ति मिले एवं पर्यावरण अवनयन या ह्यास की स्थिति उत्पन्न न हो। नई कृषि नीति में धारणीय कृषि को बहुत महत्व दिया गया उसका अमल होना बहुत ही आवश्यक है।

सबसे महत्वपूर्ण उपाय रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशी एवं शाकनाशी कृत्रिम रसायनों के प्रयोग में कटौती की जाये तथा जहाँ इनके प्रयोग की बहुत आवश्यकता समझ में आये तो इनका उपयोग विवेकपूर्ण किया जाये।

खाद्य उत्पादन हेतु पूर्णत: उर्वरकों पर निर्भर रहकर उपलब्ध पोषक तत्वों के वैकल्पिक तत्वों के वैकल्पिक स्रोत – कार्बनिक खाद, हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट व जैव उर्वरकों का प्रयोग किया जाये जिससे उत्पादन में टिकाऊ वृद्धि के साथ ही मृदा के भौतिक रासायनिक एवं जैविक गुणों में भी सुधार हो सके। सरकार ने गत वर्षों में निरंतर टिकाऊ खेती के सिद्धांत की सिफारिश की जिसे जैविक खेती के नाम से जाना जाता है। यद्यपि जैविक खेती कृषि की पुरानी पद्धति है। जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके जैविक खाद तैयार की जाती है। नेशनल प्रोग्राम आन आर्गेनिक प्रोडक्शन के अनुसार 'जैविक कृषि एवं कृषि प्रणाली एक प्रबंध है जो एक पारिस्थिति तंत्र को तैयार करता है जिसमें कृत्रिम बाह्य आयाम जैसे – रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग के बिना स्थायी उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।' जैविक खेती के दो उद्देश्य हैं प्रथम प्रणाली को टिकाऊ बनाना दूसरा उसे पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना।

- भारतीय कृषि में शुद्ध जैविक खेती को अपनाकर रासायनिक उर्वरकों में कमी लाने की संभावना मौजूद है इसके लिए जैविक खाद जो केंचुएं से निर्मित की जा सकती है जिसमें सामान्य कम्पोस्ट खाद से 40–50 प्रतिशत अधिक पोषक तत्व होते हैं यह सामान्य उत्पादन से दोगुना उत्पाद देती है, जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाये रखती है, उपजाऊ क्षमता में वृद्धि होती है, भूमि की गुणवत्ता में सुधार होता है, भूमि में पानी का वाष्पीकरण कम होता है, पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी होती है। किसानों ने अपने अनुभव से बताया कि इस खाद के प्रयोग से पहले से अधिक उत्पादन हुआ एवं मौसमी प्रभाव का अस्वर भी तुलनात्मक रूप से कम हुआ।
- इसके लिए किसानों को कम्पोस्ट खाद तैयार करने का प्रशिक्षण, उसकी उपयोगिता बताना अत्यधिक आवश्यक है। किसानों को देशी बीज उपलब्ध कराना होगा क्योंकि कई बीज कंपनियाँ किसानों को विदेशी खाद व रासायनिक उर्वरक सहजता से उपलब्ध करा रही हैं। यदि भारत को कृषि को जहरमुक्त करना है तो इन विषमताओं को समझकर सरकार द्वारा व्यवस्थित कदम उठाना होगा। यद्यपि सरकार ने इस संबंध में फर्टिलाइजर बिल में संशोधन करने की बात कही है तथा पेस्टी साइडस मैनेजमेंट बिल 2008 पेशे होने वाला है अत: सरकार को इस संबंध में गंभीरता व दूरदर्शी प्रभाव देखकर निर्णय लेना आवश्यक है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार प्रतिवर्ष 5 लाख से अधिक व्यक्ति इन उर्वरकों व कीटनाशकों का शिकार होते हैं। डी.डी.टी. आदि के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। कई देशों ने पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है भारत देश को भी सख्त नियम बनाना होगा एक बार इसका उपयोग होने पर उसका अंश मिट्टी में 20 से 25 वर्ष तक मौजूद रहता है। पंजाब आदि देश इसके उदाहरण है जहाँ की खेती कृषि योग्य नहीं रही एवं कई पर्यावरणीय समस्याओं का वहाँ की प्रकृति को सामना करना पड़ रहा है।
- जैव प्रौद्योगिकी अस्सी के दशक से प्रचलित है जिसने कृषि में एक नये युग की शुरूआत की। कम समय एवं कम लागत में बढ़ी उत्पादकता जैव प्रौद्योगिकी का लक्ष्य है। जीव अभियांत्रिकी (जैनेटिक इंजीनियर) तथा तथा ऊतक संवर्द्धन कुछ अचूक विधियों का उपयोग इसकी विशेषता है। इसके अंतर्गत पराजीवी (ट्रांसजैनिक) फसलें, खरपतवार प्रभाव शून्य पौधे, कीट संक्रमण मुक्त पौधे, विषाणुमुक्त पौधे, बी.टी. फसलें, पोषकता में वृद्धि, खाद्य संवर्द्धन, वातावरणीय लाभ प्राप्त हो रहे हैं। एक प्रमुख लाभ यह है कि इससे अनेकानेक प्रजातियों का विकास हो रहा है तथा ऐसी फसलें आ रही हैं जिन पर न वातावरणीय दबाव का कोई असर हो, न ताप का, न सूखे का न बाढ़ का। भविष्य में जैव प्रौद्योगिकी की अच्छी संभावना है। वर्ष 1986 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अलग जैव प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना की जा चुकी है।
- जैव उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देना होगा। जैव उर्वरकों की यह विशेषता होती है कि जब ये एक बार खेत को व्यवस्थित कर देते हैं तो बार–बार इन्हें डालने की आवश्यकता नहीं होती। पौधों की जड़ों को रोगों से बचाते हैं। मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं, रासायनिक उर्वरक को जहाँ पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक माना गया है वहीं जैव उर्वरक पर्यावरण के अनुकूल माने जाते हैं।
- किसानों को शिक्षित करना एवं उन्हें कृषि उत्पादन की समस्याओं से अवगत कराना एक महत्वपूर्ण उपाय है। वर्तमान में कृषि विकास के लिए ई–खेती का चलन बढ़ रहा है किसान इससे कृषि के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हैं। किसान काल सेंटर 1800–180– 1551 पर नि:शुल्क बात कर किसान अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। यह सेवा देश की 22 भाषाओं में संचालित हो रही है। यहाँ योग्य व अनुभवी प्रशिक्षक किसानों को उचित सलाह, मार्गदर्शन देते हैं तो वर्तमान कम्प्यूटर व नेटवर्किंग युग में ई–खेती महत्वपूर्ण कृषि विकास व पोषणीय कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।
- कृषि के व्यवसायीकरण के फलस्वरूप रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशक के उत्पादन एवं उपभोग में निरंतर वृद्धि हुई है जिसे तालिका क्रमांक–2 में दिखाया गया है। ये रसायन पहले मिट्टी में स्थिति कीटाणुओं तथा अवांछित पौधों को विनष्ट करते हैं तत्पश्चात् मिट्टी की गुणवत्ता को कम करते हैं इन रसायनों को रेंगती मृत्यु (Creeping Deaths) कहा है। भारत देश को कृषि को जहरमुक्त करना अति आवश्यक है। देश के बहुत सारे संगठन नैसर्गिक खेती की दिशा में प्रयोग कर रहे हैं। सुभाष पालेकर शून्य बजट वाली खेती को लेकर देशभर में अभियान चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश में विनोबा आश्रम और ऐसे संगठन कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रयोग कर रहे हैं। सरकार को इस संबंध में उचित कानूनी प्रावधान (संशोधन) द्वारा प्रयास करना होगा तथा पोषणीय कृषि विकास को महत्व देना होगा। यद्यपि कृषि प्रशिक्षण व शिक्षा के लिए देश में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत 97 संस्थान केन्द्र, 65 राज्य कृषि विश्वविद्यालय, 5 डीम्ड कृषि विश्वविद्यालय, 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 592 कृषि विज्ञान केन्द्र कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त चार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में भी उच्च स्तर की

कृषि शिक्षा दी जाती है तथा उच्च गुणवत्ता कृषि अनुसंधान कार्य भी किया जाता है।

खाद्य उत्पादन की बढ़ती हुई माँग की आपूर्ति क लिए उनकी कीमतों को काबू में रखने के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। कृषि विकास के लिए नवीनतम तकनीकों का प्रयोग करने की आवश्यकता है। भारत में फरवरी 2009 से 2011 तक कृषि क्षेत्र 705 नवप्रवर्तन हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नवप्रवर्तन को प्रोत्साहन देने के लिए नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान) कई वर्षों से नवप्रवर्तकों की खोज कर रहा है उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित कर रहा है। यह कृषि विकास के लिए एक प्रभावशाली कदम है।

अत: खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाने के लिए उत्पादन लागत घटना तथा उपलब्ध संसाधनों जैसे उर्वरक सिंचाई जल, कीटनाशी आदि के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करते हुए मृदा उत्पादकता एवं उर्वरकता को बनाये रखना नितांत आवश्यक है। सरकार प्रयत्नशील है आवश्यकता है किसानों को जागरूक करने की शिक्षित करने की, जिससे कृषि विकास टिकाऊ व पोषणीय हो। जो कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने पारिवारिक खेती का वर्ष या छोटे किसानों का वर्ष घोषित किया है इसका उद्देश्य व पूरा परिवार को रोजगार प्राप्त होना है एवं रासायनिक पदार्थों से मुक्त कृषि विकास है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पर्यावरण भूगोल - सविन्द्र सिंह
2. कृषि अर्थशास्त्र - डॉ. जय प्रकाश मिश्र
3. भारतीय अर्थव्यवस्था - जे.पी. मिश्र
4. विकास एवं पर्यावरणीय अर्थशास्त्र - वी.सी. सिह्वा
5. विकास एवं पर्यावरणीय अर्थशास्त्र - डॉ. अनुपम गोयल
6. विकास एवं पर्यावरणीय अर्थशास्त्र - डॉ. जे.पी. मिश्रा
7. कृषि भूगोल - शर्मा भारद्वाज
8. कुरूक्षेत्र पत्रिका, जून, जुलाई, अगस्त-2014
9. योजना - सितम्बर 2014
10. दैनिक भास्कर - 7 सितम्बर 2014

तालिका क्रमांक - 1 : कृषि उत्पादन की दशकीय वृद्धि (प्रति हैक्टर उत्पादकता किलोग्राम में)

फसल	1950-51	1954-55	1961-62	1971-72	1981-82	1991-92	2001-02	2011-12
चावल	668	820	1028	1141	1308	17510	2079	2346
गेहूँ	655	803	890	1380	1691	2394	2762	3026
ज्वार, बाजरा, मक्का	-	520	519	564	733	778	1131	1574
दालें	441	500	485	501	483	533	607	649
मूंगफली	-	766	725	823	7972	818	1127	1294
सरसों	-	425	425	396	541	895	1002	1161
सोयाबीन	-	-	-	426	741	782	940	1206
Sugarcane	-	36303	42349	48322	58359	66069	67370	68879
चाय	876	-	-	1182	1461	1800	1670	1879
काफी	-	-	-	814	624	805	937	868
काटन	-	100	103	106	152	216	186	491
जूट	-	1021	1104	1032	1130	1662	2007	2285
तंबाकू	-	737	842	810	1065	1369	1565	-

स्रोत - आर्थिक समीक्षा, 2012-13

तालिका क्रमांक - 2 : उर्वरकों (NPK) का उत्पादन, आयात एवं उपभोग (हजार टन)

मद	1960-61	1970-71	1980-81	1990-91	2000-01	2007-08	2008-09
घरेलू उत्पादन	150	1059	3005	9045	14705	14707	14334
आयात	419	629	2759	2758	2090	7721	10151
उपभोग	292	2177	5516	12546	16702	22570	24909
प्रति हे. उपभोग (कि.ग्रा.)	02	13	32	68	86	116.8	128.6

स्रोत - आर्थिक समीक्षा, 2012-13

निर्धनता - कारण, परिणाम और कम करने के उपाय

डॉ. ए. के. जैन *

प्रस्तावना – वर्तमान युग अन्तर्विरोधो का है जिसमें विज्ञान, नवीन प्रौद्योगिकी, संचार क्रांति, कम्प्यूटर एवं अनेक नवीनतम शोधो की सहायता से कल्पनातीत समृद्धि, सुख - साधनों की भरमार है जबकि, दूसरी ओर दारूण गरीबी भूख और विषमताओं का क्रूरतम यर्थाथ विद्यमान है। आज मानव रोग, शोक, भूख, अभाव से लड़ने और सृष्टि के अनन्त रहस्यों को खोलने में पहले से अधिक समर्थ और साधन सम्पन्न है किन्तु इसके साथ यह भी सच है कि 'आज पहले से कहीं अधिक बड़े पैमाने पर लोग गरीबी और अभाव से ग्रस्त है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि व्यक्ति सम्पन्नता की संभावनाओं के बीच विपन्नता की विडम्बनापूर्ण स्थिति में जीने को विवश है।'

आज इस बात पर विचार करना प्रासंगिक होगा कि मानव की स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व के जो मानवीय लक्ष्य लेकर हमने विकास यात्रा आरंभ की थी वह परतंत्रता, असमानता और अलगावबाद में तो नहीं रूपान्तरित हो गई है। विषमता की खाई निर्धनता की डोर में वृद्धि तो नहीं हुई है ? यदि हम आज भी मानव को स्वतंत्रता, समानता एवं सम्मानपूर्ण सुखी जीवन प्रदान करने में असफल रहे है तो हमसे चूक कहां हुई है ? इन सब बातों पर गहन चिन्तन विचार विमर्श ओर एक सुनियोजित नीति की व्यूह रचना आज की परम आवश्यकता है।

खाद्यान के क्षेत्र में आत्म निर्भरता, शिक्षण संस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन, संचार, बैंकिंग, ऊर्जा एवं इलैक्ट्रॉनिक अधोसंरचना एवं क्षेत्रों में विकास हुआ है यह सच है कि हमने चतुर्दिक सफलताएं प्राप्त की है लेकिन फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि हम उतनी प्रगति की उतनी ऊँचाई पर नहीं पहुंच सके, जितने पर पहुँच सकते थे या पहुँचना वांछनीय था। देश के समक्ष वर्तमान में जो विभिन्न समस्याएं है वह सभी गंभीर है लेकिन उन सब में सर्वाधिक गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या निर्धनता ही है।

निर्धनता की समस्या आज की या कुछ समय पूर्व की न होकर सदियों पुरानी है विशेष रूप से 200 वर्षो के उपनिवेशकारी शोषण का प्रतिफल है। निर्धनता का स्थिति का निरूपण करते हुए प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. बी.एम डांडेकर एवं नीलकंठ रथ ने लिखा है कि 'पिछले 20 वर्षो में देश के आर्थिक विकास को एक अनिष्ठ मोड़ मिला है। एक तरफ गरीबों के जीवन के लिये आश्यक वस्तुओं का उत्पादन एवं आपूर्ति अपर्याप्त है जबकि दूसकी तरफ अमीरो के उपयोग की नयी-नयी वस्तुओं का निर्माण धडल्ले से हो रहा है।' विगत कुछ दशकों में जिस तीव्रगति से उन्नति हुई और आर्थिक विकास हुआ उसके कारण इसकी गम्भीरता और चुभन अधिक अनुभव हो रही है। 'गरीबी अपने सभी प्रकट रूपों मे कुपोषण, गन्दगी, बीमारी, तंग व गन्दी बस्तियों में निवास, बाल मृत्यु आदि के साथ अभी तक मौजूद है।'

गरीबी की अवधारणा – गरीबी एक सापेक्ष कल्पना है। सामान्य अर्थो में गरीब एक ऐसा व्यक्ति है जो अभावो से पीडित है। जो जीवन की आवश्यक सुविधाओं तथा न्यूनतम जीवन निर्वाह के साधनों से वंचित है जिसे हमेशा असुरक्षा का भय व्याप्त रहता है और जो रोजी रोटी, के लिए निरंतर संघर्षरत रहता है। कुपोषण, स्वच्छता रहित वातावरण, अशुद्ध पेयजल, भुखमरी तथा बेघर होने की आशंका जिसकी नियति बन चुकी है। बुनियादी आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा, मकान के अभाव से ही अन्य अभाव जैसे शैक्षिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक तथा नैतिक अभाव उत्पन्न होते है।

1962 में दांडेकर, रथ समिति ने गरीबी और गरीबी को रेखांकित करने वाली गरीबी रेखा के मानदण्ड तैयार किये और न्यूनतम पोषण को आधार बनाया। ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रति व्यक्ति 2400 कैलोरी एवं नगरीय क्षेत्र के लिये 2100 कैलोरी की मात्रा, निश्चित की गई। न्यूनतम पोषण आहार को गरीबी रेखा का आधार मानना अव्यवहारिक है क्योंकि उदरपूर्ति ही मानव की आवश्यकता नहीं है और अन्य आवश्यक मदें भी है। नोबल पुरस्कार प्राप्त प्रो. अमर्त्य सेन ने गरीबी की परिभाषा और उसके मापने के निर्देशांक पर काफी कार्य किया है। उन्होंने सामान्य रूप से प्रचलित गरीबी निर्देशांक को ठुकराकर गरीबी आकलन के लिये एक नये फार्मूले का प्रवर्तन अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक पावर्टी एक्ड फेमिन्स एन एस्से इनटाइटिलमेंट एण्ड डिप्रावाश्नेशन (1981) में किया। जिसे सेन सूचकांक के नाम से जाना जाता है। उनकी व्याख्या तार्किक प्रतीत होती है और वर्तमान प्रचलित विधियों में सर्वश्रेष्ठ है। उनके गरीबी सूचकांक का प्रयोग मानव विकास सूचकांक की गणना के कार्य में किया जा रहा है।

गरीबी के आकार का अर्थशास्त्र– प्रो. दांडेकर एवं रथ के अनुसार 1967-68 में भारतीय जनसंख्या का गरीबी रेखा से नीचे 40 प्रतिशत भाग थी। 1987-88 में 39.3 प्रतिशत थी। 1994-95 में 39.4, 2004-05 में 37.2 एवं 2009-10 में 20.8 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे थी।.

निर्धनता का माप दण्ड – दांडेकर एवं रथ ने भोजन में कैलोरी की मात्रा को निर्धनता रेखा के निर्धारण का एक मात्र आधार माना जिसे 1971 से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके पश्चात सुरेश तेंदुलकर समिति के नए फार्मूले में निर्धनता रेखा का आकलन भोजन में कैलोरी की मात्रा के बजाय प्रति व्यक्ति मासिक उपयोग व्यय के आधार पर किया गया है तथा प्रत्येक राज्य में निर्धनता रेखा के लिये शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक उपयोग व्यय अलग - अलग निर्धारित किया गया है। अखिल भारतीय स्तर पर 672.8 रूपये प्रतिमाह व शहरी क्षेत्रों में 859.6 रूपये प्रतिमाह के उपयोग व्यय को 2009-10 में निर्धनता रेखा की पहचान के लिए निर्धारित किया गया है।

योजना आयोग के सदस्य डॉ. अभिजीत सेन ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में बताया कि 2004-05 व 2009-10 इन पांच वर्षो में देश में निर्धनता अनुपात में जहां कमी आयी है वही निर्धनों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2004-05 में देश की कुल 100 करोड़ जनसंख्या में लगभग 37.0 करोड़ निर्धन थे

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

जबकि 2009-11 में 121 करोड़ जनसंख्या में 38.5 करोड़ निर्धन थे। अर्थात देश में 32 प्रतिशत जनसंख्या निर्धनता रेखा से नीचे थी।

योजना आयोग ने डॉ. सी रंगराजन की अध्यक्षता में एक नवीन विशेषज्ञ टेक्नीकल समूह का गठन 24 मई 2012 को किया है। जो निर्धनता आकलन की सर्वमान्य तथा सटीक विधि सुझाएगा।

गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालो की संख्या का विश्लेषण करने के उपरांत अब मुख्य प्रश्न यह है कि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में प्रत्येक को जीविका के पर्याप्त साधनों एवं संतोषजनक जीवन स्तर के अधिकार दिये जाने की घोषणा के बावजूद देश की लगभग 30 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहने को विवश क्यों है ?

वैश्वीकरण के इस प्रौद्योगिकी के उन्नतिशील युग में गरीबी जारी रहना एक अभिशाप है इस विसंगति पर चिन्तन करने के लिये निर्धनता के मूल कारणों पर विचार आवश्यक है।

निर्धनता के कारण – निर्धनता के आर्थिक कारणों में सम्पत्ति का स्वामित्व केवल कुछ ही हाथों में केन्द्रित होना, पूंजी की अपर्याप्तता, निम्न बचत, निम्न उत्पादकता, उन्नत प्रौद्योगिकी का अभाव, निर्धनता का दुष्चक्र, ग्रामों में कृषि आधारित एवं रोजगार परख उद्योगों का न होना, कुटीर एवं लघु उद्योगों का घटता आकार निरक्षरता कालाधन व काली आय राष्ट्रीय आय के 40 प्रतिषत के बराबर होना, विकास की रणनीति अमीरों के पक्ष में व गरीबों के विरूद्ध होना इत्यादि प्रमुख हैं।

निर्धनता के अनार्थिक कारणों में रूढिवादिता, सामाजिक मान्यताएं, परम्पराएं भाग्यवादिता, उदासीनता, अन्धविश्वास, मंहगे रीति रिवाज, राजनैतिक अस्थिरता, धार्मिक क्रिया कांड आदि प्रमुख है। निर्धनता दूर न होने का एक प्रमुख कारण नीति निर्माताओं अर्थशास्त्रियों का यह विश्वास कि जैसे-जैसे आर्थिक विकास होता जायेगा देश की गरीबी और विषमता की समस्या अपने - आप हल होती जायेगी डॉ. एस.पी. गुप्ता पूर्व सदस्य योजना आयोग ने राष्ट्रीय सैंपल के सर्वेक्षण के आंकड़ो के अध्ययन के आधार पर जो निष्कर्ष निकाले है वे साबित करते है कि जीडीपी में तीव्र वृद्धि होने मात्र से गरीबी अपने आप कम नहीं हो जाती और न ही विकास का अमृत छन-छन कर अपने आप नीचे पहुॅच जाता है। जैसा कि ट्रिकल डाउन में विश्वास करने वाले अर्थशास्त्री मानते है।

निर्धनता दूर करने हेतु अभी तक बनाई गई नीतियों के अपेक्षित परिणाम नहीं निकलने का कारण यह है कि इन योजनाओं को पूर्ण ईमानदारी, उत्साह और शक्ति से अमल में नहीं लाया गया हैं। निर्धनता का एक कारण 'यह है कि विश्व की 80 फीसदी आबादी विकासशील देशो में है किन्तु ग्लोवल जीडीपी को ये देश सिर्फ 20 फीसदी का ही योगदान कर पाते है इससे विकासशील देशों की आर्थिक क्षमता का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

विकास की पश्चिमी अवधारण जो सबको रोजगार, समृद्धि व खुशहाली देने का वादा करती है जब वह पश्चिम में ही अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही है वो विकास की दौड़ में काफी पिछड गये तीसरी दुनिया के भारत जैसे देशों को क्या प्राप्त होगा? इस पर आज फिर गौर करने की आवश्यकता है। हमने विकास की रणनीति और तकनीकी विकसित देशों से ली है। जिनके विकास का आधार प्रकृति को एक वस्तु मानकर मानव की भोग लिप्सा के लिए उसका अधिकतम शोषण है यह विकास नीति प्रकृति एवं कमजोर लोगों के उपयोग एवं राष्ट्रों के शोषण के आधार पर आश्रित है।

उदारीकरण वैश्वीकरण मुक्त व्यापार, इन सभी अन्तर्राष्ट्रीय नीतियों के कारण गरीब - अमीर के बीच खाई और चौड़ी हुई है। यही वजह है कि धनाढ्य व औद्योगिक देश लगातार अकूत सम्पत्ति के मालिक बनते जा रहे है और शेष दुनिया, गरीबी और अभावों की ओर बढ रही है। निर्धनता के कारणों पर गहन विचार करने के पश्चात इस चुनौती के निवारण के ठोस उपायों पर सार्थक कदम उठाने का आवष्यकता है।

निर्धनता दूर करने के ठोस उपाय – युवाओं का देश भारत खनिज संपदा, जनशक्ति, प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न होते हुए भी यह कैसी विडम्बना है कि यहां निर्धनता व्याप्त है। कई व्यक्ति विपन्नता की स्थिति में जीने को विवश है। निर्धनता दूर तभी हो सकती है जब हम ईमानदारी से नीतियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस हेतु कुछ सुझावों को अमल में लाया जा सकता है।

1. न्यायोचित वितरण व्यवस्था – गरीबी मूलत: मनुष्य निर्मित है। यदि समाज में विकास के प्रतिफलो का न्योयोचित वितरण हो तो संभवत: निर्धनता रहेगी ही नहीं । यदि हम समाजवादी समाज की अवधारणा के अनुरूप राष्ट्रीय आय का अधिक न्याय संगत वितरण कर सके तो भारत की गरीबी की तस्वीर कुछ कम बद रंग नजर आने लगेगी। धन एवं आय का वितरण इतना आसान नहीं है। इसलिए हमारे भारतीय चिन्तकों ने एक बहुत अच्छा उपाय सुझाया है। राजगोपालाचार्य के अनुसार धन पैदा कर लेने के बाद उसका समवितरण आप नहीं कर सकते आप उसके लिए मनुष्यों को राजी करने में सफल नहीं हो सकते किन्तु आप धन इस प्रकार पैदा कर सकते है कि उसके पहले ही उसका समवितरण निश्चित हो जाये।' महात्मा गांधी द्वारा अभिकल्पित विकेन्द्रीकृत उत्पादन तंत्र से वितरण की समस्या अपने आप हल हो जाती है क्योंकि इस व्यवस्था में वितरण की समस्या का हल ऊपरी सतह पर न कर उसकी जड़ में खोजा गया है।

2. यंत्रो की मर्यादा – यंत्रीकरण की दौड़ में मानव की उपेक्षा आज के युग की भीषण त्रासदी है। हमें यंत्रीकरण की ऐसी नीति का नियोजन करना होगा जिसमें रोजगार विकास का परिणाम न होकर लक्ष्य हो। यह उद्देश्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हम मानव श्रमका अधिक उपयोग तथा यंत्रों की मर्यादा सुनिश्चित करें। महात्मा गांधी के अनुसार ' में ऐसी मशीनों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हूॅ जो अनेक लोगों की कीमत पर, कुछ लोगों को धनी बनाए या बिना किसी कारण के अनेक लोगों को बेरोजगार बनाए।'

डॉ. राम मनोहर लोहिया का मत था कि प्रत्येक हाथ को काम और प्रत्येक मुख को रोटी का आदर्श लघु यंत्रों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ शूमाकर ने 'स्माइल इज ब्यूटी फुल' में छोटे यंत्रों के उपयोग का पुरजोर समर्थन किया। यंत्रीकरण में परिश्रम को बचाने का मानवीय भावना न होकर मुनाफे का शुद्ध लोभ है इसलिए गांधी जी उन्हीं मशीनों को स्वीकार करने के पक्ष में थे जो सभी को रोजी रोटी उपलब्ध कराये । प्रो0 ई.एफ. शूमाकर 'अधिकाधिक बड़े उद्योग प्रचंड स्वचालित यंत्र आदि प्रतिष्ठित होने के कारण उन लोगों की जिनके पास श्रम ही एक पूॅजी है पूर्ण अवहेलना हो रही है।'

3. संयमित उपभोग – महात्मा गांधी का विचार था कि दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन है लेकिन ये साधन किसी एक व्यक्ति के लालच की पूर्ति नहीं कर सकते। यदि हर एक आदमी जितना उसे चाहिए उतना ही ले, ज्यादा न ले तो दुनिया में गरीबी न रहे और कोई आदमी भूखा न मरे।

प्रसिद्ध विचारक पं. दीनदयाल जी का मत था कि 'प्राकृतिक सम्पदाएं सीमित है अत, नियंत्रित एवं संयमित उपभोग के द्वारा ही उन्हें दीर्घकाल तक संरक्षित किया जा सकता है। अधिकाधिक उपभोग का सिद्धांत दु:खों का

कारण है यदि हम देश की गरीबी दूर करना चाहते है तो संयमित उपभोग का सिद्धांत स्वीकार करना होगा।' उनका मत था कि हमारी अर्थ व्यवस्था का लक्ष्य अमर्यादित उपभोग नहीं, संयमित उपभोग होना चाहिए।

4. उपयुक्त प्रौद्योगिकी – डॉ. शूमाकर का मत है कि हमें ऐसी मध्यवर्ती टैक्नोलॉजी का उपयोग करना होगा, जो उपलब्ध पूँजी और श्रमके अधिकतम उपयोग के साथ ताल मेल बैठा सके। बड़ी मशीन का प्रौद्योगिकी और उससे प्रभावित सामाजिक, राजनीतिक तंत्र से मुक्ति के लिए तो वास्तव में एक नयी क्रांतिकारी प्रौद्योगिकी का अविष्कार आवश्यक है। जो उत्पादन क्षमता के आर्थिक लक्ष्य और मानव व्यक्ति के समग्र विकास के सामाजिक नैतिक लक्ष्यों को एक दूसरे का पूरक बनाने में समर्थ है।

डॉ. राम के बेपा ने मनुष्य केन्द्रित ग्राम समुदाय पर आधारित तकनीकी के प्रयोग पर बल दिया। मशीनें मानव का स्थान न लें उन्हें बेरोजगार न बनाए। इस तरह प्रोद्योगिकी का स्वदेशीकरण बांछनीय है।

5. शिक्षा – निर्धनता का निवारण के लिए सभी को साक्षरता एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मूल शर्त है विकसित देश शिक्षा पर राष्ट्रीय उत्पाद का 9 से 10 प्रतिशत व्यय करते है लेकिन भारत अभी केवल लगभग 5 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय करता है। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती चीन की एक कहावत है कि 'यदि आप एक वर्ष के लिए योजना बना रहे है तो चावल उगाओ, यदि आप 30 वर्ष के लिए योजना बना रहे है तो पेड़ लगाओ। और यदि आप 100 वर्ष की योजना है तो शिक्षा की योजना बनाओ।' प्रो. अमर्त्य सेन के अनुसार ' शिक्षा से विकास, जनसंख्या नियंत्रण, सामान्य स्वास्थ्य और जीवन पर अनुकूल प्रभाव ही नहीं पडेगा बल्कि मानव संसाधन में गुणात्मक विकास से नया सामूहिक मनोविज्ञान जन्म लेगा।'

शिक्षा और रोजगार का परस्पर अनुकूल संबंध है। यह महत्वपूर्ण मानव पूँजी निर्माण निवेश और आर्थिक विसंगततियों को दूर करने में सहायक है। आय के पुनर्वितरण का स्थायी उपाय रोजगार के अवसर बढाना है।

6. मानव को केन्द्र बिन्दु मानना – इस तथ्य की ओर ध्यान देना अति आवश्यक है कि आर्थिक प्रगति मनुष्य के लिये है न कि मनुष्य धन के लिये इस विचार के परिप्रेक्ष्य में सबसे पहले हमें मनुष्य को केन्द्र बिन्दु मानना होगा। मानवीय सुख के लिये अर्थ महत्वपूर्ण है। लेकिन सुख की प्राप्ति में प्रमुख साधन मानवीय शक्ति ही होना चाहिये। देश की श्रम शक्ति को बेकार रखकर आर्थिक विकास प्राप्त करना सामाजिक दृष्टि से घाटे का सौदा होगा।

7. आर्थिक प्रगति का मापदण्ड – आर्थिक प्रगति की माप समाज में सबसे ऊपर की सीढ़ी पर खड़े व्यक्ति से नहीं अपितु सबसे नीचे के स्तर पर खड़े व्यक्ति से होना चाहिये ।तब हमें निर्धनता से जूझने की ऊर्जा प्राप्त होगी। अन्तिम छोर के व्यक्ति के कल्याण से सभी व्यक्तियों के कलयाण की भावना गांधी जी की थी। उन्होंने लिखा कि में ऐसे भारत के लिए कोशिश करूंगा जिसमें गरीब से गरीब व्यक्ति भी यह महसूस करेंगे कि वह उनका देश है जिसके निर्माण में उनकी आवाज का महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को यदि काम प्राप्त करने का अधिकार मौलिक अधिकारों में सम्मिलित किया जाये तो निर्धनता की समस्या स्वमेव समाप्त हो जायेगी।

8. निर्धनता निवारण की व्यूह रचना – प्रो. अमर्त्य सेन का विचार है कि गरीबी का मामला बहुत जटिल है और गरीबी दूर करने की व्यूह रचना और भी कठिन है। क्योंकि एक तो गरीबो के हित में आर्थिक व सामाजिक नीतियां बन नहीं पाती यदि बनती भी है तो वह सही तरीके से लागू नहीं हो पाती। गरीबी हटाने के कार्यक्रमों के दुरूपयोग की पूरी संभावना बनी रहती है यही कारण है कि गरीबी हटाने के उपायो की सामाजिक लागत बहुत ऊँची आती है। विकासशील देशों के सन्दर्भ में विकास की नयी अवधारणा विकसित करनी होगी। व्यक्ति को गरीब बनाये रखने में शोषण प्रमुख है यदि हम केन्द्रीकृत व्यवस्था के स्थान पर विकेन्द्रित व्यवस्था को अपनाये तो निर्धनता, दूर करने में सहायता मिलेगी। क्योंकि तब व्यक्ति और परिवार उत्पादन की इकाई और आधार होगा जिससे शोषण की भी संभावना नहीं रहेगी।

निश्चित रूप से निर्धनता की समस्या एक चुनौती है और इसके निदान का रास्ता दुरूह है। हमें डॉ शूमाकर के इस कथन को स्वीकार करना होगा कि 'विश्व के गरीबों की सहायता अधिक व्यक्तियों के द्वारा उत्पादन से की जा सकती है न कि अधिक मात्रा में उत्पादन से।' इसे दूर करने के लिए हमें आर्थिक लोकतंत्र को अंगीकार करना होगा। जिस प्रकार वोट राजनीतिक प्रजातंत्र का आधार है ठीक उसी प्रकार काम का अधिकार आर्थिक लोकतंत्र का मापदंड है। यह अर्थव्यवस्था का आधार भूत लक्ष्य होना चाहिए। अर्थव्यवस्थाओं का दृष्टिकोण इतना विकृत हो गया है कि प्रत्येक प्रश्न आर्थिक धुरी के चारो ओर घूमने लगा है आर्थिक लक्ष्य की प्रमुखता ने मानव को विस्मृत कर दिया है। हमें इस तथ्य पर विचार करना होगा कि 'क्या मानव की उपेक्षा करके आर्थिक प्रगति उचित होगी ?' इस तरह जब तक हम अर्थव्यवस्था का उद्देश्य निश्चित नहीं करेंगे तब तक विकास की सभी उपलब्धियां बेमानी होगी।

यदि हम वास्तव में गरीबी को दूर करना चाहते है तो हमें एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण करना होगा जो मानवीय उद्देश्यों से परिपूर्ण हो एवं समाज के सर्वांगीण विकास का आधार बन सकने में सक्षम हो। प्रोफेसर अमर्त्य सेन के विचार हमारा मार्गदर्शन कर सकते है। मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा, ईमानदारी, सत्य अहिंसा एवं स्वदेशी के मार्ग पर चल कर निर्धनता से मुक्त होकर हम एक खुशहाल समाज का निर्माण कर सकते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मंत्री गणेश– मार्क्स गांधी और सम सामयिक सन्दर्भ
2. बाजपेयी ए.डी.एन.– कौटिल्य वार्ता वर्ष 1998
3. शूमाकर ई. एफ.– स्माल इस व्यूटीफुल
4. डपाध्याय पं. दीनदयाल – एकात्म दर्शन
5. प्रधान आनन्द – नई फसल गरीबी की
6. तिवारी डॉ आर.एस.– अमर्त्य सेन का नोवल चिन्तन
7. दांडेकर प्रो. बी.एम. एवं रथ– भारत में गरीबी की योजना
8. वैश्य डी.सी. – निर्धनता निवारण और सामाजिक भागीदारी योजना
9. प्रसाद डॉ. महादेव प्रसाद – महात्मा गांधी का समाज दर्शन
10. भारतीय अर्थव्यवस्था– अतिरिक्तांक प्रतियोगिता दर्पण
11. मिश्र एवं पुरी – भारतीय अर्थव्यवस्था 2012 मानव विकास रिपोर्ट

****

नव उदारवादी आर्थिक नीति के पश्चात् भ्रष्टाचार - एक विश्लेषण

डॉ. रिखबचन्द जैन *

प्रस्तावना – भ्रष्टाचार का अर्थ है कि भ्रष्ट + आचरण है जिसका आचरण बिगड़ गया, अपने स्वार्थ के कारण दूसरो को किसी प्रकार कीहानि पहुँचाता है अर्थात दूसरों को हानि न पहुँचाते हुए भी अपना अनैतिक लाभ को बढाने का प्रयास करता है। आज के परिपेक्ष्य में भ्रष्टाचार एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दा बन गया है। भ्रष्टाचार से जनता परेशान हो गई है और संस्थानिक भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए जनमत तैयार हो रहा हैं।

भ्रष्टाचार = (एकाधिकार + विवेकाधिकार) - (जवाबदेही + ईमानदारी + पारदर्शिता)

भ्रष्टाचार में निम्नांकित मामले शामिल है

- नियमो, नियमनो ,नीतियों एवं कानून का अभाव
- कमजोर प्रवर्तन प्रणाली
- निगरानी की कमजोर प्रणाली
- जवाबदेही का अभाव
- पारदर्शिता का अभाव
- प्रणाली के नियंत्रण का अभाव
- ईमानदारी का अभाव
- एकाधिकार
- अत्यधिक विवेकाधिकार
- अपराध अनुसंधान की निम्न दर

प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिंहाराव की सरकार में तात्कालिक वित्तमंत्री मनमोहन सिंह ने सन् 1991 में नव उदारवादी आर्थिक सुधार नीति की घोषणा की। आर्थिक सुधारों का आधारभूत उद्देश्य भारत के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में तेजी से एवं स्थिरता से सुधार लाना है।

1991 में आर्थिक सुधारों के पाँच उद्देश्य रखे गये

- स्वतंत्र व्यापार
- स्वतंत्र विनिमय दर
- वित्तीय प्रणाली ऐसी हो कि प्रतियोगी बाजार हो
- कुशल एवं गतिशील औद्योगिक क्षेत्र
- स्वतंत्र ,प्रतियोगी एवं धारा प्रवाह सार्वजनिक क्षेत्र हो

नव उदारवादी आर्थिक सुधार कार्यक्रम –

1. **राजकोषीय घाटे को कम करना** – राजकोषीय घाटा कम होने पर भुगतान संतुलन में स्थिरता तथा मुद्रास्फीति कम रहने की संभावना है।

2. **औद्योगिक नीति में सुधार**

- सरकारी क्षेत्र के लिए आरक्षित तीन उद्योग रहेगे जो परमाणु ऊर्जा, रेलवे परिवहन एवं परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा निर्दिष्ट पदार्थ अर्थात निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन।
- औद्योगिक लाइसेंस पांच उद्योगों के अलावा मुक्त रहेंगे जो निम्न है- एल्कोहल युक्त पेयो का आसवन एवं इनसे शराब बनाना, तम्बाकू के सिगार, ऐरोस्पेस तथा रक्षा उपकरण, औद्योगिक विस्फोटक सामग्री, खतरनाक रसायन
- विदेशी तकनीक के प्रवेश की स्वतंत्रता
- MRTP गृहो को विनियोग की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं

3. **व्यापार एवं विनिमय दर नीतियाँ** – प्रशुल्क कम कर दिया, आयात का उदारीकरण किया गया विनिमय दर विनिमय की माँग व पूर्ति की शक्तियों द्वारा निर्धारित की गई।

4. **विदेशी विनिमय नीतियाँ-** अधिक से अधिक FDI को आमंत्रित किया गया अब तो बीमा व रेलवे में भी 50 % FDI किया जा सकेगा।

5. **कर सुधार** - व्यक्तिगत कर की अधिकतम दर 30 % कर दी गई आयात कर कम व सरल बनाये, उत्पाद शुल्क में सरलीकरण करते हुए G.S.T लागू कर रहे है।सेवा कर का दायरा बढाया जा रहा है।

6. **वित्तीय क्षेत्र में सुधार** -इसके अन्तर्गत रेपो रेट, रिवर्स रेपो रेट,CRR, SLR की सीमा कम की जा रही है, ताकि मुद्रा कि तरलता बडे।

नव उदारवादी आर्थिक सुधारो के पश्चात भ्रष्टाचार – नव उदारवादी आर्थिक सुधारो को शुरू हुए जब दो दशक पूरे हो चुके हे तब भी शीर्ष पदों पर भ्रष्टाचार का मुद्दा देश के सामने सबसे बडे सवाल के रूप में खडा है जब नव उदारवादी आर्थिक सुधारों की शुरूआत हुई तब यह तर्क दिया जाता था कि लाइसेंस कोटा परमिट राज का खात्मा हो जायेगा और इस कारण भ्रष्टाचार पर अंकुश लग जायेगा परन्तु पिछले दो दशको के अनुभव से साफ है कि भ्रष्टाचार खत्म होना तो दूर उल्टे उसका आकार और प्रसार बहुत ज्यादा बढ़ता चला गया। भ्रष्टाचार और घोटाले राष्ट्रीय पहचान बनते जा रहे है।ट्रांसपेरेसी इंटरनेशनल की ताजा रिपोर्ट में भारत भ्रष्ट देशों की सूची में 87 वें स्थान पर है भ्रष्ट देशों की सूची में भारत अफ्रीका एवं एशिया के कई देशो से भी नीचे पायदान पर है यह सब पिछले वर्षो भ्रष्टाचार में एक के बाद दूसरे बडे घोटाले सामने आने से है।

भ्रष्टाचार का संबंध आर्थिक सुधारो से है या याराना पूँजीवाद (रिश्तेदारो, चहेतो और करीबियो के एक छोटे से समूह का वैध-अवैध तरीको से लाभ पहुँचाने वाला पूँजीवाद) का नतीजा ।

आर्थिक सुधारों के बाद भ्रष्टाचार का भी उदारीकरण हो गया है। सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर आजादी के बाद से आज तक जो कालाधन भारत से विदेशों में गया उसका 68% आर्थिक सुधारो के बाद का है। ग्लोबल फिनान्सियल इंटीग्रिटी (G.F.I) की रिपोर्ट अनुसार 1948 से 2008 तक अवैध तरीके से देश से लगभग 213 अरब डालर की रकम विदेशो में खासकर

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

आफशोर बैंकों में चला गया है। इन साठ वर्षो में भ्रष्टाचारियों ने कोई 432 अरब डालर की रकम विदेशों में कालाधन के रूप में भेज दी है। इस राशि का 68% अर्थात 314 अरब डालर आर्थिक सुधारो के शुरू होने के बाद गया है।

आर्थिक सुधारों के पहले जहाँ प्रति वर्ष औसतन 9.1% अवैध कालाधन विदेशो बैंको में जा रहा था वह सुधारों की शुरूआत के बाद प्रतिवर्ष औसतन 16.4 % की दर से जाने लगा।इस रिपोर्ट के अनुसार 2002 से 2008 के बीच औसतन हर साल 736 अरब रूपया (16 अरब डालर) प्रतिवर्ष कालाधन अवैध तरीके से देश से बाहर चला गया है।

जीएफआई रिपोर्ट के अनुसार देश के कुल जीडीपी में 50% कालेधन की अर्थव्यवस्था है कालेधन की अर्थव्यवस्था का बडा हिस्सा भ्रष्टाचार घोटाला सार्वजनिक सम्पदा की लूट तथा कर चोरी आती है।

आज माइनिंग लाइसेंस व पट्टों की मारामारी मची हुई है क्योंकि यह निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया जबकि संसाधन सीमितहै और इन संसाधनों को हासिल करने का सुविधा शुल्क भी बढ गया है।कई राज्यों में खनन माफिया ही सरकार चला रहे है यानि उदारीकरण के पश्चात् याराना पूँजीवाद फला फूला है।

लाइसेंस-कोटा-परमिट पर जब नियंत्रित व बंद अर्थव्यवस्था थी भ्रष्टाचार के दांव इतने ऊँचे नहीं थे बल्कि खुली अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार के दांव पेच और ऊँचे हो गये। यह एक आम धारण बन चुकी है कि सत्ता के शीर्ष से लेकर सबसें निचले पायदान तक बिना 'कट' दिये या 'सुविधा शुल्क' चुकाए कोई काम नहीं होता ।

सार्वजनिक तौर पर यह धारणा होती जा रही है कि भ्रष्टाचार रूपी चिकनाई (ग्रीस) बिना गतिशीलता और बेहतर कार्यक्षमता नहीं हो सकती अर्थात विकास चाहिए तो भ्रष्टाचार सहने के लिए तैयार रहिये क्योंकि उसके बिना व्यवस्था काम ही नहीं करती है।

जब प्रधानमंत्री जीरो टोलरेंस की बात करते है विपक्षी नेता विदेशी बैंको से कालाधन वापिस लाने की बात करते है तथा मिडिया भ्रष्टाचार के मुद्दे उछालते है तो यह सब भ्रष्टाचार के सामने सफेद झूठ लगते है । भारत में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जितने छापे पडते है जितने कानून बनते है। भ्रष्टाचार की रकम उसी अनुपात में और बढ जाती है।

संक्षेप में नव उदारवादी आर्थिक सुधारो से भ्रष्टाचार कम होने के स्थान पर और अधिक हो रहा है।उसका मूल कारण संसाधन (पूर्ति) तो सीमित है जबकि खुली अर्थव्यवस्था हो जाने से माँग बढ जाती है जिससे भ्रष्टाचार के दांव पेच और ऊँचे हो जाते है।

भ्रष्टाचार पर अंकुश -

1. वर्तमान परिपेक्ष्य में नागरिक समाज के साथ साथ न्यायिक सक्रियता और राजनैतिक पहलकदमियों से उम्मीद बँधी है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है।
2. सूचना के अधिकार 2005 अधिनियम द्वारा शासन को पारदर्शी बनाना
3. लोकपाल एवं लोकायुक्त का गठन करना जिससे जवाबदेही बढती जा रही है।
4. व्हिसल-ब्लोअर कानून से ईमानदार लोकसेवको को संरक्षण देने से विश्वास पैदा हुआ है।
5. सीटीजन चार्टर कानून के अन्तर्गत नागरिकों के सशक्तिकरण, शासन प्रषासन नागरिकों के प्रति जवाबदेही बनाने और लोक सेवक को सक्षम बनाने में मदद मिलेगी।
6. याराना पूँजीवाद से निपटने की व्यवस्था को मजबूत करना होगा। इस तर्ज पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रियों व अधिकारियो से कहा है कि अपने रिश्तेदारो को निजी सहायक न बनाया जाय तथा ठेके भी रिश्तेदारो को न दिये जाये यह भ्रष्टाचार दूर करने का बहुत अच्छा कदम है आशा है मंजिल भी मिलेगी।
7. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 लागू किया गया।
8. चुनावी सुधारो और राजनैतिक दलों के लोकतंत्रीकरण को मजबूत किया जाय।
9. जनचेतना जागृत की जाये।
10. भ्रष्टाचार के विरूद्ध चलाये गये अभियान , छापे ,कानून इत्यादि का क्रियान्वयन सही तरीके से होना चाहिए अर्थात पारदर्शिता , जवाबदेही और कठोर दण्ड पर आधारित हों।

निष्कर्ष- नव उदारवादी आर्थिक सुधारों 1991 के लागू होने के पश्चात बढ़ते भ्रष्टाचार का मुख्य कारण खुली व अनियंत्रित अर्थ व्यवस्था है जिससे भ्रष्टाचार के दावपेच ऊँचे है यह केंसर रूपी बीमारी कि तरह फैलकर अर्थव्यवस्था को धूमिल करता है। इससे निपटने के लिए हमे याराना पूंजीवाद की व्यवस्था को खत्म करना है। और यह तभी संभव होगा जब हम सभी पारदर्षी, जवाबदेही एवं ईमानदारी से कार्य करेगे। आशा है कि भारत से भी भ्रष्टाचार कोसो दूर हो जायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रतियोगिता दर्पण भारतीय अर्थव्यवस्था 2012 विशेषांक
2. योजना मार्च 2014
3. लोक प्रशासन के सिद्धांत - विष्णु भगवान एवं विद्या भूषण 2001
4. भारत में लोक प्रशासन - डॉ. रमेश दुबे एवं हरिशचन्द्र शर्मा 2007
5. भारतीय सरकार एवं राजनीति - डॉ. आर.एन. त्रिवेदी एवं एम.पी.राय 2011
6. भारतीय शासन एवं राजनीति - पुखराज जैन, बी.एल. फडिया 2000
7. भारतीय शासन एवं राजनीति बी.एल. फडिया 2010
8. मध्यप्रदेश शासन एवं राजनीति - रश्मि श्रीवास्तव 2008

****

बाल विकास में पालक की भूमिका

डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव *

प्रस्तावना – किसी भी विकासशील या विकसित देश के निर्माण में एक परिवार की महती भूमिका होती है क्योंकि परिवारों से मिलकर ही राष्ट्र का निर्माण होता है इसी तरह परिवार का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग उस परिवार की सन्तान होती है बालकों के आचार, विचार, व्यवहार और संस्कार ही परिवार को समृद्ध और सुखी बनाते हैं अत: आवश्यक है कि समाज और देश की रीढ़ कहे जाने वाली नव पीढ़ी शिक्षा और संस्कारों से परिपूर्ण हो जो अपनी संस्कृति के भविष्य में श्रेष्ठ और सुदृढ़ संवाहक सिद्ध हो सके किन्तु यह दायित्व का निर्वाहन तभी भली भाँति हो सकेगा जब परिवार के पालक अपनी सन्तानों को इस योग्य बना सके एक बच्चा सर्वप्रथम अपनी माँ के गर्भ से ही संस्कार और शिक्षा लेना आरंभ कर देता है अत: माँ के आचार, विचार, व्यवहार का बच्चे पर तभी से प्रभाव पड़ना आरंभ हो जाता है जो लगभग माँ के जीवन-पर्यन्त तक चलना है जब बच्चा परिवार में जन्म ले लेता है तो समूचे परिवार का एवं परिजनों का उस पर प्रभाव पड़ना शुरू हो जाता है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि 4 से 5 वर्ष की आयु तक बच्चे का बौद्धिक विकास बहुत तेजी से होता है अत: इस आयु वर्ग में बालक का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है क्योंकि फ्रायड ने लिखा है – व्यक्ति की मनो विकृतियों के बीज अधिकतर उसके बाल्यकाल के तीखे अनुभवों से संबंधित होते हैं। अर्थात् पहले चार या पाँच वर्ष की आयु तक के कड़वे अनुभव जो बालक को घर के वातावरण से प्राप्त होते हैं वही उसके मानसिक द्वंदों का कारण है।

अध्ययन का उद्देश्य – इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य बाल विकास में पालक की भूमिका का अध्ययन करता है।

परिकल्पना – बाल विकास में बालक-बालिकाओं की मनोदशा को जानकर पालक ही उसे सर्वोत्तम राह दिखाकर स्वस्थ मानसिकता प्रदान करने में अहम् भूमिका निभाते हैं।

बालक के विकास में पालक ही अहम् भूमिका होती है क्योंकि बालक की प्रथम पाठशाला उसका परिवार होता है उसके विकास पर पालक की गहरी छाप होती है। यही कारण है कि पालक के अपने बाल-बालिकाओं के दृष्टिकोण में विभिन्नता होने के कारण उसका प्रभाव भी बच्चे के मानसिक विकास एवं व्यवहार पर अलग-अलग दिखाई देता है। पालक के व्यवहार में विभिन्नता होने के कारण उन्हें Hkh वर्गीकृत किया गया है –

1. सुव्यवस्थित बच्चों में रुचि लेने वाले अभिभावक
2. बच्चों को सख्त नियंत्रण में रखने वाले अभिभावक (कठोर व्यवहार)
3. बच्चों के प्रति उदार दृष्टिकोण रखने वाले अभिभावक
4. बच्चों के विकास के प्रति चिंतित रहने वाले अभिभावक

उपरोक्त अभिभावकों के प्रकारों से बालक के संबंधों का घनिष्ठ संबंध होता है क्योंकि इन्हीं प्रकारों के कारण बालक कभी अत्यधिक सामाजिक मैत्रीपूर्ण स्वभाव वाला बनता है तो कभी शर्मीला या कम सामाजिक बनता है। तो कभी अभिभावकों का विरोध करने वाला बनता है क्योंकि बालक के लिए अभिभावक कुम्हार का काम करते हैं बालक उस कमजोर मिट्टी के समान होते हैं। जिसे चाहे जिस दिशा में मोड़ा जा सकता है। परिवार में उचित प्यार मिलता है तो उसका विकास संतुलित ढंग से हो सकता है। माता-पिता के आपसी संबंधों का भी बालक के विकास से सीधा संबंध होता है यदि माता-पिता के संबंध सुखद नहीं होंगे तो बच्चे के साथ भी उनके संबंध मधुर नहीं होंगे, घर का वातावरण मुख्य रूप से तीन बातों पर निर्भर करता है –

1. माता-पिता का परस्पर संबंध
2. माता-पिता का बच्चों के साथ संबंध
3. भाई बहनों का परस्पर संबंध

यही नहीं परिवार की आर्थिक, सामाजिक परिस्थितियाँ भी बालक के मनोविकास के लिए उत्तरदायी होती है। परिवार में माता-पिता का भी अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। माताओं के स्वभाव में विभिन्नता के कारण बालक के स्वभाव में भी भिन्नता दिखाई देती है।

1. जो माताएं बच्चों से कम स्नेह करती हैं वहां पर बच्चे अधिक काल तक आश्रित भावना को प्रकट करते हैं।
2. जो माताएं अधिक सुरक्षा में रखती हैं बालकों के मन में अन्योश्रित भावना को बढ़ावा मिलता है।
3. जो माताएं बालक-बालिकाओं में भेद करती हैं या छोटे बड़े में भेद करती हैं उन बच्चों में आक्रामक भावनाएं उत्पन्न होती हैं।
4. जो माताएं बच्चों के प्रति सहानुभूति एवं प्रजातंत्रीय व्यवहार करती है उन बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य एवं सम्पूर्ण विकास होता है।
5. जहाँ माताएं अपने बच्चों को बहुत अधिकार में रखती है उन बच्चों में अपने आप किसी काम को करने का उत्साह नहीं होता है, आलोचना के भय से।

इस प्रकार माताओं के स्वभाव व व्यवहार का बालक के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और उसी अनुरूप उसमें भावनाओं का विकास होता है। पिता के व्यवहार का भी बालक के मनोविकास व व्यवहार से गहरा संबंध होता है। पिता परिवार में न्यायाधीश की भूमिका अदा करता है, उसकी परिवार में उपस्थिति और अनुपस्थिति बालक के मन को प्रभावित करती है, पिता की अनुपस्थिति बच्चों के मन की भावनाओं को कमजोर बनाती हैं साथ ही वे विनम्र होते हैं और उनमें चिंता का भाव ज्यादा रहता है, माता के अलावा दूसरों से स्नेह या प्रेम नहीं होता है और जिनके पिता उपस्थित रहते हैं उनमें अधिक आक्रमणकारी भावनाओं का विकास होता है।

माता-पिता की बच्चों के प्रति सकारात्मक एवं नकारात्मक भावनाएं बालक के मस्तिष्क के चेतन एवं अचेतन दोनों पक्षों पर अपना प्रभाव डालती

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

हैं इसलिए माता-पिता का या अभिभावक का कर्त्तव्य है कि बालक के साथ मधुर संबंध स्थापित करें उनकी रुचियों और क्षमताओं को जाने तथा उचित दिशा में विकसित करें। बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास तभी होगा जबकि इस आधुनिकता व व्यस्तता के दौर में अभिभावक अपने बच्चे के विकास की ओर विशेष ध्यान दें तथा उसके मनोभावों को समझे। परिवार में बच्चों के क्रम में विभिन्नता होने के कारण भी उनके व्यवहार के कारण अभिभावक का व्यवहार स्वत: ही बदल जाता है। जैसे ज्येष्ठ पुत्र या पुत्री परिवार के उत्तरदायित्व का निर्वाह करें माता की अनुपस्थिति में, ऐसी अभिभावक की सोच रहती है। निचले एवं छोटे और इकलौती संतान के प्रति भी अभिभावक की धारणाएं अलग-अलग होती हैं।

अभिभावक के बालक के संबंधों के साथ में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो उनके संबंधों को निर्धारित करते हैं, वे इस प्रकार हैं -

1. माता पिता की अभिवृत्ति
2. माता पिता द्वारा अति संरक्षण
3. माता पिता द्वारा अनुचित अपेक्षायें
4. माता पिता द्वारा तिरस्कार
5. पुरस्कार
6. दण्ड
7. वंचित करना
8. अभिभावकों का पक्षपात
9. कठोर अनुशासन
10. गलत आदर्श
11. स्वीकृति
12. अत्यधिक छूट देना
13. जन्म क्रय
14. मगन परिवार

उपरोक्त तत्व अभिभावकीय व्यवहार में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं क्योंकि बालक नन्हें पौधे की कोमल टहनी की तरह होते हैं उसे इच्छानुसार मोड़ा जा सकता है परन्तु जब टहनी कड़ी या सख्त पड़ जाती हैं तो उसमें लोचकता समाप्त हो जाती है फिर मुड़ती नहीं है सीधे टूट जाती है। अत: माता पिता को अपने बालकों के विकास की जय यात्रा नन्हें बालकाल से ही करना चाहिए, उन्हें उचित प्यार, उचित संरक्षण और उचित मार्गदर्शन तथा अच्छे संस्कारों को पुष्पित एवं पल्लवित करना चाहिए ताकि बालक के संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। इन सबके अभाव में बालक की मनोविकृतियों के पनप जाने का भय रहता है। अत: बालक में बाल मनोविकृतियों को रोकने एवं बालक के मनोविकास के लिए सुझाव निम्न हैं -

1. सर्वप्रथम तो माता-पिता के आपसी संबंधों का अच्छा होना नितांत जरूरी है, परिवार नामक संस्था इनके स्नेह प्रेमपूर्ण संबंधों पर आधारित है। संबंधों की मधुरता ही बालक के मनोविकास में सहायक होकर उसके व्यक्तित्व का निर्माण करती है।
2. माता पिता का दृष्टिकोण सभी बच्चों के प्रति एक सा होना चाहिए एक के प्रति सकारात्मक और दूसरे के प्रति नकारात्मक नहीं होना चाहिए। बालक और बालिकाओं के प्रति भी भेदभाव की भावना नहीं होना चाहिए नहीं तो भाई बहिन में आपस में संबंधों में मधुरता नहीं होती।
3. माता पिता को बच्चों में निहित क्षमताओं के अनुसार ही उनसे अपेक्षाएं रखना चाहिए नहीं तो अभिभावक एवं बालक के संबंधों में तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है जिससे बालक का व्यवहार अभिभावक के प्रति नकारात्मक एवं परेशानी उत्पन्न करने वाला बन जाता है।
4. अभिभावकों को बालकों के विकास के संबंध में अपने आत्म विश्वास एवं आत्म निर्णय नहीं खोना चाहिए। आधुनिकता की दौड़ में कोई आत्म ग्लानि नहीं पनपने देना चाहिए क्योंकि वे ही बालक के आत्म सबल है।
5. माता पिता का भरपूर लाड़ प्यार बच्चे को मिलना चाहिए पिता की अपेक्षा माता का प्रभाव बच्च के मानसिक विकास एवं व्यवहार पर पड़ता है क्योंकि वह मां के साथ में अधिक समय बिताता है अत: माता का महत्व सभी की नजरों में अधिक होने के साथ ही साथ परिवार में पुरुष द्वारा उसे उचित मान्यता स्वतंत्रता एवं महत्व मिलना चाहिए ताकि वह अपने व्यवहार से बालक के मनोविकास का समुचित ध्यान कर सके। बालकों के बाल अपराध भी कहीं न कहीं अभिभावकीय व्यवहार में कमी के कारण पनपते हैं।
6. पालक को खुले विचारों का होना चाहिए आधुनिक परिवेश के अनुसार बालक को ढालना अपनी शिष्टिता और सभ्यता के बीज बालक में डालना, यथासम्भव सद् साहित्य पढ़ाना। बालक सुसंगत प्रदान करना, आधुनिक तकनीक के साथ प्राचीन परम्पराओं से भी अवगत कराना चाहिए।
7. कौतूक से भरी सहज क्रियाओं में अनुभूति के साथ बालक को निरन्तर प्रेरणा देते रहना चाहिए उसके आहार पर विशेष ध्यान देना चाहिए बच्चों की नींद, खिलौने, भय से मुक्त, कल्पना शक्ति का विकास, बाल पुस्तकालय, टी.वी. देखने का समय निश्चित करना बाल रंगमंच की बातें, बाल फिल्में, दिखाना और कोई भी अपराध न परपने देना चाहिए।

उपरोक्त सुझावों के साथ आज वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महती आवश्यकता ये महसूस की जा रही है कि पालक अपने व्यवहार से बाल मनोविकृतियों को रोकने के लिए समसामयिक चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में बालक को सामर्थ्यवान बनाए ताकि देश को एक अच्छा नागरिक प्राप्त हो सके। समाज और देश की रीढ़ नयी पीढ़ी अर्थात् बाल वर्ग वह मेरुदण्ड है जो भावी प्रगति और विकास के संरचनात्मक ढाँचे को यथार्थ रूप देना है नव विचारों को मस्तिष्क धरा की उर्वर भूमि में कर ज्ञान विज्ञान और अनुसंधान की नई पौध विकसित करता है। इन सब को प्रदेयता में पालक ही अहम् भूमिका निभाते हैं। इसलिए बाल विकास में पालक का यथा- सर्वोपरि है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 श्रीवास्तव डॉ. रामजी : आधुनिक विकासात्मक मनोविज्ञान आर्टीकल, अभिभावक बालक संबंध डॉ. कृपा सिंह, पृष्ठ 532

2 मित्तल डॉ. श्रीमति संतोष : बाल मनोविज्ञान मित्तल डॉ. श्रीमति दीपशिखा, यूनिवर्सिटी बुक हाउस (प्रा.) लि., जयपुर, पृष्ठ 143

3 खान डॉ. बेंजामिन खान : बाल मनोविज्ञान कमल प्रकाशन इंदौर, पृष्ठ संख्या 197

4 गुप्त रामबाबू :बाल मनोविज्ञान रतन प्रकाशन मंदिर आगरा, पृष्ठ 383

5 समाचार पत्र दैनिक भास्कर, भोपाल मधुरिमा

6 गोस्वामी सुबुद्धि : बाल विकास की दशाएं, श्याम प्रकाशन, जयपुर, पृ. 65, 83

7 वाजपेयी सुमन : बाल विकास विश्व भारती पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, पृ. 51

भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था

रावेन्द्र सिंह *

शोध सारांश – आज तमाम चुनौतियों के बीच इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था विकास की नई शक्ति के रूप में उभरी है। गाँव लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है और न केवल अपने लिए संसाधन जुटा रहे है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अगर यह कहा जाए कि आने वाले समय में विश्व मानचित्र पर भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूती से उभरने में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का ही हाथ होगा तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। भारतीय ग्रामीण बाजार भारतीय कार्पोरेट के लिए एक चमकता सितारा है, जिसमें लाभ की असीम संभावनाएं है।

आज गाँव लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है और न केवल अपने लिए संसाधन जुटा रहे है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अगर यह कहा जाए कि आने वाले समय में विश्व मानचित्र पर भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूती से उभरने में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का ही हाथ होगा तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। भारतीय ग्रामीण बाजार भारतीय कार्पोरेट के लिए एक चमकता सितारा है, जिसमें लाभ की असीम संभावनाएं है।

प्रस्तावना – आज भारतीय अर्थव्यवस्था पर जैसे बादल मंडरा रहे हैं, उन्होंने भारत के उद्योग जगत को ग्रामीण बाजारों को गंभीरता से लेने को मजबूर कर दिया है। ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी कंपनियों को अब समझ में आ गया है कि ग्रामीण बाजारों की ओर संजीदगी से देखने का यही सही वक्त है। अनुमानों के अनुसार अगले तीन वर्षों में देश में रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं (एफएमसीजी) के कुल इस्तेमाल में से 60 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण भारत से मिलेगा। एफएमसीजी के लिए ग्रामीण बाजारों में उपभोक्ता खर्च में 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो कि शहरों के लिए सिर्फ 17 प्रतिशत है। अप्रैल-सितम्बर 2008 की अवधि में देखे तो एसी नेल्सन के ऑकड़ों के मुताबिक स्किन क्रीम और लोशन बालों के तेल, टूथपेस्ट, टॉफी आदि उत्पादों की श्रेणियों में आकार और मूल्य लिहाज से बढ़त शहरी बाजारों के मुकाबले गॉवों में ज्यादा रही है। ऑटो सेक्टर में मारूति सुजुकी इंडिया, जनर्ल मोटर्स, हुंदई मोटर इंडिया जैसी कंपनियाँ खासकर अपने ग्रामीण परिचालन के लिए अपनी रणनीति को दोबारा बना रही है। अब उनका मुनाफा गांवों में होने वाली ब्रिक्री पर निर्भर हो चुका है। इसी तरह जीएम इंडिया की बिक्री में ग्रामीण उपभोक्ताओं का योगदान करीब 40-50 फीसदी है। एमएसईआई के कार्यकारी अधिकारी, मार्केटिंग एण्ड सेल्फ मयंक पारिख कहते हैं, यह तो सिर्फ हिमखण्ड की सतह है जो हम देख रहे हैं।

भारत गाँवों का देश है। आज भी देश की 70 प्रतिशत आबादी गाँवों में निवास करती है। सरकार द्वारा ग्रामीण विकास पर बहुत जोर दिया जा रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथों पर पैसे पहुँचाने की केन्द्र की योजना लंबी अवधि में भारत को समृद्ध बनाने में मदद करेगी। वित्त मंत्री पी चिदम्बरम ने इस साल के लिए ग्रामीण विकास पर 80194 करोड़ रूपये आवंटित किए है जो पिछले वर्ष (2012-13) की तुलना में 46 प्रतिशत ज्यादा है। 46 प्रतिशत की यह वृद्धि निश्चय ही उपभोग को बढ़ाकर वस्तुओं की माँग में तीव्र वृद्धि लाएगी। वर्ष 2013-14 के इस बजट में कृषि के लिए ऋण में पिछले वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस 22 प्रतिशत की वृद्धि से कृषि में सुधार आएगा, कृषि उपज व उत्पादकता बढ़ेगी जिसके परिणामस्वरूप कृषको की क्रयशक्ति बढ़ेगी और यह क्रयशक्ति उपभोग को बढ़ाने में मदद करेगी। इस प्रकार सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों की क्रयशक्ति में वृद्धि कर रही है ताकि शहरी अर्थव्यवस्था के उपभोग की कमी को पूरा किया जा सके।

हाल ही में आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13 से ज्ञात हुआ कि 2004-05 में ग्रामीण क्षेत्र में 42 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे और अब 2009-10 में 33.8 प्रतिशत लोग ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे है इस प्रकार गरीबी में 8 प्रतिशत की गिरावट आयी है। जबकि शहरी क्षेत्र में 2004-05 में 25.5 प्रतिशत और 2009-10 में 20.9 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे है अर्थात 2004-05 की तुलना में 2009-10 में गरीबी में 5 प्रतिशत की गिरावट आयी है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र की तुलना में गरीबी में 3 प्रतिशत की अधिक गिरावट आई है। इस प्रकार गरीबी का घटना निश्चय ही ग्रामीण उपभोक्ताओं के क्रयशक्ति में वृद्धि और परिणामस्वरूप वस्तुओं की माँग में वृद्धि का संकेत है। ग्रामीण भारत के संबंध में कुल खपत व्यय के लिए लारेंज अनुपात 0.30 है जबकि शहरी भारत के संबंध में 0.37 है जो शहरी इलाकों में सापेक्षित रूप से अधिक असमानता को दर्शाता है। ग्रामीण क्षेत्र में असमानता कम होने से उपभोग को अधिक स्थिर माना जा सकता है जो बाजार को स्थायित्व प्रदान करेगा।

वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश करने के तुरंत बाद ईटीनाउ द्वारा आयोजित एक पैनल डिस्कशन में एफएमसीजी दिग्गज यूनिलीवर के कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (फूड्स, एचपीसी) मानविंदर सिंह बग्गा ने कहा कि सरकार ग्रामीण इलाके के माँग बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। श्री बग्गा ने कहा कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ पर पैसा पहुँचाने की केन्द्र की योजना लंबी अवधि में भारत को समृद्ध बनाने में मदद करेगी। आज देशी एवं विदेशी कंपनियों का झुकाव भारतीय ग्रामीण बाजारों की ओर हुआ है। ग्रामीण मार्केटिंग के स्पेस में सबसे पहले कदम रखने वाली कंपनियों में एगमार्ट के प्रदीप कश्यप कहते हैं, मंदी की वजह से गाँवों में खपत के रूझानों पर कोई असर नहीं पड़ा है। ग्रामीण भारत का बाजार अब भी बहुत आकर्षक है। ऐसा ही मानते है प्रदीप लोखंडे, जो मौजूदा वैश्विक मंदी के दौर को पूणे में अपनी कंपनी रूरल रिलेशंस के लिए और अपनी टीम के लिए सबसे बेहतर मानते है। उनकी टीम ने हाल ही में एक बहुत बड़ा अभियान चलाया है जिसके तहत उन्होंने दस राज्यों में 1800 फ्रैंचाइजी बनाकर रिलायंस मनी के वित्तीय उत्पादों की बिक्री की है। वह कहते है, पहले वित्तीय सेवा का बाजार सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित था, लेकिन नगदी के लिहाज से देखें तो ग्रामीण उपभोक्ता की स्थिति शहरी

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

उपभोक्ताओं के मुकाबले काफी स्थिर है और वह बाजार में होने वाली हलचलों से मोटे तौर पर काफी सुरक्षित है। लोखंडे कहते हैं, अधिकतर शीर्ष कंपनियाँ आज गाँवों की जरूरतों और वहाँ रह रहे लोगों को समझने की कोशिश कर रही हैं। भारत में उपग्रह चैनलों के आने के साथ आज गाँवों का उपभोक्ता उतना ही महत्वपूर्ण हो गया है जितना शहरी उपभोक्ता है। आखिरकर, भारत में शहर सिर्फ 5000 ही है, लेकिन गाँवों की संख्या साढ़े छह लाख है। 2001 में जब हिन्दुस्तान लीवर ने अपने ग्रामीण मार्केटिंग अभियान शक्ति की शुरूआत की जिसके तहत 2000 से कम आबादी वाले गाँवों की कब्जाया जाना था, तो उसने मार्ट की मदद ली थी। कश्यप बताते है कि'हमने देशभर में फैले महिला स्वयं सहायता समूहों को लक्ष्य बनाने का फैसला किया जिन्हें लीवर के उत्पाद के वितरक के रूप में भूमिका निभानी थी। छोटे गाँवों में जोखिम मुक्त लघु उद्यमों का यह प्रयास दुनिया में अपने किस्म की पहली चीज थी जिसे पुरस्कार हासिल हुए। आज इस परियोजना के तहत 46000 गाँव देश भर में आते हैं।'

दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो होंडा अपने हर गाँव हर आँगन कार्यक्रम का इस्तेमाल गाँवों में ग्राम पंचायत सदस्यों तक अपनी पहुँच बनाने के लिए कर रही है। कंपनी ने इसके लिए 500 के लगभग ग्रामीण बिक्री अधिकारियों का एक नेटवर्क तैयार किया हुआ है। कंपनी की कुल बिक्री का लगभग 40 फीसदी हिस्सा ग्रामीण बाजारों से आता है और कंपनी की योजना इस वर्ष के अंत तक इसे मजबूत करने की है जिसके लिए कंपनी अपनी पहुंच 25000 गाँवों तक बढ़ाएगी। दूसरी कंपनियाँ भी कुछ ऐसा ही कर रही है। मिसाल के तौर पर गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जिसका साबुन गाँवों में सबसे अधिक लोकप्रिय है, की योजना अगले दो से तीन साल में अपनी पहुँच 17500 गाँवों से बढ़ाकर 50000 गाँवों तक करने की है। डाबर कंपनी ने डाबर आँवला केश तेल को पेश किया। कंपनी ने अपनी ग्रामीण बिक्री रणनीति के तहत सात राज्यों में ऐसे गाँवों में कवर किया है, जिनकी जनसंख्या 300 लोग तक है। यहाँ इस रणनीति के तहत कंपनी ने सौन्दर्य और कौशल प्रतियोगिता 'बनके दिखाओ रानी प्रतियोगिता' शुरू की है। ब्रांड एम्बेसडर रानी मुखर्जी के नाम पर शुरू इस गतिविधि में लोगों को एक इंटरेक्टिव प्लेटफार्म मुहैया कराया है और इसके विजेताओं को उद्यमी बनने का मौका मिला है। डाबर आँवला केश तेल में साल-दर-साल के आधार पर 20 प्रतिशत की विकास दर देखने को मिली है।

वर्तमान में डीकुपलिंग सिद्धान्त को अमरीकी मंदी के संभावित उपाय के रूप में देखा जा रहा है। इस सिद्धान्त के मुताबिक अब तक विश्व की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाली अमरीकी अर्थव्यवस्था के मंदी में चले जाने के पश्चात भारत एवं चीन की अर्थव्यवस्था विश्व की अर्थव्यवस्था को यहाँ से आगे ले जाएंगे। इस सिद्धान्त के पीछे तर्क यह है कि इन देशों के राष्ट्रीय आय में वृद्धि से प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई हैं और अमरीकी माँग में कमी की भरपाई इन देशों में बढ़ी माँग से की जा सकती है। लेकिन वास्तव में सच यह है कि वैश्विक मंदी को उबारने में चीन की तुलना में भारत अधिक कारगर साबित होगा क्योंकि चीन में वस्तु की मांग अधिक है तो वह उन वस्तुओं की पूर्ति भी काफी हद तक स्वयं कर लेता है जिससे वह विश्व के विकसित देशों की अतिरिक्त पूर्ति को खपा नहीं सकेगा लेकिन भारत में वस्तु की माँग में जो वृद्धि हुई है उसकी पूर्ति भारत बहुत ज्यादा नहीं कर सकता है और वह विकसित देशों की अतिरिक्त पूर्ति को खपाने में कारगर साबित होगा। अत: भारत विश्व अर्थव्यवस्था को मंदी से निकालने में अपनी महती भूमिका अदा करेगा। विश्व के विकसित देशों को भारत की ओर झुकाव इसी का संकेत है।

आज वैश्विक मंदी से कोई भी देश अछूता नहीं है किन्तु ऐसे में भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था न केवल इस मंदी से बेअसर ज्यों की त्यों चल रही है बल्कि और मजबूती से उभर रही है, इसका एक बड़ा कारण है ग्रामीण अर्थव्यवस्था का कृषि और कुटीर उद्योगों पर टिका होना और साथ ही, ग्रामीणजन अभी तक क्रेडिट कार्ड और बंधकपत्र से भी अछूते रहे हैं। दूसरी ओर शहरी भारत इस मंदी से नहीं बच पाया किन्तु शहरी भारत पर नकारात्मक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र में विद्यमान सकारात्मक निष्पादन से नगण्य हो गया। यानी ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने देश में स्थिति को सहज बना दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने न केवल देश को मंदी के दौर से उबारा है बल्कि आर्थिक विश्लेषकों का तो यहाँ तक मानना है कि विश्व को मंदी के दौर से निकालने में भी भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आज बहुराष्ट्रीय कंपिनयों को भी यह समझ में आ गया है कि भारतीय ग्रामीण बाजारों की ओर संजीदगी से देखने का यही सही वक्त है। अब वे ग्रामीण परिचालन के लिए अपनी रणनीति दोबारा बनाने की होड़ में जुटी हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Kumar K. Phanindra & "Indian Rural Market-opportunities and challenges," Asian Journal of Marketing & management research vl.2, issue 2, feb. 2013 ISSN 2279 - 0667
2. Ramkrishnan Ruchika " Rural marketing in india : strategies and challenges," century publication new delhi, 2003
3. Kashyap, P. & Raut, S. " The Rural Marketing " Biztantra Publication New Delhi, 2006
4. Nabi, M.K. & Raut, K.C " Problems and Imperatives of Rural Maketing an india " Indian Journal of marketing, Feb-March, 16-24, 1995
5. Raja gopal, " Rural Marketing : Development, Policy, planning & Practice" Rawat Publication Jaipur, 1998
6. Rao, K.L.K. and Tagat, R.G. " Rural Marketing : A Development Approach " Vikalpa Publication New Delhi, 1985
7. Valayudhan, S.K. " Rural Marketing : Targeting the non-urban consumer" Response Publication New Delhi, 2002
8. Kumar, Sanal " Rural Marketing " Sage Publication New Delhi , 2002
9. Kelles Anita- Viitanen " New challenges and opportunities for Rural Development " Paper Presented at the IFAD work shop, 15 to 17 Nov. 2005
10. Goplaswamy, T.P." Rural Marketing " Second Edition Excell Books, 2003
11. कुमार योगेश, ' ग्रामीण क्षेत्र में प्रगतिशील अर्थव्यवस्था से बदलता परिवेश' आलेख, कुरूक्षेत्र, अक्टूबर 2009
12. झा रतीश कुमार, 'अमेरिकी मंदी और डीकपलिंग सिद्धान्त', आलेख, सिविल सर्विसेस क्रसनिकल, मार्च 2008
13. खुराना ललित 'संपादकीय' कुरूक्षेत्र, अक्टूबर 2009
14. वर्मा जयंत, 'वैश्विक वित्तीय संकट का रोजनामचा' नीतिमार्ग, दिसम्बर 2008
15. वर्मा जयंत 'वैश्विक आर्थिक संकट का भारत पर प्रभाव' नीतिमार्ग, 31 दिसम्बर 2008
16. भारत की जनगणना 2001
17. आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13
18. 'भारत की अर्थव्यवस्था' वार्षिक विशेषांक प्रतियोगिता दर्पण 2012
19. दत्त सुन्दरम 'भारतीय अर्थव्यवस्था' एस चन्द्र एण्ड कंपनी नई दिल्ली, 2012

पंचायती राज : विसंगतियाँ एवं निदान

डॉ. संगीता मुकर्जी *

प्रस्तावना – स्थानीय स्वशासन लोकतंत्र की आत्मा है। विकेन्द्रीयकरण शासन को सर्वोत्तम शासन माना जाता है। ऐसे शासन में आम व्यक्ति अपने स्तर पर शासन में सहभागिता कर सकता है। भारत में स्थानीय स्वशासन के सबसे निचले स्तर पर पंचायती शासन व्यवस्था आती है। महात्मा गांधी पंचायती राज व्यवस्था के बड़े हिदायती रहे है उनका विचार था।

'पंचायती राज की स्थापना होने पर जनमत वह कार्य कर दिखाएगा जो हिंसा से नहीं हो सकता ये राजे, महाराजे, जमींदार और पूंजीपति उसी समय तक प्रभावशाली है जब तक कि जनसाधरण अपनी शक्ति से अपरिचित हैं जिस दिन लोग जमींदारी या पूंजीवाद की बुराइयों से असहयोग प्रारम्भ कर देंगे उसी दिन से उनकी समाप्ति की शुरुआत हो जायेगी।'

— महात्मा गांधी

प्रजातांत्रिक व्यवस्था का संचालन केन्द्र में बैठे 20 व्यक्तियों से नहीं वरन् प्रत्येक गाँव में निवास कर रहे ग्रामीणजनों द्वारा होगा।

विसंगतियाँ: निदान – लोकतंत्र का वास्तविक सार यह है कि एक निरीह से निरीह व्यक्ति को भी सत्ता में भागीदारी का अवसर प्राप्त हो। लेनिन, लिकंन, गाँधी तथा विश्व की अन्य मानवतावादी विभूतियाँ इस शासकीय सत्ता की स्त्रोत है और वही इससे लाभान्वित होती है, इसलिए उसकी प्रभुसत्ता तथा सर्वोच्चता आधुनिक राजनीतिक प्रणालियों का अनिवार्य तत्व है। यही कारण है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान की रचना हम भारत के लोगों के आधार पर की है।

भारत की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता के इतिहास में ऐसी परम्पराऐं रही है जिस पर हमें सदा से गर्व रहा है। हमारे गाँवों में ऐसी संस्थाऐं पहले भी थी और अब भी है, जहाँ बुजुर्गों एवं समझदार व्यक्तियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। लोग उनका आदर करते है और उन पर विश्वास करते हैं। वे सब मिलजुलकर महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाते हैं। इन पंचों का निर्णय सभी को मान्य होते है। वर्षो के औपनिवेशिक शासन और अनुचित भूमि वितरण के ढाँचे के बावजूद पुराना पंचायती राज जीवित रहा। यह संभव इसलिए हुआ क्योंकि हमारी ग्रामीण जनता को अपने लोगों के स्वरूप चिन्तन और समस्याओं को सही निराकरण करने की क्षमता में पूर्ण आस्था थी। नि:संदेह समय के साथ-साथ इन पंचायतों में स्वार्थी तत्व घुस आए जिनका एक मात्र उद्देश्य अपना वर्चस्व स्थापित करना था। ऐसी स्थिति में समाज में बहुसंख्यक लोगों की भलाई के लिए किये जाने वाले कार्यों का क्षेत्र संकुचित होना स्वाभाविक था। पंचायती राज की स्थापना भारतीय लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और पंचायती राज दोनों एक दुसरे के पर्यायवाची है। पंचायती राज व्यवस्था का तात्पर्य उस शासन से होता है, जिसका प्रबंध उस स्थान विशेष के निवासियों के द्वारा ही किया जाये। दूसरे शब्दों में स्थानीय या पंचायती राज व्यवस्था कहते है।

लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण अथवा पंचायती राज संस्थाओं की योजना तीन स्तरों में प्रस्तुत की गई है –

(1) ग्राम स्तर, (2) ब्लाक स्तर, (3) जिला स्तर। वास्तव में इस त्रिकोणात्मक व्यवस्था द्वारा देश के ग्रामीण जीवन को एक चेतना सौंपने का भी प्रयास किया गया है, ताकि राष्ट्रीय जनतंत्र का आधार व्यापक और मजबूत बन सके। पंचायती राज का उद्देश्य प्रारम्भ से लेकर अंत तक विकास योजनाओं से संबंध करना और प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर जनता को सक्रिय रूप से भागीदार बनाना है।

पंचायती राज के पीछे जो विचारधारा निहित है वह यह है कि गाँवों के लोग अपने शासन का उत्तरदायित्व स्वयं संभालें यही एक महान आदर्श है जिसे प्राप्त किया जाना है। यह आवश्यक है कि गाँवों में रहने वाले लोग कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, पशुपालन आदि से संबंधित विकास क्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग ले। ग्रामीण लोग न केवल कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भाग ही लें अपितु उन्हें यह अधिकार भी होना चाहिये कि वे अपनी आवश्यकता और अनिवार्यताओं के विषय में स्वयं निर्णय भी कर सके। लोगों में सामान्य प्रेरणा व उत्साह उत्पन्न करने का उपाय है सत्ता का विकेन्द्रीकरण करना।

भारत में पंचायती राज की आवश्यकता एवं महत्व – भारत में पंचायते बहुत पुराने समय से विद्यमान थी, मगर वर्तमान पंचायती संस्थाऐं इस मायने में नयी है कि उसको काफी अधिकार, साधन और जिम्मेदारी सौंपी गई है। नाम पुराना है मगर पंचायते नयी हैं। स्वतंत्र भारत में सन् 1959 से 1964 तक के इनके कार्यकाल को उत्थान का काल कहा जा सकता है। उसके बाद पंचायतों की ओर या उनके चुनावों की ओर लम्बे समय तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। सन् 1977 में अशोक मेहता समिति रिपोर्ट में इन संस्थाओं को नया रूप देने की सिफारिश भी की गई, किन्तु उन्हें क्रियान्वित नहीं किया जा सका। अत: 1983 के बाद पंचायती राज संस्थाओं का पुनरोदय प्रारम्भ होता है। संविधान के 73 वें संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को सांविधानिक मान्यता प्रदान की गई है, और धीरे-धीरे सभी राज्य अपने-अपने राज्यों में पंचायती राज की स्थापना करने के इच्छुक दिखायी दे रहे हैं। पंचायती राज हमारे लोकतंत्र के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। जो निम्न तथ्यों से स्पष्ट है –

1. भारत में स्वास्थ प्रजातांत्रिक परम्पराओं को स्थापित करने के लिए पंचायत व्यवस्था ठोस आधार प्रदान करती है। जिससे वे अपने ग्राम की समस्याओं से अवगत होते हैं, तथा उन्हें शीर्ष तक पहुँचाने में सहायता मिलती है। इसके माध्यम से शासन सत्ता जनता के हाथों में चली जाती है।
2. पंचायती राज व्यवस्था भारत का भावी नेतृत्व भी प्रदान करने में सहायक होती है। पंच व सरपंच ग्रामीण भारत की समस्याओं से अवगत

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय, जिला सागर (म.प्र.) भारत

होते हैं, इस प्रकार ग्रामों में उचित नेतृत्व का निर्माण करने एवं विकास कार्यों में जनता की रूचि बढ़ाने में पंचायतों का प्रभावी योगदान रहता है।

3. स्थानीय समस्याओं को हल करने में पंचायती संस्थाऐं राज्य और केन्द्रीय सरकार के भार को हल्का करती है। उनके द्वारा ही शासकीय शक्तियों एवं कार्यों का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है। प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीयकरण की इस प्रक्रिया में शासकीय सत्ता गिनी-चुनी संस्थाऐं न रहकर गाँव की पंचायत के कार्यकर्ताओं के हाथों में पहुँच जाती है।
4. पंच, सरपंच एवं अन्य पदाधिकारी स्थानीय समाज और राजनीतिक व्यवस्था के बीच कड़ी है। इन स्थानीय पदाधिकारियों के बिना ऊपर से प्रारंभ किये हुए राष्ट्र निर्माण के क्रियाकलापों में चलन मुश्किल हो जाता है।
5. इन संस्थाओं के माध्यम से जनता शासन के करीब पहुँच जाती है। जनता और शासन में परस्पर एक दूसरे की कठिनाईयों को समझने की भावनाऐं पैदा होती हैं। इससे दोनों में परस्पर सहयोग बढ़ता है। जो ग्रामीण उत्थान के लिए परम आवश्यक हैं।

पंचायती राज की स्थापना के पीछे जो दो मूल उद्देश्य है वह है शासन जनता के हाथों में होना तथा ग्रामीण विकास को प्रोत्साहन देना है। आज भी भारत के अधिकांश गाँवों में जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव पाया जाता है, जैसे ग्रामीण स्वास्थ्य, ग्रामीण पेयजल व्यवस्था व ग्रामीण विद्युतीकरण आदि। ग्रामीण रोजगार की समस्या भी भारतीय ग्रामीण विकास में बाधक बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की नितान्त कमी है। कृषि क्षेत्र में भी कृषकों को वर्ष भर रोजगार प्राप्त नहीं हो पाता है। तथा कुटीर उद्योगों के समाप्त होने और वर्ष भर कृषि न होने से ग्रामीण रोजगार के तलाश में शहरों की ओर पलायन करते हैं, पलायन की इस गम्भीर समस्या से ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था डगमगा गयी है।

पंचायती राज लोकतंत्र का ही एक रूप है। जनता और सत्ता का आपसी समन्वय भी है। इसमें गाँव से दिल्ली तक के प्रशासन के सभी स्तरों पर जनता का अधिकार है। कर्त्तव्यों का भी बराबर बँटवारा है। वास्तव में पंचायती राज अथवा लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण हमारी प्राचीन पंचायतों का ही बढ़ा हुआ रूप है। पर आधुनिक युग के अनुरूप इसमें नये उद्देश्यों, नई शक्ति और नये तरीकों का समावेष कर दिया गया, 73 वें संविधान संशोधन के द्वारा ग्राम पंचायतों को अपने क्षेत्र के विकास के लिए अधिक अधिकार सौंपे गए हैं। लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा तथा अधिकार प्रदान किया गया है। क्या वे उनको प्राप्त करने में सफल हों पाई हैं या जिस दृढ़ इच्छाशक्ति से स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षों बाद इन संस्थाओं को पुन:जीवित करने का प्रयास किया गया है, क्या वह प्रयास फलीभूत हो पा रहा है।

जब हम इन प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास करते हैं तो पाते हैं कि पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन में अनेकानेक कठिनाईयाँ आड़े आ रही हैं, जिसको दूर करना आवश्यक है। देखने में यह भी आ रहा है कि पंचायतें जो ग्राम विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, अपने आदर्शे रूप को ग्रहण नहीं कर पा रही है। इस प्रणाली में कई विसंगतियाँ उभर कर सामने आ रही है।

1. पंचायती राज की बागडोर संभाले हुए अधिकांश प्रतिनिधि अल्पशिक्षित या अशिक्षित हैं। साथी ही उन्हें पंचायती राज की रीति-नीति संबंधी पर्याप्त एवं समुचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया, इसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि वे अपेक्षा के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रहे हैं। अशिक्षा के साथ-साथ निर्धनता भी ग्रामीण लोगों को अपने सीमित दायरों से ऊपर नहीं उठने देती है, परिणामस्वरूप उनमें हमेशा आपसी वैमनस्य और विद्वेष भावना बनी रहती है।
2. पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार वितरण प्रणाली भी अत्याधिक दोषपूर्ण है। वर्तमान प्रणाली में विकेन्द्रीकरण आवश्यकता से अधिक है। भारत जैसे बहुभाषी, बहुसंस्कृति, बहु राष्ट्रीयता वाले राष्ट्र में व्यवस्था के एकीकरण का मुख्य सूत्र केन्द्रीयकृत नीति निर्माण एवं नीति निर्देशन के विपरीत अत्याधिक विकेन्द्रीयकरण से विखंडन की स्थिति उत्पन्न ही करती है।
3. वित्तीय प्रणाली का त्रुटिपूर्ण होना भी एक समस्या है। पंचायतों को करारोपण के अधिकार दिए गए हैं। परन्तु कोई भी ग्राम पंचायत करारोपण करके अपने राजनैतिक अस्तित्व को खतरे में नही डाल सकती है और यदि करारोपण नही करती है तो वह वित्तीय रूप से अपंग हो जाती है। उसे हमेशा शासकीय अनुदानों पर ही निर्भर रहना पड़ता है।
4. पंचायती राज व्यवस्था की सफलता काफी हद तक इस बात पर भी निर्भर करती है कि शासकीय एवं अशासकीय निर्वाचित प्रतिनिधियों के मध्य किस प्रकार के संबंध विकसित होते हैं। प्राय: यह देखा गया है कि दोनों एक दूसरे को ठीक प्रकार से समझने की कोशिश भी नहीं करते। शासकीय कर्मचारियों जैसे विकासखंड अधिकारी इसमें ग्राम क्षेत्र के अशिक्षित निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने की क्षमता एवं योग्यता का अभाव पाया जाता है। साथ ही निर्वाचित प्रतिनिधियों में दलबंदी, गुटबंदी एंव शासकीय अधिकारियों के ऊपर प्रभुत्व जमाने की भावनाएँ पायी जाती है।
5. इन संस्थाओं में निर्णय हमेशा राजनीतिक आधारों पर लिए जाते हैं। राजनीतिक लाभ के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों को टालने अथवा उन्हें राजनीतिक रूप से जोड़ना आदि की प्रवृत्ति भी पंचायती राज संस्थाओं के क्रियान्वयन में संदेह उत्पन्न करती हैं।
6. प्राय: यह भी देखा गया है कि जो लोग ग्राम पंचायत के लिए सरपंच पद का चुनाव लड़ते हैं, एवं सरपंच बनकर आते हैं वे केवल निर्वाचित होने के लिए चुनाव लड़ते हैं। ऐसे लोग ग्रामीण विकास की समस्याओं को भली प्रकार नहीं समझ सकते। अत: उनमें पंचायतों को सौंपे गये कार्यों के प्रति उदासीनता ही देखने को मिलती है।
7. आरक्षण के आधार पर जिन पंचायतों में महिलाऐं पदासीन हुई हैं, वे या तो निरक्षर है या किसी सम्पन्न परिवार की बहु, पत्नी या माँ है। इन अधिकांश महिला पंच सरपंचों को अपने दायित्वों का पालन करने का मौका ही नहीं मिलता बल्कि उनके पतियों द्वारा या अन्य पुरूष सदस्यों के माध्यम से दायित्वों को पूरा किया जाता है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए उचित नहीं कही जा सकती है।

निदान –इन विसंगतियों के साथ-साथ अन्य कई प्रकार की खामियाँ भी हमें इन संस्थाओं में देखने को मिलती हैं। इन विसंगतियों को दूर करना भी आवश्यक है जिससे हमारा यह प्रयोग एक प्रयोग तक सीमित न रहे बल्कि हमारा लोकतंत्र दुनिया में एक प्रतीक बन सके।

1. सर्वप्रथम हमारे पंचायतों में चुने हुए प्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। पंचायती राज व्यवस्था को उचित प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण पंचायती राज व्यवस्था को उचित प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण

पंचायती राज व्यवस्था के सफल तथा सुचारू संचालन की सर्वप्रमुख आवश्यकता है। क्योंकि सौंपे गए कार्यों का यथोचित निर्वहन किस प्रकार किया जाना है। इसकी जानकारी, कार्यप्रणाली आदि बातों का निर्वाचित प्रतिनिधियों को ठीक-ठीक ज्ञान होना जरूरी है। इनमें से कई प्रतिनिधि विशेषकर महिलाएँ तथा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के कई सदस्य पहली बार पंचायतों में चुने जाते है, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है।

2. हमारे अधिकांश निर्वाचित जन प्रतिनिधि या तो कम पढ़े लिखे हैं या तो अशिक्षित हैं, ऐसी स्थिति में उनके साक्षरता तथा शिक्षा का भी प्रयास जरूरी है तथा उन्हें जो प्रशिक्षण दिया जाये वह व्यावहारिक हो अर्थात् बोलचाल की भाषा में हो, जिससे वे समझ सके।
3. वित्तीय समस्याओं को हल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यों का उचित बँटबारा किया जाए। जितना उनके वित्तीय अधिकार अनुमति देते हैं, उतना वित्त उन्हें दिया जाये। पंचायतों को जो कर, फीस, उपकर आदि लगाने है, उनकी सूची काफी लम्बी है, लेकिन सूची में सभी कर, फीस, उपकर अनिवार्य नहीं है, करों के अनिवार्य न होने के कारण ही पंचायतें इन्हें नहीं लगाती, 73 वें संविधान संशोधन के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। अत: इन करों को लगाने में अनिवार्य किया जाये। जिससे पंचायतों की वित्तीय स्थिति सक्षम हो।
4. पंचायतों द्वारा ग्रामीण बंजर भूमि विकास, वृक्षारोपण, सम्पर्क मार्ग के निर्माण, प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था, प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम ग्रामीण स्वच्छता आदि के कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाये जा सकते हैं इसके लिए उन्हें समुचित अधिकार व साधन दिये जायें।
5. लोगों की आम समस्याओं को हल करने के लिए पंचायतों को अधिकार और साधन दिए जाऐ। लोगों की अधिक से अधिक स्थानीय समस्याऐं पंचायत के दायरे में लायी जाए ताकि लोग अपनी तकलीफों को दूर करा सके तथा समस्याओं को हल कर सकें।
6. पंचायती राज की कार्यप्रणाली में बहुत से दोषों का उद्घाटन हुआ है। डॉ. भाम्मरी ने लिखा है कि पंचायत राज के फलस्वरूप गाँवों में दलबंदी तथा गुटबंदी पर आधारित राजनीतिक गतिविधियाँ बढ़ी हैं। पंचायत चुनावों के कारण ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों में एक प्रकार का शीत युद्ध का वातावरण विकसित हो गया है।

यह सच है कि संविधान संषोधन के बाद से ग्राम पंचायतों को शक्ति सम्पन्न बनाया गया। ग्राम पंचायतों को यह अधिकार दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास की योजनाएँ बनाएँगी। आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। तथा महिला पंच अब स्वतंत्र होकर बैठकों में भागीदारी देने लगी हैं। मध्यप्रदेश, केरल, उत्तार प्रदेश, बिहार, राजस्थान और झारखंड सहित कई प्रदेशों में महिला पंचायतों ने विकास के नये आयाम दिए हैं। पंचायती व्यवस्था अपनी कमियों के बावजूद ग्रामीणों की दिनचर्या का हिस्सा बनती जा रही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भाम्मरी चन्द्रप्रकाश, लोकप्रशासन जयप्रकाश नाथ एण्ड कंपनी 144 सुभाष बाजालेख।
2. फड़िया व जैन, भारतीय शासन व राजनीति साहित्य भवन आगरा।
3. शर्मा हरिशचन्द्र, भारत में स्थानीय प्रशासन, कॉलेज बुक डिपो।
4. कोठारी रजनी, भारत में राजनीति।
5. शर्मा एम.पी., लोकल सेल्फ गवर्नमेंट इन इण्डिया।

****

महिला विकास एवं शिक्षा

डॉ. ज्योति मार्टिन *

शोध सारांश – विकास वह व्यापक शब्द है जिसके अंतर्गत सामुदायिक जीवन के समस्त क्षेत्रों के समस्त पहलुओं का समावेश हो जाता है। विकास वह दशा है जिसे लोगों के जीवन की परिवर्तन प्रक्रिया में उनके कल्याण का उच्चतर जीवन स्तर आदि उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रयुक्त किया जाता है। यह एक ऐसी बहुआयामी प्रक्रिया है जो प्रजातांत्रिक विकासशील राष्ट्र के लोगों की आशा आकांक्षाओं से संबंध होती है अर्थात विकास का तात्पर्य सदैव समाज के द्वारा उनकी सांस्कृतिक धरोहर व प्रतिमानों व दूसरों की रूचियों को नष्ट किये बिना ही उच्चता की ओर परिवर्तन से है।

प्रस्तावना – महिला विकास का तात्पर्य महिलाओं के माध्यम से महिला के जीवन पर पड़ने वाले वास्तविक दृश्य तथा अदृश्य प्रभावों से लिया जा सकता है। महिला विकास के प्रमुख मापक है महिलाओं के प्रति समाज के दृष्टिकोण में परिर्वतन, महिलाओं में स्वयं की स्थिति में सुधार व विकास हेतु चेतना जागृत होना, उनका स्वयं के जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण, उनकी साक्षरता, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, शिक्षण, प्रशिक्षण, विवाह के प्रति दृष्टिकोण, उनकी विचारधारा, विभिन्न अंधविश्वासों, परंपराओं के प्रति भावनाओं में परिवर्तन, राजनीतिक व आर्थिक क्षेत्रों में रूचि का प्रादुर्भाव, स्वयं को अबला के स्थान पर सबला समझ पाने तथा शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने की प्रवृत्ति का बीजारोपण, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हर पहलू के प्रति उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा उनकी जागरूकता के कारण समाज की अनेक विकारपूर्ण स्थितियों को निराकरण करके स्वयं को महत्वपूर्ण समझे जाने की भावना जागृत कर उनकी आत्मचेतना को झकझोरती हुए उन्हें आत्मनिर्भर होने व स्वावलंबी बनने की प्रेरणा देती है। जो किसी भी पक्ष में विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है।

यद्यपि मानव समाज महिला व पुरूष दोनों की सम्मिलित रचना है व समाज के ढांचे को संवारने में दोनो ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। सिर्फ जैविक आधार पर अंतर होने के कारण महिलाओं को अत्यंत निकृष्ट माना गया है। केवल कुछ मातृसत्तात्मक समाजो में ही महिलाएं पुरूषों के समान सामाजिक स्थिति की भागीदार होती हैं तथा स्वंतत्रतापूर्वक उच्च सांस्कृतिक मानों को प्रभावित करती हैं परंतु उनकी संख्या बहुत ही कम होती है किंतु वास्तविकता यह है कि समाज के 50 प्रतिशत सदस्यों को पीछे धकेल कर राष्ट्र की समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव है। महिलाओं को जागरूक एवं शिक्षित करके ही राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य व सभ्य समाज की स्थापना करने के लिये शिक्षा को आवश्यक साधन के रूप में अपनाना होगा। महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिये स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है – 'पहले स्त्रियों को शिक्षित करो, फिर वे तुम्हें बतायेगी कि उनके लिये क्या सही है और क्या गलत, तुम कौन होते हो। उनके लिये नीति निर्धारण करने वाले।' अत: शिक्षा की अवस्थाऐं किसी देश के विकास में स्थिति को प्रकट करती हैं। एक देश में अशिक्षित एवं अज्ञानी लोगों की संख्या के आधार पर ही उसकी विकसित या अविकसित अवस्था का ज्ञान किया जा सकता है। शिक्षा को परिभाषित करते हुये **फिलिप्स** ने लिखा **है** शिक्षा वह संस्था है जिसका केंद्रीय तत्व ज्ञान का संग्रह है। शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा मानव में उन गुणों का विकास किया जाता है जिसके द्वारा वह सामाजिक व भौतिक पर्यावरण से अनुकूलन करके अपने व्यक्तित्व का विकास करता है। शिक्षा मानव समाज के लिये सतत् क्रिया और आधार रही है जो लोगों की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप बनने के लिये लचीलापन प्रदान करती हैं और सामाजिक विकास के लिये प्रेरित करती है तथा उसमें योगदान देने के योग्य बनाती है। राष्ट्रीय विकास की प्रक्रिया में शिक्षा प्रणाली को अपनी भूमिका कारगर ढंग से निभा सकने के योग्य बनाने के लिये अनिवार्य है कि सभी लोग शिक्षा का लाभ उठा सके। इसके लिये आवश्यक है कि लोगों को शैक्षिक उपलब्धियों का स्तर महिलाओं और पुरूषों में अधिक विषम न हो।

विभिन्न कालों में भारतीय महिलाओं का इतिहास –

1. **वैदिक काल –** वैदिक युग हिन्दू समाज का स्वर्ण युग था व नारी प्रत्येक पग पर पुरूष की सहभागिनी हुआ करती थी। उसे शिक्षा प्राप्त करने व वेद पढ़ने का अधिकार प्राप्त था। वे सामाजिक नीतियों के निर्धारण नियंत्रण व संचालन में महत्वपूर्ण भूमिकायें निभाती थी। परिस्थितिकी तथा समाज विज्ञान, गणित, मानवीय विज्ञानों में भी निपुण थी। घोषा, लोपामुद्रा, विश्ववारा, माण्डवी, मैत्री आदि को चमकता हुआ नक्षत्र कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

2. **उत्तरवैदिक काल –** उत्तर वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति में गिरावट आने लगी महिलाओं के धार्मिक अधिकार सीमित हो गये। बाल–विवाह का प्रचलन तथा विधवा पुनर्विवाह पर रोक इसी काल में प्रारंभ हुई। मनु और यारावल स्मृति में पतिव्रता, धर्म और पतिपरमेश्वर की परिकल्पनाओं को साकार रूप प्रदान किया गया तथा पिंडदान, कर्मकांड में पुरूषों की कामना की गई।

3. **बौद्ध काल –** इस काल में महात्मा बुद्ध ने महिलाओं को मठ में प्रवेश करने की अनुमति दी जिसमें स्त्रियाँ धर्म और दर्शन का अध्ययन करती थी जिसमें महिला शिक्षा को एक नया आयाम दिया परंतु यह शिक्षा भी केवल कुलीन घरानों की महिलाओं तक ही सीमित रही।

4. **मध्यकाल –** मुस्लिम शासन काल में महिलाओं के अधिकार छीनकर घर की चार दीवारी के भीतर डाल दिया गया। इस समय पर्दा प्रथा के कारण महिलाओं की शिक्षा प्राय: लुप्त हो गई केवल कुछ कुलीन तथा उच्च घरानों की महिलायें घर पर शिक्षा ग्रहण करती थी जिसमें धर्म तथा दर्शन के अतिरिक्त सैन्य संचालन, युद्ध करना, अश्वारोहण तथा धनुर्विद्या की शिक्षा प्राप्त करती थी जिनमें रजिया बेगम, नूरजहाँ, जहाँआरा, मीराबाई, रानी पद्मिनी आदि प्रमुख हैं।

5. **ब्रिटिश काल –** अंग्रेजों के भारत आगमन तथा उनके अंग्रेजी शिक्षा के प्रारंभ का समाज के विचारों, मनोवृत्तियों व मूल्यों पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्त्री और पुरूष की समानता को महत्व दिया जाने लगा। संवैधानिक सुधारों से महिलाओं को मताधिकार व राजनीतिक अधिकार प्राप्त हुआ। ब्रिटिश महिला श्रीमति ऐनीबेसेंट ने 'थियोसोफिकल सोसायटी' की स्थापना कर स्त्री शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह तथा बाल–विवाह समाप्त करने पर बल दिया। सन 1904 में लार्डकर्जन ने अपनी नीति में स्त्री शिक्षा पर अधिक बल तथा व्यय करने के

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, ढ़ाना, सागर (म.प्र.) भारत

लिये सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। इसके अलावा महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद आदि ने भी स्त्री शिक्षा पर बल दिया ।

6. आधुनिक काल – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार स्त्री और पुरूष को समान अधिकार प्राप्त है। आज विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये उनका प्रतिनिधित्व आरक्षित किया गया है जैसे – पंचायती राज, संसद, विधानसभा, सरकारी नौकरियों में आरक्षण आदि जिसके कारण शिक्षित महिलाओं में नई चेतना का प्रादुर्भाव हुआ। शिक्षित महिलाओं को राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय करने में बहुत मदद मिली। महिलाएं अपने स्थिति व अपने अधिकारों के विषय सचेत होने लगी। इसी चेतना ने उन्हें आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय तथा पुरूष के साथ समानता के अधिकारों की मांग करने को प्रेरित किया। भारत में जैसा कि ए.आर. देसाई ने एक आलेख में कहा है – 'भारतीय महिलाओं में नई संवेदना व चेतना का विकास हो रहा है जिससे अब उसे अधिक समय तक उन पारिवारिक, संस्थागत, राजनैतिक और सांस्कृतिक मानदंडों की घुटन में नहीं रहना पड़ेगा जिनके कारण उसकी स्थिति सदैव अपमानजनक रही है।'

महिला शिक्षा, समाज के बदलते हुए मूल्यों तथा आर्थिक स्वावलम्बन ने जहां उन्हें आर्थिक व राजनैतिक अधिकारों के प्रति सजग बनाया है । सामाजिक चेतना जागृत करने में योगदान दिया है वही आजकल महिलाओं ने नवीन भूमिकाएं ग्रहण की है। और प्रत्येक क्षेत्र में बदली हुई उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं के फलस्वरूप ही विश्वमंच पर महिलाओं की स्थिति, प्रभाव, आर्थिक, वैज्ञानिक व अन्य भूमिकाओं संबंधी अध्ययनों व अनुसंधानों में निरंतर वृद्धि हुई हैं। विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, संयुक्त राष्ट्र संबंधी घोषणा पत्रों के अन्तर्गत महिलाओं की भूमिका में विचारों की क्रान्ति को प्रतिबिम्बित किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के सुझाव पर सन् 1975 का वर्ष 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष' के रूप में मनाया गया जिससे महिलाओं के पिछड़ेपन को दृष्टिगत रखते हुए उनके उत्थान की योजनाएं बनाने तथा उनकी चेतना के नये क्षितिजों की खोज पर विचार किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला विकास संबंधी बढ़ते हुए प्रयासों को दृष्टिगत रखते हुए भारत में भी महिला जागृति व उनके विकास को सर्वोपरि महत्व दिया गया। सभी स्तरों पर उन्हें आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील बनाने के लिये चर्चाएं, सम्मेलन का आयोजन किया गया। देश में महिला एवं बाल विकास योजनाएं तैयार की गई।

जैसे जैसे मानवीय क्रिया-कलापों में वृद्धि हुई जीवन की जटिलताएं बढ़ी ज्ञान-विज्ञान की उन्नति हुई और मानव विज्ञान की उन्नति के शिखर पर पहुंच गया, शिक्षा की आवश्यकता बलवती होती गई। वर्तमान में महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचंम लहरा रही है। अपनी उच्च शिक्षा में उत्तम प्रदर्शन के कारण भारत की लाखों महिलाएं विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदो पर आसीन है वर्तमान में नारियों ने नई चुनौतियों को स्वीकार किया है। उच्च शिक्षा में पारंगत होकर घर, परिवार, समाज, देश एवं विश्व के लिये अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार कर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी वरीयता सिद्ध की है। ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्रीय एवं विदेशी कम्पनियों में उच्च पदों पर आसीन होकर ख्याति अर्जित कर रही है। हमारे देश की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति करने के लिये दृढ़ संकल्प है।

इन सबके बाबजूद अधिकांश महिलाएं पीछे रह गई है । नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था होने पर भी वे साक्षर तक नहीं हो पाती । केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं, कार्यक्रम, नीतियों के बाद भी अधिकांश महिलाएं लाभ नहीं ले पाती है। शिक्षा की दृष्टि से परिवार में कभी विचार भी किया जाता है तो प्रथम अवसर लड़कों को दिया जाता है और महिला इच्छुक होते हुए भी शिक्षा से वंचित हो जाती है। यही कारण है कि महिला जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में शोषण व अत्याचारों की शिकार हुई है यदि गहराई से इस शोषण, दमन व अत्याचार के कारणों का विश्लेषण किया जाए तो समाज में महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति ही इसके लिए जिम्मेदार है । भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पुरूष व महिलाओं के बीच विभेदीकरण बढ़ता जा रहा है यदि महिलाओं की साक्षरता दर की बात करे तो स्थिति निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है। सन् 1991 में पुरूषों की साक्षरता दर 63.86 प्रतिशत तथा महिलाओं की साक्षरता दर 39.42 प्रतिशत था जो निरंतर बढ़ते हुए 2011 में पुरूष साक्षरता दर 82.14 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 65.46 हो गया । महिलाओं की साक्षरता में सन् 1951 से सन् 2011 तक सात गुणा तक बढ़ोत्तरी हुई है । महिलाओं की साक्षरता में वृद्धि होने के कारण पुरूषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है और लिंगानुपात सन् 2011 की जनगणना के अनुसार 1000 पुरूषों पर महिलाओं की संख्या 933 से बढ़कर 940 हो गयी है इस प्रकार एक ओर जहां साक्षरता दर में वृद्धि हो रही है वही महिलाओं की निरक्षरता दर में भी वृद्धि हुई है। भारत में साक्षरता का विकास तथा वर्तमान में स्थिति जैसा कि सारणी से स्पष्ट है।

विभिन्न दशकों में महिला/पुरूष साक्षरता दर

क्रम	जनगणना वर्ष	कुल साक्षरता दर	पुरूष साक्षरता दर	महिला साक्षरता दर
1.	1901	5.35	9.83	0.60
2.	1911	5.92	10.56	1.05
3.	1921	7.16	12.21	1.81
4.	1931	9.50	15.59	2.93
5.	1941	16.10	24.90	7.30
6.	1951	16.67	24.95	7.93
7.	1961	24.02	34.44	12.95
8.	1971	29.45	39.45	18.69
9.	1981	43.56	56.37	29.75
10.	1991	52.11	63.86	39.42
11.	2001	64.8	75.2	53.6
12.	2011	74.04	82.14	65.46

विभिन्न दशकों में महिला/पुरूष साक्षरता दर सारिणी से स्पष्ट है कि साक्षरता दरों में वृद्धि के बाबजूद महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति में निरंतर गिरावट आई है महिलाओं में शिक्षा के अभाव का तात्पर्य उसमें आत्म निर्भरता तथा आत्म विश्वास की कमी है जिसके कारण वह अपनी समस्याओं का स्वत: ही समाधान करने में सक्षम नहीं है। महिलायें स्वयं भी भावनात्मकता से परिपूर्ण होने के कारण पुरूष वर्ग की स्थिति को ही दृढ़ करने का प्रयास करती हैं तथा स्वयं को नजर अंदाज कर देती हैं । महिलाओं की स्थिति हर क्षेत्र में द्वितीय श्रेणी के नागरिक की है । अत: भारत सरकार द्वारा उनके विकास हेतु अनेक महिला विकास कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं । जिसके अंतर्गत मुख्य लक्ष्य महिला की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में एक परिवर्तन लाने के क्रम में महिलाओं को सूचना प्रसारण, शिक्षा व प्रशिक्षण तथा सामूहिक कार्य के माध्यम से सशक्त करना है । राष्ट्रीय महिला आयोग सन् 1992 तथा कई स्वेच्छिक संगठन बनाये गये। अनेक स्वैच्छिक संस्थाओं ने देश में महिलाओं हेतु कल्याणकारी विकास सेवाओं को व्यवस्थित करने का कार्य अपने अधीन में ले रखा है । भारत में नीतियों का इस प्रकार निर्धारण करने का प्रयास किया जा रहा है कि महिलाएं आत्म जागृत होकर स्वयं की स्थिति को सुधारने तथा भावी पीढ़ी व राष्ट्र को विकास की ओर पहुंचाने में पूर्ण सहयोग प्रदान कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. आशारानी-महिला विकास कार्यक्रम-इनाश्री पब्लिशर्स, जयपुर-1999
2. डी.सी.पंथ-भारत में ग्रामीण विकास-कॉलेज बुक, जयपुर
3. नारी सशक्तिकरण-हरिदास शेण्डे-ग्रन्थ विकास, जयपुर-2004
4. www.indianwomenhusorrived.blogspot.in
5. Internet

लोकतंत्र में बढ़ता भ्रष्टाचार - एक चुनौती

डॉ. अंशु सोनी *

प्रस्तावना – भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित शब्द समानता, भातृत्व, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के सिद्धांत भारत को एक लोकतांत्रिक देश के रूप में स्थापित करते हैं। लोकतंत्र हमारे राष्ट्र की नींव है। लोकतंत्र प्रत्येक व्यक्ति को संसार की अनुपम वस्तु मानता है। उसके अनुसार मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है और स्वतंत्र रहना चाहता है अत: उसे अपना विकास करने, विचार करने और विचार अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। लोकतंत्र मनुष्य में जाति, धर्म, लिंग, अर्थ और स्थान आदि किसी भी आधार पर बल देता है। परंतु समान अधिकार के साथ-साथ उससे समान कर्तव्यों के पालन की भी अपेक्षा करता है। लोकतंत्र सह अस्तित्व में विश्वास करता है। इसके अनुसार संसार की किसी भी समस्या का हल हिंसा एवं युद्ध द्वारा नहीं अपितु सौहार्दपूर्ण विचार-विमर्श द्वारा होना चाहिए।

लोकतंत्र के इतिहास पर नजर दौड़ाने पर हमें प्राप्त होता है कि भारत में लोकतंत्र का जन्म 26 जनवरी 1950 ई. में हुआ। इस लोकतंत्र की प्राप्ति के लिए भारत ने कई शताब्दी तक विदेशी शासकों से संघर्ष किया, जन-जागरूकता अभियान चलाया एवं लोगों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आने का संदेश दिया। पश्चिम में जनतंत्र का उदय महान विचारक रूसों के क्रांतिकारी विचारों के परिणामस्वरूप हुआ। रूसों ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक द सोशल कान्ट्रक्ट (The Social Contract) के प्रथम वाक्य में ही नवचेतना का स्वर भर दिया - 'मनुष्य स्वतंत्र रूप से जन्म लेता है किंतु यह सर्वत्र दासता की बेड़ियों में जकड़ा रहता है।'1 (Man is born free, but every where he is in chains - Rousseou) कहकर उसने जनता को उठ खड़े होने का परामर्श दिया। शिक्षा के लोकतंत्रीय सिद्धांतों का प्रयोग कुछ बाद में प्रारंभ हुआ। इस दिशा में कार्य करने का सर्वाधिक श्रेय प्रसिद्ध अमेरिका शिक्षा शास्त्री जॉन डीवी को है। डीवी की पुस्तक 'जनतंत्र और शिक्षा' प्लेटो की 'रिपब्लिक' और रूसो की 'एमील' शिक्षा के जनतंत्रीय सिद्धांतों पर आधारित उच्च कोटि की पुस्तक है। डीवी ने इस बात पर जोर दिया है कि जनतंत्र को केवल शासन पद्धति नहीं समझना चाहिए। वस्तुत: जनतंत्र जीवन पद्धति है। डीवी के लिए लोकतंत्र मूलत: सामूहिक जीवन की शैली अथवा विचारों तथा अनुभवों के आदान-प्रदान की शैली है।

'लोकतंत्र जनता का जनता के लिऐ जनता के द्वारा शासन है।' देश को उन्नतिशील बनाना और नागरिकों को खुशहाली प्रदान करना इस लक्ष्य के ताने बाने पर कानून का निर्माण किया जाता है पर हमारे यहाँ कानून बनाते समय गंभीर भूले रह गईं। फलस्वरूप लिखित कानूनों के साथ उतने ही शक्तिशाली अलिखित कानूनों ने भी जन्म ले लिया और दोनों ने मिलकर अपनी एक स्वतंत्र सरकार बना ली इस साझा सरकार की कमान क्रमश: उन लोगों के हाथ में है जो जनता को हर भूल के लिए सजा देने में विश्वास करते हैं और सत्तारूढ़ व्यक्तियों प्रशासनिक अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों की बड़ी से बड़ी भूल को भी नजरअंदाज कर देना देशसेवा मानते हैं। हालही में प्रकाशित एक समाचार में था कि सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 50 लाख से ऊपर अपीले बिना निर्णय के पड़ी हैं।

यह समस्या लंबे रूप में लंबे समय से देश के विकास में घातक हैं इस बारे में सरकार न्यायालय सभी चिंतित हैं लेकिन कोई निराकरण नहीं आता है। अपवाद स्वरूप गिने चुने कुछ लोगों को छोड़कर पूरा सरकारी प्रशासन घूस लेकर ही काम करता है और अपनी तनख्वाह के कई गुना अधिक धन कमा लेता है इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि जो काम एक टी.वी. चैनल कर सकता है वह हमारी सरकार क्यों नहीं कर सकती। इतने ढेर सारे विभागों की बंदूके केवल जनता की ओर ही क्यों उठी ? सभी कानूनों की दोषपूर्ण लिखावट क्यों है ? पैसा न मिलने पर अधिकारी काम क्यों नहीं करते और पैसा मिल जाने पर उसी कार्य को तत्काल कर देते हैं। काले धन के आने के मार्ग को खोजने पहचानने और उसके नियंत्रण के लिए कारगर उपायों पर देश के परिवेश के बारे में ही सोचते रहते हैं।

भ्रष्टाचार और घोटालों को रोकने के लिए हमारे देश में भी कानून बने है लेकिन इसके बावजूद भ्रष्टाचार के मामलों में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही है क्योंकि यहाँ जवाबदेही और पारदर्शिता का पूरी तरह से अभाव दिख रहा है। भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के लिए जितने भी कानून बने है उनसे बचने के लिये भी उतने ही तरीके कानून में शामिल हैं। वर्तमान संदर्भ में हम देखें तो हम पाते हैं कि देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार का अंत करना है और अपराधिक तत्वों को राजनीति में घुसने से रोकना है। भ्रष्टाचार के वशीभूत होकर मानव राष्ट्र के कर्तव्य भूलकर अनुचित रूप से धन इकट्ठा करने की होड़ में दिन-रात लगा है। भ्रष्टाचार की जड़ इतनी गहरी है कि इसकी गहराई तक पहुँचना अत्यधिक कठिन होता जा रहा है। आज यह मानव को निश्चिंत नहीं बैठने दे रहा है। वह अधिक पैसा बटोरने के चक्कर में हर प्रकार का घिनौना कृत्य करने के लिये तैयार है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन ही प्रजातंत्र की रक्षा कर सकता है अत: जनसंख्या वृद्धि, स्वार्थसिद्धि, मँहगाई, झूठी मान-मर्यादा, फैशन परस्ती, अच्छी शिक्षा का अभाव एवं सामाजिक कुरीतियों जैसे बिन्दुओं पर गहराई से विचार करने की जरूरत है। इन समस्याओं ने उग्र भ्रष्टाचार को जन्म दिया है जो हमारे राष्ट्र को खोखला करने का कार्य निरंतर कर रहा है। इसने हमारी प्रगति की राह में रोड़ा अटका दिया है। ऐसे में इन उदित प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा तभी भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल सकती है।

देश की निर्बल भोली अर्द्धशिक्षित जनता हर दुर्भाग्य को अपना प्रारब्ध मानकर सह लेती है किसी भी अन्याय का प्रतिवादन नहीं कर पाती। प्रतिदान में वो केवल इतना ही चाहती है कि भारत जब सोने की चिड़िया था उस समय उसे प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य इसी जनता ने किया था। 'यथा राजा तथा प्रजा' के अर्थ को हमारे कर्णधार तथा हमारी जनता अपने संवाद को अपने आचरण में उतारती है बिना प्रायश्चित के देश उस आलिखित संविधान श्राप से मुक्त नहीं होगा जिसने नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हवन किया है

* सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

उसके हर कार्य पर कानून का पहरा है।

पहले तो वे कानून जो जनता के समय और श्रम पर बड़े बोझ हैं मगर जिनका राजस्व के रूप में थोड़ा ही योगदान है उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए। इस निर्णय से देश को लाभ होगा। 50 वर्षों में पहली बार देशवासियों को लगेगा कि उनकी सरकार उनके दुख सुख के प्रति चिंतनशील हैं शासकों के प्रति उनके मन में सम्मान प्रकट होगा अनुशासन की भावना बढ़ेगी और कानूनों का पालन करवाने की प्रक्रिया में भी सुधार होगा। ऐसे प्रावधानों को जो जनता के हित में नहीं है उन्हें हटाया जाये और नवीन कानून राष्ट्रहित में होने चाहिए।

'प्रजातंत्र का अर्थ जनता की सेवा एवं आम लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना तथा उनके हित में कार्य करना ही वास्तविक लोकतंत्र का शासन हैं।' देश के संविधान को निर्मित हुये 50 वर्ष से भी अधिक समय बीत चुका है इसमें कई संशोधन भी हुये लेकिन प्रजातंत्र आज भी प्रजा का न हो सका। हमें अंग्रेजों के शासन से स्वतंत्रता मिली लेकिन हम पूर्ण स्वतंत्र आज भी नहीं है।

भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिये व्यवस्था में शामिल लोगों के रवैये को बदलना होगा। भोगवृत्ती कम करनी पड़ेगी। समय आ गया है अब हम व्यवस्था में बैठे लोगों को देश का सार्वजनिक हित देखकर ही निर्णय लेना चाहिये व्यवस्था के शीर्ष पर लोगों को अज्ञात भय को त्यागना होगा। क्योंकि सच के लिए उठाया गया कोई भी कदम किसी का अहित नहीं कर सकता। देश का कोई कानून भ्रष्टाचार बेईमानी करने की अनुमति नहीं देता है। देश हित या जनहित विरूद्ध कार्य तो स्थापित नियमों को तोड़ने से ही होता है। भ्रष्टाचार के चलते देश का विकास पूर्व से ही नहीं हो पा रहा जिससे देश काफी पिछड़ गया है। हमें अपनी प्रगति के लिए सभी सामाजिक कठिनाइयों का मिलकर सामना करना होगा और भ्रष्टाचार को कम करने के सतत् प्रयास करने होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाण्डेय, रामशकल (2003) : 'उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक' विनोद पुस्तक मंदिर प्रकाशन, आगरा, पृ. 351
2. योगेन्द्र सिंह (2001) : 'भ्रष्टाचार का समाजशास्त्र', नई दिल्ली, पृ. 89
3. डॉ. सुभाष कश्यप : 'संविधान की आत्मा', पृ. 125
4. बी.एल. फड़िया : 'भारतीय शासन व राजनीति', पृ. 644
5. दैनिक भास्कर, 09.10.2008

****

आदिवासी क्षेत्रो में पंचायत राज की भूमिका (बालाघाट जिले के बैहर तहसील के विशेष संदर्भ में)

तरूण कुमार शेण्डे * विनोद कुमार शेण्डे **

प्रस्तावना – 'बीस आदमी केन्द्र में बैठकर सच्चे लोकतंत्र को नहीं चला सकते, इसे चलाने के लिये प्रत्येक गॉव के निवासियों को नीचे से प्रयास करना है। मेरे सपनो का स्वराज गरीबो व ग्रामीणों का स्वराज होगा। गॉव का शोषण खुद एक संगठित हिंसा है। अगर हमें स्वराज की रचना अहिंसा के पाये जाने पर करना है तो गॉव को उनका उचित स्थान देना होगा।' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी परंतु दूसरी ओर आदिवासी क्षेत्रो में सामाजिक भेदभाव,जातिवादी,जमींदारी प्रथा,लोकतंत्रीय भावना का अभाव एवं विकास कार्यो में सहभागिता भावना की कमी जैसे कारणों के परिणामस्वरूप वर्तमान में वैश्वीकरण के इस युग में आर्थिक एवं तकनीकि विकास के बावजूद जनजातियो में परम्परावादी व रूढ़िवादिता उनमें कूट – कूट कर भरी है।

ग्रामीण अंचलो में गरीबी,अहिंसा,शोषण,जातिवाद, बहुपत्नी विवाह आदि बुराईयॉ व्याप्त रही है। सहभागिता के अभाव में सामाजिक – आर्थिक रूप से पिछडी जाति को विकास कार्यक्रम भी प्रभावित नहीं कर पाये है। पंचायती राज व्यवस्था से इन्हें जानने का प्रयास किया गया है। यह एक प्रयास है जिसके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान आपसी सूझ – बूझ व भाई चारे से करने के लिये साहसिक एवं व्यवहारिक कदम उठाया है।आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति पूर्णत: सकारात्मक रूख न होने से असंख्य जनजातीय आबादी निरक्षर ही रह जाती है। चूँकि वे कम पढे लिखे या निरक्षर होते है। परिणाम यह होता है कि ये लोग मजदूरी या अन्य कार्यो से अपना जीवन व्यापन करते है अतएव रोजगार आदि का अभाव पाया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से समाज में भी संपन्न व प्रतिष्ठित लोगों की बराबरी नहीं कर पाते है। आदिवासी क्षेत्रो में अलग – अलग स्थानों पर लोग घर बनाते है उनके समूह को फलिया कहते है। इन सभी फलियाओ को एक गॉव का नाम दिया जाता है। गॉव का मुखिया पटेल सरपंच कहलाता है। गॉव के सामाजिक – धार्मिक आदि एवं अन्य मुद्दो पर पटेल ही प्रमुख माना जाता है। वर्तमान में राजनीति में प्रत्येक फलिया से लोग अपनी उम्मीदवारी करते है एवं अपने – अपने स्तर से प्रचार – प्रसार करते है। परंतु चुने जाने के पश्चात् भी निरक्षर सीधे – सीधे प्रतिनिधियो को शासकीय कार्यो के अनुभव का अभाव एवं शासन की प्रक्रियाओ को नही समझ पाते एवं गॉवो की आधारभूत समस्याओ को हल करने मे असफल होते है ।

शोध समस्या का चयन – वर्तमान समय में देश एवं प्रदेश की सरकार द्वारा विकास के आयाम में सबसे निम्न स्तर पर खडे व्यक्ति की ओर ध्यान दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में मध्य प्रदेश सरकार ने भी 73 वे संविधान संशोधन के अंतर्गत नवीन पंचायती राज की स्थापना की है। इस नवीन प्रक्रिया के अंतर्गत आदिवासी क्षेत्रो मे पंचायती राज संस्थाऍ किस प्रकार अपने उद्देश्यो में सफल हो रही है ? क्या पंचायती राज आदिवासी समुदाय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ? इन प्रश्नो पे समाधान हेतु शोधकर्ता द्वारा प्रस्तुत शोध समस्या के रूप में आदिवासी क्षेत्रो मे पंचायती राज की भूमिका नामक शोध समस्या का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन निम्न उद्देश्यों को लेकर किया गया है – 1. ग्राम पंचायत में आदिवासी लोगों की भागीदारी और शासकीय योजनाओकी प्रगति का अध्ययन करना ।

2. पंचायतराज व्यवस्था का ग्रामीण विकास कार्यक्रम पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन का क्षेत्र – मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के बैहर तहसील की पॉच ग्राम पंचायतों को उद्देश्यपूर्ण विधि द्वारा चयन किया गया चयनित ग्राम पंचायतो से प्रत्येक ग्राम पंचायत से 10 – 10 साक्षात्कार अनुसूचियॉ भरी गयी है। इस प्रकार कुल 50 वयस्क उत्तरदाताओ से साक्षात्कार अनुसूचियॉ भरी गयी ।

तथ्यों का विश्लेषण एवं अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध में पंचायत राज आदिवासी लोगों के विकास में किस प्रकार सहभागी है। पंचायती राज का उनके विकास में पडने वाले प्रभावो का अध्ययन कर निम्न निष्कर्ष निकाले गए है–1. 57.8 प्रतिशत उत्तरदाता पंचायते उनके विकास में सहायक मानते है, जबकि 14.1 प्रतिशत उत्तरदाता ने कोई जवाब नहीं दिया।

2. 57.8 प्रतिशत उत्तरदाता यह मानते है कि वास्तविक हितग्रहियो को लाभ मिल रहा है।

3. 71.2 प्रतिशत उत्तरदाताओ ने माना है कि नये पंचायती राज्य में महिलाओ की स्थिति में सुधार आया है। जबकि 28.2 प्रतिशत उतरदाताओं के अनुसार महिलाओ की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है।

4. 57.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार स्थानीय समस्याओं के निराकरण मे पंचायतें सार्थक भूमिका निभा रही है। वही 42.2 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार पंचायते अपनी भूमिका सार्थकरूप से नही निभा रही है।

5. अध्ययन क्षेत्र में 46.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कृषि भूमि है जबकि 55.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास गैर कृषि व्यवसाय पर निर्भर है और जिनके पास कृषि भूमि तो है परंतु सिंचाई की सुविधा मात्र 36 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास उपलब्ध है जबकि 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास सिंचाई हेतु कोई सुविधा नही है।

सुझाव – 1. ग्रामीण विकास का लक्ष्य आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय का होना चाहिए। गॉव में रहने वाले निर्धन व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारकर तथा उसे पूरी गरिमा के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के अवसर मिलना चाहिए।

2. लघु एवं कुटीर उद्योगों को पुन: स्थापित कर जिस वस्तु का कच्चा माल अधिक मात्रा में हो उत्पादित होता है। वहा छोटी मिले व फेक्ट्रियॉ विकसित की जाए।

3. राज्य को चाहिए कि भूमि व भूमि से सम्बंधित उपकरण,ऋण की सुविधा एवं खाद बीज की सुविधाऍ उपलब्ध कराए।

4. ग्रामीण अंचलो में सहयोग एवं सद्भावना का माहौल तैयार करना चाहिए।

5. मूलभूत सुविधाओ की पूर्ति करते हुए योजना बनाते समय ग्रामीणों और उनकी समस्याओ को केन्द्र बिन्दु मानकर बनाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चौहान आर.एस. (1989) 'पंचायती राज सत्ता विकेन्द्रिकरण का माध्यम' रघुनाथ प्रिटिंग, आगरा।
2. अवधप्रसाद (1988) 'गॉवो मे सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तन ' रावत पब्लिकेशन, जयपुर।
3. श्री शरण (1995) 'पंचायती राज और लोकतंत्र' पाण्डूलिपी प्रकाशन कृष्णा नगर नई दिल्ली ।

* अतिथि विद्वान (राजनीति शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बरघाट जिला – सिवनी (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (राजनीति शास्त्र) स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय, लखनादौन, जिला – सिवनी (म.प्र.) भारत

लोकतंत्र के विकास में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका

डॉ. रजनी दुबे *

प्रस्तावना – लोकतंत्र का विचार हजारों वर्ष पुराना है। भारत में वैदिक सभ्यता के आदिकाल में ऋगवेद की रचना के समय अर्थात आज से कम से कम 5000 वर्ष पूर्व लोकतांत्रिक शासन की सुदृढ़ नींव पड़ चुकी थी और लोकतांत्रिक इकाईयों के अन्तर्गत राजा भी आता था जिसे राज्यारोहण के समय जनहित की सिद्धि की शपथ लेनी पड़ती थी उसके काम में मदद देने के लिये सभा या समिति होती थी। मौर्य, गुप्त और हर्षकाल में ग्राम सभाओं व पंचायतों का विकास हुआ जिन्हें ग्रामीण व्यवस्था का सम्पूर्ण दायित्व सौंपा गया। लोकतंत्र का जो रूप यूनान के नगर राज्यों में मिलता है उनमें उन्हें पूर्ण स्वायत्तता प्राप्त थी। अरस्तू ने इन्हीं नगर राज्यों में प्रचलित लोकतंत्र की वकालत की। लोकतंत्र की मौलिक मान्यताओं की रक्षा के लिये चुनाव प्रणाली का विस्तार शासन का बहुमत के प्रति उत्तरदायी होना, निश्चित समय पर चुनाव होना और स्थानीय स्वशासन जैसी व्यवस्थाओं की भूमिका परिलक्षित होने लगी।

सत्तर के दशक के बाद देश की राजनीति में गैर सरकारी संगठनों की प्रासंगिकता बढ़ी है। देश की राजनीति में दो शब्द केन्द्रीय भूमिका में आ गये हैं, पहला है सिविल सोसायटी और दूसरा गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) हालांकि दोनों ही शब्द एक ही विचारधारा की ओर ले जाते हैं, इसलिये कहा जा रहा है कि भारतीय राजनीति का एनजीओकरण हो रहा है। एक आंकड़े के अनुसार इस समय देश में तकरीबन 85 ऐसे एनजीओ सक्रिय हैं जो राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं या कह सकते हैं कि देश के राजनीतिक माहौल में एक तरह से दबाव समूह की भूमिका में है।

पिछले दो दशकों में भारत में तेजी से गैर सरकारी संगठन यानी एनजीओ का फैलाव हुआ। पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रमिकों के हित महिला या बाल कल्याण ऐसे तमाम क्षेत्रों में एनजीओ ने काम करना प्रारंभ किया और उसके काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। जनहित के व्यापक दायित्व, जिन्हें पूरा करना प्राथमिक रूप से सरकार की जिम्मेदारी है, उसे एनजीओ ने सांझा करना प्रारम्भ किया। कही झुग्गी झोपड़ी या जगह-जगह घूमकर काम करने मजदूरों के बच्चों को शिक्षित किया, कहीं स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराई। बेसहारा और जरूरतमंद महिलाओं को उनके पैरों पर खड़े होने में मदद की, अनाथ या विकलांग बच्चों के लिये आश्रमघर बनाये। कई शालाओं में मध्याहन भोजन की व्यवस्था किसी एनजीओं ने कराई तो कई जगह बच्चों के टीकाकरण का जिम्मा एनजीओ ने उठाया। कहीं नदियों को बचाने की मुहिम छेड़ी तो कहीं जंगल काटने का विरोध किया। एड्स और कैंसर जैसी घातक बीमारियों के निदान इलाज व रोकथाम के लिये भी एनजीओ काफी सक्रिय रहे। दंगे, प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी आपात स्थिति में भी एनजीओ सक्रिय भूमिका निभाते देखे गये।

देश में गठित छोटे बड़े एनजीओ के अलावा कई विदेशी एनजीओ भी भारत में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कार्यरत है। कई एनजीओ विदेशों से वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं, कुछ बड़े औद्योगिक घरानों की मदद से संचालित होते हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में डिग्री हासिल कर किसी गैर सरकारी संगठन के जरिये अपना भविष्य बनाने वाले युवाओं की लम्बी कतार देश में हो गई है। बहुत से उच्च शिक्षित लोगों ने बड़े पद या नौकरियां छोड़ कर एनजीओं के माध्यम से समाजसेवा का बीड़ा उठाया। देश के गरीब पिछड़े, सुविधाहीन शोषित तबके के बड़े हिस्से को एनजीओ के कारण काफी राहत पहुंची है।

महात्मा गांधी ने ग्रामीण विकास में स्वयंसेवी प्रयासों की भूमिका को यह कहकर प्रोत्साहित करने का प्रयास किया था कि 'राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक दायित्व भी आवश्यक हैं।' हम भले ही राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल कर चुके हों, लेकिन विडम्बना ही कहा जायेगा कि परोपकार का जो काम कभी भारतीय समाज में नैतिक जिम्मेदारी समझ कर किया जाता था आज वह संगठित जरूर है लेकिन कई किस्म की विकृतियां उसमें घर कर गई हैं। अब इसमें सुधार की जरूरत महसूस की जा रही है।

देश भर में 400 लोगों पर एक एनजीओ है। एक सरकारी अध्ययन की रिर्पोट को आधार बनाकर प्रकाशित इस खबर के मुताबिक 2009 तक भारत में ऐसे संगठनों की संख्या 33 लाख तक बताई गई है इस रिर्पोट के अनुसार स्वैच्छिक संगठनों को 40 हजार करोड़ से 80 हजार करोड़ का अनुदान मिल रहा है। ग्यारवीं पंचवर्षीय योजना में 18 हजार करोड़ रूपये का अनुदान सामाजिक क्षेत्र के लिये घोषित किया गया था जबकि 2007-8 में स्वैच्छिक संगठनों को मिली विदेशी अनुदान राशि 9,700 करोड़ रूपये बताई जा रही है।

भारत में गैरसरकारी संगठनों के रजिस्ट्रेशन के लिये बने कानूनों में सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट-1860, इंडियन ट्रस्ट एक्ट-1882 पब्लिक ट्रस्ट एक्ट-1950, इंडियन कंपनीज एक्ट-1956 (धारा-25) रिलीजियस एण्डोमेंट एक्ट-1863, चेरीटेबल एण्ड रिलीजियस ट्रस्ट एक्ट-1920, मुस्लिम वक्फ (एकटेंशन ऑफ लिमिटेशन एक्ट) एक्ट-1959 शामिल हैं।

1970 और 80 के दशक में स्वयंसेवी संगठनों को विकास कार्यों में राज्य के सहयोगी के तौर पर मान्यता मिलने लगी। जमीनी स्तर पर विकास कार्य, एडवोकेसी और विभिन्न स्तरों पर वंचितों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने में इन संगठनों की महती भूमिका रही है।

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विभाग) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

वर्तमान में गैर सरकारी संगठनों के गठन से लेकर उनकी गतिविधियों एवं फंडिग पर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे है। लेकिन इन संगठनों से संबंधित अधिकारिक डाटबेस तैयार करने की अभी कोई पहल नहीं हुई है और न ही उनकी गतिविधियों और फंडिग से जुड़े मामलों में पारदर्शिता कायम रखने के लिये कोई प्रयास किया गया है।

कुछ गैर सरकारी संगठनों ने स्वैच्छिक जगत की संस्थाओं के कामकाज में पारदर्शिता की स्थापना के लिये प्रयास भी किये हैं। 'वाणी' ने इन संगठनों की पारदर्शिता को लेकर कुछ मापदण्ड तय किये हैं, जिसे 'क्रेडिबिल्टी अलायंस' द्वारा क्रियान्वित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ समय पहले 'सीएसओ पार्टनर्स' ने भी कामकाज में पारदर्शिता बरतने वाली कई संस्थाओं को पुरस्कृत किया था।

2007 में स्वैच्छिक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई गई। 1990 के बाद 'कपार्ट' को विकेन्द्रीकृत किया जाने लगा, जिससे कि गैर सरकारी संगठनों की उल्लिखित सेवाओं का लाभ वंचितों एवं गरीबों तक अधिक मात्रा में पहुँचाया जा सके।

राजनीति और सरकारों का एनजीओकरण क्या देश को किसी कलचरल कोल्डवार की ओर ले जा रहा है, वास्तव में यहाँ पर उद्देश्य गैर सरकारी संगठनों की महत्ता उनके काम या उनके होने पर सवाल खड़ा करना नहीं है, सिर्फ और सिर्फ उस खतरे से आगाह करना है जो दान के नाम देश के भीतर पैदा किया जा सकता है, अब यह चिंता इसलिये और भी बढ़ जाती है, क्योंकि इन्हीं रास्तों पर चलकर सरकारों व राजनीति का एनजीओकरण हो रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वतंत्र भारत के पचास वर्ष - भालचंद गोस्वामी
2. एगुएस.पी. और Nsmfst-ईरानी. एम (1992), कृषि विकास में गैर सरकारी संगठन राज्य संबंधों में संपूरकताओं और तनाव :AGRARIA (चिली) के प्रक्षेपवक्र.
3. Ayers. ए जे (1992) विरोध या पूरक? , ओवरसीज डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट : सैन जूलियन और बर्लिन, पूर्वी बोलीविया कृषि अनुसंधान और विस्तार नेटवर्क पेपर नंबर 37 लंदन के उपनिवेशन क्षेत्र में राज्य और गैर सरकारी संगठनों
4. Bebbigtom, ए. और Thiele. जी (सं.). (1993) गैर सरकारी संगठनों और लैटिन अमेरिका में राज्य :टिकाऊ कृषि विकास में भूमिका पुनर्विचार लंदन: रूटलेज
5. कैरोल, टी (1992) माध्यमिक गैर सरकारी संगठनों : जमीनी स्तर पर विकास में समर्थन कड़ी पश्चिम हार्टफोर्ड, सीटी Kumarian प्रेस
6. क्रॉमवेल, ई, और विगिंस, एस (1993) राज्य परे बुवाई: गैर सरकारी संगठनों और विकासशील देशों में बीज की आपूर्ति लंदन प्रवासी विकास संस्थान.

****

बैगा जनजाति में प्रचलित विवाह की पद्धतियाँ (म.प्र.के डिण्डौरी जिले के संदर्भ में)

डॉ. रश्मि दुबे *

शोध सारांश – विवाह एक सर्वव्यापी संस्था है। भारतीय समाज में इसका विशेष महत्व है। सांस्कृतिक विभिन्नता के कारण विभिन्न समाजों में इसके विभिन्न स्वरूप देखने को मिलते हैं। कुछ समाजों में विवाह का स्वरूप धार्मिक होता है, जबकि कुछ समाजों में विवाह को एक समझौते के रूप में देखा जाता है। इस प्रकार विवाह को हम उस सामाजिक संस्था के रूप में स्वीकार करते हैं जो एक पारिवारिक इकाई की स्थापना करती है। अन्य सभ्य समाजों की तरह जनजातीय समाज में भी विवाह का बहुत अधिक महत्व है। जनजातियों में विवाह को सामाजिक बंधन के रूप में स्वीकार किया जाता है।

प्रस्तावना – बैगा समाज में विवाह एक सामाजिक बंधन माना जाता है। समगोत्रीय विवाह वर्जित है। परन्तु अपनी ही जाति में विवाह करते हैं। जीवन साथी के चुनाव में प्रथम स्थान कन्या का एवं वर का, द्वितीय माता-पिता का एवं तृतीय (अंतिम) स्थान जातिगत पंचायत का होता है। विवाह निश्चित् करने की तीन प्रक्रिया बैगा समाज में मान्य है। प्रथम में लड़का-लड़की आपस में जीवन साथी का चयन कर लेते हैं तत्तश्चात् माता-पिता विवाह की शर्ते तय करते हैं। द्वितीय में लड़का-लड़की स्वयं जीवन साथी का चुनाव नहीं करते हैं, माता-पिता लड़की की पूर्ण सहमति से विवाह तय करते हैं। तृतीय में अभिभावक न होने पर तथा विवाह में विलंब होने पर जाति पंचायत द्वारा वैवाहिक संबंध निश्चित् किया जाता है, किन्तु तीनों ही स्थितियों में कन्या की इच्छा सर्वोपरि होती है। डिण्डौरी जिले के ग्रामों से बैगा जन-जति की वैवाहिक पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की गई जो इस प्रकार है।

बैगा जनजाति में विवाह की पद्धतियां-

चढ़ विवाह (मंगनी विवाह) – अध्ययन के दौरान अध्यायित ग्रामों में बैगाओं में प्रचलित विवाह पद्धतियों की जानकारी ग्राम के वयोवृद्ध बैगाओं से प्राप्त की गयी। लड़का व लड़के का पिता गांव के बुजुर्गो के साथ लड़की के घर दो बोतल शराब लेकर जाते हैं, जहां गांव के लोग आंगन में एकत्रित होते हैं। लड़के की सहमति संकेत पाकर लड़के का पिता कहता है- हमें प्यास लगी है और शराब की बोतल सामने रख देते हैं तब लड़की का पिता मंगनी का संकेत समझ कर दो बुजुर्ग स्त्रियों के साथ लड़की से विवाह के लिए पूछता है यदि लड़की कहती है- शराब मत पियो मैं कुछ नहीं जानती तो मंगनी का प्रस्ताव अस्वीकृत तथा उसके यह कहने पर मेरे से क्या पूछते हो शराब पियो प्रस्ताव स्वीकृत माना जाता हैं मंगनी प्रस्ताव स्वीकृत होने पर वर पक्ष के लोग शराब को धरती पर चढ़ाते हैं तथा ठाकुर देव, धरती माता, नागा बैगा, महारानी आदि देवी देवताओं का नाम लेकर कहते हैं- अब ते गवाह हस (अब तुम्ही इस कार्य की गवाह हो) वर का पिता दो-चार बोतल शराब और निकालकर सभी लोगों के साथ पीता-पिलाता है। इसी समय सगाई का दिन निश्चित् होता है- पन्दरवाही के मंगलवार को टीवा खांदा लेकरआओ यह घोषणा लड़की के पिता द्वारा की जाती है और भोजन करने के बाद लड़की वाले घर चले जाते हैं तथा गांव लौटकर कहते हैं कि पानी सुपारी हो गया अर्थात विवाह तय हो गया इसे मंगनी रस्म कहा जाता है। मंगनी की रस्म के दो सप्ताह पश्चात (15 दिन) सगाई की रस्म धूमधाम से सम्पन्न होती है। लड़के का पिता दस बीस लोगों के साथ (वर पक्ष के लोग) एक या दो पीपा शराब लेकर लड़की के यहां जाता है यह सगाई बारात कहलाती है। बारात आने पर पूरा बैगा समाज लड़की के आंगन में बैठकर मिलते हैं तथा दरवाजे के सामने लड़के वाले बिलमा गीत गाकर नृत्य करते हुए आनन्द व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर आठ बोतल शराब पंचबारात के लिए निकालकर मुकद्दम ग्राम के पंचों को पिलाता है तथा कन्या पंचों की धर्म कन्या घोषित की जाती है। अब कन्या की विवाह की व्यवस्था करना सभी की जिम्मेदारी होती है जिसे प्रतिष्ठा का विषय समझकर पूर्ण उत्साह एवं लगन से निभाया जाता है, यह प्रथम पंच बारात शराब कहलाती है। इसके उपरांत पुन: आठ बोतल शराब मुकद्दम द्वारा पंचों को पिलाई जाती है जिसे द्वितीय पंचबारात शराब कहते हैं। इस प्रकार सोलह बोतल शराब पी चुकने पर सगाई पक्की समझी जाती है। बैगा विवाह की रस्मे सोमवार से प्रारंभ होती है मंगलवार को माटी खनौनी (मांगरमाटी) होती है वर या कन्या को चावल के आटे का लेप लगाकर पिछौरा (वस्त्र) ओढ़ाकर, सुवासिन और ग्राम की स्त्रियां अपने साथ लेकर गांव के बाहर आती है। उक्त प्रक्रिया के बाद मड़वा गड़ौनी की रीति दोपहर को होती है। गांवके युवक गुनिया के साथ जंगल जाते हैं। गुनिया मंत्रोच्चार से चार वृक्षों (सरई, बांस, चार व आम) की पूजा करता है फिर वृक्षों को काटता है। आवश्यकतानुसार डालियां व खम्बे लेकर सभी घर आते हैं। उक्त चारों प्रकार की लकड़ी से मंडप बनाया जाता है।

मड़वा गड़ौनी के पश्चात हल्दी तेल चढ़ौनी का कार्यक्रम आरंभ होता है। मंडप के नीचे कलश के सामने वर या वधु को पत्तल पर बैठाकर पहले सुवासिन, नातिन व साली हल्दी तेल चढ़ाती हैं। मंगलवार को बारात तैयार होती है एक पीपा शराब पी जाती है। दूल्हे को सादे ढंग से सजाया जाता है, कमर में हल्दी से रंगा लंहगा, शरीर पर कमीज तथा काली जाकेट, सिर पर चाकदार पगड़ी यही दूल्हे की पोशाक होती है शेष बराती दैनिक वेशभूषा में रहते हैं। बारात यात्रा दूल्हे सहित पैदल तय की जाती है। बारात में स्त्रियां नहीं होती।

बारात आ जाने पर वर एवं वधु से पांच घर भिक्षा मंगाई जाती है। वर के साथी, वधु की सहेलियां व सुवासा-सुवासिन इनके साथ होते हैं। भिक्षा मांगकर वर-वधु बारात एवं सबंधियों सहित मैदान में एकत्रित होते हैं। यहां परघौनी का आकर्षक कार्यक्रम आरंभ होता है- एक खाट (चारपाई) बिछाकर, दो चारपाई को त्रिकोण रूप में खड़ा करके हाथी बनाया जाता है, जिसे कम्बल से ढांक देते हैं। सूपों से कान तथा घास से सूंड-पूंछ बनाते हैं, कन्या

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

पक्ष के लोगों को इस हाथी पर बैठाकर चार आदमी उठाकर मैदान का चक्कर लगाते हैं। इस बीच दुल्हन हाथी का सूंड पकड़कर रास्ता रोकती है जिसका उसे नेग मिलता है। नगाड़े, टिमकी की मधुर ध्वनि के मध्य परघोनी का तमाशा दर्शकों को मोह लेता है।

इसके पश्चात मुंदरी रस्म में वर कन्या की बंद मुट्ठी अपने प्रयास से खोलकर मुंदरी (अंगूठी) पहनाता है। इस समय महिलायें भिक्षा में लाये गये चावल इन पर फेंकती हैं। तत्पश्चात्, नवयुवतियां चोरी से लाया चावल परछन करने वाली महिलाओं के मुंह में डालती हैं जिसे वे थूक देती हैं। यह रस्म जूठभात कहलाती है। अब दूल्हा दुल्हन को घर लाकर भोजन करा कर गांठ जुड़ौनी होती हैं हल्दी चावल दो आना पैसा बांधकर गांठ जोड़कर दूल्हा-दुल्हन मंडप में लाये जाते हैं। तथा सजन के पांच फेरे लगवाकर भांवर की रस्म पूर्ण की जाती है। विवाह में वधु का पिता लड़की को बंधौनी (बछिया) दान करता है। लड़की को थाली, लोटा, कान की बालियां एवं तीन साड़िया क्रमश: लड़की-लड़के की मां एवं नानी के लिए माता-पिता द्वारा प्रदान की जाती है। वर के यहां पुरानी गांठ छोड़कर नये कपड़े से नयी गांठ जोड़ी जाती है। दुल्हा-दुल्हन की पांव पखराई होती है। बकरा काटा जाता है। दूल्हे की मां बहु-बेटे को गोद में उठाकर थाली, कलश लेकर तीन भांवरे फिराती है ओर घर के अन्दर वर-वधु को ले जाती है।

लमसेना विवाह – अपने लड़के का विवाह करने में असमर्थ पिता एक माई साड़ी, दो बोतल शराब तथा पंचों सहित लड़की के यहां आकर लड़के को लड़की वालों के यहां बिना मजदूरी सेवा कार्य हेतु छोड़ देता है। ऐसा युवक लमसेना घर दामाद कहलाता है जो तीन वर्षो तक ससुर के यहां कृषि, लकड़ी काटना तथा मेहनत मजदूरी आदि कार्य करता है। तीन वर्ष के पश्चात लड़का-लड़की से विवाह करने का हकदार बन जाता हैं। इस रस्म में विवाह खर्च लड़की वाला करता है। विवाह की सभी रस्में लड़की के यहां पूरी होती है। विवाह की रस्में चढ़ विवाह के समान ही होती है किन्तु विवाहोपरांत लड़की ससुराल न जाकर पिता के यहां रहती है। विवाह के बाद लड़की का पिता बेटी-दामाद के रहने के लिए अलग से व्यवस्था कर, जीवन निर्वाह हेतु, हैसियत के अनुसार एक-दो खेत तथा गृहस्थी का सामान दे देता है।

पैठूल विवाह – इस विवाह में अविवाहित लड़की अपने पिता की इच्छा के विरूद्ध अपने मन पसंद लड़के के यहां सभी सदस्यों की मौजूदगी में लड़के पर धुली हुई हल्दी डाल देती है व वहीं रह जाती है। लड़के वाले लड़की का संकेत समझ कर गांव के मुखिया, कोटवार, मुकद्दम, समरथ तथा दीवान आदि को बुलाते हैं। ये लोग लड़की को वापिस करने का प्रयत्न करते हैं। लड़की के वापिस न जाने पर पंचनामा (जांच) करके उसके घर से लाये आभूषणों को लौटा दिया जाता है। लड़की वालों को बुलाकर रात में लड़के के यहां ही विवाह की रस्में पूरी होती है।

पैठूल ब्याहता विवाह – इसे पुनर्विवाह भी कहा जाता है। जब कोई विवाहित स्त्री अपनेपति को छोड़कर किसी दूसरे व्यक्ति के यहां जाकर रहने लगती है तो इस पैठूल विवाह कहते हैं। स्त्री के घर आने की सूचना जैसे ही परिवार वालों को मिलती है वे पंचों को बुलाते हैं तथा स्त्री अपनी ससुराल से क्या वस्तुएं, आभूषण व वस्त्र लायी है इसकी जांच होती है। पंचों की उपस्थिति में घर का कोई लड़का भाग कर आयी स्त्री पर गरम पानी डालता है इस प्रकार स्त्री पवित्र हो जाती है तथा इस प्रक्रिया के बाद पंचों को शराब पिलाई जाती है।

चोर विवाह – इस विवाह में लड़का-लड़की अपने मन पसंद जीवन साथी के साथ भाग जाते हैं। लड़की की इच्छा बिना भगाकर लायी लड़की को वापस माता-पिता के पास भेज दिया जाता है यदि लड़की स्वेच्छा से आयी हो तो माता-पिता को सूचित किया जाता है और अन्हें बुलाकर शादी की तिथि निश्चित् करके विवाह कर दिया जाता है। विवाह की सभी रस्में परम्परानुसार ही होती हैं।

उठवा विवाह – बैगा जनजाति में उठवा विवाह काफी प्रचलित है। दोनों पक्षों से सगाई निश्चित् हो जाने पर लड़की वाला अपने रिश्तेदारों के साथ लड़के वालों के गांव आ जाता है। यहीं पूर्व रस्मों क अनुसार विवाह सम्पन्न होता है विवाह का खर्च लड़के वाले करते हैं। उपरोक्त विवाहों के साथ-साथ बैगा जनजाति में खड़ौनी विवाह (विधवा विवाह) एवं अविवाहित माता का विवाह भी होता है। खड़ौनी विवाह में पति की मृत्यु के उपरांत क्रियाकर्म सम्पन्न होने पर मृतक की विधवा का पुन:विवाह कर दिया जाता है। विवाह से पूर्व माता बन चुकी कन्या का सम्बन्धित लड़के से विवाह पंचायत द्वारा कराया जाता है। डिण्डौरी जिले के अध्ययित तीन ग्रामों में उपर्युक्त विधियों के आधार पर सम्पन्न हुए विवाहो का विवरण निम्न सारणी से दृष्टव्य।

सारणी (अगले पृष्ठ पर देखें)

सारणी से यह परिलक्षित होता है कि ग्राम चांड़ा में 64 विवाहित बैगा दम्पत्तियों में सर्वाधिक 31.25 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह चोर विवाह पद्धति द्वारा सम्पन्न हुआ है। 23.43 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह चढ़ विवाह पद्धति द्वारा हुआ है। क्रमश: 18.75 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह पैठूल विवाह पद्धति द्वारा 10.93 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह पैठूल ब्याहता (पुनर्विवाह) पद्धति द्वारा, 6.25 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह उठवा विवाह पद्धति के माध्यम से व सबसे कम 4.68 प्रतिशत विवाह लमसेना तथा अन्य विवाह (अविवाहित माता का विवाह, खड़ौनी विवाह) द्वारा सम्पन्न हुए।

सिधौली ग्राम में 62 विवाहित वैगा जोड़ों में से सर्वाधिक 32.25 प्रतिशत जोड़ों का विवाह चढ़ विवाह पद्धति द्वारा सम्पन्न हुआ। 29.09 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह चोर विवाह पद्धति द्वारा हुआ। क्रमश: 16.12 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह पैठूल विवाह द्वारा 4.83 प्रतिशत दम्पत्तियों के विवाह उठवा व अन्य पद्धतियों (अविवाहित माता का विवाह, खड़ौनी विवाह) द्वारा हुए हैं। इस ग्राम में सबसे कम 3.22 प्रतिशत दम्पत्तियों का विवाह लमसेना पद्धति द्वारा सम्पन्न हुए हैं।

ग्राम चन्द्रगढ़ में 58 विवाहित बैगा दम्पत्तियों में सर्वाधिक 39.65 प्रतिशत बैगा दम्पत्तियों के विवाह चढ़ विवाह पद्धति द्वारा हुए हैं। 17.24 प्रतिशत दम्पत्तियों ने चोर विवाह पद्धति द्वारा विवाह किए हैं। क्रमश: 15.51 प्रतिशत के पैठूल विवाह व लमसेना पद्धति द्वारा विवाह हुए हैं 6.89 प्रतिशत बैगा दम्पतित्यों के विवाह पैठूल ब्याहता पद्धति सम्पन्न हुए हैं। इस ग्राम में सबसे कम 3.44 प्रतिशत बैगा दम्पत्तियों के विवाह उठवा व अन्य विवाह (अविवाहित माता का विवाह, खड़ौनी विवाह) पद्धति द्वारा हुए हैं।

उपरोक्त विवरण से यह परिलक्षित होता है कि चांड़ा ग्राम में चोर विवाह पद्धति द्वारा सर्वाधिक (31.25 प्रतिशत) विवाह हुए, जबकि सिधौली एवं चन्द्रागढ़ ग्राम में चढ़ विवाह पद्धति से सर्वाधिक (32.25 एवं 39.65 प्रतिशत) विवाह सम्पन्न हुए। बैगाओं में प्रचलित अनेक वैवाहिक पद्धतियों के कारण यह सुनिश्चित् रूप से नहीं कहा जा सकता कि वास्तविक सामाजिक मान्य प्राप्त स्वीकृत या अस्वीकृत पद्धति कौन सी है। पद्धतियों के विवरण से जो बात स्पष्ट होती है वह है नाते/रिश्तेदारों, समाज के विषेषाधिकार प्राप्त सदस्यों को शराब एवं भोजन की दावत देकर स्त्री-पुरूष के मध्य यौन संबंधो की स्वीकृति प्राप्त कर लेना। इनके विवाह को धार्मिक संस्कार नहीं माना जा सकता। विवाह विच्छेद अभी भी पाया जाता है। पुनर्विवाह भी

होता है। बैगाओं में बहुपत्नी रखने की भी प्रथा है। अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि हिन्दु सभ्य संस्कृतियों के प्रभाव से बैगाओं के विवाह के बाह्य स्वरूप में परिवर्तन आया है परन्तु उनकी वैवाहिक पद्धतियों के आन्तरिक स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अवध, बिहारी लाल, बैगा ट्राइब्स ऑफ इण्डिया आदिम जाति सेवक संघ, नई दिल्ली 1950
2. अटल योगेश, आदिवासी भारत, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1965,
3. एल्विन, व्ही., द बैगाज, ज्ञान प्रकाशन नई दिल्ली 1986.
4. एनानमस, द गोंड एण्ड बैगा ऑफ द इस्टर्न सतपुरा, कमहिल मैगजीन, वाल्यूम 26, 1872 : 595-609
5. कालिया एस.एल., संस्कृताइजेशन एण्ड ट्राइबलाइजेशन, बी.आई. आर. टी. छिंदवाड़ा 1959
6. गिलिन व गिलिन, कल्चरल सोशयोलाजी, द मेकमिलन कंपनी, न्यूयार्क 1950-54
7. टायलर, ई.बी., प्रिमिटिव कल्चर, हार्पर आर्च बुक्स, न्यूयार्क 1913
8. तिवारी, शिवकुमार, मध्यप्रदेश के आदिवासी, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल 1984
9. त्रिपाठी, रमेशचन्द्र, बैगाजनजाति एक सामाजिक अध्ययन, आदिम जाति अनुसंधान संस्थान, भोपाल 1985
10. दुबे, श्यामाचरण, मानव और संस्कृति राधाकमल प्रकाशन दिल्ली, 1969, 1982
11. बोस, एन.के., ट्राइबल लाइफ इन इंडिया, नेशनल बुक इन्स्टीट्यूट नई दिल्ली 1971
12. एल.पी. विद्यार्थी, द ट्राइबल कल्चर आफ इंडिया, कान्सेप्ट पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली एव राय बर्मन बी.के 1976
13. शर्मा, जीव लोचन, जनजातीय जीवन और संस्कृति, किताब घर आचार्य नगर, कानपुर 1971

सारणी

अध्यायित ग्रामों में विवाहित बैगाओं की वैवाहिक पद्धतियां

क्र.	ग्राम	विवाहित दम्पत्ति	प्रचलित वैवाहित पद्धतियां							
			चढ़ विवाह	लमसेना विवाह	पैठूल विवाह	पैठूल व्याहता विवाह	चोर विवाह	उठवा विवाह	अन्य विवाह	योग
1.	चांड़ा	64	15 (23.43)	3 (4.68)	12 (18.75)	7 (10.93)	20 (31.25)	4 (6.25)	3 (4.68)	64
2.	सिधौली	62	20 (32.25)	2 (3.22)	10 (16.12)	6 (9.67)	18 (29.09)	3 (4.83)	3 (4.43)	62
3.	चन्द्रागढ़	58	23 (39.65)	9 (15.51)	9 (15.51)	4 (6.89)	10 (17.24)	2 (3.44)	2 (3.44)	58

****

पर्यावरण प्रदूषण एवं समाज का अस्तित्व

डॉ. संजय खरे *

प्रस्तावना – ईश्वर ने सर्वप्रथम सृष्टि की रचना की, प्रकृति को इस प्रकार सजाया संवारा कि मनुष्य के पैदा होने से पूर्व उसके लिये जीवनदायी उपहार पर्याप्त मात्रा में प्राकृतिक रूप से मौजूद रहे। प्रकृति द्वारा प्रदत्त अनमोल उपहारों में हमें पेड़-पौधे, नदियाँ, पर्वत, सुरम्य झीले और अपना भरण पोषण करने के लिय असीमित उपजाऊ भूमि प्रदान की गई। हमारे निर्माणकर्त्ताओं ने हमारे लिये सभी सुविधाओं के इंतजाम हमारे जन्म से पूर्व ही कर दिये थे ताकि हमें पेड़-पौधों से शुद्ध हवा प्राप्त हो सके, नदियाँ हमें अमृत तुल्य जल पिला सके, पर्वत हमारी रक्षा में प्रहरी की तरह तैनात रहें, झीलों की सैर हमें परम आनंद दे सके। प्रकृति द्वारा प्रदत्त इन अनमोल उपहारों का संयोजन शुद्ध और स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण करता है। लेकिन संसाधनों के उपयोग को लेकर बढ़ता असंतुलन ही पर्यावरण के संकट के रूप में उभर रहा है।

जो पर्यावरण हमें सदियों पहले सुकून भरी जिंदगी दे रहा था उसे हमने अपने स्वार्थ की वजह से दूषित पर्यावरण में परिवर्तित कर डाला है। अपने स्वार्थों के कारण हमने न केवल नदियों के प्रवाह के साथ छेड़छाड़ की अपितु कृषि योग्य भूमि पर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर भरण-पोषण का स्रोत बर्बाद कर दिया और यदि इन सब के लिये मानव वर्ग उत्तरदायी हो तो इसमें कदापि संशय नहीं है। कि हमने पर्यावरण को प्रदूषित करके मानवीय जीवन हेतु समस्यायों का अंबार स्वयं लगाया है।

पर्यावरण का महत्व – भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही प्रकृति और पर्यावरण को विशेष महत्व दिया गया है इतना ही नहीं वेदों में तो इसे ईश्वर के समान स्थान दिया गया है। परम्परागत जीवन पद्धति में यह व्यवस्था थी कि जितना हम प्रकृति से लेते थे उससे कहीं अधिक अपने श्रम से देने की कोशिश की जाती थी। ऋषि मुनियों द्वारा होम, यज्ञ आदि किये जाते थे, जिससे वातावरण के स्वच्छ होने के साथ वृक्षों के विकास और बढ़ोत्तरी के लिये भरपूर कार्बनडाई ऑक्साइड मिल सके।

'पर्यावरण मानव का चिर-सहचर रहा है' अन्य जीव जंतुओं की तरह मानव ने भी प्रकृति की गोद में पलकर ही ज्ञान-विज्ञान की यात्रायें की हैं। यदि वैदिक साहित्य का सूक्ष्म अध्ययन करें तो यह तथ्य स्पष्ट होता है कि जीवन समुदाय यदि अपना संरक्षण चाहता है तो उसे प्रकृति को संरक्षित करना होगा - 'रक्षायै प्रकृति पातु लोकः।'

ऋग्वेद के मंत्रों में ऐसे निश्चित संकेत हैं कि जब प्रकृति चक्र असंतुलित होता था तभी देवासुर संग्राम होते थे। पुराणों में ईश्वर के अवतारों के उद्देश्यों में यह भी निरूपित किया गया है कि प्रकृति चक्र को नियमित और संतुलित करने के लिये ही भगवान अवतार लेते हैं इस संदर्भ में श्रीकृष्णावतार के कुछ प्रसंग तो इतने जीवंत हैं कि वे समकालीन पर्यावरण की समस्याओं को भी रेखांकित करते हैं। श्रीकृष्ण ने यमुना जल में निवास करने वाले कालिया नाग का दमन इसलिए किया था, क्योंकि कालिया नाग ने यमुना के जल को अपने विष से दूषित कर दिया था। श्रीकृष्ण के लीला-चरित्र में गोवर्धन पूजा भी पर्यावरण से ही संबंधित है। मिथ्या और अहंकारी देवी-देवताओं की पूजा की अपेक्षा उस पर्वत की पूजा अधिक वांछनीय है जिससे मनुष्यों को आजीविका के साधन मिलते हैं, पशु-पक्षियों का पोषण होता है। इस तरह के और भी प्रसंग हो सकते हैं। इस सृष्टि में मनुष्य विधाता की निर्माण कला का सर्वात्कृष्ट नमूना है किंतु दुर्भाग्य है कि आज का मानव प्रकृति का दोहन अपने स्वार्थ के कारण करना चाहता है। आज प्रकृति प्रांगण में मानव द्वारा ध्वंस-लीला जारी है मनमाने ढंग से प्रकृति के प्रदूषण से निश्चित रूप से अवश्यंभावी विनाश के संकेत मिलते हैं।

समाज के अस्तित्व को खतरा – हाल ही के दशकों में जिस प्रकार तकनीकी परिवर्तन हुये हैं उसने भोग विलास की तमाम वस्तुओं को जन्म दिया है जो क्षणिक आनंद तो देती हैं लेकिन लंबे समय के लिये गले की फाँस बन जाती है। मौसम में हो रहा असंतुलन इस बात की गवाही देता है कि पर्यावरण पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पृथ्वी का रक्षा कवच कहे जाने वाले ओजोन परत में छेद हो चुका है। ओजोन ऑक्सीजन का शुद्ध रूप है जिसकी परत मात्र 8 किलोमीटर की है ओजोन परत का इसी प्रकार क्षय होता रहा और प्रदूषण का प्रभाव वायुमंडल पर पड़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब मानव कड़ी एवं ज्वलनशील धूप से तड़प-तड़प कर मरेगा। प्रदूषण के प्रकारों में भेद करना बड़ा मुश्किल है पर कुछ मुख्य प्रदूषण हैं - वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और रेडियोधर्मी वायु के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। प्रत्येक व्यक्ति 24 घंटे में 22 हजार बार साँस लेता है और 35 पौंड वायु अपने फेफड़ों में भरता है। वायु प्रदूषण मुख्यत: सल्फर डाइ आक्साईड, हाइड्रोकार्बन, कार्बन मोनो आक्साईड आदि के कारण होता है। ये कारक आग, धूल, कारखानों, वाहन, बिजली ताप घर, परमाणु संयंत्र, उर्वरक कीटनाशक, नाभिकीय विस्फोट से निकलते हैं और हवा के साथ मिलकर शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। वह रसायन हमारे शरीर की कार्य क्षमता को धीरे-धीरे प्रभावित कर नगण्य कर देते हैं वायु प्रदूषण के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों का जन्म होता है। इस प्रदूषण से व्यक्तियों को गंभीर श्वाँस, दमा आदि रोग उत्पन्न हो जाते हैं। वाहनों से निकलने वाली गैसों में 45% कार्बन मोनो आक्साईड की मात्रा होती है जो रक्त में घुलकर ऑक्सीजन की क्षमता कम कर देती है।

वायु प्रदूषण के प्रभाव के फलस्वरूप वर्षा का जल अम्लीय होकर गिरने लगता है इस अम्ल वर्षा के जमीन की मिट्टी में अम्लीयता बढ़ जाती है और उसकी उपजाऊ क्षमता घट जाती है। आज देश के अनेक शहर इस अम्लीय वर्षा से प्रभावित हैं। मथुरा में स्थित खनिज तेल रिफाइनरी के कारण वायुमंडल में बढ़ती नाइट्रस आक्साईड के कारण होने वाली तेजाबी वर्षा में

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय स्वशासी उत्कृष्टता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

आगरा के विश्व प्रसिद्ध ताजमहल के क्षय का खतरा पैदा हो गया है। वर्तमान समय में मानव की भोगविलासिता एवं स्वार्थी संस्कृति के अनुसंरण के कारण कई प्रदूषण समाज के सामने उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं।

अत: संपूर्ण समाज का यह दायित्व है कि पर्यावरण को अगर प्रदूषण से बचाना है तो सबसे पहले वृक्षों के संरक्षण पर बल देना होगा साथ ही प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को बंद करना होगा। एयर कंडीशनर जो गर्मी में आराम तो देता है लेकिन पर्यावरण को सबसे ज्यादा दूषित है। पर्यावरण संरक्षण के लिये कारगर रणनीति बनानी होगी लोगों में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ वन संरक्षण व प्रदूषण रोकने हेतु प्रभावी कानूनों का कड़ाई से पालन कर जीवन को सुरक्षित करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अवस्थी, एन.एम. एवं तिवारी आर.पी. : पर्यावरण भूगोल म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल 1995
2. पुरोहित, एस.एस. वृक्ष, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, एग्रो बोटेनिका, बीकानेर, 1999
3. गुर्जर, राजकुमार : पर्यावरणीय समस्यायें, पोइन्टर पब्लिशर्स आगरा, 2000
4. प्रसाद, शुकदेव : 'पर्यावरण और हम' प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 1998
5. खंडेला, मानचंद : 'पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक दायित्व' पोइन्टर पब्लिशर्स, जबलपुर, 2008
6. रचना : जनवरी 2005

****

महिला उत्पीड़न एवं मानवाधिकार

डॉ. सुमित्रा वर्मा *

प्रस्तावना – उत्पीड़न का संबंध शक्ति एवं सुविधा से होता है जो विजित द्वारा पराजित का, या स्वामी द्वारा दास का, या संपन्न द्वारा विपन्न का, पुरूष द्वारा नारी का किसी भी रूप में हो सकता है यह कितना निर्मम या उदार होगा यह विषय एवं परिस्थिति पर निर्भर है। जब बात महिला उत्पीड़न की हो तो 'हिन्दू स्त्री के लिये सती होना बहुत सरल है परुंतु अपनी मानवीय इच्छा को अभिव्यक्त करना बहुत कठिन है' जयशंकर प्रसाद का यह कथन है 'नारी तुम केवल श्रद्धा हो' उस संदर्भ मे ही सत्य एवं सम्मानजनक स्थान ग्रहण करता है, जहाँ नारी पुरूष शक्ति के अधीन नहीं है। जहाँ उसकी स्थिति अधीनस्थ की है वहाँ वह भोग्या, वस्तु, खंडित व्यक्तित्व, उपनिवेश का पर्याय है। पुरूष ने हमेशा स्त्री के लिये निर्णय लिए हैं अधीनस्थ एवं शोषित नारी की स्थिति शूद्र पुरूष से भी अधिक दलित है। दलित पुरूष को आरक्षण मिला हुआ है। वह अपने अधिकारों के प्रति सजग है। वह मार खाता है तो दूसरों को मारता भी है। नारी हिंसा को सहती है उसका विरोध नहीं कर सकती केवल रोती है, सहती है उस का न्यायिक बोध कम क्यों है ? अल्टेकर ने कहा है कि 'नारी के प्रति सम्मान की मात्रा को समाज की सभ्यता का एक मापदंड माना जाता था।' किंतु वैदिक कालीन नारी की यह स्थिति मध्य काल से लेकर पूर्व स्वतंत्रता काल तक अध: पतन की चरम सीमा को स्पर्श कर चुकी थी। आत्म पहचान एवं स्वतंत्रता के लिये संघर्ष का इतिहास ले देकर पचास वर्षो का ही है। महिला और उत्पीड़न का संबंध सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक रहा है अवांछित, ज्ञात, अज्ञात, प्रत्यक्ष, परोक्ष एवं अत्याचारी, आचरण की परिणति नारी उत्पीड़न में होती है। नारी द्वारा नारी का उत्पीड़न भी एक घिनौना सत्य है।

नारी उत्पीड़न का प्रथम पक्ष नारीत्व अर्थात जैवकीय पक्ष से संबंधित है जो छेड़छाड़, बलात्कार, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हत्यायें तथा मनोसामाजिक हिंसा आर्थिक भेदभाव के रूप में दिखाई देता है। उत्पीड़न का दूसरा पक्ष स्त्री सुलभ शारीरिक दुर्बलता–मारपीट, शारीरिक दण्ड, हत्या, मानसिक यातना आदि से संबंधित है। उत्पीड़न की केवल एक शर्त है विषय की उपस्थिति अर्थात प्रस्तुत प्रसंग में नारी का उपस्थित होना अत्याचारी किसी न किसी रूप में उत्पीड़ित महिलाओं के संबंधी या परिचित होते है। नशे की हालत में पीटनेवाले पतियों की संख्या से अधिक संख्या पूर्ण रूप से होशोहवास में बल प्रयोग करने वाले पतियों की होती है, विविध यौन अत्याचारों का शिकार अधिकाशंत: 20–30 वर्ष की महिलाएं होती हैं। सांस्कृतिक मूल्य प्रतिमान, लिंग गत भेदभाव एवं तथाकथित हिंसा को जन्म देते हैं। पितृ सत्तात्मकता, पुत्र श्रेष्ठता अक्षत योनि कौमार्य जौसे सांस्कृतिक मूल्य अन्तर्लिंगीय संबंधों का निर्धारण कर लिंगात्मक भेदभाव तथा हिंसा को आश्रय देते हैं। इन विषम परिस्थितियों में स्त्रियों के सम्मानजनक अस्तित्व हेतु मानव अधिकार प्रासंगिक है।

आदिम अवस्था से वर्तमान जटिल सामाजिक व्यवस्था का इतिहास प्रतिकूल परिस्थितियों से संघर्ष एवं मानव अधिकार चेतना का इतिहास है। सृष्टि के आरंभ से ही मानव अपने जीवन की मूल आवश्यकताओं, जीवन रक्षा, स्वतंत्रता के प्रति जागरूक रहा है। उसके अपने सर्वांगीण विकास हेतु अनुकूलनतम परिस्थतियों एवं प्राकृतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश की आवश्यकता होती है। मानव के सम्मानजनक अस्तित्व को बनाए रखने के लिए न्यूनतम अधिकारों की सार्वभौमिक स्वीकृति ही मानव अधिकारवादी अवधारणा है। मानव अधिकारों की अवधारणा मौलिक अधिकारों की अवधारणा से भिन्नता रखती है। मौलिक अधिकार लोकतंत्रीय व्यवस्था के आधार है। जबकि मानव अधिकार मानवजीवन के आधार है जो मानव को मानव होने के नाते प्राप्त होते है। मानव अधिकारों के संबंध में व्यवस्थित रूप से सोचने तथा उन्हें संगठित स्वरूप देने का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास 25 सितम्बर 1926 को दासता के विरूद्ध हुए विश्व सम्मेलन के रूप में सामने आया। लगभग 4 वर्ष बाद 28 जून 1930 को बलात श्रम पर सम्मेलन हुआ। 18 वर्ष के लंबे अंतराल के पश्चात् मानव अधिकारों की सुव्यस्थित घोषणा 10 दिसम्बर 1948 को की गई। इसमें प्रस्तावना सहित 30 अनुच्छेद हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई यह घोषणा मानव अधिकारों की विश्व घोषणा कहलाती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव अधिकार की स्वीकृति एवं संरक्षण के लिए राष्ट्र मंडल द्वारा किये गये उपाय संयुक्त संघ की स्थापना एवं मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा एवं नागरिक सामाजिक, आर्थिक अभिसमयों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रयत्न हुए है। मानव अधिकारों की अवधारणा देशकाल परिस्थितियों सामाजिक दृष्टिकोणों एवं प्रचलित मूल्यों के अनुसार परिवर्तनशील रही है। 1993 की मानव अधिकारों पर विएना में आयोजित विश्व सम्मेलन में महिलाओं तथा बालिकाओं के मानवअधिकारों की घोषणा करते हुए उन्हें अहस्तातंरणीय, अविभङ्गीय तथा समग्र स्वीकार किया गया है।

हमारे संविधान में इस बात को स्वीकार किया गया कि महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव एवं असमानता को दूर करके उन्हें अपने मानवीय अधिकारों के उपयोग हेतु व्यापक अवसर मिले। राज्य को यह अधिकार दिया गया है कि वह महिलाओं के शारीरिक, जैविक, आर्थिक एवं सामाजिक सामान्य स्थिति को ध्यान में रखकर आवश्यक कानून बनाये। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा हितों की रक्षा, उनके विरूद्ध होने वाले उत्पीड़न एवं शोषण को रोकने हेतु अनेक कठोर कानून बनाये हैं तथा विभिन्न कानूनों में आवश्यक संशोधन भी किये है। यद्यपि उक्त वैधानिक कदमों से महिलाओं के ऊपर होते अत्याचारों एव शोषण में कमी तो आई है। लेकिन समाज में अभी तक महिलाओं को सम्मानजनक एवं समानता की स्थिति देने की मानसिकता न होने के कारण उनकी रक्षा एवं विकास हेतु तमाम कानूनों के बाद भी महिला भेदभाव यौन प्रताड़ना अत्याचार के मामलें सामने आते है। जहाँ घरेलू महिलाओं को उनके परिवार में चाहे वह मायका हो या ससुराल, विभिन्न कारणों से शारीरिक मानसिक अत्याचार, शोषण सहन करना पड़ता है। उन्हें परिवार के पुरूष सदस्यों के समकक्ष आर्थिक सामाजिक शैक्षणिक अधिकारों से वंचित रखा जाता है। वहीं कामकाजी स्त्रियों को अपने कार्यस्थल में पुरूष सहकर्मियों के अपमानजनक व्यवहार तथा यौन प्रताड़ना तक का सामना करना पड़ता है जिसे वे विवश्ता एवं बदनामी के डर से चुपचाप सहन

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, ढ़ाना, जिला – सागर (म.प्र.) भारत

करती हे। इस प्रकार वे दोहरी प्रताड़ना का शिकार होती है।

उक्त दिशा में भारत की न्यायपालिका ने उक्त दायित्व का निर्वाहन अच्छी तरह किया है। अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ, महिलाओं के विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं के विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं के शुचिता एवं उनके अधिकार एवं उनकी निजता के बारे में नई व्याख्या भी की है।

महिलाओं की निजता एवं यौन प्रताड़ना के विरूद्ध अधिकार के संबंध में आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय में ही 'सरिता विरूद्ध वेकंट सुब्रहानियम' के प्रकरण में (ए.आई.आर.1983 ए.पी. 356) यह निर्णित था कि धारा 9 हिंदू विवाह नियम जिसके द्धारा कोई भी व्यक्ति न्यायालय में आवेदन देकर अपने पति या पत्नि के विरूद्ध वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना की 'डिक्री' दिए जाने की प्रार्थना कर सकता है, संविधान के अनुच्छेद 21 की भावना के विरूद्ध है। क्योंकि किसी भी व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरूद्ध किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने के लिए विवश नहीं किया जा सकता अत: ऐसा कोई भी आदेश संविधान के अनुच्छेद 21 में दिए गए 'जीवन के अधिकार के खिलाफ है'। 'महाराष्ट्र सरकार विरूद्ध मधुकर नारायन' (ए.आई.आर. 1991 सुप्रीम 207) में यह घोषित किया गया है कि चारित्रिक रूप से पतित महिला को भी अपनी निजता की सुरक्षा का अधिकार है तथा किसी भी व्यक्ति को यह अधिकार नहीं कि वह अपनी मर्जी से महिला की निजता को भंग करे। इसी प्रकार नीरा विरूद्ध एम.आई.सी. (1992 ए.आई.आर. सुप्रीम कोर्ट) में जीवन बीमा कार्पोरेशन को यह निर्देशित किया गया कि वह महिला कर्मचारियों की भर्ती के फार्म में इस तरह के प्रश्न हटा दें जो कि उनकी निजता को भंग करते हैं एवं उनकी शारीरिक एवं जैविक स्थितियों से संबंधित हैं। जो महिलाओं के लिये लज्जाजनक हो। इसी प्रकार एयर इंडिया की परिचारिकाओं की भर्ती के पूर्व उनकी यौन परीक्षा को भी महिलाओं की निजता का उल्लंघन माना है एवं अवैध घोषित किया है। पंजाब राज्य विरूद्ध गुरमीत सिंह ने (ए.आई.आर. 1996 सुप्रीम कोर्ट 1393) में यह निर्णीत किया गया कि बलात्कार का अपराध न केवल पीड़ित महिला की निजता एवं व्यक्तिगत पवित्रता को भंग करता है। बल्कि वह शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से गंभीर प्रभाव डालता है। तथा ऐसा कृत्य हत्या से भी जघन्य अपराध है क्योंकि वह एक असहाय महिला की आत्मा की हत्या उसके जीते जी कर देता है। आर्थिक शक्ति के अधिकार के अंतर्गत – (ए.आई.आर. 1996 सुप्रीम कोर्ट 1697) ने यह निर्णीत कि या है कि महिलाएं आबादी का आधा हिस्सा होती हैं वे काम के कुल अवधि का 2/3 अवधि कार्य करती है लेकिन वे विश्व की कुल आय का मात्र दसवां हिस्सा प्राप्त करती हैं। और उनका पूरी विश्व की संपत्ति में सौंवे से भी कम हिस्सा है। स्त्रियों के शारीरिक श्रम की कोई मान्यता नहीं है न ही इन्हें इस श्रम के कारण कोई आर्थिक अधिकार प्राप्त होते हैं । यहाँ तक कि कामकाजी महिलाएं भी आर्थिक रूप से अपने पिता या पति से स्वतंत्र नहीं है। महिला संरक्षण ग्रहों की स्थिति के सुधार में ए.आई.आर. 1983 सुप्रीम कोर्ट 378 (शीला विरूद्ध महाराष्ट्र राज्य) के प्रकरण में जेल तथा पुलिस थानों में बंद महिलाओं को केवल बंदीगृह में महिला पुलिस कर्मियों की अभिरक्षा मे रखा जाये तथा उनसे कोई भी पूछताछ केवल महिला कर्मी द्धारा की जाये।

आज समाज की नारियों में दो वर्ग स्पष्ट रूप से दिखाई देते हें शिक्षित महिलाएं एवं गृहणियाँ। शिक्षित महिलाओं को कदम-कदम पर अपमानित होना पड़ता है उनके तेजस्वी ज्ञान एवं व्यक्तित्व को नकारकर केवल उनमें एक 'एक मादा' को देखना। यह टकराव गांव के पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं से लेकर उच्च वर्ग तक व्याप्त है, अब सवाल उठता है कि जो शिक्षा नारी को समर्थ बनाने के लिए दी जाती है वह दुर्बलता का कारण क्यों –

1. क्या नारियों का समकक्ष स्थान लेना पुरूष अहम् को कचोटता है, उसकी मानसिकता नारी को देवी का स्थान दे सकती है क्योंकि यह भी उसके अहं की संतुष्टी है लेकिन नारी उसके साथ बढ़-चढ़कर बोले उसे स्वीकार नहीं है। वह अहं दमन के स्थान पर ठेस के कारणों को नकारता है।
2. क्या पुरूष मनोवृत्ति नारी को उपभोग सामग्री से भिन्न देखने तैयार नहीं। संभवत: आई.ए.एस. जैसे उच्च पदासीन महिलाओं को इस तरह की मानसिक प्रताड़ना से रूबरू होना पड़ा।
3. क्या पुरूष अहं इस बात से डरा है कि नारी की आंतरिक शक्ति जागृत हो गई तो वह दुर्दान्त रूप ले लेगी ? पुरूषों से आगे निकल जायेगी।
4. पुस्तकीय ज्ञान नारी की क्या वास्तविक मानसिक उपलब्धि है? पुस्तकीय ज्ञान के बावजूद नारी अपनी मानसिकता को तीव्र बनाने में असफल रहती है क्योंकि अधिकांशत: सरकारी दफ्तरों में कामकाजी महिलाएं उन मुद्दों पर बहस नहीं चाहती जो देश एवं समकालीन विषय से हो।
5. क्या नारी स्वयं को सुविधाजनक स्थिति में रखना चाहती है। जाने अनजाने पुरूष के अहं का समर्थन करती है। अनेक स्थानों पर महिलाएं स्वयं को पीछे कर लेती है। यद्यपि ऐसा है तो जब तक नारी की मानसिकता को ही नहीं बदला जाए ताक दूसरों पर दोषारोपण ठीक नहीं।

उपर्युक्त प्रयास ऊँट के मुँह में जीरे के समान है महिलाओं को उनके बुनियादी मानवीय अधिकार तथा सम्मानजनक एवं समानता युक्त जीवन तब तक नहीं मिल सकता जब तक कि हमारे समाज की मानसिकता में परिवर्तन न हो समान कानून बनाने के लिए कितने आंदोलन हुए। परंतु प्रश्न है कि इसे लागू कैसे किया जाए? स्त्रियो संबंधी दोहरे मानदंडों में असमानता एवं शोषण की दरार उनके घर में विद्यमान है। पुरूष सत्ता इस असमानता को दूर करने में संशय युक्त है। परम्परा और संस्कृति में स्त्री की सेक्स और मातृत्व ये दो ही भूमिका निर्धारित की है। स्त्री के दमन को जिस निर्ममता से भारत में तामझाम भरे धार्मिक उत्सव का रूप दिया गया, सभवत: दुनिया के किसी समाज में ऐसा नहीं हुआ। वह बार बार देवी बताई गई, पर उसकी जिंदगी बंधुआ मजदूर की ही रही है।

स्त्री की स्वतंत्र पहचान, स्वतंत्र जीवन शैली, स्त्री संस्कृति रूपों के सृजन एवं गैर पुरूष संदर्भो की सृष्टि हेतु पहली शर्त है कि स्त्री स्वंय को अलग रूप में देखें। पुरूष से अपनी भिन्नता को पहचाने। माँ, बहिन, पत्नि से पहले वह स्त्री है और इंसान है। इसकी सचेत पहचान जब तक स्त्री को नहीं होगी वह पुरुषवादी सत्ता की दासी बनी रहेगी। काई स्त्री जन्मजात स्त्री नहीं होती वह तो सामाजिक निर्मिती होती है। एवं पुरूष दो विरोधी तत्व न बने बल्कि एक दूसरे के पूरक हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ए.एस.अल्टेकर, पोजीशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन।
2. नारी, एत्पीड़न : एक समानशास्त्रीय विश्लेषण, प्रो. आभा अवस्थी, लखनऊ विश्वविद्यालय, सामाजिक विकल्प।
3. मानवाधिकार : संरक्षण एवं जागरूकता, स्मारिका 31 दिसम्बर 2003
4. घरेलू हिंसा : राष्टीय संगोष्ठी, 2006
5. गार्गी मैत्रेयी के बहाने, डॉ. रति सक्सेना, पेज नं. 6 रचना।
6. महिलाओं के मानवीय अधिकार एवं न्यायपालिका, मधुकर ललोरया (श्रीवास्तव), अरविंद श्रीवास्तव पेज नं. 44।
7. स्त्री साहित्य का इतिहास, जगदीश्वर चतुर्वेदी, पेज नं. 12।
8. Human Rights And Victimology - V.V. Devasia, Leelamma Devasia. page No. 25

महिला कानून एवं अधिकार

डॉ. उमा लवानिया *

शोध सारांश – सत्ता एवं अधिकारों का संघर्ष उतना ही पुराना है जितनी मानवीय सभ्यता। यह संघर्ष तब और अधिक बढ़ा जब मनुष्य ने व्यक्तिगत जीवन व समाज की नींव रखी। एक सामाजिक प्राणी के रूप में मानवीय विकास के लिऐ यह आवश्यक था कि जहाँ एक ओर वह अपने अधिकारों की माँग करें वहीं दूसरी ओर वह अन्य मनुष्यों के उन्हीं अधिकारों का सम्मान भी करे। भारतीय संविधान में लिंग समानता को स्त्रियों के अधिकार की आधारशिला माना गया है। इस आधार पर उनको न केवल पुरूषों के समान मतदान का अधिकार दिया गया बल्कि अन्य क्षेत्रों जैसे – शिक्षा, व्यवसाय, उत्तराधिकार व्यापार तथा वैवाहिक जीवन में भी समान अधिकारों का प्रावधान किया गया है। हिन्दू संस्कृति में पत्नि को अर्द्धांगिंनी का प्रावधान किया गया है। अर्द्धांगिंनी इस बात का द्योतक है कि अपने पति के जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से अधिकारी है।

प्रस्तावना – भारत के पुराने समाज सुधाकर राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, रानाडे आदि ने सती प्रथा, कन्या वध, पर्दाप्रथा, बाल विवाह प्रथा, वैध कर कन्याओं को शिक्षा दिलाने पर रोक आदि के विरोध में आंदोलन किया। उस समय के सुधारकों ने हिन्दू धर्म में छिपी हुई बुराइयों के विरूद्ध न केवल सुधार, संग्राम किये बल्कि तर्क युक्त एवं मान्यता के हित में प्राचीन साहित्य की पुनर्कल्पना भी की हैं मानव अधिकारी व्यक्तिव विकास, शोषण रहित समाज, आर्थिक समृद्धि और विश्वशांति के लिये अनिवार्य हैं महिलांए जो विश्व की आबादी का आधा हिस्सा हैं और जिनका समाज निर्माण में योगदान पुरूषों से किसी भी प्रकार कम नहीं है अटल बिहारी वाजपेयी जी की यह पंक्तियाँ भी पीड़िता नारी के अन्तर्गत में उठ रहे अन्तर्द्वन्द को उजागर करती है जब नारी सभी जगह से निराश हो जाए तो उसके लिऐ हमारा संविधान उसका रक्षक बन नारी के जीने का नया मार्ग प्रशस्त करता हैं संविधान भारत के अन्य नागरिकों के समान ही महिलाओं को भी सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय प्रदान करने की घोषणा करता है।

भारतीय संविधान एवं कानून महिलाओं की समस्याओं के प्रति पूर्णत: संवेदनशील है भारत सहित विश्व के कई देश 8 मार्च को विश्व के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में महिलाओं की समान भागीदारी और महिलाओं की प्रतिष्ठा स्थापित करने के स्वीकृत प्रयास दिवस के रूप में मनाते है। 8 मार्च 1998 को भारत की प्रथम महिला श्रीमती उषा नारायण ने महिला विकास विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते हुये आशा व्यक्त की, कि यदि महिलाओं को जानबूझ कर बेड़ियाँ नहीं पहनाई जाये और उनको दबाकर नहीं रखा जाये तो पिछले 50 वर्षो में राष्ट्र के निर्माण के बेहतर भागीदारी निभाने में पूर्ण सक्षम है।

सत्ता एवं अधिकारों का संघर्ष उतना ही पुराना है जितनी मानवीय सभ्यता। यह संघर्ष तब और अधिक बढ़ा जब मनुष्य ने व्यक्तिगत जीवन व समाज की नींव रखी। एक सामाजिक प्राणी के रूप में मानवीय विकास के लिऐ यह आवश्यक था कि जहाँ एक ओर वह अपने अधिकारों की माँग करें वहीं दूसरी ओर वह अन्य मनुष्यों के उन्हीं अधिकारों का सम्मान भी करे। भारतीय संविधान में लिंग समानता को स्त्रियों के अधिकार की आधारशिला माना गया है। इस आधार पर उनको न केवल पुरूषों के समान मतदान का अधिकार दिया गया बल्कि अन्य क्षेत्रों जैसे– शिक्षा, व्यवसाय, उत्तराधिकार व्यापार तथा वैवाहिक जीवन में भी समान अधिकारों का प्रावधान दिया गया है। हिन्दू संस्कृति में पत्नि को अर्द्धांगिंनी का प्रावधान किया गया है। अर्द्धांगिंनी इस बात का द्योतक है कि अपने पति के जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से अधिकारी है।

भारत के पुराने समाज सुधाकर राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, रानाडे आदि ने सती प्रथा, कन्या वध, पर्दाप्रथा, बाल विवाह प्रथा, वैध कर कन्याओं को शिक्षा दिलाने पर रोक आदि के विरोध में आंदोलन किया। उस समय के सुधारकों ने हिन्दू धर्म में छिपी हुई बुराइयों के विरूद्ध न केवल सुधार, संग्राम किये बल्कि तर्क युक्त एवं मान्यता के हित में प्राचीन साहित्य की पुनर्कल्पना भी की हैं मानव अधिकारी व्यक्तिव विकास, शोषण रहित समाज, आर्थिक समृद्धि और विश्वशांति के लिये अनिवार्य हैं महिलांए जो विश्व की आबादी का आधा हिस्सा हैं और जिनका समाज निर्माण में योगदान पुरूषों से किसी भी प्रकार कम नहीं है अटल बिहारी वाजपेयी जी की यह पंक्तियाँ भी पीड़िता नारी के अन्तर्गत में उठ रहे अन्तर्द्वन्द को उजागर करती है जब नारी सभी जगह से निराश हो जाए तो उसके लिऐ हमारा संविधान उसका रक्षक बन नारी के जीने का नया मार्ग प्रशस्त करता हैं संविधान भारत के अन्य नागरिकों के समान ही महिलाओं को भी सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय प्रदान करने की घोषणा करता है। देश का संविधान महिलाओं के लिये तीन तरीकों से लाभ पहुँचाने की विशिष्ट मंशा रखता है –

- संविधान महिलाओं और पुरूषों में लैंगिक भेदभाव मिटाने की मंशा रखता है।
- महिलाओं को पारम्परिक रूप से प्रताड़ित किया गया है तथा हीन समझा गया है। इस अन्याय को समाप्त करने के लिए संविधान सरकार को, महिलाओं के हित में विशेष प्रावधान बनाने की अनुमति देता है।
- संविधान निहित रूप से यह उम्मीद रखता हैं कि सरकार सभी कमजोर वर्गो, जिसमें महिलाँए शामिल हैं की स्थिति सुधारने के लिऐ विशेष प्रयत्न करेंगी।

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

मूल संविधान अधिकारों में समानता के अधिकार का महिलाओं के लिए विशेष महत्व हैं संविधान में महिलाओं के अधिकारों और प्रतिष्ठा को बनाये रखने के लिए धारा 14 व 15, धारा 51 (A) (e) धारा 21, धारा 32 एवं धारा 226के अंतर्गत प्रावधान किया गया है। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के अध्याय 14, धारा 354, 366, 373, 376 (एक्ट नं. 45 ऑफ 1860), धारा 125 (i) (a) में महिलाओं की देह, प्रतिष्ठा, गरिमा, सुरक्षा एवं परित्यक्ता पत्नि को पति से निर्वाह भत्ता प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है।

संवैधानिक अधिकर –

- **सम्पत्ति संबंधी अधिकार–** हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1961 स्त्रियों को संपत्ति में अधिकार पाने का प्रावधान देता है।
- **विवाह संबंधी अधिनियम –** विशेष विवाह अधिनियम 1954, पुरूषों को 21 वर्ष से अधिक व स्त्रियों को 18 वर्ष से अधिक की आयु में विवाह की अनुमति देता है।
- **जीवनसाथी का चुनाव–** विशेष विवाह अधिनियम 1954 में 18 वर्ष से अधिक की लड़की को जीवन साथी चुनने का अधिकार है।
- **बहु-विवाह –** हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 ने हिन्दूओं के लिए बहु विवाह अपराध घोषित किया है।
- **विवाह विच्छेद:–** विशेष विवाह अधिनियम 1954 एवं हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 विवाह विच्छेद वा न्यायिक पृथकता की अनुमति देता है। जिसमें अब संशोधन हुआ है। 1976 से विवाह विच्छेद की अनुमति जीवन साथी की सहमति के आधार पर दी जाती है।
- **विधवा पुनर्विवाह–** ईश्वरचन्द्र विद्यासागर के प्रयत्नों के फलस्वरूप 1856 में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित हुआ।
- **दहेज निरोधक अधिनियम:–** दहेज निरोधक अधिनियम 1961 में दहेज लेना वा देना दोनों ही अपराध बताया गया।
- **भरण-पोषण अधिनियम:–** 1956 के अनुसार हिन्दू पत्नि व उसके बच्चों के भरण पोषण के उत्तराधिकार पति पर है।
- **कामकाजी महिलाओं के अधिकार:–** कामकाजी महिलाओं के अधिकारों के संबंध में भारत के संविधान में नीति निदेशक तत्वों में विशेष उपबंध किए गए है। संविधान में अनुच्छेद 39 में समान कार्य के लिए समान वेतन देने की बात संकल्प के रूप में दोहराई गई है। जिसे प्राप्त करने के लिए तथा महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कानून में विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं के अधिकार सम्मिलित किए गए है–
  - मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961
  - न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948
  - मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1948
  - कारखाना अधिनियम,
  - नियोजित राज्य बीमा अधिनियम,
  - कार्मिक अधिनियम, 1951
  - संविदा कर्मकार अधिनियम,1970
  - बंधुआ श्रमिक व्यवस्था(उन्मूलन) अधिनियम, 1976
  - अन्तर्राज्जीय प्रवहन कर्मकार अधिनियम, 1971
  - बाल कर्मकार अधिनियम, 1986

भारतीय संविधान एवं कानून महिलाओं की समस्याओं के प्रति पूर्णत: संवेदनशील है भारत सहित विश्व के कई देश 8 मार्च को विश्व के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में महिलाओं की समान भागीदारी और महिलाओं की प्रतिष्ठा स्थापित करने के स्वीकृत प्रयास दिवस के रूप में मनाते है। 8 मार्च 1998 को भारत की प्रथम महिला श्रीमति उषा नारायण ने महिला विकास विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते हुये आशा व्यक्त की, कि यदि महिलाओं को जानबूझ कर बेड़ियाँ नहीं पहनाई जाये और उनको दबाकर नहीं रखा जाये तो पिछले 50 वर्षो में राष्ट्र के निर्माण के बेहतर भागीदारी निभाने में पूर्ण सक्षम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत में मानव अधिकार, अरूण चतुर्वेदी, संजय लोढ़ा
2. महिला विश्वकोश, रमा शर्मा, एम.के. मिश्र
3. नारी सशक्तिकरण, डॉ. हरीदास रामजी शेण्डे (सुदर्शन)
4. महिला विकास, रमा शर्मा, एम.के. मिश्र
5. आधुनिक समाज शास्त्रीय निबंध, एम.एन.सिंह
6. महिला अधिकार एवं कानून, डॉ. रीता सक्सेना
7. वीमेन्स मूवमेन्ट इन इण्डिया विकास, दिल्ली 1974- अस्थाना द पी.
8. इण्डियन वीमेन पॉवर, बेग तारा अली
9. वैवाहिक हिंसा एंव भारतीय अस्मिता, डॉ. जयश्री भट्ट आदित्य पब्लिसर्श बीना
10. औरत अस्मिता और अपराध, डॉ. निशांत सिंह
11. घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005

****

The Trinity Of God, Nature, And Man In Rabindranath Tagore's Poetry

Girraj Sharma *

Abstract - In Rabindranath Tagore's poetry his whole art revolves around his three philosophical and mystical constant variables of Indian Mysticism; God, Nature and Man. He has used these variables in his poetry as an instrument to produce eternal happiness, energy and satisfaction to be the part of the Supreme Soul. In his opinion God (Ishwar) has manifested himself in the form of Nature (Prakriti), and he has created Man (Purusha) from his own image. These variables are the constant interlinked to each–other. In his poetry, He has also explained God as the source of pleasure, **Sachchidanand**. These all three are the inseparable part of each other.
Keywords - God, Nature, and Man.

Introduction - Rabindranath Tagore is the one of the most famous men of letters of modern India, whose identity and reputation in the world has brought a great prestige to India. It is only Tagore, in India, who could win the Nobel Prize for Literature through his composition. In the 20th century, no work of a poet created so much sensation among poets writing in English as his **Gitanjali, a** thin small collection of 103 songs, winning the Nobel Prize for Literature in 1913. He was the only person who proved his talent throughout universe in art, culture, painting, literature, politics, social service, music, ethics, and in education. He has remained the glorious tradition and culture of Upanishadic essence, Puranas, Vedas and the great epics, Ramayan and Mahabharat. Thus, the great personality was born at Jorasanko in Calcutta on May 7, 1861. His father Maharishi **Devendranath Tagore** was a rich and Cultured Man, and his mother **Sarda Devi** was a housewife. Tagore's house was full of all artistic activities, his brothers and sisters were poet, musician, theatre artist and social reformers.

So he got a prosperous environment of artistic creeds at his home, which resulted in artistic creed. A man of versatile genius, Tagore was great and prolific writer who wrote about 250 works and 2,500 songs, written by him covering almost all the branches of literature and philosophy. Few highly notable in poetry are as follows: **Gitanjali(1913), The Gardener** (1913); **The Crescent Moon** (1913); **Translation of 100 Kabir's poems** (1914); **Fruit Gathering** (1916), **Stray Birds** (1916); **Lover's Gift and Crossing** (1918), **The Fugitive and Other Poems** (1921); **Poems from Tagore translated by C.F. Andrews** (1912); **Sheaves: Poems and Songs** (1951); **The Golden Boat** (1933); **A Flight of Cranes** (1953); **The Herald of Spring** (1960); **Wings of Death** (The last poems of Tagore, Translated by Aurbindo Bose) (1960); (b) Plays: **The King of Dark Chamber** (1914); **The Post Office** (1914); **Sacrifice and other Plays** (1917); **The Cycle of Spring** (1917); **The Curse at Farewell** (1924); **Red Oleanders** (1925); **Three Plays** (**Mukta Dhara**, **Natir Puja**, and **Chandalika**, with prefatory appreciation by K.R. Kriplani) (1950); **Devouring Love(1916).**

Tagore was also a great philosopher. If one were to put Tagore's total philosophy a nutshell, the term, popularly used to designate Sri Aurobindo's philosophy aptly fits him - 'Integral Yoga'. There is merger with and complete surrender of '**Me'** to **'Him'**, resulting in '**Us'**.[1] Tagore is a wordsmith of considerable vision and innate ability. His poetry is the product of keen observation and deep reflection. in December 1921, Tagore's dream of a World University came true when the **Vishwabharti** was established. It became a meeting forum for diverse peoples and cultures. In 1940, he fell serious by ill and breathed his last on 7th August 1941.

God - In my opinion, the best opening for this part of our title may be the lines of **Gitanjali Song, XLV** -

"Many a song have I sung in many a mood of mind, but all their notes have always proclaimed, He comes, comes, ever comes."(ll. 5–8)

His poem expresses the poet's deep-seated faith of a bond between the finite-infinite man equipped with an immortal soul and the infinite finite (God, embodying different forms and shapes). In Song I, he has used two quite telling metaphors 'this frail vessel', and 'this little flute of a reed'. Of course, the poet feels the God's touch that makes him sing melodious songs full of **Ananda**. The poet becomes at once **sat** (Truth eternal), **chit** (consciousness) and **Anand** (Pleasure); that is a replica of **Sachchidanand**. Two entity's immortal water inside the vessel (human body) does not make any mistake in remembering and recognizing its source (everlastingness); as such water moves on to get back where from it came. The repetition of the terms, **My Lord**, **My Master**, well serves the purpose of the burthen of the expanded song comprising several verses. The Term, **My Lord**, **My Master,** gives a unity of the anthem.

Tagore, like **Tulsi** and **Kabir** treats God as his master **Swami** or **Thakur** and himself as his das or servant; bat then he would not bank upon only this relationship. He has full faith and total dedication, and in moments of supreme bliss, he makes his master his friend. That is to say, **Bhakti** in Tagore is **Dasya** as well as **Sakhya**. In song no II of Gitanjali, he expressed his feelings of joy when he thinks himself to be an obedient singer of songs: Singing then, he

* **Research Scholar, Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA**

has a fancy of becoming a song-bird, because it is only being winged that he could reach Him to touch his feet -

"When thou commandest me to sing.
It seems that my heart would break with pride; and I look to thy face, and tears …….. who art my lord."[2]

Nature - Tagore the great poet of God and Man was a great poet of Nature, too. A worshipper of Nature from his childhood, he dwelt upon both the beautiful physical aspects and the beneficent divine aspects of Nature. He succeeded in discovering a pre-ordained harmony between Man and nature. It may be an exaggeration to say that he makes an important figure among the poets who willingly associated themselves with the **Return to Nature** movement initiated by Rousseau. He himself learnt many a lessons from nature and advocated directly or indirectly to return to Nature for moral lessons and general good. Tagore has written about his early love of nature:

"I had a deep sense, almost from infancy, of the beauty o nature, and intimate feeling of companionship with the trees and the clouds, and felt in tune with the musical touch of the seasons in the air. At the same time I had a peculiar susceptibility to human kindness."[3]

Tagore's attitude towards nature is romantic as it was of the English romantic poets such as Wordsworth, Keats, Shelley, Thomas Gray and Indian poets like Kalidas, Valmiki, it was also mystical as found in William Blake, Coleridge, Kabir, Mira, and Aurobindo Ghose. There is a marked fondness in Nature poets for some natural objects, for example, in Keats and Shelley for birds, in William Wordsworth for flowers. Tagore is a great river poet, and an outstanding poet of the Bengali seasons. His accuracy of the details is breath-holding. Rainy season has found a considerable place in Tagore's depictions of season. Imaginative touches bringing to life and presenting the object before our eyes give Tagore supremacy. For example, he has depicted lightning as a fiery snake biting the darkness again and again. Clouds are presented as dancers on the aerial stage. The actor-clouds dance shaking their tambourines of thunder, play their part and disappear. But he is a poet not only of Rains, but also of all other Indian seasons of which he has drawn dozens of pictures all distinct from each other. Like Keats, he liked the autumn. He has personified her as Lakshmi. Noon in the summer so often caught his eye. The tense and pin-drop silence and quietness is his favourite pen-picture. And he is neither blind nor deaf to the beauty and music of spring. He can make his word-picture fragrant with Bakul flowers and musical with humming bees. Comparatively speaking, he is not a lover of winter. In sum, the variety and profusion, and the freshness and loveliness of nature have a magical effect on his reader.

Man- Tagore was a great humanist poet of Indian writing in English. He is known in the west as the great humanist and interpreter of Indian culture. As a true humanist, he was the great lover of freedom and fearlessness.

"Where the mind is without fear and the head, Where knowledge is free…….. Into that heaven of freedom, my Father, let my country awake[4]."

He believes in loving mankind, and like a true Indian, the love of the motherland occupies a unique place in his heart. Rabindranath Tagore has a high estimation and great admiration for India. He has sympathy for the dumb, toiling rural people, for the suffering human beings, for the poor and downtrodden, for the under-dogs and the exploited.

"I felt that I had found my religion at last the religion of man, in which the infinite became defined in humanity and came close to me do as to need my love and co-operation"[5].

This humanism is a part and parcel of his socialism, not of the communist type, but of the humanistic Mein, without violence and without any talk of revolution. The lust for power and materialistic gain of the west had certainly disappointed him. India has one thing of his dream that was a humanistic approach, the dignity for man, proper human values, social justice and above all, mutual respect for each other are the signs of a new social order of Tagore's dream which he wanted to see and realized by Indian people.

बुन्देलखण्ड में विवाह की सबसे पहली रस्म पक्यात होती है। पक्यात अर्थात शादी पक्की हो जाना इसमें कन्या पक्ष वाले आकर वर के घर वालों को मीठा फल दे जाते है। और मान-सम्मान के बुजुर्ग व्यक्तियों का टीका करते है। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम लगुन का होता है। इस कार्यक्रम में कन्या पक्ष के यहॉ से परिवार के लोग आते है। आजकल तो महिलाएं जैसे कन्या की भाभी बहने आने लगी है। लेकिन पहले पुरूष वर्ग से ही लोग जाते थे। इस कार्यक्रम में कन्या के भाई की भूमिका अहम् होती है। यह कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न होता है, गाना बजाना होता है। मुख्य रिश्तेदार जुड़ते है। चौक में कन्या के भाई और वर को आमने-सामने बैठाया जाता है। कन्या के यहॉ से जो सामान वस्त्र, मेवा, मीठा,फल आदि सामान आता है उसको सजाकर रखते हैं। सबसे पहले कन्या का भाई वर का टीका करता है। हार पहनाता है। मीठा खिलाता है, व गले मिलता है। इसी प्रकार वर भी अपने होने वाले साले को टीका लगाकर हार पहनाता है, मीठा खिलाकर गले मिलता है। इसके बाद कन्या का भाई सब रिश्तेदारों के रूपये से पैर छूता है। इस अवसर पर यह बन्ना गया जाता है।

लगुन के अवसर पर गया जाने वाला बन्ना गीत

राजा दशरथ फुले न समायें, लगुन आई मोरे अंगना
आजुला फूले आजी फूली, फूला सब परिवार
बन्ना मोरा ऐसा फूला, जैसे फूल गुलाब लगुन आई मोरे अंगना
माता फूली बाबुल फूले, फूला सब परिवार
बन्ना मोरा ऐसा फूला, जैसे फूल गुलाब लगुन आई मोरे अंगना
चाचा फूले चाची फूली, फूला सब परिवार
बन्ना मोरा ऐसा फूला, जैसे फूल गुलाब लगुन आई मोरे अंगना
मामा फूले मामी फूली, फूला सब परिवार
बन्ना मोरा ऐसा फूला, जैसे फूल गुलाब लगुन आई मोरे अंगना
जीजा फूले जीजी फूली, फूला सब परिवार
बन्ना मोरा ऐसा फूला, जैसे फूल गुलाब लगुन आई मोरे अंगना

हल्दी, तेल चढाते समय बन्ना गीत

चढ गयो बन्ना को तेल फुलेल, लटक रही पंखुडियां
तेलन ल्यावे तेल फुलेल, चढाओ नौने वींदरिया
बन्ना की बहिन तेल चढावे लटक रही पंखुडियां
तेलन ल्यावे तेल फुलेल, चढाओ नौने वींदरिया

मंदिर जाते समय का बन्ना

इन गलिन हो के लइयों री, मोरे प्यारे बन्ना खो
मोर मुकुट सिर बांधो राजा बनरे
कलगिन साज सजइयों री, मोरे प्यारे बन्ना खो
कानन कुण्डल पैरो राजा बनने
पनरस साज सजइयों री, मोरे प्यारे बन्ना खो
अंगे जामा पैरो राजा बनरे
पनरस साज सजइयों री, मोरे प्यारे बन्ना खों
हाथन घडियां पैरो राजा बनरे
कंगन साज सजइयों री, मोरे प्यारे बन्ना खों
पॉवन जूता पैरो राजा बनरे
भोजन साज सजइयों री, मोरे प्यारे बन्नाा खों
डोली में तो बन्ना सोहें, ब्याह के बन्नी लइयों रे।

बारात जाने के समय का बन्ना

बन्ना तो मोरा चांद सा, लग जाये नजरिया ना
बन्ना की माय दौडी आई,
काजल का टीका लगाई, बन्ना लग जैहें नजरियां ना
बन्ना की भाभी दौडी आई,
राई नौन उतारी, बन्ना लग जैहें नजरियां ना
बन्ना की बहिन दौडी आई,
झट से आरत उतारी, बन्ना लग जैहें नजरियां ना
सखियां मिलके बन्ना गावें,
फूलों से करती बौछारें, बन्ना लग जैहें नजरियां ना।

विवाह के बाद का बन्ना

हां हां रे मोरा प्यारा बन्ना, हां हां रे मोरा प्यारा बन्ना
सारे बाराती पैदल आये, हाथी के हौदे पे आये बन्ना
हरियाला बन्ना, शाहजादा बन्ना कोई देखना (हां हां रे,)
सारे बराती तारे से चमके, चंदा सा चमके मोरा बन्ना
हरियाला बन्ना, शाहजादा बन्ना कोई देखना (हां हां रे,)
सारे बराती रूपया लायें, मोहरें अशर्फी लायें बन्ना
हरियाला बन्ना, शाहजादा बन्ना कोई देखना (हां हां रे,)
सारे बराती नीचे सोये, लाल पलंग पे सोवे बन्ना
हरियाला बन्ना, शाहजादा बन्ना कोई देखना (हां हां रे,)
सारे बराती रीते आये, छोटी से बन्नी लायें बन्ना
हरियाला बन्ना, शाहजादा बन्ना कोई देखना (हां हां रे,)

इस गीत में बन्ना की बारात का वर्णन है। गॉव का दृश्य है बन्ना तो विशेष है बाराती तो उसके साथ पैदल जा रहे है इसलिए बन्ना का विशेष महत्व है। बन्ना शादी करने जा रहा है वह हाथी पर बैठा है। बाराती उसके साथ पैदल जा रहे है। बन्ना जब ससुराल पहुॅचता है तो उसको आराम करने के लिए पलंग मिला है और बाराती लोगों का बिस्तर नीचे लगाया गया है। बराती के चेहरों पर तारे की टिमटिमाहट है जबकि बन्ना का मुॅह चंद्रमा जैसा

दिखाई दे रहा है। सारे बाराती बारात से लौटकर आये तो खाली हाथ
जबकि बन्ना अपने साथ बन्नी लेकर आया है।

दुल्हा बन्ना

मोरो पूनम कैसो चंदा, बना मोरो जग उजयारो री
मोरी चम्पा कैसी कलियां, बना मोरो छिटकत आवैरी
मोरी मोती कैसी लडियां, बना मोरो लटकत आवैरी
बना की माई हेरें बाट, बना मोरो कब घर आयेरी
मोरो पूनम कैसो चंदा, बना मोरो जग उजयारो री

.....

अबेरे दूला काये सजे महराज
बनाजू के आजुल को बडो परवार
सजत बेरा हो गई महाराज
अबेरे दूला काये सजे महराज
बनाजू के बाबूल को बडों परवार
सजत बेरा हो गई महाराज
अबेरे दूला काये सजे महराज
बनाजू के फूफा को बडो परवार
सजत बेरा हो गई महाराज
अबेरे दूला काये सजे महराज

.....

इन गलियों होकें ल्यइयो री रगनाथ बना खों
माथें हो मोरें बांदो राजा बनरे
झेला की लटक समारो री रघुनाथ बना खों
कौनां खों सोहे केसरिया बागो
कौनां खों सोहे लाल री रघुनाथ बना खों
रामजू खों सोहे केसरिया बागों
लछमन खों सोहे लाल री, रघुनाथ बना खों

.....

लयें धनुष बन्नां ठाडे री, कोऊ जोडी तो मिलादे
माथे बना के सेहरा भी सोहे
कलियों बीच सिंया जानकी
कोऊ जोडी तो मिलादे
कानो बन्ना के कुण्डल साहे
मुतियन बीच सिया जानकी
कोऊ जोडी तो मिलादे
गरे बन्ना के गोपे सोहे
मुहरों बीच सिंया जानकी
कोऊ जोडी तो मिलादे
अंग बना के बागो भी सोहे
पिताम्बर बीच सिया जानकी
कोऊ जोडी तो मिलादे
संग बन्ना के बन्नी भी सोहे
जोडी बीच सिया जानकी
कोऊ जोडी तो मिलादे

.....

शहर में शोर भारी है, न जाने किसकी शादी है।
बन्ने के आजा से पूछो, बनाकी आजी से पूछो
उन्होने हंस के फरमाया मेरे नाती की शादी है।
बन्ने के बाबुल से पूछो, बना की माता से पूछो
उन्होने हॅस के फरमाया मेरे बेटे की शादी है।
बन्ने के भैया से पूछो, बना की भौजी से पूछो
उन्होने हॅस के फरमाया मेरे देवर की शादी है।

.....

बना रस गैदिया ने मारो, हमखों लाग जैहे रे
हमखों लाग जेहे रे, गगर मोरी फूट जैहे रे
गगर मोरी फूट जैहे रे, चुनर मोरी भींग जैहे रे
चुनर मोरी भींग जैहे रे, सास मोरी रूठ जैहे रे
सास मोरी रूठ जैहे रे, रसुइया छूट जैहे रे
रसुइया छूट जैहे रे, बलम मोंसे रूठ जैहे रे
बलम मोसें रूठ जैहे रे, सिजरिया छूट जैहे रे
सिजरिया छूट जैहे रे, भाग मोरे फूट जैहे रे
बना रस गैदिया ने मारो हमखों लाग जैहे रे।

.....

बना के आंगन गेंदा फूल, कुसम रंग फीको लगावै रे
बना के आजुल सजे बरात, माई कंठ लगावै रे
बना के बाबुल सजे बरात, माई कंठ लगावै रे
बना के फूफा सजे बरात, बुआ कंठ लगावै रे
बना के काकुल सजे बरात, सो काकी कंठ लगावै रे
बना के मामा सजे बरात, सो मामी कंठ लगावै रे
बना के आंगन गैंदा फूल, कुसम रंग फीको लागै रे।

.....

मोरे राम लछन से बनरा, आली कौने विलमा लये री
उनके आजुल ने विलमा लये, आजी कंठ लगा लये री
उनके बाबुल ने विलमा लये, माता कंठ लगा लये री
उनके भैया ने विलमा लये, भौजी कंठ लगा लये री
उनके काका ने विलमा लये, काकी कंठ लगा लये री
उनके मामा ने विलमा लये, मामी कंठ लगा लये री
मोरे राम लछन से बनरा, आली कौने विलमा लये री

.....

बैठे बैठे कौशल्या की गोद हो, रामचंद्र दूला बने
माथे हो मौरा बांदो राजा बनरे, जाकी कलियन पै नाच रयी मोर
चंदन खौरें काढों राजा बनरे, जाकी टिपकन पै नाच रयी मोर
कानों में कुण्डल पैरो राजा बनरे, जाकी लडियन पै नाच रयी मोर
गरे में गोपें पैरो राजा बनरे, जाकी हंसली पै नाच रयी मोर
हांतों में चूरा पैरो राजा बनरे, जाके कंकन पै नाच रयी मोर
पांवों में तोडा पैरो राजा बनरे, जाके माहुर पै नाच रयी मोर
रामचंद्रा दूला बनें

.....

मना ल्याव, जगा ल्याव, जगा ल्याव सखी, बन्ना सोवे री अटरियों
मोरे बन्ना जू खॉ सिहरा भी सोहे, कलियों बीच अनार की कलीं
बेला फूल की कली, कचनार की कली– बन्ना सोवे री अटरियों
कानों बन्ना जू खां, कुण्डल सोहे, मुरकन बीच अनार की कली
बैला फूल की कली, कचनार की कली, बन्ना सोवे री अटरियों

.....

बना की सुसरारों सें आये, सिहरों के जोडा रे
बांदो-बांदो रे हजारी दूला, क्या छब लगी रे
बना की सुसरालों से आये, चंदन के मूठा रे
गालो-गालो रे हजारी दूला, क्या छब लगी रे
बना की सुसरारों से आये, बागन के जोडा रे
पैरो-पैरो रे हजारी दूला, क्या छब लगी रे

.....

रघुनन्दन फूले न समॉय, लगुन आई हरे-हरे
लगुन आई मेरे अंगना
आजुल सज गए बाबुल सज गए
सज गई सिगरी बरात
रघुनन्दन तो ऐसे सज गए
जैसे सिरी भगवान
ताऊ सज गये, चाचा सज गए
सज गई सिगरी बरात
रघुनन्दन तो ऐसे सज गये
जैसे सिरी भगवान
मामा सज गये, फूफा सज गए
सज गई सिगरी बरात
रधुनन्दन तो ऐसे सज गए
जैसे सिरी भगवान

.....

बने दूला छब देखो भगवान की
दुल्हन बनी सिया जानकी
ठांडे राजा जनक के द्वार
संग में चारहु-राजकुमार
दर्शन करते है नर-नार
धूम छाई है डंका निशान की
पंडत ठांडे सगुन विचारें
कोऊ-कोऊ मुख से बंद उचारें
सखियां करती है न्यौछारें
माया लुट गई सब हीरा के खान की
सर पै क्रीट मुकट के धारें, बागों बारम्बार समारें
हो रही फूलन की बौछारें
शोभा बरनी न जाये धनुषवान की
सखियां फूली नहीं समाती दशरथ जू खों गारी गाती
गारी गाती है गीत और ज्ञान की
ठांडे जनक ढोई कर जोर, सुनियो अवध किशोर
कृपा करो हमारी और
मोपै खातिर न भई जलपान की
बन्नी सिया बन रगवीर, कैसे सुन्दर बने शरीर
ये तो शोभा है सारे जहान की
जैसे दूला अवधबिहारी, जैसई दुल्हन जनक दुलारी
जाऊ तन मन से बलहारी
मनसा पूरन भई अरमान की
दुल्हन बनी सिया जानकी

.....

सखी आये है अवधकुमार
मिली हैं शुभ घडियां
पचरंग पाग पै मौर सुहावे
सेहरे पै छाई बहार
कानो में कुण्डल हाथ मे कंगन
गले में मुतियन हार
श्याम गात केसरिया जामा
गोटा लगे है किनार
मिली है शुभ घडियां

.....

कां गयेरी बन्ना इतई तो खडेते
कां गये री दूला इतई तो खडेते
मौरा के लाने बन्ना माली कें गयेते
माली की मोंडी ने मोह लये री बन्ना
बागे के लाने बन्ना दरजी कें गयेते
दरजी की मोडी ने मोह लये री बन्ना
कंकन के लाने बन्ना लुहरा कें गयेते
लुहरा की मोडी ने मोह लये री बन्ना
कुल्डल के लाने बन्ना सुनरा के गयेते
सुनरा की मोडी ने मोह लये री बन्ना
इतई तो खडेते

.....

बन्ना गीत

मोरे राम-लखन युवराज, आज फुलवगियों आये जू
पाट-पीताम्बर रही सुहाय, और सिर पंख लगाये जू
मानो प्रकट भये हों चन्द्र, मेघ से फनद छुडाये जू
कानन कुण्डल रहे सुहाय, माथे तिलक लगाये जू
टेडी भोंहे वाल घुघराले, अति दल चोर चुराये जू
आंखे रतनारी अति प्यारी, मधुर मुस्कान लुभाये जू
गर्दन सुन्दर शंख समान, भुजा गजसूड लगाये जू
सांवरी सूरत मोहनी मूरत, देखत काम लजाये जू
दशरथ पुत्र राम सुख धाम, रानी कौसल्या जाये जू
छोटे गौर बदन है भैया, लखन सुमित्रा जाये जू
गिरजा पूजन सीता गयी, तहा पे दर्शन पाये जू

.....

बन्ना छव लक मोरो जिया हुलसत है
हिया हुलसत है, उमंग बढत है
रघुवर वसन लसत कुसमानी
सो मुंदरी पै मोरो हिया हुलसत है
जनक भवन सें जे आई लगुनियां
सो सुन-सुन सखी मोरो हिया हुलसत है।
देखो सखी नृप जसरथ के घर
कंकन कलश पै दियला जरत है
बना छव लख मोरो जिया हुलसत है।

.....

लयें धनुष बन्नां ठांडे री
कोऊ जोडी तो मिला दे

जोडी तो मिलादे सिया खों मिलादे लंगे धनुष
माथे हो मौरे बांदो राजा वनरे
कलियों वीच सिया जानकी कोऊ
चंदन खोरे काडो राजा वनरे
टिपकन वीच सिया जानकी
कानो हो कुण्डल पैरो राजा वनरे
लटकन वीच सिया जानकी
गरे हो हरवा पैरो राजा वनरे
गुन्जन वीच सिया जानकी
हांतो हो कंकन बांदो राजा वनरे
चूरा वीच सिया जानकी

.....

जब रगपत दूला मेडे हो आये
सो दूव भई हरयाय भलेंजू
जब रगपत दूला तालों हो आये
सो ताल हिलोरें लेय भलेंजू
जब रगपत दूला बागों हो आये
सो फूल रहे मुस्क्याय भलेंजू
बेला-फूली चमेली फूली
केवरी की वास सुहाय भलेंजू
जब रगपत दूला कुअलों पै आये
सो मोह लई पनहार भलेंजू

.....

बैठे कौशल्या की गोद, अबधपुर में राजा बनरे
माथे में मौरे बांधो राजा बनरे
सो कलगिन पै नाच रही मोर
गले में गोफे पहिरो राजा बनरे
सो मोतिन में नाच रही मोर
केसरिया जामा पहिरो राजा बनरे
सो पनरस में नाच रही मोर
पावन तोडा पहिरो राजा वनरे
सो माहुर में नाच रही मोर

.....

सखी आज कैसी मनोहर घडी है
गले राम जयमाल सुन्दर पडी है
कलियों में कलियां और लडियों मे मोती
चमकती वो सेहरे की पंखुडी है
जरा बांध दो कोई नौसे का सेहरा
लये रंगभूमि में मालिन खडी है
नहीं आज फूला समाता अवधपुर
खुशी आज रानी कौशल्या बडी है
भई आज शादी सियाराम जी की
खुशी आज राजा जनक को बडी है।
रानी कौशल्या के ललना, सुघर वन आये बन्ना
शीश पै सोहे ककरेजी चीरा, कैसे लगे है फुंदना
तैतीस कोट बराती आये, राजा जनक के अंगना
रूप रंग सब मोह लिये है, मणि माणिक लगे कंगना
तन सोहे केसरिया जामा, सखियां गावै बन्ना

.....

बन्ना धीरे चलो ससुराल गलियां
बन्ना सेहरा संभालेगी सब सखियां
जिनके लम्बे-लम्बे हॉत हरीरी चुरियां
बन्ना बागों संभालेगी वेई सखियां
जिनके लम्बे-लम्बे हॉत हरीरी चुरियां
बन्ना डोली संभालेंगी वोई सखियां
जिनके लम्बे-लम्बे हॉत हरीरी चुरियां

.....

इन रघुनंदन धनुष उठाये
धनुष उठाये वारी सिया को ब्याह लाये
माथे सेहरो बांधो राजा बनरे
सो कलियन वीच वारी सिया ब्याह लाये
चंदन खौर काढो वारे वनरे
सो टिपकन बीच वारी सिया ब्याह लाये
कानन कुण्डल पैरो राजा वनरे
सो मुतियन वीच वारी सिया खो ब्याह लाये
मुख भर विरियां चावो राजा वनरे
सो लाली विच वारी सिया ब्याह लाये
हॉतन कंगन बांदौ राजा वनरे
सो गजरा विच वारी सिया खों ब्याह लाये

.....

मोरे रामचंद्र महराज आज वनरा वन आये जू
भरत-लखन-रिपु दमन चार सुन्दर छवि छाये जू
सिरसोहत है मौर, कान कुण्डल लटकोये जू
चन्दन और लिलाट मनो सरिव प्रात भान उग आये जू
जाया है करतार हार मानो हिरदे झलकाये जू
दुल्हा रूप निहार सखिन के वाने चित्त चुराये जू
मिथलापुर नर-नार जनक नृप धन्न कहाये जू
वे नर ना धन्न जिनने प्रभु के दरश पाये जू

इस प्रकार हम कह सकते है कि लोक गीत आस्तिक मन की उपज है मंगल रस से भरे कलश है। संपूर्ण जीवन यात्रा की कथा लोकसाहित्य में जिस ईमानदारी एवं सादगी के साथ व्यक्त होती है, उतनी शिष्ट साहित्य में मिलनी मुश्किल है। लोकगीत लोकमानस के उजले दर्पण है जो सानव समाज एवं प्रकृति के नजदीक रहते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 लूर-साहित्यिक सांस्कृतिक अर्ध्द वार्षिक पत्रिका वर्ष 4 अंक 7-8 जनबरी दिसम्बर 2006
2 बुन्देली लोकगीत -पं. शिवसहाय चतुर्वेदी
3 लोकसाहित्य विज्ञान - डॉ. सत्येन्द्र प्र0 390
4 लोकसाहित्य के प्रतिमान कुन्दनलाल उप्रेती पृ. 212
5 एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका प्रो. क्रोस्जि पृ. 35

****

वर्तमान साहित्य की प्रासंगिकता और सामाजिक सरोकार परिपेक्ष्य - राजेश जोशी का काव्य साहित्य

डॉ. छाया चौकसे *

प्रस्तावना – साहित्य और साहित्यकार समाज से प्रभावित ही नहीं होता बल्कि समाज और समाजिक को भी प्रभावित करता है। यह भी निश्चित है कि मौलिक साहित्य समाज में घटने बाली स्थितियों परिवर्तनों घटनाचक्रों और उथल पुथल का ऐसा आईना होता है, जिसमें समाज का सत्य व्यक्त होता है और जिससे समाज को दिशा मिलती है कि वर्तमान में वह समाज की उपस्थित खामियों को किस तरह दूर करे।

उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द्र ने कहा भी है कि साहित्य समाज का दर्पण है। हम वैदिक युग से लेकर अधतन साहित्य के उद्देश्यों पर दृष्टिपात करें तो यही पाते हैं कि श्रेष्ठ साहित्य हमेशा सत्यम् शिवम् सुन्दरम् के लक्ष्य को लेकर ही लिखा गया है, जीवन में आदर्श और मूल्यों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये असत्य और हिंसा से प्रभावित जीवन के अन्त को भी प्रकट किया है। मनुष्य को चिन्तन की नयी दृष्टि देते हुये जीने की कला सिखाने का काम साहित्य निरन्तर करता आ रहा है।

इस संदर्भ में मै राजेश जोशी जो आधुनिक कविता के शीर्षस्थ कवि है। और समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण को प्रत्यक्ष कर कविता लिखते है। कविताओं के कुछ कवितांश के माध्यम से स्पष्ट करना चाहूंगी कि उनका साहित्य किस प्रकार से सामाजिक सरोकार रखता है किस प्रकार प्रासंगिक है।

उनकी कविता है - 'उनका भरोसा' जिसमें वर्तमान में गरीब मां-बाप द्वारा अपने बच्चों से गाना गँवाकर या दीनहीनता दिखाकर उन्हें बचपन से ही कैसे संस्कार दे रहे हैं स्पष्ट करते है-

अपने छोटे छोटे हाथ फेंलाते हैं।
गिड़गिड़ाते हैं पेट दिखाते हुये कहते हैं वे कई दिन से भूखे हैं।
तुम्हें दयार्द्र कर डालने का लगभग हर हथकंडा अपनाते हैं।
हमारी पीठ फेरते ही अपने ही स्वांग पर जोर जोर से खिलखिलाते है। भीख मांगने वाले बच्चे।[1]

रोजी रोटी के लिये विस्थापित होने वाले लोगों की सामाजिक स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा है इसे राजेश जोशी ने बड़ी मार्मिकता से व्यक्त किया है-

बाबा को जानता था सारा शहर
पिता को भी चार मौहल्ले के लोग जानते थे
मुझें नहीं जानता मेरा पड़ोसी मेरे नाम से
सिर्फ एलबम में रहते है परिवार के सारे लोग एक साथ
टूटने की इस प्रक्रिया में क्या टूटा है, कोई नहीं सोचता। [2]

वर्तमान समय में प्रतिभावान लोगों को वह महत्व नहीं मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। प्रतिभावान लोग अगर दिल्ली तक भी पहुंच जायें तो भी क्या हालत है उसे कवि ने इन पंक्तियों में व्यक्त किया है-

ओ मेरे समकालीनों। प्रतिभा खाऊ नगर है दिल्ली
बचे है यहां पेड़ और दोस्त और बसें और सड़के भी।
सुरक्षित घर लौट आने की आस लेकिन नहीं बची सड़कों पर घूमते हुये,
अर्धरात्रि का आसमान देखने की सुविधा नहीं बची।
दिल्ली में बचा है आतंक और असुरक्षा /वहीं पुलिस बची है दिल्ली में उम्मीद नहीं बची। [3]

'दादा खैरियत' कविता में आज आपसी सम्मान में एक दूसरें की खैरियत के प्रति किस प्रकार का भाव समय है इसे बखूबी अभिव्यक्ति करते हुये राजेश जोशी लिखते है-

कहां बची है खैरियत
किसकी बची है खैरियत
चलन न हो कहने का
तो कौन कह सकता है
इस जमाने में खैरियत मियां खैरियत। [4]

राजेश जोशी की अनुभुति दृष्टि आज के समय में सामाजिक परिवेश का एक अहं हिस्सा 'बच्चों' पर पड़ती है तो उनकी पैनी नजर और लेखनी से उनके जीवन के बाल्यकाल की विवशता और उनकी पीड़ा का ऐसा कारूणिक भाव व्यक्त होता है जैसे वे उस पीड़ा को भोग रहे हों। निराला और पंत द्वारा लिखी गई बच्चों पर कविता से भी आगे वे समाज से प्रश्न पूछते दिखाई देते हैं ऐसे प्रश्न जो निरंतर ही हमारे समाज में प्रासंगिक बने हुये हैं-

बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है।
यह भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना।
लिखा जाना चाहिये इसे सवाल की तरह।
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ? क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंद ?
क्या दीमकों ने खा लिया हैं सारी रंगबिरंगी किताबों को।
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गये हैं सारे खिलौने सारे मदरसों की इमारतें ?
क्या सारे मैदान सारे बगीचे और घरों के आंगन खत्म हो गये हैं ?
एक-एक तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में। [5]

राजेश जोशी की कविता अपने समय की पूरी पड़ताल करती है, चाहे सुविधाओं के बीच छूटती मानवीयता हो या राजनीति के द्वारा अपनाये जाने वाले हथकंडे हों या बाजार वाद से प्रभावित जीवन सब पर उनकी लेखनी चली है-

टूटने के क्रम में टूट चुका है बहुत कुछ अब इस घर में रहते हैं ईन मीन तीनजन। [6]

हर दिन लम्बी होती सडकों और बडे होते शहरों में अब कम होता जा रहा है, चलन किसी को लेने आने या छोडने जाने का। [7]

इस प्रकार राजेश जोशी परिवार से विलग होकर शहरों और महानगरों के रहने वाले परिवार के जीवन की वस्तुस्थिति से अवगत कराते है। उनका साहित्य वर्तमान के प्रति तो सचेत करता है और समय की प्रासंगिक समस्याओं से (जो निरन्तर बढ़ती ही जा रही है) वाकिफ कराता हुआ अपने इस सत्यता से सामना करते हुये इसके हल निकालने के लिये उत्प्रेरित करता हुआ समाज के भावनात्मक अपनत्व भरे व्यवहार को बरकरार रखने की चेतावनी देता है प्रयोगिकी के उपयोग में समाजिक रिश्तों का झरना सूखने न पाये इसके प्रति हमें सचेत करता अपने समाजिक हिस्सेदारी को स्थापित करने की पहल करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कविता संग्रह दो पंक्तियों के बीच राजेश जोशी पृ. 24
2. दो पंक्तियों के बीच राजेश जोशी पृ 55
3. दिल्ली 88 नेपथ्य में हंसी राजेश जोशी पृ 42
4. मिट्टी का चेहरा राजेश जोशी पृ 149
5. नेपथ्य में हंसी राजेश जोशी पृ 23
6. दो पंक्तियों के बीच राजेश जोशी पृ 54
7. वही पृ 17-18

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

हिन्दी साहित्य में लघु पत्रिका का उदय एक आन्दोलन का सूत्रपात है

राधा वास्केल *

प्रस्तावना – हिन्दी में लघु पत्रिका आन्दोलन कब से प्रारम्भ हुआ? विद्यमान भारतीय संन्दर्भ में लघु पत्रिका को मूलत: वामपंथी आन्दोलन की उपज माना जाता है। यद्यपि लघु पत्रिका आन्दोलन अमेरिका में प्रारम्भ हुआ किन्तु उसके कंटेड तथा भारतीय लघु पत्रिका के कंटेड में बुनियादी अन्तर है। भारत में लघु पत्रिका नामकरण अमेरिका की लिटिल मैगजीन की तर्ज पर हुआ है। किंतु नाम के अतिरिक्त इसमें किसी प्रकार का साम्य नहीं है। यह समाजवाद विचारधारा के अंगीकार करती है। लघु पत्रिका यह विशेषता उसे अन्य पत्रिकाओं से अलग व विशिष्ट बनाती है। इस परिप्रेक्ष्य में यह विवेचन करना महत्वपूर्ण होगा कि हिन्दी में लघु पत्रिका आन्दोलन का प्रारम्भ कब हुआ? इस संबंध में दो मत प्रचलित हैं। एक मत मानता है कि लघु पत्रिका आन्दोलन का प्रारम्भ सन् 1938 सुकुमार कवि सुमित्रा नन्दन पंत के द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'रूपाभ' से होती है। तीन मूर्ति भवन नई दिल्ली में 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 1969 तक आयोजित एक सेमिनार 'भारत में समाजवाद' (1919–1939) नामक विषय पर हुआ था। इसमें देश के 25 भारतीय विद्धानों ने भाग लिया था। इस सेमिनार में 'हिन्दी साहित्य पर समाजवादी विचारो का प्रभाव: 1919– 1939' नामक विषय पर अपने विचार रखते हुए डॉ. प्रभाकर माचवे ने हिन्दी लघु पत्रिका आन्दोलन के बारे में अपने स्वयं स्फुट विचार प्रस्तुत किये थे[1]। उनके अनुसार हिन्दी में लघु पत्रिका आन्दोलन का प्रारम्भ सन् 1938 में सुकुमार कवि सुमित्रा नन्दन पंत द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'रूपाभ' से होता है। पंत इस पत्रिका के सम्पादक भी थे। डॉ. प्रभाकर माचवे ने अपना यह व्यक्तिगत निष्कर्ष 'रूपाभ' के विशेषांक में प्रकाशित सम्पादकीय आधार पर निकाला था। सम्पादकीय का प्रमुख अंश इस प्रकार है।

'आज के युग यथार्थ ने उग्र रूप धारण कर लिया है और इससे हमारी पुरानी मान्यताओं, भावनाओं और उस पर आधारित कल्पनाओं को झकझोर दिया है..... इसलिए इस युग की कविता स्वप्नजीवि नहीं हो सकती।' [2]

संयोग से उसी समय सुमित्रानन्दन पंत का मार्क्सवाद की ओर झुकाव हुआ था। सुमित्रा नन्दन पंत की समाजवादी विचारधारा की स्वीकृति का आभास उनके शब्दो में 'युगांत' (1934–35) में निश्चय रूप से इस परिणाम तक पहुँच गया था कि 'मानव सभ्यता का पिछला युग अब समाप्त हो गया है और नवीन युग का प्रादुर्भाव आवष्यंभावी है।'[3]

किंतु यदि इस कथन को मान लिया जाये कि लघुपत्रिका आन्दोलन का प्रारम्भ 'रूपाभ' के प्रकाशन से होता है तो यह सवाल उठता है कि सन् 1938 से लेकर सन् 1959 तक याने 'निष्कर्ष ' के प्रकाशन तक 'रूपाभ' का कोई 'सहयोगी' अनुयायी या उत्तराधिकारी नहीं दिखाई पड़ता है। यह तथ्य लघु पत्रिका आन्दोलन की विवेचना में बहुत महत्व रखता है। लधु पत्रिका आन्दोलन की विद्यमान धारणा के अर्थ में भी ' रूपाभ ' को किस सीमा तक लघु पत्रिका कहा जा सकता है, विवाद का विषय हो सकता है।

दूसरी बात यह है कि उस समय तक भारतीय लेखकों के समक्ष 'समाजवाद का स्वरूप' ही स्पष्ट नहीं हुआ था। 'क्रांति सम्बन्धित प्रारम्भिक अवधारणा कम या ज्यादा केवल गुप्त बम दर्शन समझा जाता था। जहाँ पर आत्मोत्सर्ग ही केवल दिखाई देता था। लेखकों में वर्गहीन समाज सम्बन्धी धारणा स्पष्ट नहीं थी। हिन्दुस्तानी क्रांतिकारी पार्टी जो सशस्त्र विद्रोह में विश्वास करती थी, उनकी दृष्टि में ब्रिटिश विरोधी शक्तियों से विदेशी सहायता प्राप्त करने से आगे नहीं गई थी। किन्तु सोवियत प्रयोग तथा अक्टूबर क्रांति ने उन्हें आन्तरिक विद्रोह के लिए नई प्रेरणा को जन्म दिया। नागार्जुन ने प्रभाकर माचवे को कहा कि जब वह सन् 1937 में कोलम्बो (श्री लंका) में थे तब उनका झुकाव भिख्क्षु शरणांकर की सम समाज पार्टी की ओर था। इन तथ्यों की रोशनी से यह स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय बुद्धिजीवी वर्ग में समाजवाद की धुंधली तरल अवधारणा मात्र थी। इसलिए इस निष्कर्ष पर पहुचाँ जा सकता है कि हिन्दी में लघु पत्रिका आन्दोलन की शुरूआत सन् 1938 से नहीं मानी जा सकती है।

मराठी भाषा में लघु पत्रिका आन्दोलन का प्रारम्भ सन् 1959 में दिलिप चित्रे की 'शब्द' पत्रिका से होता है। इस प्रकार का ट्रेण्ड बंगला, मलयलम, तमिल आदि भाषा साहित्य जगत में देखने को मिलता है। निस्संदेह यह उस साहित्य की मांग थी। इस तरह के आन्दोलन ने रचनाकारों को कुछ 'नया' करने की प्रेरणा दी। मराठी में तो नाटक के क्षेत्र में नई क्रांति ने जन्म लिया। घासीराम कोतवाल के नाटक में बिल्कुल पृष्ठ भूमि पर मानवी कर्टन का नव प्रयोग किया गया हिन्दी का लघु पत्रिका आन्दोलन का दूसरा दौर 'निकष' के प्रकाशन (सन् 1957) से प्रारम्भ होता है। जो 'नवलेखन' के प्रकाशन (सन् 1962) तक चलता है। लघु पत्रिका का तीसरा दौर नवलेखन के प्रकाशन (सन् 1962) से लेकर उत्तरार्ध (बाद में इसी नाम का परिवर्तन कर उत्तरगाथा हो गया) (सन् 1974) तक। लघु पत्रिका आन्दोलन का चौथा दौर बीसवीं सदी का अंतिम 26 साल का समय है जो आपातकाल (सन् 1974 से 1977) से लेकर बीसवी सदी के अंत तक चलता है। लघु पत्रिका आन्दोलन का पाँचवा दौर 'मोहभंग' का इक्कीसवी सदी से प्रारम्भ होता है।

अमेरिका लघु पत्रिका 'जिन' का घोष वाक्य रहा है 'विज्ञापन और पत्रिका विक्रय के लिए निकालना वेश्यावृत्ति है।' जिन के जितने अंक छपे उनमें कीमत छपी नहीं होती तथा किसी लेखक के साथ गाली–गलोच नहीं की जाती थी। लघु पत्रिका आन्दोलन में भी साहित्यिक प्रदूषण ने अपनी घुसपैठ कर ली। विज्ञापन तथा व्यक्तिगत 'अहोरूपम' 'अहोध्वनि'का स्वर सुनाई देने लगा। छपास तथा व्यक्तिगत प्रशंसा की भूख को लघु पत्रिका के नाम पर मिटाई जाने लगी। जुमलोबाजी, गुटबाजी, खेमेबाजी, तथा जुगाली की कीचड़ ने लधु पत्रिका आन्दोलन की धार को कुंद करना प्रारम्भ कर दिया। असली और नकली का भेद करना आवश्यक हो गया था। साहित्यकार

* शोधार्थी (हिन्दी) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

स्वर्गीय श्रीकांत वर्मा ने इस बाबद् अपना निर्णय सुनाया। उन्होनें कहा–

'मेरे ख्याल में व्यावसायिक पत्रिकाओं ने जो शून्य दिया है, उसे छोटी पत्रिकाएँ ही भरती हैं। साहित्यिक पत्रिकाएँ केवल लेखकों के लिए और भावी लेखकों के लिए ही होती हैं। वे बहसो के लिए व बहसो का आधार होती है। छोटी पत्रिकाएँ आत्म अभिव्यक्ति होती है। जब बड़ी पत्रिकाओं मे कुछ विशिष्ट और साहित्यिक रचनाओं का छापना संभव नहीं होता तब छोटी पत्रिकाओं की आवश्यकता होती है।'

श्रीकांत ने अपने कथन से साहित्यिक पत्रिका तथा लघु पत्रिका के बीच अन्तर रेखा को स्पष्ट नहीं किया है। किंतु अनिलकुमार घई के अनुसार– 'लघु पत्रिका का अपना व्यक्तित्व होता है। वह आवारागर्दी का मंच तो होता ही है, बड़ी पत्रिकाओं के लिए चैलेंज भी होता है । 'सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के अनुसार – 'छोटी पत्रिकाएं चिंगारियों की तरह होती है। जिनकी शक्ति या सामर्थ्य के अस्तित्व का तब तक पता नहीं चलता जब तक कि वे आग नहीं बन जाती। लघु पत्रिकाओं का उद्देश्य 'नयेय को व्यक्त करना रहा किन्तु अभिव्यक्ति करना रचनाकार के हाथो में नहीं होता है। प्रकाशन प्रतिष्ठान की अपनी समझ पर तथा स्वीकृति पर निर्भर होता है। अपनी अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता के लिए प्रसाद को 'इन्दु तथा पंत को 'रूपाभ' का सहारा लेना पड़ा।

हिन्दी साहित्य के इतिहास में लघु पत्रिका आन्दोलन का अपना विशेष महत्व तथा स्थान है। इस आन्दोलन ने समाज में साहित्य के संस्कार को परिष्कृत व प्राणवंत कर उसे गहराई से पैठाने का प्रयास किया है। इसके कारण से चंद नामचीन साहित्यकारों के टापूओं में बसे साहित्य की पहचान की जगह पर उसे जीवन का अंग बनाया है। प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, मुक्तिबोध, शिवाजी सावंत आदि साहित्यकारों व कवियों को आम लेखको व साहित्य रसिकों की बहस बनने का श्रेय लघु पत्रिका आन्दोलन को जाता है। भारतेन्दु बाबू हरीशचन्द्र ने आधुनिक हिन्दी साहित्य का सूत्रपात करते हुए निजभाषा का सवाल उठाया। हिन्दी साहित्य में यह पहला वैचारिक प्रश्न था जिससे रचनाकारों में भाषा के बोध को जगाया। इसी बोध ने रचनाकारों को 'मनोरंजन साधन' की जगह 'स्वतंत्र चेतना' का वाहक बना दिया। साहित्य को इस आधार पर स्थापित करने के कारण से हिन्दी साहित्य में मनोरजंन साहित्य को साहित्य का दर्जा नहीं दिया गया हैं आज भारत में प्रतिवर्ष– 300–400 फिल्मों व हजारों गीतो का सर्जन होता है किंतु इसे साहित्य की संज्ञा नहीं दी गई है क्योंकि इसका उद्देश्य मात्र हर कीमत पर ,समाज की कीमत पर भी मनोरंजन करना है। भारतेन्दु हरीशचन्द्र की 'कवि वचन सुधा तथा 'हरीशचन्द्र मैगजीन लघु पत्रिकाओं ने इस उत्तरदायित्व को निभाया। साहित्य के समसामायिक व बुनियादी सवालों को उन्होंने रचनाकारों के सामने उपस्थित किया। आधुनिक साहित्य ने परम्परागत गैल ही गैल चले मार्ग को छोड़कर 'गैलन चले सिंह और सच्चा जोगी को अपनाया। नया मार्ग था नहीं उसे निर्मित करना था। साहित्य के आगे भाषा , रचना रचनाधर्मिता, उद्देश्यपरकता, जन, नये नायक व विषय वस्तु आदि के सवाल उठ खड़े हुए। बाबू हरीशचन्द्र ने जो द्वार खोला था वह, आधुनिक साहित्य को वैश्विक साहित्य जगत से रूबरू करा रहा था।

बीसवीं सदी के प्रारम्भ में द्विवेदी काल में 'सरस्वती' ने इस उत्तरदायित्व को निभाने की कोशिश की। परम्परा व शास्त्र की चौखट का मर्यादाबोध फिर भी बना हुआ था। हिन्दी साहित्य में छायावाद युग के उदय ने साहित्य के कलेवर स्वरूप तथा प्रकार में अमूलचूक परिवर्तन ला दिया। हिन्दी साहित्य सौन्दर्य शास्त्र से नहा उठा। साहित्य में रस, आनन्द विलक्षणता तथा वैभव के दर्शन होने लगे। इसी छायावादी युग में सन् 1936 में प्रगतिवादी युग ने जन्म लिया। एकाएक हिन्दी साहित्य ने अपने तालाब रूप छोड़कर 'महासागरीय' रूप धारण कर लिया। जयशंकर प्रसाद निराला, पंत, महादेवी वर्मा आदि ऐसे हस्ताक्षर थे जिनके कारण से छायावाद पूर्व के साहित्य को एक तरह से विस्मृत ही करा दिया गया। इसी समय सन् 1938 में लघु पत्रिका 'रूपाभ' का प्रकाशन हुआ।

पिछले 75 वर्षो से हिन्दी साहित्य में लघु पत्रिका आन्दोलन चर्चित रहा है। इस आन्दोलन से लगभग सभी प्रमुख साहित्यकार ,कवि, आलोचक, नाटककार, रंगकर्मी नाटककार, साहित्य रसिकगण किसी न किसी रूप में जुड़े हुए है। समाज में रचनाकारो व साहित्यरसिको की पूरी बिरादरी होती है। साहित्य समाज का प्रमुख संस्कार है। मनुष्य संबंधों के विश्व में जीता है। साहित्य मनुष्य के इन्ही बहुविध बहुरूपी तथा बहुकालीक व बहुउद्देश्यी संबंधो को अभिव्यक्त करता है। निसन्देह यह अभिव्यक्ति प्रकार रचनाकार विशेष की प्रतिभा पर निर्भर होता है। यही विशेषता साहित्य की गुणवत्ता व उच्चता का निर्धारण करती है। मुद्रण के अविष्कार व सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के लागू होने से साहित्य का स्वरूप दायरा वस्तु तथा प्रकार में क्रांन्तिकारी परिर्वतन आ गया ।

हिन्दी साहित्य के नये पड़ावो नई धाराओं तथा दिशाओं व योगदान का इतिहास, लघु पत्रिकाओं के बिना नहीं लिखा जा सकता। लघु पत्रिकाओं को साहित्य के अखाड़े और विरोध के अड्डे कहा जा सकता है। लघु पत्रिकाओं में एक पूरा युग समाया हुआ है। इतिहास साक्षी है कि हिन्दी साहित्य में पत्रकारिता की नींव याने लघु पत्रिकाओं ने डाली है। लघु पत्रिका आन्दोलन के समक्ष प्रकाशन, वितरण, लेखन आदि संबंधी प्राणांतक समस्याएँ हैं, इनसे इंकार नहीं किया जा सकता है, इन समस्याओ के मकड़जाल से ऐसा लगता है कि लघु पत्रिका आन्दोलन अब दम तोड़ देगा किन्तु फिनिक्स पक्षी की तरह यह अपनी राख से पुन: जीवित होता है। चूंकि लघु पत्रिका आन्दोलन है, इसलिए कितनी लघुपत्रिका प्ररम्भ हुई और कितनी बंद हुई, इस तथ्य से किसी प्रकार का फर्क नहीं पड़ता है। लघु पत्रिका आन्दोलन एक नदी की धारा है जो लघु पत्रिकाओं की छोटी – छोटी बूंदो से अपना निर्माण करती हैं और इन बूंदो के निर्माण की सतत् परम्परा रही है लघु पत्रिका भले ही देखने में एक अलग 'स्वतन्त्र इकाई 'जरूर दिखाई देती हो किन्तु वह सब एक नदी की धारा में समाहित असंख्य जलकण की तरह से है। इस 'नदी की धारा' का नाम लघु पत्रिका आन्दोलन है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रोसिडिंग्स आफ सेमीनार ऑन सोशलिज्ल्म इन इण्डिया (1919–1939) नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एण्ड लाइब्रेरी, सन् 1970, सैकण्ड वोल्यू का लेख, 'इन्फ्लयूंस आफ सोसलिस्ट थॉट इन हिन्दी लिटरेचर लेखक –डॉ प्रभाकर माचवे, पृष्ठ 712
2. वही, पृष्ठ 712
3. वही वोल्यूम विषय पर शिवदान सिंह चौहान का लेख, पृष्ठ 790
4. अणिमा (हिन्दी) लघु पत्रिकाओं द्वारा कलकत्ता में आयोजित विचार गोष्ठी में व्यक्त विचार, मार्च 1966
5. सारिका, हि.मा. जुलाई 1960 पृष्ठ 90

****

सैरन्ध्री - अहं नहीं आत्माभिमान

डॉ. संध्या गंगराड़े *

शोध सारांश – महाभारत की कथा और पात्रों में एक अनोखा आकर्षण है और अद्‌भुत सम्मोहन है। भारतीय साहित्य की इस महाकाव्यात्मक रचना ने भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों को आकर्षित किया, और इसी कारण कुछ कालजयी रचनाएँ भारतीय साहित्य की थाती बन गई। मृत्युंजय (शिवाजी सावंत) द्रौपदी (प्रतिभा राय) अंधा युग (धर्मवीर भारती) जैसी रचनाओं ने महाभारत की कथा को युगीन रंग दिया।

प्रस्तावना – स्त्री-विमर्श और दलित-विमर्श ने भी द्रौपदी और कर्ण को अतीत से उठाकर वर्तमान पर ला खड़ा किया है। द्रौपदी, पांचाली, कृष्णा आदि नामों से अभिहित द्रुपद पुत्री का विवाह और जीवन दोनों ही आज अनेक प्रश्न लेकर खड़े है। पाँच पतियों की पत्नी, पाँच वीरों की पत्नी का जीवन कितना कण्टकाकीर्ण रहा, यज्ञ से जन्मी, अनिंद्य सुन्दरी कृष्णा ने वरण किया अर्जुन का परन्तु सहवास करना पड़ा पाँच पतियों से। धर्मराज युधिष्ठिर, गदाधारी भीम, गाण्डीव धारी अर्जुन और नकुल सहदेव जैसे पतियों के होते हुए भरी सभा में चीरहरण, सहायता को पहुँचे भी तो सखा कृष्ण और पति मूक दर्शकों की तरह देखते रहे।

नरेन्द्र कोहली के सामने था महाभारत का यही नारी-चरित्र और घटना थी पाण्डवों का अज्ञातवास। अज्ञातवास अर्थात् अपनी विशिष्ट पहचान छुपाकर स्वयं को सुरक्षित रखना। ऐसी दशा में पाण्डव अपने वरदानों या अभिशापों या अपने विशिष्ट गुणों के कारण विराटनगर में स्थान पा लेते है। द्रौपदी भी रानी सुदेष्णा की सैरन्ध्री के रूप में स्थान पा लेती है। सेविका का स्थान द्रौपदी पा लेती है परन्तु यह विराट नगरी है। विराट नगरी जहाँ राजा अपने श्यालक, सेनापति कीचक के हाथ की कठपुतली है। कीचक जो कि दंभी, अहंकारी, अविवेकी, शक्ति और सत्ता के मद में चूर है और पर-स्त्री पर वह अपनाअधिकार समझता है। यहाँ का राजा भी सौन्दर्य लोलुप है। ऐसे राज्य में द्रौपदी अपने पाँच पतियों के साथ पहुँचती है। पाँचो पति अपने योग्य विराटनगरी में रूप और कार्य तलाश लेते हैं। समस्या तो द्रौपदी की है उसे अपने पतियों की तरह कोई वरदान या अभिशाप नहीं मिला जिसके चलते वह अपना रूप बदल ले। तब वह राजप्रासाद में रानी सुदेष्णा की सैरन्ध्री का कार्य स्वीकार तो लेती है परन्तु वह यह भी जानती है कि वह यहाँ सुरक्षित नहीं है। इसीलिए वह रानी सुदेष्णा से अपनी रक्षा का आश्वासन लेती है। वह अच्छी तरह जानती है कि 'जिस राज्य का सेनापति धर्म त्याग दे और राजा उसके सम्मुख असहाय हो जाए, वहाँ तो न राजा सुरक्षित है, न रानी, प्रजा का तो कहना ही क्या।'[1] द्रौपदी जानती है कि वह असुरक्षित है और वह रानी से आश्वासन लेती है और रानी उसे आश्वासन देती भी है – 'ठीक है सैरन्ध्री। मुझे तुम्हारी दोनों बातें स्वीकार है। तुम केवल मेरी सेवा में रहोगी और जिस स्त्री अथवा पुरुष के सम्मुख तुम नहीं जाना चाहोगी उसके लिए तुम्हें कोई बाध्य नहीं करेगा। तुम न किसी के चरण छूओगी, न किसी का उच्छिष्ट भोजन'[2]

परन्तु सुदेष्णा अपने आश्वासन का निर्वाह कहाँ कर पाती है। लंपट और सत्ता के मद में चूर, स्त्री देह को भोग का साधन मात्र समझने वाले अपने भ्राता कीचक से सुदेष्णा सैरन्ध्री की रक्षा नहीं कर पाती है। और स्वयं ही अपने भाई के प्रासाद में उसे भेज देती है। सैरन्ध्री किसी तरह अपनी रक्षा तो कर लेती है परन्तु उसे भय भी बना रहता है; इसीलिए वह अपने अदृश्य पाँच गंधर्व पतियों से अपनी रक्षा का न केवल भ्रम फैला कर रखती बल्कि आवश्यकता पड़ने पर वे पाँच गंधर्व पति जो कि वास्तव में पाँच पाण्डव ही थे सैरन्ध्री की रक्षा भी करते हैं।

इस उपन्यास की विशिष्टता कथा में नहीं कथा के माध्यम से उठाए वे प्रश्न हैं जो आज भी उतने ही सामयिक हैं जितने महाभारत काल में थे। कला, जीवन, धर्म, न्याय और दण्ड विधान, स्त्री और पुरुष, पाप और पुण्य, राजा और सेनापति, राज्य और सुरक्षा, भोग और संयम, ऐसे कुछ शाश्वत प्रश्न हैं जिसके समाधान की खोज जागरूक साहित्यकार को हमेशा बनी रहती है। कला को प्रयोजन ईश साधना मानते हुए उपन्यासकार ने अर्जुन वृहन्नला से कहलवाया है 'कलाओं से सब कुछ प्राप्त हो सकता है। यश भी, धन भी, काम भी। अब यदि किसी को काम मिले और वह काम को पकड़कर कला को त्याग दे तो उसकी कला की यात्रा वहीं समाप्त हो जाती है। यही बात यश और धन लेकर भी है। यदि साधक मार्ग में मिला सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर आगे बढ़ता चले तो अंत में वह कला उसे अपने शुद्ध रूप में प्राप्त हो जाती है, जो ईश्वर का ही एक रूप है। [3] वे कला की साधना को चरित्र की उज्ज्वलता भी मानते हैं 'कला की साधना अपने चरित्र की भी साधना है। [4]

उपन्यासकार ने जीवन के तत्व और संवेदनाओं को अत्यंत सहज रूप में रख दिया है, न आडम्बर, न उपदेशक की मुद्रा कुछ उदाहरण दृष्टव्य है।

- 'ईश्वर कला रूप भी है पुत्री! वह रस रूप भी है।' [5]
- 'अभागी द्रौपदी तूने शरीर का सौन्दर्य क्यों देखा? आत्मा के सौन्दर्य की ओर तेरा ध्यान क्यों नहीं गया?'[6]
- 'आप धर्म की रक्षा करें, धर्म आपकी रक्षा करेगा।'[7]
- 'पाप पदार्थ में नहीं व्यक्ति में होता है।'[8]
- 'स्वयं को इस शरीर से पृथक कर, तटस्थ भाव से संसार को देखो, तो तुम्हें पता चलेगा कि न सुख है, न दु:ख हैं – ये सब हमारे बनाए हुए भ्रम मात्र है।'[9]

नरेन्द्र कोहली महाभारत और रामायण के पात्रों, घटनाओं और कथाओं पर लिखने में पारंगत हो चुके हैं। इसीलिए 'सैरन्ध्री' की भाषा में सहजता है, अनावश्यक संस्कृत बहुलता नहीं हैं, जो उपन्यास की पठनीयता को बोझिल बना दे। और अंत में द्रौपदी से, कृष्णा, पांचाली और सैरन्ध्री तक की यात्रा में बार-बार द्रौपदी के स्त्री मन को ही ठेस पहुँची है। उसका संपूर्ण आक्रोश अपने आत्माभिमान की रक्षार्थ ही है। बृहन्नला अर्जुन के प्रति कटाक्ष हो या कंक युधिष्ठिर के प्रति व्यंग्य हो या बल्लब भीम के प्रति विश्वास हो सैरन्ध्री आत्मरक्षा, आत्माभिमान और आत्मसममान की लड़ाई ही लड़ती दिखाई देती है। यही हर स्त्री की लड़ाई भी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 15
2. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 17
3. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 51
4. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 50
5. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 50
6. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 48
7. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 127
8. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली, पृ. - 126
9. सैरन्ध्री - नरेन्द्र कोहली

* प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजा बाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

जनकवि नागार्जुन : व्यक्तित्व और कृतित्व

डॉ. सरोज जैन *

शोध सारांश – कबीर और निराला की परंपरा के सच्चे उत्तराधिकारी आम जन के कवि नागार्जुन हिन्दी साहित्य के प्रगतिवादी विचारधारा के ऐसे कवि थे जिन्होंने जीवन भर जनता के दु:खों को अपना बनाकर लिखा और उसके लिए प्राण पण से लड़े। वे सिर्फ एक कवि ही नहीं जिंदादिल इंसान भी थे जो संपर्क में आने वाले के भीतर छिपी हुई बेचैनी और संभावनाओं को पहचानकर उसे दिशा देते थे।

नागार्जुन का रचना संसार व्यापक है। उनकी 1935 में लाहौर के विश्वयुद्ध साप्ताहिक कविता और सन् 1940 में पहली कहानी 'असमर्थदाता' विशाल भारत में प्रकाशित हुई। इनके लगभग 15 काव्य संकलन दो प्रबंध काव्य, 12 उपन्यास और संस्कृत कविता 'धर्मलोक शतकंम'

प्रस्तावना – आजादी के बाद की हिन्दी में कोई ऐसा दूसरा साहित्यकार नहीं हुआ जिसकी रचनायें नागर साहित्य की ठसक के बीच अपनी गांव देहात की संवेदना के बावजूद 'क्लासिक कृतियाँ बन गई हो। अकाल और उसके बाद, शासन की बंदूक, मंत्र, कविता, बहुत दिनों के बाद, आओ रानी हम ढोएँगें, पालकी आदि अनेक कविताएँ से आज भी लोगों की जुबान पर बसी हैं और अत्यधिक लोकप्रिय हो गई हैं।

नागार्जुन ने बचपन, प्रकृति, सौन्दर्य, प्रेम और 'मेघदूत जैसी विदग्धता' पर भी अविस्मरणीय कविताऐं लिखी हैं। वे सिर्फ आन्दोलन धर्मी साहित्यकार नहीं थे और न ही उनकी कविताएँ विद्रोह, विक्षोभ या जनसंघर्षो को आवाज देने हेतु कोई गर्जन-तर्जन करती हैं। उनकी 'मंत्र' कविता भी अपने बीहड़ शिल्प के जरिए बहुत कुछ कह जाती है । उनकी मैथिल कविताओं जिनके लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था, का संसार भी एक गहन देशी वातावरण से भरपूर है और आश्चर्य नहीं कि हिन्दी का यह महाकवि मैथिली का भी उतना ही प्रमुख कवि माना जाता है।

बिन्दु – प्रगतिवादी कवि, लोकचेतना, सत्ताधरियों के प्रति आक्रोश, सरल जीवन मानवीय करूणा पीडा अभिव्यक्ति, सामाजिक विषमतों के प्रति विद्रोह। 'मामूली चीजों और मामूली लोगों के प्रति गहरी प्रतिवद्धता ही नागार्जुन को इतना बड़ा और गैर मामूली कवि बनाती है कि आज उनकी कवितायँ सिर्फ कविताएँ नहीं है बल्कि एक जीवंत इतिहास हैं। वे एक जरूरी साक्ष्य और दस्तावेज हैं, जिसमें पूरी शताब्दी की धड़कनें सुनी जा सकती हैं तथा एक पूरी शताब्दी की सामाजिक-राजनीतिक हलचलों तथा उतार-चढ़ाव को देखा समझा और महसूस किया जा सकता है।' [1]

प्रगतिवादी कवि नागार्जुन – कबीर और निराला की परंपरा के सच्चे उत्तराधिकारी आम जन के कवि नागार्जुन हिन्दी साहित्य के प्रगतिवादी विचारधारा के ऐसे कवि थे जिन्होंने जीवन भर जनता के दु:खों को अपना बनाकर लिखा और उसके लिए प्राण पण से लड़े। वे सिर्फ एक कवि ही नहीं जिंदादिल इंसान भी थे जो संपर्क में आने वाले के भीतर छिपी हुई बेचैनी और संभावनाओं को पहचानकर उसे दिशा देते थे।

व्यक्तित्व – बाबा नागार्जुन का जन्म 1911 में ज्येष्ठपूर्णिमा के दिन बिहार के मधुबनी जिले के सतलखा गांव (ननिहाल) में हुआ। माता-पिता ने नाम दिया वैद्यनाथ मिश्र। आंरभिक शिक्षा गांव की संस्कृत पाठशाला में हुई। कुछ समय काशी रहे और कुछ वर्षो तक कलकत्ता में । पालि भाषा और बौद्ध दर्शन के अध्ययन के लिए केलानिया (कोलंबो-श्रीलंका) गए सन् 1930 में पहली कविता मैथिली में छपी। 1932 में अपराजिता देवी से विवाह किया। 1934 से 1941 तक बिहार से पंजाब, राजस्थान हिमाचल, गुजरात और देश के दूसरे भागों में घूमते रहे। तत्पश्चात् तिब्बत में राहुल सांकृत्यायन के संपर्क में आए। 1939 में स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में भाग लेते हुए छपरा, हजारीबाग जेल में रहे । 1941 में दूसरे किसान नेताओं के साथ भागलपुर के केन्द्रीय कारागार में रहे। 1948 में गांधीजी की हत्या पर लिखी गई कविताओं के कारण तथा 1973 में जयप्रकाश नारायण के 'संघर्ष क्रांति' आंदोलन में सक्रियभागीदारी और आपातकाल का विरोध के कारण जेल यात्राएँ की। भारत चीन सीमा विवाद और फिर दोनों देशों में युद्ध के कारण कम्यूनिस्ट पार्टी से मतभेद होने पर उन्होंने पार्टी छोड़ दी।

कृतित्व – बाबा नागार्जुन ने अपने आंरभिक कार्य एक पत्रिका 'दीपक' का संपादन किया। सन् 1944 में कौमी बोली के कुछ अंकों का संपादन भी। श्रीलंका में एक अध्यापक के रूप में काम किया और राष्ट्रीय भाषा प्रचार समिति वर्धा के संपादकीय विभाग में कार्यरत रहे। कहानीकार, उपन्यासकार, निबंधकार, समालोचक और समाचार पत्र के स्तंभ लेखक के रूप में कार्यरत रहे। दुर्निवार घुमक्कड़ी और धर्म परिवर्तन (हिन्दू से बौद्ध) होने के बावजूद पंरपरागत जीवन शैली और स्वभाव में कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

नागार्जुन रचना संसार व्यापक है। उनकी 1935 में लाहौर के विश्वयुद्ध साप्ताहिक कविता और सन् 1940 में पहली कहानी 'असमर्थदाता' विशालभारत में प्रकाशित हुई। इनके प्रसिद्ध काव्य संकलन हैं – सतरंगे पंखों वाली (1951), प्यासी पथराई आंखें (1962), तालाब की मछलियाँ (1975), तुमने कहा था (1980), खिचड़ी विप्लव देखा हमने (1981), हजार-हजार बाहों वाली (1981), पुरानी जूतियों का कोरस (1983), रत्न गर्भा (1984), ऐसे भी हम क्या ऐसे भी तुम क्या (1985), ऐसा क्या कह दिया मैंने (1886) और इस गुब्बारे की छाया में (1989), अपने खेत में (1998) इनके अतिरिक्त दो प्रबंध काव्य भस्मांकुर (1971) भूमिजा (1993) तथा बारह उपन्यास लिखे जिसमें रतिनाथ की चाची (1948), बाबा बटेसरनाथ (1954), वरूण के बेटे (1957), और दु:ख मोचन (1957) विशेष चर्चित हैं। इन औपन्यासिक कृतियों में नागार्जुन सामाजिक

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

समस्याओं के सधे हुए लेखक के रूप आते है। जनपदीय संस्कृति और लोक जीवन उनकी कथा सृष्टि का चौड़ा फलक है। उन्होंने कहीं तो आंचलिक परिवेश में किसी ग्रामीण परिवार के सुख-दु:ख की कहानी कही है, कहीं मार्क्सवादी सिद्धांतों की झलक देते हुए सामाजिक आन्दोलनों का समर्थन किया है और वहीं कहीं समाज में व्याप्त शोषण वृत्रि एवं धार्मिक, सामाजिक, कुरीतियों पर कुठाराघात किया है। 2 अन्य कृतियों में संस्कृत में लिखित धर्मलोक शतकम (सिंहली लिपि में प्रकाशित एक लंबी संस्कृत कविता) देश दशकम आदि है। हिन्दी में लिखित पारो, बलचनमा, नवतुरिया उपन्यास और चित्रा (1949), पत्रहीन नग्न गाछ (1967) काव्य संग्रह उल्लेखनीय है।

लोकचेतना – ' कवि नागार्जुन के लिए जन ही 'मंच' रहा और जन ही 'मंत्र'। वह कलकत्ता की सड़कों पर रिक्शा खींचने वाला मखना भी हो सकता है और जमींदार की जूतियाँ/गालियाँ खाकर किसानीया बंधुआ मजदूरी करता सूखा, दूखा या बलचनमा। वे अभिशप्त और संतप्त जनों की करूणा क्रोध और आक्रोश को स्वर देने के साथ उन्हें सदियों की नींद से जगाने के लिए भी आजीवन सचेष्ट रहे –

देखो, सौ बार मंरूगा, देखोगे सौ बार जिउंगा।।
हिंसा मुझसे थर्राएगी, मैं तो उसका खून पिउँगा।।
प्रतिहिंसा ही स्थायी भाव है मेरे कवि का
जन-जन मैं जो ऊर्जा भर दे, मैं उद्गाता हूँ उस रवि का (हजार हजार बाहो वाली)

आजादी के बाद की हिन्दी में कोई ऐसा दूसरा साहित्यकार नहीं हुआ जिसकी रचनायें नागर साहित्य की ठसक के बीच अपनी गांव देहात की संवेदना के बावजूद 'क्लासिक कृतियाँ बन गई हो। अकाल और उसके बाद, शासन की बंदूक, मंत्र, कविता, बहुत दिनों के बाद, आओ रानी हम ढोएँगें, पालकी आदि अनेक कविताएँ से आज भी लोगों की जुबान पर बसी हैं और अत्यधिक लोकप्रिय हो गई हैं। 'नागार्जुन की सबसे अच्छी कवितायें उत्तर भारतीय ग्रामीण जीवन में खुलने वाले दरवाजों- खिडकियों की तरह हैं। जिनमें प्रवेश करके हम साधारण जन के मर्म को, उसकी पीड़ा और संघर्ष को समझ सकते हैं।' [3]

राजनीति का चित्रण – 'दर असल नागार्जुन की सारी कविता एक बडी राजनीतिक और मानवीय जिरह है। उसमें जिरह करने वाला कोई एक व्यक्ति नहीं पूरा दीन हीन समाज है। आश्चर्य नहीं 1936 में नागार्जुन ने 'उनको प्रणाम' जो शीर्षककविता लिखी थी वह आज साठ वर्ष बाद बीसवीं सदी के अंतिम वर्षो में भी उतनी ही विचलित कर देने वाली है इस कविता में हाशिए पर छूट गए या नष्ट या विफल हो गए उन लोगों की स्तुति है जिनकी संख्या इन तमाम वर्षो में हमारे समाज में बढती ही गई है जो नहीं हो सके पूर्ण काम में उनको करता हूँ प्रणाम/— जो छोटी सी नैया लेकर / उतरी करने की उदधि पर/ मन की मन में ही रही , स्वयं / हो गए उसी में निराकर / उनको प्रणाम। युगीन वेदना की जबर्दस्त अभिव्यक्ति अकाल और उसके बाद जैसी कवियों में है।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास ,
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास,
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गशत,
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।
दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद,
धुंआ उठा आंगन के ऊपर कई दिनों के बाद,
चमक उठीं घर भर की आंखे कई दिनों के बाद,
कौए ने खुजलाई पांखे कई दिनों के बाद।

नागार्जुन ने बचपन, प्रकृति, सौन्दर्य, प्रेम और 'मेघदूत जैसी विदग्धता' पर भी अविस्मरणीय कविताऐं लिखी हैं। वे सिर्फ आदोंलन धर्मी साहित्यकार नहीं थे और न ही उनकी कविताएँ विद्रोह, विक्षोभ या जनसंघर्षो को आवाज देने हेतु कोई गर्जन-तर्जन करती हैं। उनकी 'मंत्र' कविता भी अपने बीहड शिल्प के जरिए बहुत कुछ कह जाती है । उनकी मैथिल कविताओं जिनके लिए उन्हे साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था, का संसार भी एक गहन देशज वातावरण से भरपूर है और आश्चर्य नहीं कि हिन्दी का यह महाकवि मैथिली का भी उतना ही प्रमुख कवि माना जाता है।

सत्ताधारियों के प्रति आक्रोश – जीवन के विविध क्षेत्रों में संघर्ष करने वाले नागार्जुन कविताएँ मृत्यु के विरूद्ध जीवन की तरफ जाती हैं। अपनी एक प्रसिद्ध रचना में वे एक बस के ड्राइवर के सामने कांच के पास लटकती गुलाबी चूड़ियों के द्धारा पूरे जीवन की कल्पना कर लेते हैं। यह जीवन की भविष्योन्मुखता है। शायद इसीलिए नागार्जुन निजी तौर पर नई पीढी का साथ ज्यादा पसंद करते थे। उन्हे वृद्धावस्था से ऊब होती थी और युवा आक्रोश में एक आश्वस्ति मिलती थी। 1947 में लिखी एक कविता में भी नागार्जुन लिखते हैं – मैं भी तो पहले देखा करता था सपने/ साथी, अब तो रंग ढंग ही बदल गए है। समझ गया हूँ। जीवन में इस धरा-धाम बाबा के व्यक्तित्व और रहन-सहन से कोई कुलीनता या ऐसी बनावट नहीं थी कि उनका एक प्रभामंडल बनता और नई पीढी उनका आश्चर्य चंकित गुण गान करती। वे एक साधारण जन की तरह थे जिसके सुख-दुख की आवाज ही उनकी कविता थी। शायद इसीलिए हिंदी उर्दू भाषी उत्तर भारतीय समाज ने उन्हें इतना प्यार और सम्मान दिया जितना आजादी के बाद शायद ही किसी कवि को मिला होगा नागार्जुन की सत्ताधारियों और समाज के ताकतवर लोगो के बीच नहीं गए। वे हमेशा साधारण जनो के समाज को ही अपना गुरूकुल मानते रहे। अपनी 75 वी वर्षगांठ पर जनसत्ता को दिए गए इन्टरव्यू में उन्होने कहा था – 'लोग ऋषिकुल की गुरूकुल की बात करते हैं। — हम आम जनता के बीच खुले मन से जाते हैं। वही हमारा गुरूकुल है।'[5]

सामान्य जीवन – एक आदमी कितनी कम जरूरतों के साथ मस्त रह सकता है। यह बाबा से ही सीखा जा सकता था। उनका संपूर्ण जीवन एक झोले में होता। कॉपी पेन एक दो छोटी डिबियाएँ गमछा। एक पजामा अलीगढ कट जो सफेद न होकर कुछ मटमैला बदरंग लिए होता। कुरता भी मोटी खादी का होता। दोचार दिन कहीं निकल जाते हट और लौटते वो वह वही झोला कंधे पर चिपका होता।' [6]

'ऊबड़ खाबड़ खुरदुरे चेहरे पर बेतरतीब दाड़ी पारदर्शी आँखों में झांकती चंचलता। चंचलता भी ऐसी जिसमें हर वक्त एक अजीब बेचैनी बुनती रहती है। जर्जरशरीर पर एक के ऊपर एक लदे कपड़ों की परतें। कंधे पर थैला जिसमें कोई एक किताब, डायरी पेन, ईनो साल्ट, पोस्टकार्डो का बंडल, छोटा सा ट्रांजिस्टर और नौ सफेद बडे मोतियों की माला। जब तक घुटनो में दम रहा। निरंतर भागता रहा यह व्यक्ति एक जगह से दूसरी जगह। दस दिन यहाँ तो पन्द्रह दिन वहाँ मनुष्य से मनुष्य तक की एक अविराम यात्रा पोस्टकार्डो के माध्यम से एक दूसरे से निरंतर जुड़ता। आज भी अपने गांव की मिट्टी की गर्द, वहाँ की लहलहाती फसलो के बीच की पगडंडियों के बीच की पगडंडियो, खेत खलिहान से जुडे लोगो का दर्द धूल धूसरित जीवन की मस्ती और रसमयता — यही है गांव घर के 'ठकक्न मिसिर' बैधनाथ मिश्र यात्री और नागार्जुन। [7]

मानवीय करूणा और पीड़ा की अभिव्यक्ति – एक जनकवि और समर्पित रचनाकार होने के बाबजूद नागार्जुन केवल ऐसे महाकवि या मसिजीवी होकर

नहीं रहना चाहते जो 'स्वान्त: सुखाय लिखते रहते हैं। उनके व्यक्तित्व का भास्वर पक्ष था एक लोककवि का उनकी कविताओं का मूल स्वर जनांतिक था जिसे लोक संस्कारो में रची बसी मानवीय पीड़ा और करूणा ने सींचा था। 05 नम्बर 1998 हिन्दी के शीर्षस्थ कवि बाबा नागार्जुन के महाप्रस्थान ने अपना सबसे उज्ज्वल नक्षत्र खो दिया। कविवर नागार्जुन अपनी सरलता, निश्चलता और जिजीविशा के नाते सबके लिए 'बाबा नागार्जुन' थे। उनकी काव्य यात्रा हिन्दी मैथिली और बांग्ला तीनों भाषाओं में समान गति से चलती रहीं उन्होंने संस्कृत में भी कुछ कविताऐं लिखी। साहित्य अकादमी ने उनकी मैथिली काव्य कृति पत्र हीन नग्न गाछ के लिए 1968 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया तथा समग्र साहित्यिक योगदान के लिए महत्र सदस्यता से विभूषित किया था। 'नागार्जुन बहुदिशाओं में संचरण करने वाले निर्बन्ध कवि हैं किंतु स्वच्छंद नहीं है। इसलिए कि उनका काव्य बौद्धिक विश्लेषण और राजनीतिक चिंतन का परिणाम हैं।'[8]

सामाजिक विषमता के प्रति विद्रोह – सामाजिक विषमता नागार्जुन में तीव्र व्यंग्यात्मकता को जन्म देती है। इस व्यंयों के माध्यम से कवि 'डिमालिशन एक्सपर्ट' का काम करता है। वास्तव में व्यंग्यकार के लिए किसी न किसी सैद्धांतिकवाद से प्रतिबद्ध होना आवश्यक होता है। मुक्तिबोध ने एक स्थान पर लिखा है – 'जो है उससे बेहतर चाहिए पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए'।

'नागार्जुन दुनिया की सफाई बड़ी तबीयत करते है और असंगतियों, विरोधाभास और सामाजिक तथा राजनीतिक पाखंडों पर कसके झाड़ू चलाते हैं।'[9] रानी एलिजावेथ के भारत आगमन पर कवि की प्रतिक्रिया इस संदर्भ में उल्लेखनीय है –

बीत गई सर्द, बीत गया माघ/ रानी के खसम ने ने मारा है बाघ
खुद तो विचारी को दिखी नहीं एक भी बिल्ली।
सवाई माधोपुर से सीधे आगयी नई दिल्ली
टके सी मुस्कान करोड़ों का खर्चा इस लाम झाम की कहाँ नहीं है चर्चा।'[10]

निष्कर्ष – बाबा के व्यक्तित्व और रहन–सहन में कोई कुलीनता या ऐसी बनावट नहीं थी कि उनका एक प्रभामंडल बनता। वे एक साधारण जन की तरह थे जिसके सुख–दुख की आवाज ही उनकी कविता थी उनके अंतिम दो तीन वर्ष बीमारी और अवसाद में बीते। हमारे जीवन, समाज और समय की विडम्बनाओं पर उन्होंने सबसे ज्यादा लिखा। बाबा नागार्जुन आम आदमी के स्वप्नों में, उनकी जिजीविषा में उसके संकल्प और संघर्ष में हमेशा विद्यवान रहेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रकाश मनु, आजकल मासिक पत्रिका जनकरी 1999 पृ. 11
2. डॉ. रवीन्द्र भ्रमर, हिन्दी साहित्य कोष भाग दो
3. जन सत्ता दैनिक समाचार पत्र, 7.11.98 पृ. 10
4. वही पृ. 10
5. वही पृ. 11
6. सुधीश पचौरी जनसत्ता 29.11.98 मुख
7. प्रदीप मांडव, जनसत्ता जून 1996
8. डॉ. शिवमंडल सिंह सुमन छायावादोत्तर काव्य धारा पृ. 26
9. नई कविता डॉ. कांति कुमार जैन पृ. 126
10. प्यासी पथराई आँखे, नागार्जुन पृ. 60

****

राष्ट्रीय संपर्क भाषा हिन्दी : आवश्यकता एवं क्षमता

डॉ. पुष्पा शाक्य *

प्रस्तावना – हिन्दी भाषा उतनी ही पुरानी हैं, जितनी मानव सभ्यता। मानव सभ्यता द्धारा युगों से संपादित यात्रा में भाषा ने भी संकेत ध्वनि एवं शब्द रूपी क्रमिक परिवर्तन के तौर पर विकास यात्रा पूर्ण की है एवं सदा ही अभिव्यक्ति के अमोघ साधन के रूप में प्रयुक्त होती रही हैं। भाषा संचार के बिना जीवन में संपूर्णता नहीं हो सकती। इसके बिना किसी समुदाय, आराधना या मानव गरिमा की स्थापना की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। संवाद, संपर्क समन्वय स्थापित करने के लिए भाषा सबसे शाक्तिशाली माध्यम है। इस प्रकार राष्ट्र और वैश्विक स्तर पर संपर्क के लिए भाषा महत्वपूर्ण हैं।

भाषा किसी भी संस्कृति विशेष का अभिन्न संघटक है जिसके बिना संस्कृति की कल्पना संभव नहीं है, विगत हजारों वर्षों से निरन्तर विभिन्न प्रयोगों से गुजरती रही किन्तु अभिव्यक्ति का साधन होने के गुण को प्रभावित नहीं कर सकी।

भाषा की सत्ता सार्वभौमिक है। भाषा सर्वहारा बहुजनों के कंठ से निकलकर विद्धानों एवं विचारकों की लेखनी से प्रवाहित होती है न कि विद्धानों एवं विचारकों की लेखनी से निकलकर जन सामान्य के विचार विनिमय का माध्यम बनती हैं। भारत की भव्य एवं उच्च प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति 'वसुदेव कुटुम्बकम्' पर आधारित हैं अर्थात समूचा विश्व एक परिवार हैं और एक वहद् परिवार में संपर्क भाषा की आवश्यकता है एव् संपर्क भाषा की आवश्यकता हैं एवं संपर्क भाषा के कार्य निष्पादन के लिए भारतीय भाषाओं की क्षमताऐं मजबूत होना अत्यंत आवश्यक हैं।

हमारी मातृ भाषा में जब तक हमारे सारे विचार प्रकट करने की शक्ति नहीं आ जाती और वैज्ञानिक मातृ भाषा में नहीं समझाऐं जा सकते तब तक नये ज्ञान की वृद्धि नहीं होगी यह सिद्ध सत्य हैं कि नये ज्ञान की आवश्यकता निरन्तर बनी रहेगी। हिन्दी का महत्व केवल राजभाषा और राष्ट्रभाषा के रूप में बल्कि जन भाषा के रूप में सर्वोपरि हैं क्योंकि हिन्दी तो साक्षरों की नहीं बल्कि निरक्षरों की संपर्क भाषा है।

आज हिन्दी की ही नहीं बल्कि भारत की अनेक भाषाऐं अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं के रूप में स्वीकृत हैं। हिन्दी भाषा में ही नहीं भारत के बाहर भी विश्व के अनेक देशों में बोली, समझी और पढाई जाती हैं यह मानव मुल्यों को वहन करने वाली व्यापक भाषा के रूप में विश्व –पटल पर अपना स्थान बनाती जा रही है। आज विश्व के विश्वविद्यालयों में हिन्दी अध्ययन अध्यापन के साथ शोध कार्य में भी आगे हैं।

हिन्दी अनेक चुनौतियों एवं प्रतिकूल स्थितियों के बावजूद बहुत कम अवधि में भाषिक विकास के अनेक पड़ाव पार करने में यशस्वी रही हैं। किसी भी भाषा में सूक्ष्मतम अर्थ भेदों के लिए अनेक पर्यायी शब्दों की उपलब्धता ही भाषा की सम्पन्नता का प्रमाण हैं। किसी भाषा या लिपि का सतत् प्रयोग ही उसे एक सुपरिचित सहज भाषा के रूप में स्थापित करता है। । अन्य भाषा भाषी के लिए दुरूह ही होगी किन्तु आज हम देखे अंग्रेजी लोग सीख रहे हैं अपना रहे हैं इसमें भी अन्य शब्दों का समावेश हैं और आने वाली पीढ़ी की अमेरिकन इंग्लिश ने अनेक शब्दों को अपरंपरागत अर्थ और वर्तनी प्रदान की हैं, फिर भी बड़े पैमाने पर प्रचलन में रहने के कारण वह हाशिये पर नहीं गई।

आज के समय में बहुभाषा भाषी होना प्रशंसनीय हैं और अनेक अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं का ज्ञान होना आवश्यक हैं, अपनी भाषा को विश्व स्तर पर हमारी भारतीय अस्मिता को स्थापित करना होगा। विदेशी भाषा और संस्कृति के बीच अपनी भाषा और अपने मूल्यों को अबाधित रखना होगा।

हिन्दी आज भी विश्व की सर्वाधिक सशक्त भाषा हैं और हिन्दी विश्व की संपर्क भाषा के रूप में विकसित हो रहीं हैं, हिन्दी भाषा का महत्व इस बात से भी आकां जा सकता है कि, आज विश्व के 150 विश्वविद्यालयों में हिन्दी का पठन पाठन ही नहीं, शोध कार्य भी हो रहें हैं। मॉरीशस, फीजी, सूरीनाम, हॉलैंड और इंग्लैण्ड जैसे कई देशों में हिन्दी में सृजनात्मक सहित्य की रचनाऐं भी हो रही हैं।

संपर्क भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भाषा की सहिष्णुता को देखते हुए हिन्दी भाषा की सहिष्णुता की राष्ट्रीय संपर्क भाषा की आवश्यकता को पूर्णता: देने में समर्थ हैं। हिन्दी भाषा को समग्र रूप में संसार के सामने लाने के लिए इसे लचीली एवं संग्राहक बनाये जाने के प्रयास ही विश्व भाषा के रूप में हिन्दी विकसित हो रही है क्योंकि हिन्दी में आत्मसातीकरण की जबरदस्त क्षमताऐं हैं। भाषा की खूबसूरती, सहजता इसके शब्दों के संगीत का जादू एवम वैज्ञानिकता से पूरा विश्व वाकिफ हो चुका हैं। इसलिये हिन्दी का विश्व परिदृष्य की ओर प्रवाह निरन्तर गतिमान है, इसने अपने अधिक फैलाव एवं प्रसार के लिए शक्ति अर्जित कर ली हैं, हिन्दी में भावात्मक एकता के गुण से ही विश्व के देशों को भाषाई एवं भावात्मकता के सूत्र में पिरोने में सक्षम रहीं हैं।

आज विश्व की भौगोलिक दूरियॉ कम होने के कारणों में हिन्दी का भी अप्रतिम योगदान हैं। हिन्दी का समस्त भारतीय भाषाओं में स्थान सर्वोपरि हैं क्योंकि हिन्दी समन्वयात्मक भाषा हैं। आज जब हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनने की ओर तेजी से बढ़ रही है तब हमारा कर्त्तव्य है कि, हम इसे अपने देश में भी सशक्त बनाने में ध्यान दे। राष्ट्र के अंतर्गत प्रांतों और वैश्विक स्तर पर संपर्क के लिए भाषा महत्वपूर्ण हैं भारत बहुभाषी देश हैं, इस सभी भाषाओं में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा हिन्दी हैं। हिन्दी की एक प्रमुख महत्ता यह भी है कि, उसकी महत्ता, उपयोगिता एवं समृद्धता निर्विवाद हैं।

भारत ज्ञान, विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व गुरू रहा हैं और वह सभी साहित्य भारतीय भाषाओं में ही उपलब्ध हैं फिर भी तकनीकी शिक्षा को भारतीय भाषाओं में नहीं पढ़ाया जा रहा हैं जबकि तुर्की के 1922 में स्वतंत्र होने के पश्चात से पूरा काम स्वभाषा में करने का निर्णय आज तक

* सहायक प्राध्यापक, माताजीजा बाई शासकीय कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

अटूट हैं। हांगकांग, ब्रिटेन से चीन को हस्तांतरण के साथ हांगकांग सरकार ने अनिवार्य रूप से राष्ट्र भाषा केटनी पढ़ाने का प्रावधान रखा है। विज्ञान की शिक्षा का माध्यम हिन्दी बनाना आज भी दुश्कर हैं। आज दुनिया के लगभग 135 विश्वविद्यालयों में हिन्दी के अध्यापनकी सुविधा है भारत के अलावा हिन्दी, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, त्रिनिडाड, इंग्लैंड अमेरिका, नेपाल, सिंगापुर, मलेशिया, रूस आदि देशों में बोली जाती हैं। रूस पौलेंड, हंगेरी, जर्मनी मॉरिशयस में तो हिन्दुस्तान की संस्कृति, परंपरा, इतिहास और संगीत को जानने के लिए वहॉ के लोग हिन्दी भाषा सीख रहें हैं। बोलने वालों की संख्या तथा भाषा की वैज्ञानिकता की दृष्टि से हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनने के लिए पूर्णत: सक्षम हैं।

इंग्लैंड के विद्धान डॉ. मॅगेसर के अनुसार हिन्दी दुनिया की महानतम् भाषाओं में से एक हैं, भारत को समझने के लिए हिन्दी का ज्ञान अनिवार्य हैं। हिन्दी का महत्व आज इसलिये ओर बढ़ गया है क्योंकि भारत आज शिक्षा, उद्योग और तकनीकी हिसाब से दुनिया का अग्रणी देश हैं। हिन्दी भाषा विश्व की संभवत: सभी भाषाओं की तुलना में सर्वाधिक समर्थ और वैज्ञानिक भाषा है। हिन्दी केवल भारत की ही भाषा नहीं है, संप्रति वह विश्व की भाषा बनी हैं हिन्दी का आम जनता से परिचय समाचार–पत्र, पत्रकारिता, विज्ञापन के माध्यम से हुआ है।

मौखिक भाषा ही भाषा का असली रूप हैं, हिन्दी भाषा के विस्तार आावश्यकता का एक प्रबल कारण 'व्यापार' रहा हैं। आत्मसातीकरण की प्रक्रिया से एक दूसरे का हिस्सा बन जाती हैं। हिन्दी संपर्क के रूप में शीघ्रता से गतिमान है, विदेशों में हिन्दी की वर्तमान स्थिति म्यांमर, श्रीलंका, मलाया, इंडोनेशिया, मॉरिशयस, दक्षिण पूर्वी अफ्रिका, ब्रिटिश गयाना एवम् पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, फिजी, सूरीनाम आदि देशों में भी हिन्दी के महत्व को स्वीकार किया गया हैं। इनमें से त्रिनिडाड, सूरीनाम, फिजी आदि देशों में हिन्दी को वैकल्पिक राजभाषा के रूप में विकसित किया जा रहा हैं। बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, कंबोड़िया आदि में पहले से ही हिन्दी के लिए ठोस ऐतिहासिक आधार बना हुआ हैं। देश की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए हिन्दी मॉरिशयस, नेपाल, फिजी आदि अनेक देशों में अभिव्यक्ति का सफल और सर्वप्रथम माध्यम बन रहीं हैं। हिन्दी को विदेशों में पहुचाने का श्रेय उन राष्ट्रभाषा प्रचारकों को भी हैं, विश्व के इन देशों में परीक्षार्थियों की बढ़ती संख्या हिन्दी के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सूचक है।

हिन्दी के संपर्क भाषा बनने की सफलता उसके पूर्णरूपेण विश्व भाषा बनने के योग्य, समर्थ तथा सक्षम हैं इसका विपुल तथा समृद्ध वाड़मय हैं हिन्दी भाषा सरल, सहज एवम् आसानी से सीखी जा सकती है। भौगोलिक दृष्टि से हिन्दी विश्व भाषा हैं क्योंकि इसके बोलने और समझने वाले समूचे संसार में मिलते हैं। हिन्दी में अपनी दुनिया बसी हुई हैं उसमें आर्य, द्रविड़, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, फारसी, चीनी, जापानी आदि विभिन्न तथा संसार की अनेक भाषाओं के शब्द मिलते हैं जो कि उसके अन्तर्राष्ट्रीय प्रीतियुक्त स्वभाव के परिचायक हैं क्योंकि हिन्दी की लिपि संसार की सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपि देवनागरी हैं।

विश्व में संख्या की दृष्टि से हिन्दी भाषा भाषियों का स्थान तीसरा माना जाता है आज विदेशों में हिन्दी की भाषिक शैलियॉ अपनी स्थाई सत्ता बना चुकी हैं और अपने अपने देशों में यह भारतीयों की भाषा अभिव्यक्ति का मुख्य माध्यम हैं।

सूचना क्रांति के इस युग में 'ग्लोबल विलेज' अवधारणा ने हिन्दी भाषा साहित्य को अत्यन्त लोकप्रिय बना दिया हैं, कम्प्युटर और टेलिविजन के माध्यम से यह आज विश्व के कोने–कोने तक पहुँच गई है। विश्व में अब उसी भाषा को प्रधान मिलेगी जिसका व्याकरण विज्ञानसंगत होगा, जिसकी लिपि कम्प्युटर की लिपि होगी इसलिए इसमें अंग्रेजी, फ्रेंच आदि के अपेक्षा हिन्दी से अधिक संभावनाऐं हैं। सही अर्थों में विश्व भाषा बनने की आज हिन्दी भाषा के उत्तरोत्तर विकास में प्रवासी भारतीयों के आंगन में नई हवा बन समय की लहर में पड़कर अपने अस्तित्व को स्थापित कर सूरीनाम के ग्रहों में तुलसी बन गई इससे बढ़कर हिन्दी का महत्व एवं क्षमता और क्या होगा। फूल की सुगंध की तरह हिन्दी अपने आप इस संपर्क में बहती हुई अपनी महत्ता स्थापित कर चुकी हैं। इसलिये आवश्यकता है हिन्दी को एक ऐसी समग्र सर्वांगीण, सशक्त अभिव्यक्ति का स्वरूप दिया जाए जिससे हिन्दी विभिन्न देशों में रहने वालों की भाषिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आरक्षण कर सके और हमारे अंतर्राष्ट्रीय कार्यकलापों एवं व्यवहार के लिये संपर्क भाषा का माध्यम बन सके।

निष्कर्ष – आज संपूर्ण विश्व में हिन्दी भाषाविद प्रथम स्थान पर है भाषा वैज्ञानियों और भाषा चिंतकों का निष्कर्ष है कि, विश्व में भाषा जानने वालों के क्रम में प्रथम स्थान पर हिन्दी द्वितीय स्थान पर चीनी और तृतीय स्थान पर अंग्रेजी का है। अत: विश्व में प्रथम स्थान पर रहकर कीर्तिमान रचने वाली हिन्दी सर्वोपरी, वंदनीय, अभिनंदनीय हो। हिन्दी भाषा के प्रयोगों ने हमें आश्वस्त कर दिया है कि हिन्दी विश्व मंच पर अपनी अस्मिता बनाये रखेगी, हिन्दी जीवित भाषा है उसमें निरंतर होते परिवर्तन तथा विकास हमारी हिन्दी भाषा के महत्व को स्थापित करते है, इसकी महत्ता, क्षमता एवं समृद्धता निर्विवाद हैं।

हिन्दी में राष्ट्र की शक्ति है, राष्ट्र की भक्ति और राष्ट्र की मुक्ति उन्नति भी हैं, वैश्विक स्तर पर हिन्दी का भविष्य दैदीप्यमान हैं। भारतेन्दु हरिशचन्द्र ने भाषा के इस शक्तिशाली और प्रेरक रूप को पहचाना ही नही, बल्कि स्पष्ट कहा है कि–

'निज भाषा उन्नति अहै
सब उन्नति को मूल'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी, डॉ. पृथ्वीनाथ पांडे
2. हिन्दी के गतिमान क्षितिज, डॉ. जोगेन्द्रसिंह
3. हिन्दी भाषा का संक्षिप्त इतिहास, भोलानाथ तिवारी
4. भाषा विज्ञान, 1. डॉ. दानबहादुर पाठक 'वर' 2. डॉ. मनहर गोपाल भार्गव
5. प्रयोजनमूलक हिन्दी, डॉ. राजेन्द्र मिश्र
6. वाणी पत्रिका
7. दैनिक भास्कर, 'हिन्दी दिवस विशेष अंक'
8. अंधेर नगरी चौपट राजा, भारतेन्दु हरिषचन्द्र (भूमिका संपादक – गिरिश रस्तोगी – पृष्ठ संख्या – 13)

****

बदलते जीवन मूल्य और समकालीन कविता

डॉ. रंजना मिश्रा *

प्रस्तावना – सन् 1960 के बाद की समकालीन कविता एक नयी चेतना का प्रतिनिधित्व करती है। स्वतंत्र भारत में इस समय आम आदमी आतंक, अविश्वास, अराजकता, अपमानबोध, अनास्था, क्षणत्वबोध, निराशा और संशय के दौर से गुजर रहा था। समकालीन कवियों ने मानवता को आतंक से बचाने के लिए और मानव के हितार्थ व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व में एकता स्थापित करने के लिए साहित्य सृजन किया। समकालीन कविता का कथ्य यथार्थ पर आधारित है। इस दौर के कवियों ने किसी न किसी स्तर पर मर्यादा, शक्ति, स्वतंत्रता, सत्य, आस्था, करूणा आदि शाश्वत् जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रयास किया है।

सन् 1960 के बाद साहित्य में दो प्रकार की विचारधारायें लक्षित होती हैं–एक विचारधारा के अंतर्गत कवि जनसामान्य की पीड़ा की अनुभूति को गहराई से व्यक्त करता है और दूसरी विचारधारा के अंतर्गत यातनाओं के बीच से गुजरकर कवि की संवेदनशीलता विद्रोह में परिणत हो गई है। समकालीन साहित्य के दौर में मानव अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत है, अत: इस कविता में मानव की समस्त घुटन, वेदना, कुण्ठा, पीड़ा, भय, संत्रास, निराशा अभिव्यक्त हुई है। जीवन मूल्यों का बिखराव कवि में निराशा और अवसाद पैदा करता है। समकालीन कवियों की व्यथानुभूति जीवन की अनुभूति को गहरा करती है–'चेहरे थे असंख्य/आँखें थीं/दर्द सभी में था।' (मुक्तिबोध) क्षण को महत्व देने वाले ये कवि मृत्यु के सत्य को निर्भीकता से स्वीकार करते हैं, उनकी धारणा है कि जीवन का दुख सब को मॉजता है और मृत्यु पहचान कराती हैं। शून्य की अवधारणा को अज्ञेय जैसे कवि अस्तित्व को परखने का एक यंत्र मानते हैं। यह शून्यानुभूति अज्ञेय के काव्य में 'सार्थक मौन' के रूप में अभिव्यक्त है।

समकालीन कवि के अकेलेपन में भी व्यष्टिबोध है–'यह दीप अकेला/स्नेहभरा मदमातासा/इसकों भी पंक्ति को दे दो।' ये कवि मानव को सृष्टि का सर्वाधिक सबल प्राणी स्वीकार करते हैं। सर्वहार के हितार्थ कवि पूँजीवादी प्रवृत्ति का विरोध करता है, धर्म और रूढियो को नकारता है। इन कवियों का क्रांतिकारी दृष्टिकोण वर्तमान से जूझने की प्रेरणा प्रदान करता है। मजदूरों और किसानों के अतिरिक्त भिखारी, रोगी और उपेक्षित भी समकालीन कविता के पात्र है– 'मेरी शस्य श्यामला माँ के/बेटे भूख लिये बैठे हैं/कभी संजीवन मूर मिली थी, अब तो जहर पिये बैठे हैं।' कवियों ने मानवीय पीड़ा के अलावा वर्तमान जीवन की विडम्बनाओं मानवीय मूल्यों के ह्रास, आत्मकेन्द्रिता, शोषण, भ्रष्टाचार आदि पर व्यंग्य प्रस्तुत किये है। भवानी प्रसाद मिश्र जैसे कवि दुखों से निराश नहीं होतें, क्योंकि उनकी धारणा है कि शायद दुख की गहराई से ही मानव कल्याण का मीठा जल प्राप्त हो। मुक्तिबोध की कविता जनक्रान्ति की कविता है, वे आत्मसजग है, वर्तमान समाज के कल्याण का उत्पीड़न और विसंगतियों के प्रति असंतोष पूर्ण सच्चाई और साहस से अभिव्यक्त कर देते हैं। कुल मिलाकर वर्तमान काल की समस्त मानवीय जटिलताओं और उनके समाधानों को समकालीन कविता अभिव्यक्त करती है। समस्त समकालीन कवियों ने अपनी मानवीय दृष्टि के अनुरूप सच्चे मानव रूपों की स्थापना का प्रयास अपने काव्य के माध्यम से किया है।

समकालीन कविता का क्षेत्र हमारे आस पास का परिवेश है। आज की कविता सहज, धारदार एवं प्रभावशाली है और वह आम आदमी की भाषा में कही गई है। इसकी शैली प्रहारक है,व्यंग्यात्मक है और साथ ही साथ सार्थक भी है। आज का कवि राजनीतिक स्वार्थपरता एवं विसंगतियों को चुपचाप नहीं देखता रहता अपितु उस पर अपनी तीखी टिप्पणी भी करता है। समकालीन कविता की एक प्रमुख विशेषता है– लोक जीवन से उसका जुड़ाव। प्रयोगवाद लोक जीवन से कट गया था किन्तु समकालीन कविता ने लोक जीवन को अनुभूति और सौंदर्यबोध दोनों स्तरो पर ग्रहण किया है । उसमें लोक जीवन के बिम्ब, उपमान प्रतीक एवं भाषा प्रयुक्त है। कवि लोक में व्याप्त असंतोष, कुण्ठा, नफरत और विद्रोह की आग को अपनी कविताओं में अभिव्यक्ति देता है– 'मैं देखता रहा/हर तरफ ऊब थी/संशय था/नफरत थी/मगर हर आदमी अपनी जरूरतों के आगे असहाय था' /उसमें सारी चीजों को/नये सिरे से बदलने की/बैचेनी थी, रोष था/लेकिन उसका गुस्सा/एक तथ्यहीन मिश्रण था/आग, आँसू और हाथ का।

दुष्यंत कुमार, रघुवीर सहाय, कुंवर नारायण, लीलाधर जगूड़ी, चन्द्रकांत देवताले, बल्देव वंशी, श्याम विमल, वेणुगोपाल आदि कवियों ने समय के प्रवाह को पकड़ने का प्रयास करते हुए आम आदमी की स्थितियों एवं परिस्थितियों को सफलतापूर्वक अभिव्यक्त किया। अपनी कला के प्रति विशेष सजग रघुवीर सहाय सामाजिक यथार्थ के प्रति जागरूक रहे हैं, तथा समाज को वैज्ञानिक तरीके से समझने के पक्षधर हैं। उनकी भाषा आम बोलचाल की भाषा है, उन्होंने भाषा में नये बिम्ब, नये प्रतीक और नये उपमानों की तलाश की है। इस भाषा में नवीनता के साथ–साथ भीतर तक तिलमिला देने की क्षमता भी मौजूद है। कुंवर नारायण की कविता में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तर्कपूर्ण विचारों की प्रमुखता होते हुए भी पाश्चात्य चिन्तन उनके काव्य की मूल प्रेरणा को प्रभावित नहीं कर सका। आत्मजयी में कवि कुंवर नारायण नचिकेता के माध्यम से जीवनमूल्यों की खोज करना चाहता है। वह उस भौतिकता का विरोध करता है, जो आज सम्पूर्ण मानव जाति पर हावी हो रही है। नचिकेता उस वस्तुवादी दृष्टिकोण को नकारता है, जो आज का सबसे बड़ा जीवनमूल्य बना हुआ है। कवि धूमिल व्यवस्था, व्यवस्था में जीने वाले आदमियों तथा उस व्यवस्था पर पलने वाले शोषकों– तीनो को अपनी कविता में समेटते हैं– 'एक आदमी रोटी बेलता है/एक आदमी रोटी खाता है/एक तीसरा आदमी भी है/जोन रोटी बेलता है/न रोटी खाता है/वह सिर्फ रोटी से खेलता है/मैं पूछता हूँ यह तीसरा आदमी कौन है/मेरे देश की संसद मौन है।'

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

'संसद से सड़क तक' काव्य संग्रह में वर्तमान राजनीति की विसंगतियों को उजागर करते हुए अपने समष्टिबोध का ही परिचय दिया है। 'मृतात्मा की वसीयत' (लक्ष्मीकांत वर्मा) क्लर्क (देवराज) पहेली (जगदीश गुप्त) विदेह (भारतभूषण अग्रवाल) और पाषाण (अनन्त कुमार) आदि कविताओं में व्यष्टिबोध के साथ समष्टिबोध भी व्याप्त है। गजलकार दुष्यंत कुमार कृत्रिमता से दूर सहज स्वाभाविक अभिव्यक्ति के कवि है। 'सूर्य का स्वागत' संग्रह की कविताओं से स्पष्ट हो जाता है कि संघर्षो की चोट सहते हुए भी वे पराजय स्वीकार नहीं करते हैं। जिन्दगी तो जीने के लिए ही है। इसमें निराशा और पराजय क्यों? भवानी प्रसाद मिश्र, शमशेर, भारतभूषण अग्रवाल, चन्द्रदेव सिंह, राजेन्द्र किशोर, महेन्द्र शंकर, रामनरेश पाठक के काव्य में अनुभूति की सच्चाई, निजी अनुभूतिगत भिन्नता, नया सौंदर्यबोध, बिम्बप्रतीक, उपमानयोजना आदि की सामान्य भावभूमि है। इनमें तरलता, रसमयता, बुद्धिसंगत सहृदयता, सूक्ष्मस्तर की संवेदना और बिखरे बोधों को एकत्रित करने वाली प्रभाव क्षमता है।

अकाल, बेरोजगारी, भुखमरी, जातिवाद, भाषावाद, धार्मिक संकीर्णता और साम्प्रदायिक दंगों ने हमारे आदर्श की पोल खोल दी। अवसरवादिता, राजनीतिक स्वार्थपरता, झूठे आश्वासन, भ्रष्ट प्रशासन एवं राजनीतिक जड़ता ने जनता का मोहभंग कर दिया। राजनीतिक अव्यवस्था, उत्तरोत्तर कठिन होता जा रहा जीवनयापन सामाजिक विकृतियाँ, खोखले सिद्धांत सबको समकालीन कविता में समेटा गया है। व्यंग्य एवं आक्रोश के साथ बौद्धिकता भी प्रभूत मात्रा में है।

आज का आदमी अपने जीवन की सार्थकता इस बात में समझता है कि वह भीड़ में भी पहचान लिया जाये। व्यक्तित्व के प्रति जागरूकता और अस्तित्व की सार्थकता उसे स्वस्थ मूल्यों के प्रति अग्रसर करती है। समकालीन कविता में आधुनिक भावबोध के साथ ही तर्क, विचार एवं चिन्तन की प्रधानता होने से वैज्ञानिक बोध भी समाविष्ट है। समकालीन कविता जीवन की व्याख्या है। वह जीवन और परिवेश को संवेदना के धरातल पर अनुभव करके शिल्पगत सौंदर्य के साथ अभिव्यक्त करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी कविता का इतिहास – डॉ. लक्ष्मीनारायण चातक
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास – डॉ. नगेन्द्र

****

भारतीय संस्कृति और नारी स्वातंत्र्य

डॉ. चन्दा तलेरा जैन *

प्रस्तावना – संस्कृति अर्थात् संपूर्ण विश्व में जो भी श्रेष्ठतम बातें जानी, समझी और प्रयोग में लायी गई हैं वह 'संस्कृति' है। वास्तव में संस्कृति ऐसा सांचा है जिसमें समाज के विचार ढलते हैं, वह बिन्दु है जहां से जीवन की समस्याएं एवं उनका समाधान देखा जा सकता है। डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र ने भी कहा है कि अपनी–नैसर्गिक प्रवृत्तियों से प्रेरित मानव हृदय की स्वाभाविक अवस्था ही प्रकृति है। जब यह अवस्था आत्मिक ध्येय के अनुसार, मानवीय प्रयत्नों द्वारा परिमार्जित होकर शुद्ध हो जाती है, तब उसे संस्कृति कहते हैं। ऐसे में संस्कृति को आधारभूत एवं अंतर्राष्ट्रीय माना जा सकता है, परन्तु फिर भी विभिन्न राष्ट्रों की अपनी विशिष्ट स्वाभाविक मौलिकता होती है।

विश्व के आध्यात्मिक गुरू माने जाने वाले हमारे देश की संस्कृति अति –प्राचीन होने के साथ ही उत्कृष्ट मानवीय, नैतिक तथा आध्यात्मिक सद्गुणों से ओतप्रोत है। भारतीय संस्कृति की उदारता को वसुधैव कुटुम्बकम् एवं सर्वे भवन्तु सुखिन: की आत्मीय भावभूमि में स्पष्टत: समझा जा सकता है। संपूर्ण विश्व में कहीं भी देश को 'माता' नहीं कहा या माना गया है। परन्तु हमारे देश को 'भारत–माता' माना जाता है। जननी–जन्मभूमिश्च च स्वर्गादपि गरिश्यति यह बोध वाक्य भी हमारी संस्कृति के झिलमिलाते फलक का महत्तवपूर्ण भाग है। नारी स्वातंत्र्य की बात जब उठती है तो इसके विविध पक्ष सामने आते हैं। प्रकृति की अनुपम कृति नारी को (जिसके बिना इस धरती पर किसी भी प्रकार की उन्नति, संतुलित विकास एंव सृजनकार्य असंभव है) लगातार अपनी अस्मिता के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है।

पुरातन काल के मातृसत्तात्मक परिवारों की आधारभूमि नारी ही थी। ऋग्वेद काल की स्त्रियां शिक्षा के सर्वोच्च –शिखर पर पहुंचने में आजाद थी। हमारे यहां की अर्द्धनारीश्वर की धारणा, मान्यता नर–नारी के संतुलित रिश्तों का ही परिचय तो देती है। वैदिक एवं उत्तर वैदिक काल में भी नारियों को पुरूषों की तरह ही सभी अधिकार ससम्मान प्राप्त थे। विश्व पटल पर धरती सा धैर्य रखने वाली सती–सीता, गार्गी, तिलोत्तमा, रत्नावली, लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, जीजाबाई आदि आज भी अपना अमिट प्रभाव रखते है।
चूंकि समय–चक्र परिवर्तित होता रहा और हालात धीरे–धीरे बदलने लगे और रामायण, महाभारत तथा मुगलकाल तक आते–आते नारी केवल उपभोग की वस्तु मात्र बनकर रह गई। नारी जिसके कदमों तले स्वर्ग माना जाता था, वह तरह–तरह से तिरस्कृत की जाने लगी, उसका जीवन नर्क होता जा रहा था। जिस देश में पुरुषों के नाम के पूर्व स्त्रियों का नाम (सीता–राम, राधेश्याम, गौरीशंकर, देवकीनंदन रमाकांत) ससम्मान लिया जाता रहा, वही बाल–विवाह, सतीप्रथा, दहेज प्रथा आदि जैसी कुरीतियों का तांडव दिखने लगा। माँ, बहन, पत्नी, कन्या, जैसे पावन एवं शक्ति स्वरुपा नारी की दयनीय स्थिति को विभिन्न समाज–सुधारकों (राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती ज्योतिबा फूले वगैरह) ने समझते हुए सुधार के निरंतर प्रयास किये, परिणाम स्वरुप स्थितियों में सुखद परिवर्तन की बयार बहने लगी, और स्वतंत्रता के पश्चात् तो यह दृश्य और भी स्पष्ट दिखने लगा। वर्तमान में तो नारी समाज ने विविध क्षेत्रों में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। गृहस्थी की गाड़ी का महत्वपूर्ण भाग मानी जाने वाली नारी एक कुशल प्रशासक, अध्यापक, वैज्ञानिक, चिकित्सक एवं कलाकार की सशक्त भूमिका अदा कर रही है। फिल्मी दुनिया में भी कुशल अदाकारी से देश विदेशों में अपनी अलग ही राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय पहचान बनायी है।

विभिन्न उतार–चढ़ाव के बाद भी अनेकता में एकता की मूल चेतना पर आधारित हमारी भारतीय संस्कृति अन्य संस्कृतियों से विशिष्ट है। हमारे यहाँ का इहलोक परलोक से विमुख नहीं है। इस तरह देखा जाये तो अतिथि देवो भव: से लगाकर संबंधों में आपसी गहराई तक फैले हुए, मनुष्य के कार्य–व्यवहार से भी संस्कृति का स्वरुप झलकता है। जैनेन्द्र कुमार के अनुसार 'स्नेहपूर्ण हृदय ' और 'कार्यशील हाथ' वाले मनुष्यों को संस्कृति ही उच्चासन पर विराजित कर देती है। इसलिये जीवन के विकास क्रम में संस्कृति का विशिष्ट स्थान है। जब यह कार्यशील हाथ एवं स्नेहपूर्ण हृदय परिवार, समाज एवं राष्ट्र में दिखाई देते हैं तो फिर संस्कृति का जो स्वरुप सामने होगा, वह मानव मात्र के लिये संजीवनी बन सकेगा। हालांकि नारी और पुरुष के बीच की संख्या का असंतुलन भ्रूण हत्या जैसी विकराल समस्याएं सामने हैं जिन पर नियंत्रण मात्र महिला दिवस मनाकर नहीं वरन् महिलाओं द्वारा ही सकारात्मक सोच एंव उदार दृष्टिकोण के साथ दृढ़ संकल्प से ही किया जा सकता है, निश्चित ही यह पुनीत कार्य भारतीय नारियां बखूबी कर सकती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. महिला सृजन के विविध आयाम – डॉ सुश्री तारा परमार
2. संस्कृति के चार अध्याय – रामधारीसिंह दिनकर
3. काम, प्रेम और परिवार – जैनेन्द्र कुमार
4. राज एक्सप्रेस – 8 मार्च महिला दिवस
5. नई दुनिया
6. दैनिक भास्कर

* प्राध्यापक एवं अध्यक्ष (हिन्दी अध्ययन परिषद्) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

समस्याओं से संघर्ष करती नारी और अंतर्द्वन्द्व

डॉ. रश्मि जैन *

शोध सारांश – आज नारी चाहे किसी भी क्षेत्र से संबधित हो, उसका जीवन निर्द्वन्द्व नहीं है। उसके व्यावहारिक जीवन में कई समस्यायें आती है जिनसे उसे जूझना पड़ता है, जैसे – सामाजिक रूढ़ियाँ,मान्यताएँ,ससुराल पक्ष की सोच, देर से विवाह, बेमेल विवाह, दुर्व्यसनी पति, परित्यक्ता, वैधव्य, गरीबी, संकुचित परिवेश, आर्थिक व सामाजिक शोषण आदि कई कारण है। घर के भीतर और बाहर वह अपने होने या न होने की पीड़ा से गुजर रही है। वह अपनी पहचान बनाने और यथोचित सम्मान पाने इन कठिनाईयों और समस्याओं से संघर्ष करती है। वह सुशिक्षित और आत्मनिर्भरता के बाद भी परमुखापेक्षी है। उसमें स्वेच्छा से निर्णय लेने की क्षमता, समझ एवं साहस का विकास नहीं हो पाया है। उसे अपने जीवन की सार्थकता की तलाश है। ऐसे हालातों में उसका मन उद्वेलित होता है। वह भीतर ही भीतर छटपटाती है। अपनी समस्या का हल वह स्वयं खोजना चाहती है, परन्तु तमाम प्रयत्नों के बाद भी जब वह ऐसा नहीं कर पाती, तब वह आक्रोश,घुटन,कुंठा, तनाव, उत्पीड़न, डिप्रेशन में जीते हुए अपनी जीवनलीला समाप्त कर छुटकारा पाना चाहती है। उसके अंदर की ताकत ही उसे जिलाये रखती है। उसे परिस्थितियों से जूझने की सामथ्यदेता है। आज भी वह अपनी शक्ति के बल पर संघर्षरत है। वह हार मानकर नहीं बैठी है। आज आवश्यकता है नारी को अंतर्द्वन्द्व से उबारने की। नारी के प्रति सही समझ हासिल करने की। पूर्वाग्रह से मुक्त होने की और उसे यथोचित सम्मान देने की आवश्यकता सार्थक पहचान बनाये। साथ ही पुरूष यदि अपनी सोच सकारात्मक रखें तो नारी की दुनिया बदल सकती है।

प्रस्तावना – आज विश्वधरातल पर नारी चाहे वह निम्नवर्गीय, मध्यवर्गीय या उच्चवर्गीय हो, शिक्षित हो या गैर शिक्षित, शहरी हो या ग्रामीण, घर की चहारदीवारी में हो या उससे बाहर कार्यशील, कहीं भी उसका निर्द्वन्द्व जीवन नहीं है। वह मर्माहत है, उसमें अंतर्वेदना है। इसका कारण उसके व्यावहारिक जीवन क्षेत्र से जुड़े विविध पहलू है, जो समस्याओं के रूप में उसके सामने आते है।

नारी के अंतर्द्वन्द्व का प्रमुख कारण हमारी सामाजिक रूढ़ियाँ,मान्यताएँ,आकांक्षाएँ व अपेक्षायें है। शिक्षित अथवा गैरशिक्षित नारी को दहेज की कमी के कारण ससुराल में तिरस्रेंत किया जाता हैं। वहाँ उसे व्यंग्य वाणी सुननी पड़ती है। लगता है, 'भौतिकता की चाह में मानवीय संवेदनाएँ शून्य हो गई है।' ससुराल पक्ष के इस व्यवहार से वह दु:खी होती है, वह अनजान परिवार में अकेलापन महसूस करती है और अन्तर्द्वन्द्व में जीती हैं। वह अपनी पीड़ा किससे कहे? समाज के उपेक्षित दृष्टिकोण के कारण नारी को 'भ्रूण हत्या' करनी पड़ती है तथा उसे पुत्रकी इच्छा एवं चाहना संबधी अन्तर्द्वन्द्व झेलना पड़ता है। कभी–कभी गरीबी या अन्य परिस्थितियों के कारण नारी 'सामाजिक कटाक्ष' सुनती व सहती है। समाज के विभिन्न वर्गो में किशोरवय पार कर चुकी लड़कियों को 'शादी की उम्र हो गई','लड़की इतनी बड़ी कर ली' –जैसी बाते भिन्न भिन्न रूप में डंक की तरह चुभती हुई पीड़ा देती है। उसका कोमल मन इन दबावों एवं कटाक्षों से अहात होता है। कभी–कभी नारी 'बेमेल विवाह' की स्थिति का भी सामना करती है। नारी का एकाकी निर्द्वन्द्व जीवन जीना भी समाज के समाज के 'भलेमानुसों' को रास नहीं आता वे ऐसे मौके देखते व खोजते रहते है कि कहीं कुछ ऐसा घटे कि वे चटखारे लें, विकृत कुंठित मजा लें। पति के शराबी और दुर्व्यसनी होने पर नारी शारीरिक एवं मानसिक यातना भोगती है। समाज में नारी की इस दशा पर मृणाल पांडे : 'परिधि पर स्त्री' में लिखती है– 'लिहाजा दिहाड़ी खत्म कर यह मजदूर जब घर लौटते है तो पेट में होती है शराब और जेबें होती है एकदम खाली। गृहस्थी चले तो कैसे ? महिलाएँ विरोध करती तो घर में पिटती, बाहर आती तो उपहास की पात्र बनती है। आज कचेरीदेवरयापल्ली गांव की लक्ष्म्मा आप बीती बताती है –'हम औरते' या जानती है। हम कमर तोड काम पर जाती है। घर लौटने पर दिन भर बाहर खटके फिर हम बच्चों में, खाना पकाने में खटती है, मर्द कहीं अरक पीने बैठ जायेंगे। हमारी बहुओं के जेवर दारू के ठेके पर पहुँच गए। हम भी तो कष्ट झेलती है, जो हमारे मर्द। हम तो शराब में गम नहीं डुबाती। हमें बच्चे पालने, संसार चलाना है।

पति की असामयिक मृत्यु हो जाने पर नारी सामाजिक विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अकेले ही पारिवारिक जिम्मेदारी वहन करती है। प्रताड़ना,उत्पीड़न,शोषण नारी के जीवन का अनिवार्य हिस्से बनते चले जाते है। अन्याय और अत्याचारों को नियति मानकर 'चुपचाप सहना' नारी की विवशता है और सामाजिक संरचना है ।

जब नारी शिक्षा, योग्यता, कुशलता के बल पर या विवशता से आर्थिक सक्षमता पाने चहारदीवारी लांघकर कार्यक्षेत्र में आती है तब उसका पहला कदम ही संघर्षपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति पुरुष और नारी को अलग से नहीं देखती, देखता है समाज । नारी को चुनौतिपूर्ण कार्यक्षेत्र जैसे– सेल्सगर्ल, एस.टी.डी. सेवा, पेट्रोल पंप पर भी कार्य करा पड़ता है । चूड़ियों वाले हाथों में पेट्रोल पंप का हैंड सेट :दैनिक भास्कर, भोपाल, 5 जुलाई 2001 इसके पीछे के नारी के आकर्षण से धंधा अच्छा चलने की व्यापारियों की सोच भी है । ग्रामीण महिलायें भी दूधमुँह बच्चे को साथ लेकर छप्पर की छवाई, कुटाई – पिसाई करने, अकाल बाढ़ में रिलीफ वर्क का हांका लगने पर सरकारी निर्माण कार्य करने तथा फैक्ट्रियों आदि में जोखिमपूर्ण कार्य करने तैयार हो जाती है। उन्हें प्रसूति सुविधा, सावकाश वेतन और चोट लगने पर कानूनी मदद नहीं मिलती है । वे तालाबंदी या छँटनी का शिकार होती है । इन कार्यो में नारी को असुरक्षा या आत्मरक्षा का भय बराबर बना रहता है ।

कार्यक्षेत्र में नारी का आर्थिक शोषण होता है। नारी के लिए कष्टदायक तत्व है – वेतन स्तर में असमानता। अनेक व्यवसायों मे वास्तविक वेतन और

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय,बीना (म.प्र.) भारत

दर्शाये गये वेतन में अंतर होता है। परिधि पर स्त्री की सुब्बालक्ष्मी प्रति एक हजार अगरबत्ती का लगभग ढाई रूपया मेहनताना पाती है, जबकि कानून द्वारा निर्धारित न्यूनतम मेहनताना साढ़े दस रूपये बनता है। महिला और पुरूष को समान कार्य के लिए भी असमान वेतन दिया जाता है। भारतीय सामाजिक दृष्टि में नारी का स्वायत्तता का स्वीकृति में संकोच तो है ही, महिला द्वारा कार्यशीलता के प्रयासों को अधिकार की अपेक्षा आवश्यकता मात्र माना जाता है। आर्थिक दबावों के फलस्वरूप मजबूरी में नारी को जो स्वतंत्रता दी जाती है वह संपूर्ण नहीं है। कार्यशील भूमिका निर्वाह के बावजूद उसे पुरूष के समान अधिकारों का भागीदार मानने में संशय एवं प्रतिरोध बना हुआ है। व्यवस्थापक नारी की आर्थिक जरूरत और सामाजिक पराधीनता का अनुचित लाभ उठाना चाहते है, ऐसी स्थिति में नारी कर्मचारी में असंतोष व निराशा की भावना आती है। कई बार महिला कर्मचारी को अभद्र-अधिकारी की अविवेकी, तर्कहीन एवं अनुचित आलोचना भी सुनना पड़ती है। पुरूष अधिकारियों को अपने पूर्वाग्रहों के चलते कामकाजी स्त्रियों के व्यावहारिक कष्ट प्राय: पारिवारिक स्तर पर दीखते हैं, न कि दफ्तर में। पुरूष सहकर्मी के नकारात्मक एवं असहयोगी दृष्टिकोण से महिला कर्मचारी को कार्य करना कठिन हो जाता है। पुरूष सहकर्मी से सहयोग लेने पर अनुचित लाभ पाने का प्रयास करने है और समाज तथा कार्यालय में इसका वित्त अर्थ लगाया जाता है। अनेक कठिनाइयों और समस्याओं के साथ-साथ सहकर्मियों की दूषित दृष्टि से बचने का प्रयास नारी को करना पड़ता है। यदि महिला अधिकारी हो तो उसके अधीन कार्य करने से पुरूष के अहं को ठेस पहुंचती है। उसका आदेश पालन करने में पुरूष हीनता का अनुभव करते है, परिणाम स्वरूप महिला अधिकारी को सुचारू रूप से कार्य करना कठिन हो जाता है। कार्यशील महिला की दोहरी भूमिका रहती है। परिवार की उससे गैर कार्यशील गृहिणी की अपेक्षा रहती है, दोहरे कार्यभार के कारण वह तनावग्रस्त रहती है।

यदि नारी नि: स्वार्थ रूप से समाज सेवा आदि कार्य करती है तो पुलिस,प्रशासन और समाज तीनों अपनी-अपनी परम्परानुसार शोषण करना चाहते है। एक उदाहरण-'परिधि पर स्त्री' का भवरीबाई का वह राजस्थान की साधिन (समाज सेविका) है

उसने सरकारी प्रोत्साहन पर गांव में गैर कानूनी बाल विवाह रोकने का बीड़ा उठाया। सामाजिक सेवा के बदले में समाज के ठेकेदारों से उसे पुरस्कार मिला - पहले आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार और अंतत: सामूहिक बलात्कार। प्रताड़ित उत्पीड़ित, परेशान नारियों को कानून द्वारा न्याय भी नहीं मिल पाता है क्योंकि कानून के हिमायती पुलिसकर्मी घूस रिश्वत लेकर केस को उत्पीड़िता के खिलाफ कमजोर भी कर देते है।

आज नारी परिवार की तरह राजनीति में भी बुनियादी निर्णयों के लिए अंतत: परमुखापेक्षी है। वह मजबूरन नेताओं की दृष्टि पर निर्भर है। वे नेता या सामंती पुरूष-तेवर जो पुरूषों की संगठन शक्ति से नारी की किसी खास किस्म की सार्थक भागीदारी के विरूद्ध रहे है। उच्चतम स्तर की कूटनीतिक वार्ताओं, आर्थिक संबधों की चर्चाओं में भी सूत्रधार से लेकर सारी भूमिकाएं पुरूष निभाते है। इनमें स्त्रियों का प्रवेश बहुत करके 'सेक्रेटरी (चेरी-दूती)' अथवा 'आधिकारिक प्रवक्ता' के बतौर होता है। राजनीतिक पार्टियों की बैठकों में भी यही शक्ति संतुलन रहता है।

महिला शरणार्थी की समस्याऐं भी अहं मुद्दा है गरीब देशों की स्त्रियों को नौकरी का छलावा देकर खाड़ी देशों में भेजा जाता है। वहां अरब देशों के अमीर मालिको द्वारा प्रवासी घरेलू नौकरानियों पर अमानुविक बर्बरतरपूर्ण अत्याचारों और शोषण की खबरें प्राय: पढ़ने और सुनने में आती है। प्राकृति क प्रकोप या पति के युद्ध में मारे जाने वार बेसहारा स्त्रियाँ अपने बच्चों को लेकर शरणार्थी के रुप में अनजाने पड़ोसी देश में पहुंच जाती है। वहां उन्हें घटिया तथा हाशिए के काम ही मिलते है। इनका वेतन तथा सुरक्षा दोनों की कम होते है। गरीबी तथा डर के कारण शरणार्थी स्त्रियाँ अपराधी वृत्तियों के चंगुल में भी सरलता से आ जाती है। इनमें से शायद ही किसी मामले में न्याय का पक्ष लेता हो। उपयोग और उपभोग ही माने स्त्री की नियति है। औरत के हक में तस्लीमा नसरीन कहती है - एक लड़की नारी तमाम अत्याचारों से आशंकित होती है, उसका कारण लड़की जात होना। उसकी शिक्षा, रुचि, मेधा उसे मानव जात' हीं बना सकी, सिर्फ लड़की जात बनाकर ही रख दिया। इस देश में लड़की जात अपने अंदर तमाम खूबियाँ रखने के बावजूद 'मानव जाति' में शामिल नहीं हो सकती। 'जो कुचल रहा है,अपना अपराध भले ही उसे न मालूम हो लेकिन जो पिस रही है, वह तो जानती है छिपकली खुशी से पूँछ हिला रही है या पीड़ा से।'

आधुनिकता के कारण बदलते संबंधों से कामकाजी एवं गैर कामकाजी दोनों प्रकार की नारियों का जीवन प्रभावित हुआ है। परिवार में सामंजस्य का अभाव, पति पत्नी की सोच में साम्यता नहीं होना तथा नारी की भावनाओं को दबाया जाने आदि कारणों से पति पत्नी के बीच अनबन और अंतत: तलाक की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वह पारिवारिक टूटन-बिखराब से जूझती है। वह जीवन भर एक दूसरे से अलग रहने की पीड़ा झेलती है। उसे एकाकी जीवन बिताना पड़ता है। मायके में भाईयों या पिता पर निर्भर रहती है और दया पात्र एवं भार स्वरूप समझी जाती है।

'बाहर आने पर भी तो,
उतना ही लहुलुहान होती है,
जितनी अंदर रहने पर,
जरन नहीं पा रही,
कहाँ कम,कहाँ ज्यादा'

नारी उक्त परिस्थितियों का सामना करते हुए कभी-कभी असहनीय पीड़ा का अंतिम समाधान मजबूरन आत्मघात के रुप में करती है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि नारी घर की दहलीज के भीतर हो या बाहर वह अन्तर्द्वन्द्व से भरी है। घर के भीतर सामाजिक मान्यताएँ, रूढ़ियाँ उसे बाध्य करती है और घर के बाहर पुरूष का अहं, संकुचित परिवेश और आत्मसुरक्षा का भय। ऐसा भी नहीं है किवह इन कारणों से अनभिज्ञ है। परन्तु उसका अंतर्मन विवशता से पीड़ित है। व्यावहारिक धरातल पर वह अपनी पहचान बनाने और यथोचित सम्मान पाने इन कठिनाइयों और समस्याओं से संघर्ष करती है। सुशिक्षित एवं आर्थिक रूप से समर्थता एवं आत्मनिर्भरता के बाद भी वह परमुखापेक्षी है। उसके स्वतंत्र व्यक्तित्व में स्वेच्छा से निर्णय लेने की क्षमता, समक्ष,विवके और साहस का विकास नहीं हो पाया है। उसे अपने जीवन की सार्थकता की तलाश है। ऐसे हालातों मे उसका मन उद्वेलित होता है वह भीतर ही भीतर छटपटाती है वह अपनी समस्या का हल स्वयं खोजना चाहती है परन्तु अपनी तमाम कोशिशों के बाद भी जब वह ऐसा नहीं कर पाती ज बवह तनाव,कुंठा,घुटन,आक्रोश,उत्पीड़न,डिप्रेशन आदि में जीते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर छुटकारा पाना चाहती है। हाँ, यह आवश्यक है कि नारी को हर मोड़ पर पुरूष का साथ जरूरी है पर 'वह साथ सही अर्थों में' - यही नारी की विडम्बना, त्रासदी और यातना है। नारी के अंदर की ताकत ही उसे जिलाये रखती है, उसे परिस्थितियों से जूझने की सामर्थ्य देती है। आज भी वह अपनी शक्ति के बल पर संघर्षरत् है। वह हार मानकर नहीं बैठी है। आज आवश्यकता है नारी को अंतर्पीड़ा, अंतर्द्वन्द्व से उबारने

की। नारी के प्रति सही समझ हासिल करने की। पूर्वाग्रह से मुक्त होने की। नारी को यथोचित सम्मान व स्थान देने की। आवश्यकता इस बात की है कि नारी अपने में निहित शक्ति को पहचाने और उसे क्रियान्वयन में अपनाकर अपनी पहचान बनाए

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मूकमाटी : आचार्य विद्यासागर,भारतीय ज्ञानपीठ,नई दिल्ली, 1988
2. औरत के हक में : तस्लीमा नसरीन,वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली,1998
3. परिधि पर स्त्री : मृणाल पांडे, राधोंष्ण प्रकाशन,नई दिल्ली,1998
4. कार्यशील महिलाएँ एवं सामाजिक परिवर्तन: मंजु जैन, प्रिन्टवैल, जयपुर
5. महिला विकास की नई दिशाएँ: पुष्पा मोतियानी, कर्नावती प्रकाशन,अहमदाबाद 1998
6. भारतीय महिला एवं आधुनिकीकरण: मोजम्मिल हसन, आरजू,नई दिल्ली,1993
7. हंस (पत्रिका) :संपादक-राजेन्द्र यादव,अक्षर प्रकाशन दिल्ली,अक्टूबर 1996,1998
8. रचना (द्वैमासिक) : संपादक-डॉ. शिवकुमार अवस्थी,मप्र.हिन्दी ग्रन्थ अकादमी,भोपाल
9. ओजस्विनी(पत्रिका): संपादक-डॉ. सुधा मलैया, वंसुधा प्रकाशन,भोपाल
10. दैनिक भास्कर, भोपाल

****

छायावादी कवियों का कल्पना विषयक दृष्टिकोण

डॉ. वंदना अग्निहोत्री *

शोध सारांश – सौंदर्यशास्त्र में कल्पना का प्रमुख स्थान है। किसी भी कलाकार की सृजन–शक्ति का नाम ही कल्पना है। जिसके बिना नवीन निर्माण करना संभव नहीं होता है। काव्य हेतुओं के अन्तर्गत जिस प्रतिभा का विवेचन हुआ। वह कल्पना ही है। कवि जब कल्पना में प्रवृत होता है तो वह प्रत्यक्ष सृष्टि में अपनी ओर से कुछ जोडकर उसे समृद्ध बनाता है।

प्रस्तावना – सभी छायावादी कवि कल्पना को काव्य–कला का तत्व स्वीकार करते हुए भी उसे इतनी प्रमुखता प्रदान नहीं करते जितनी अनुभूति को। अनुभूति को सौदंर्य प्रदान करने के हेतु ही इन्होंने कल्पना को ग्रहण किया।

छायावादी कवियों ने कल्पना का तात्विक विश्लेषण तो नहीं किया है। यत्र–तत्र उसके महत्व तथा उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए है।

कल्पना अंग्रेजी शब्द इमेजिनेशन (Imagination) का पर्यायवाची है। जिसका शाब्दिक अर्थ है सृष्टि करना हिन्दी साहित्यकोश के अनुसार 'पूर्व अनुभूतियों की पुर्नयोजना से अपूर्व की अनुभूति उत्पन्न करने की क्रिया शक्ति को कल्पना कहते है।'[1] या कहें 'वर्तमान का अवगाहन करनेवाला प्रत्यक्ष, अतीत का अवगाहन करनेवाली स्मृति अनागत का अवगाहन करने वाली कल्पना है।'[2]

कवि–कलाकार की सृजन–शक्ति का नाम कल्पना है। जिसके बिना नव–निर्माण कर सकना संभव नहीं। भारतीय साहित्य शास्त्र में काव्य हेतुओं के अन्तर्गत जिस प्रतिभा या शक्ति का विवेचन दीर्घकाल तक हुआ है वह कल्पना ही है उसका महत्व असंदिग्ध है। पं. बलदेव उपाध्याय तथा अन्य मनीषियों की स्पष्ट धारणा है कि पाश्चात्य आलोचना का इमेजीनेशन भारतीय साहित्यशास्त्र की प्रतिभा ही है।[3] काव्य की सृजन–शक्ति के रूप में भारतीय काव्य–शास्त्र में प्रतिभा प्रतिष्ठित है और पाश्चात्य चिंतन परम्परा में कल्पना।

कवि जब कल्पना में प्रवृत होता है तो प्रत्यक्ष सृष्टि में अपनी ओर से कुछ जोडकर उसे समृद्ध बनाता है। केदारनाथ सिंह ने लिखा है 'कल्पना वह शक्ति है जो किसी भी साहित्यक रचना कोरा इतिहास बनने से बचा लेती है।'[4] छायावादी कवियों ने कल्पना का तात्विक विश्लेषण तो नहीं किया है यत्र–तत्र उसके महत्व तथा उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए है। प्रसादजी ने कल्पना सुख में कल्पना की प्रशस्ति करते हुए कहा है

'हे कल्पना–सुखदान। तुम मनुज जीवन–प्राण
तुम विशद व्योम समान, तव अन्त नर नहीं जान।
प्रत्यक्ष, भावी, भूत, यह रंगे त्रिविध जु सूत।
तव तानि प्रकृति सुतार–पट विनत सुचि संसारा।।'[5]

उन्होने कायामनी में कहा है 'कल्पना शक्ति के द्वारा ही कवि मुधर–जगत की सृष्टि करने में समर्थ होता है।'[6] प्रसादजी ने कामायनी में लिखा है।

'आह कल्पना का सुन्दर यह जगत मधुर कितना होता
सुख स्वप्नों का दल छाया में पुलकित हो जगता सोता। '[7]

निराला ने कविता को कल्पना के'कानन की रानी' कहा है।

'कल्पना के कानन की रानी
आओ, आओ, मृदुपद मेरे
मानस की कुसुमित वाणी।
धुल जाये मल मेरे तन का मन का
देख तुम्हारी मूर्ति मनोहर
रहें ताकते ज्ञानी।'[8]

किसी अन्य युग के कवि ने कविता को 'कल्पना के कानन की रानी' नहीं कहा है। उनकी दृष्टि में कल्पना से अधिक महत्व अनुभूति ओर चिन्तन का है उनका कहना है–'कविता प्रिय मनुष्य कल्पना प्रिय हो जाता है। उससे काम नहीं होता। ललित कल्पना मनुष्य को कर्म के कठोर क्षेत्र पर उतरते भय दिखाती है। कविता की सुकुमार भावना लोगों को सौदर्योपासक बना देती है। इससे कर्म जीवन के शिथिल होने की संभावना है।'[9]

उन्होने कवि षीर्षक कविता में लिखा है।

'फूलते नही हैं फूल वैसे बसंत मे
जैसे तव कल्पना की डालों पर खिलते है।'[10]

पंतजी का काव्य सुन्दर से सत्य की ओर प्रयाण की कथा है। उनके काव्य मे सौदर्य की प्रमुखता है और कल्पना सौदर्य सृष्टि में सहायक हुई है। पंतजी ने कल्पना के विषय में लिखा है–'मैं कल्पना के सत्य को सबसे बडा सत्य मानता हूँ। मेरी कल्पना को जिन–जिन विचार धाराओं से प्रेरणा मिली है। उन सबका समीकरण करने की मैने चेष्टा की है। मेरा विचार है कि वीणा से लेकर ग्राम्या तक अपनी सभी रचनाओं मे मैने अपनी कल्पना ही को वाणी दी है और उसी का प्रभाव उस पर मुख्य रूप से हो रहा है।'[11]

छायावादी काव्य के संदर्भ में कल्पना को काव्य का प्राण मानते हुए पंतजी ने लिखा है–'जहॉ तक छायावादी कल्पना का प्रश्न है यदि उसे इमेजिनेशन का कोरा अनुवाद न मान लिया जाये। जो यथार्थ बोध के विरोधी बोध के लिए भी प्रयुक्त होता है, तो कल्पना ही वास्तव में वह अनुभूति–ग्रहिणी तथा रूप विधायिनी शक्ति है, जो काव्य का प्राण है। वस्तु के रूप में प्रच्छन्न कवित्व का उद्घाटन उसी की सहायता से संभव है। यहॉ तक की वर्णनात्मक काव्य को संजोने तथा मार्मिक बनाने में भी उसका प्रमुख हाथ रहता है। पंतजी के लिए कल्पना वह मर्मस्थल है जहॉ वेदना की अनुभूति होती है।

' कल्पना में है कसकती वेदना

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माता जीजाबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

अश्रु में जीता सिसकता गान है
शून्य आहों में सुरीले छन्द हैं।
मधुर लय का क्या कहीं अवसान है।'[13]

अश्रु और शून्य आहों के साथ कल्पना का प्रयोग ध्यान देने योग्य है यहॉ कल्पना से भी अभाव व्यंजित होता है। प्रसादजी के समान ही पंतजी ने एक कल्पित देश की ओर जाने की लालसा अपने गीत-खग से कही है।

' घूट छाया तरू वन में वास
न जग के हास अश्रु ही पास
अरे दुस्तर जग का आकाश
गूढ से छाया गृथित प्रकाश'[14]

महादेवी वर्मा ने कल्पना के विषय मे कहा है 'कलाकार यदि सत्य अर्थो मे कलाकार है तो वह कल्पना को सौदर्यमय आकार देगा, उसमें वास्तविकता का रंग भरेगा और उससे जीवन-संगीत की सुरीली लय-सृष्टि कर लेगा'[15]

उन्होंने कल्पना को अत्याधिक महता देते हुए भी उसे अनुभूति से निम्न माना है'वस्तुत: कल्पना ऐसी अनुरंजनशील विधायक वृत्ति है जिसके द्वारा हम संभाव्य किन्तु अभीसिप्त वस्तु का मानसिक अंकन करते है, परन्तु पूर्णतम विधायक कल्पना भी अपूर्ण अनुभूति का स्थान लेने मे समर्थ नहीं है। क्योंकि उसमें रागात्मक तीव्रता और संवेदनीयता नहीं रहती है।'[16]उन्होंने आध्यामिक क्षेत्र में जाकर जगत और जीवन के अभावों की पूर्ति करने की प्रकृति दिखलाई यह भारतीय सांस्कृतिक नव चेतना का उन्मेश था। इससे समाज का रूचि परिश्कार हुआ और रीतिकांल की ऐन्द्रिक श्रृंगार भावना के स्थान पर आध्यामिक पक्ष में आध्यामिक श्रृंगारिक भावनाओं की प्रतिष्ठा हुई। इस तरह अनन्त् और असीम की खोज में कवि उस पार पहुॅचने की कामना करने लगे।

'फिर निकल हैं प्राण मेरे।
तोड दो यह क्षितिज, मै भी देख लूॅ उस और क्या है,
जा रहे जिस पंथ से युग कल्प, उसका छोर क्या है।'[17]

रामकुमार वर्मा एवं भगवती चरण वर्मा ने अनुभूति को कल्पना से श्रेष्ठ माना है। रामकुमार वर्मा ने कहा है- 'कल्पना यधपि कविता में नए-नए संसार की सृष्टि करती है। तथापि वह कविता में अनुभूति का स्थान नही ले सकती। उससे भावना में तीव्रता तो अवश्य आ जाती है किन्तु वह कविता में स्वंदन नहीं ला सकती।'[18]

उनकी धारणा थी कि जीवन और जगत से विछिन्न कल्पना काव्य के लिए निरर्थक है। उन्होने विशुद्ध रहस्यवादी की तरह अपने को विश्वात्मा का एक अंश मानकर उसी में लीन होने की इच्छा प्रगट की।

'एक दीपक किरण कण हूॅ
पर तुम्हारा स्नेह खोकर
भी तुम्हारी शरण हूॅ।'[19]

भगवतीचरण वर्मा ने अपने काव्य प्रेम-संगीत में भावना और कल्पना में कोई तात्विक भेद स्पष्ट नही किया है। उन्होने अनुभूति को काव्य का मूल तत्व मानते हुए कहा है- 'अनुभूति का तत्व साहित्य का मूल तत्व है। क्योंकि इसी में आनंद का सृजन है।'[20]

निष्कर्ष सभी छायावादी कवि कल्पना को काव्य कला का तत्व स्वीकार करते हुए भी उसे इतनी प्रमुखता प्रदान नहीं करते जितनी अनुभूति को। अनुभूति को सौंदर्य प्रदान करने के हेतु ही इन्होंने कल्पना को ग्रहण किया ' कविता आज भी शब्दार्थ के माध्यम से भाव की कल्पनात्मक अभिव्यक्ति है।'[21]

इसमें संदेह नहीं कि अनुभूति के पश्चात किसी अन्य तत्व की छायावादी काव्य में प्रधानता रही तो वह कल्पना ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूंची :-

1. हिन्दी साहित्य कोश-ज्ञानमंडल प्र.बनारस-पृ. 205-06
2. हिन्दी साहित्य कोश-ज्ञानमंडल प्र.बनारस-पृ. 206
3. भारतीय साहित्य शास्त्र-प्रथम खण्ड-प. बलदेव उपाध्याय पृ. 423
4. कल्पना और छायावाद- केदारनाथ सिंह पृ. 03
5. चित्राधार- जयशंकर प्रसाद पृं.143-144
6. कामायनी-जयशंकर प्रसाद पृं 37
7. कामायनी जयशंकर प्रसाद पृ. 37
8. 8-9 चयन पृ. 25
10. परिमल-सूर्यकांत त्रिपाठी निराला पृ 208
11. आधुनिक कवि सुमित्रानंन्दन पंत पृत्र 19
12. छायावाद-पुर्नमूल्यांकन सुमित्रानंन्दन पंत पं. 28
13. वही गुंजन 14
14. साधिनी-भूमिका-महोदवी वर्मा पृ. 14
15. संधिनी-भूमिका-महादेवी वर्मा पृ.14
16. सान्ध्यगीत- महादेवी वर्मा पृ.20
17. विचार-दर्शन-डॉ. रामकुमार वर्मा पृ. 120-21
18. चंद्रकिरण- .....पृ.18
19. साहित्य की मान्यताऍ-भगवती चरण वर्मा पृ. 26
20. आस्था के चरण-डॉ. नगेन्द्र पृ. 89

****

भूमण्डलीकरण के युग में साहित्य और समाज मोहन राकेश के नाटक आधे अधूरे के संदर्भ में

डॉ. सरोज यादव *

शोध सारांश – साहित्य समाज का दर्पण है। अन्तर्राष्ट्रीयकरण की इस व्यापक प्रक्रिया में विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से बदलाव के कारण समाज और साहित्य भी प्रभावित हुआ है, जो मोहन राकेश के नाटक 'आधे-अधूरे' में परिलक्षित हुआ है। यह नाटक मानवीय संतोष के अधूरेपन को रेखांकित करता है, जिसकी परिणति परिवार में विघटन के रूप में होती है। वर्तमान परिवार आधुनिकता की देन है। जो अपने स्वार्थों से परिपूर्ण न्यूक्लियर परिवार है, जो अपने प्राचीन पारम्परिक परिवार की परिभाषा को त्याग चुका है।

शब्द कुंजी – प्रभुत्वशाली, वसुधैव कुटुम्बकम, भौतिकतावादी, अस्तित्ववादी, वैयक्तिक, परिष्कृत।

प्रस्तावना – भूमण्डलीकरण अर्थात विश्व स्तर पर रूपान्तरण की व्यापक प्रक्रिया है जिसने सारे विश्व के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तकनीकी स्तर पर बड़ा भारी फेरबदल किया है। स्वाभाविक है, व्यक्ति जो समाज की इकाई है, विश्व के हर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। व्यक्ति का जीवन जिसमें स्त्री और पुरूष प्रधान है। उनके जीवन में भूमण्डलीकरण का गहरा प्रभाव पड़ा है। विशेषकर भारत जो एक अत्यन्त सांस्कृतिक विरासत वाला देश है, जिसका अपना पारम्परिक दृष्टिकोण है। वह भूमण्डलीकरण के इस दौर में अछूता नहीं रहा। महानगरों में बसने वाले स्त्री-पुरूष जो समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, आधुनिकतावाद की चकाचौंध में अपने जीवन मूल्यों एवं मूलभूत संस्कारों से भटक गया।

भूमण्डलीकरण अर्थात अन्तर्राष्ट्रीयकरण भूमण्डलीकरण एक व्यापक प्रक्रिय है जो राजनीति, तकनीक अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति को तीव्र गति से विकास की और ले जा रही है। इसके भौतिक संसार की दूरियों को मिटाकर हमारे मूल्यों, मान्यताओं, विचारों को नई अर्थवत्ता दी है। भूमण्डलीकरण की इस प्रक्रिया में स्थान और समय की दूरी सिमट गई है। इसने विश्व के विकास शील और पिछड़े देशों को आर्थिक रूप से अपने अधिकार क्षेत्र में सम्मिलित कर लिया है। इस प्रक्रिया ने प्रभुत्वशाली समाज को, सांस्कृतिक रूप को आदर्श बना कर प्रस्तुत किया है, और अन्य समाज उस तक पहुँचने का प्रयत्न कर सफलता की सीढ़ियॉ चढ रहे है। वैज्ञानिक उन्नति, औद्योगिक विकास, कम्प्यूटर, इन्टरनेट, फैक्स, ई-मेल ने युग की सोच विचार और विकास के सारे मानदंड को बदल दिये है। इसने संवेदनशीलता, मनुष्यता, नैतिकता, सामाजिकता आदि मानव मूल्यों को नया जामा पहना दिया हैं। भूमण्डलीकरण पूरे विश्व को 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात एक परिवार के रूप में देखने समझने व जीने की प्रेरणा देता है। इसके लिये इस प्रक्रिया ने वैयक्तिक स्वातंत्रय प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों में परिमार्जन तथा पुरानी पीढ़ी के विचारों को परिष्कृत करने के उद्देश्य को प्रमुखता दी है। मानव विकास के कुछ नवीन मानदण्ड निश्चित किये गये थे। परन्तु मानव ने इसका प्रयोग अपने हित के लिये न करते हुये अपना अहित कर लिया और इसके कारण समाज की लधुतक इकाई परिवार पर संकट के बादल मंड़रा रहे है। 'आज के आधुनिक युग में पारिवारिक ढ़ाँचे में स्पष्ट परिवर्तन देखने को मिल रहे है। आधुनिकता की होड़ त़ीव गति से परिवर्तित होते हुऐ आर्थिक स्वरूप एवं कुछ नया करने की चाह ने परिवार को आज इस कगार पर ला खड़ा किया है, कि उसका सम्पूर्ण स्वरूप ही परिवर्तित होता नजर आ रहा है।'[1] 'पति-पत्नी के बीच सामंजस्य स्थापित न होने के कारण तथा सामाजिक दबाव अन्य विभिन्न दबावों के कारण आज पारिवारिक स्वरूप अपने पारम्परिक ढॉचें को छोड़ रहा है। संयुक्त परिवार टूट कर एकाकी परिवार में एवं एकांकी परिवार विघटित हो कर बिखर रहे हैं।'[2] वृद्धों के प्रति सम्मान की भावना लगभग लुप्त सी हो रही है। बच्चे नई पीढ़ि के संस्कार विहिन हो रहे है, जो एक स्वस्थ सामाजिक ढॉचे के लिये दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ऐसा ही बच्चे अपने संस्कारों में भी पाते है। वे भी बड़े होने पर अपने वृद्ध माता पिता के साथ ऐसा ही व्यवहार करते हैं। परिणाम स्वरूप दु:ख एवं क्षोभ के कारण युवक-युवतियॉ नशे की और अग्रसर हो रहे है। पारिवारिक विघटन सम्बंधी समाज के इसी पहलू को मोहन राकेश के नाटक 'आधे अधूरे' में देखा जा सकता है। इस नाटक में मध्यम वर्गीय परिवार में व्याप्त कलह, परिवार विघटन का कारण बनता हैं।

गहराई से देखा जाए तो इस नाटक में आज का युग बोलता हैं। आज के व्यक्ति की यातना गाथा अभि व्यक्त हुई हैं। आज के टूटते बदलते घर परिवार और पारस्परिक संबंध रिसते हुये रिश्ते एक दम अपने यथार्थ रूप में सशक्त एवं प्रभावोत्पादक बन कर प्रकट हुये है। नाटक का सारा कथ्य संदेश प्रदान करता है। साथ ही इसमें घटित घटनाए समस्याऐं समकालीन भाव बोध को व्यक्त करती हैं। नाटक का मुख्य उद्देश्य समकालीन पारिवारिक जीवन के यथार्थ को समाज तक पहुँचाना हैं। इसका माध्यम है, एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार का एक घर। यह घर है महेन्द्र और सावित्री का जो निस्सन्देह पति-पत्नी है, किन्तु दोनों में विवाद और टकराहट है। विवाद का कारण महेन्द्र का बेरोजगार होना, जिसके कारण परिवार अर्थ संकट से जूझ रहा है। दूसरी ओर काम कुण्ठाओं से ग्रसित सावित्री का जीवन है। दोनों परिवार के संकट का दोषारोपण एक-दूसरे पर करते है। अत्याधिक महत्वकांक्षी सावित्री की भौतिकतावादी दृष्टिकोण का प्रभाव उनके बच्चों पर स्पष्ट परिलक्षित होता है। इनकी तीन संताने है बिन्नी बड़ी लड़की और किन्नी छोटी लड़की है। आज भारत के अधिकतर नगर एवं महानगरों में ऐसी समस्याएँ दिखाई देती है। तीनों बच्चों के मध्य हमेशा कलह होता रहता है। कलह से बचने के लिये महेन्द्रनाथ अधिकतर बाहर रहते हैं। कलह का कारण परस्पर असहयोग, प्रेम एवं स्नेह का अभाव है। सावित्री किसी दफ्तर में काम करती है। अत्यधिक

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

महत्वकांक्षी होने के कारण एवं अतृप्त काम वासना के कारण अनेक पुरूष मित्रों से उलझी रहती है। बड़ा लड़का निकम्मा है, बड़ी लड़की बीना प्रेम में निराश हो कर घर बैठी है। महेन्द्रनाथ आत्मविश्वास विहीन एक कमजोर व्यक्तित्व का व्यक्ति है। परिवार के सभी सदस्य उनसे अशिष्टता का व्यवहार करते है। इसके विपरित सावित्री एक आधुनिक नारी है, उनमें एक ग्रहणी के त्याग एवं सेवा का अभाव है। मातृत्व के निर्वाह को वह उपेक्षा की दृष्टि से देखती है। यही कारण है कि नाटक के सभी पात्र आधे-अधूरे उद्देश्य विहीन हैं। युवा पीढ़ी की इसी स्वतंत्र मन: स्थिति के कारण ही परिवार विघटन का कारण बना है। वैयक्तिक स्वातंत्रय का अनुचित प्रयोग माता पिता के प्रति विद्रोह की भावना, प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों का परित्याग परिवार को पतन की और ले जा रहा है।

आज युवक एवं युवतियों के मन में यह भाव भर गया है कि जब तक वे स्वच्छन्द मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकते, जब तक उनकी इच्छा पूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न हो। इस वैयक्तिक स्वातंत्रय ने मनुष्य को बहुत स्वार्थी बना दिया है। भूमण्डलीकरण के कारण ही आज ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई हैं। क्योंकि 'युवा पीढ़ी जैसे ही ऑख खोलती है, साथ ही बंधन मुक्त होने की चाह उनमें सिर उठाने लगती है।' [3]'वास्तव में भूमण्डलीकरण ने तो हमें वैयक्तिक स्वतंत्रता दी थी सोचने की अपने विचार प्रकट करने की पर युवा पीढ़ी ने इस स्वातंत्रय के आकर्षण को जिस दृष्टि से अपनाया उनमें सबसे पहले परिवार का परित्याग किया, और बिना सोचे समझे काम के थपेड़े में बह कर अपने भविष्य को ही डुबो दिया है।' आज युवक-युवतियॉ नाईट क्लब, डिस्को संस्कृति में विश्वास करती है। जहॉ बड़ी देर रात तक पीढ़ी उन्मुक्त हो कर नशे में ऐसे कार्यो को अंजाम देते है जिसका परिणाम परिवार के लिये अत्यन्त दुखद हो जाता है।'[4] 'भूमण्डलीकरण की इस प्रक्रिय में युवा पीढ़ी पुरानी पीढ़ी के सम्मुख विद्रोह का दामन थामे हुये हैं। अन्तर्राष्ट्रीयकरण के कारण आये परिवर्तनो ने इस पीढ़ी के हाथ में विद्रोह का ध्वज दे दिया है।' [5] जिसमें परिवार का संतुलन डावांडोल सा हो गया है। बेरोजगारी का कारण आवारागर्दी निराशा ने गेंग रेप जैसे घिनौने कृत्यों को अंजाम दिया है, जिससे समाज में भय, हत्या जैसे कार्य देखे जा रहे है। अत: अन्तर्राष्ट्रीयकरण ने पूरे विश्व को एक परिवार मान कर जो विकास चाहा था, उसे मनुष्य ने अपनी सुविधा के लिये प्रयुक्त कर विश्व को एक गम्भीर समस्या का अल्टीमेटम दे दिया है। किन्तु समय ही इसका सबसे बड़ा निर्णायक हैं, क्योंकि हर परिवर्तन के अच्छे और बुरे दो पक्ष होते है। लोगों की सोच में बदलाव आ रहा है। यह परिवर्तन भारत में भी आ रहा है। भारतीय संस्कृति इतनी गौरवशाली और महान है कि एक भारतीय कही भी चला जायेगा फिर भी संस्कृति का मजबूत आधार उसकी रक्षा करेगा।

निष्कर्ष – अति आधुनिकतावादी मनोविज्ञान, अस्तित्ववादी जैसा व्यक्ति परक जीवन दर्शन, भौतिकतावादी और उसके दुष्परिणाम, धन की अतिरिक्त लालसा और उसकी पूर्ति हेतु पारस्परिक सम्बन्धों, रिश्तों में टूटन और अलगाव में परिणति, यह भारतीय संस्कृति का परिचायक नहीं है। एक व्यवस्थित, मर्यादित, सुखी, संतुष्ट भारतीय परिवार सम्बन्धों को बदलने और अन्तर्विरोधों में नहीं जीता, बल्कि परस्पर प्रेम, सौहार्द, त्याग द्वारा जीवन के श्रेय को पा जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. परिवार और समाज डॉ. एस बघेल पृ. 49
2. परिवार और समाज डॉ. डी.एस. बघेल पृ. 49
3. कृतिका पत्रिका जन. जून माह 2009 पृ. 9
4. कृतिका पत्रिका जन. जून माह पृ. 9
5. कृतिका पत्रिका जन. जून माह पृ. 11

****

भारतेन्दु युग : साहित्यिक परिदृश्य

डॉ. शबनम खान *

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य के इतिहास में 1850 से 1900 ई. तक के समय को 'भारतेन्दु युग' के नाम से जाना जाता है। इस काल का नामकरण भारतेन्दु हरिशचन्द्र के नाम पर उनकी साहित्यिक सेवाओं को देखकर किया गया है। वे भारतीयों की आकांक्षाओं और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे। भाषा, भाव, विचार, बिम्ब आदि की दृष्टि से उन्होंने गद्य और काव्य दोनों विधाओं का नेतृत्व करने के साथ ही, भाषा के लिए बहुत कम किये है।

भारतेन्दु युग में साहित्य के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति हुई। इसका प्रमुख कारण यह है कि हिन्दी में पहली बार नाटक, उपन्यास, कहानी, निबंध, आलोचना और जीवनी जैसी विभिन्न विधाओं का लेखन प्रारंभ हुआ और हिन्दी गद्य को एक नई दिशा मिली। परिणामत: साहित्य में नए-नए विषयों, नए शिल्प और नए विचारों को शामिल किया गया।

आधुनिक काल को प्राय: अंग्रेजी राज्य से जोड़कर देखने की प्रवृत्ति रही है। सन् 1707 ई. मुगल सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद भारतीय राजनीति में काफी उथल-पुथल हुई थी। यहाँ-वहाँ अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे थे। मुगल राज्य का पतन होने लगा था। इन तमाम परिस्थितियों के कारण देश में अंग्रेजी राज्य की स्थापना हुई और 1757 ई. के बाद के घटनाक्रम का अध्ययन करें तो साफ दिखाई देता है कि अंग्रेजी राज्य की जड़े फैलने लगी थी। जो अंग्रेज व्यापार करने आए थे वो शासक बन गये थे। दरअसल यह युग परिवर्तन का युग था। जब भी समाज में परिवर्तन होते है, तब वे वहां के जीवन, साहित्य और संस्कृति को दूर तक प्रभावित करते है। यहां भी ऐसा ही हुआ और यही वजह है कि इसे आधुनिक काल की संज्ञा दी गई।

हिन्दी साहित्य के इतिहास को देखे तो यह काल रीतिकाल के समापन का काल था। इस समय समाज में जो आश्चर्यजनक तरीके से परिवर्तन हो रहे थे, उनके बीच नारी विलासिता का साधन बनकर रह गई थी। बडे-बड़े कलाकार और संगीतज्ञ दिल्ली छोड़ रहे थे। कला और कविता आश्रयदाताओं की खोज में जुटी हुई थी। दिल्ली, मेरठ, आगरा और उसके आसपास के व्यापारी नये-नये व्यापार-केन्द्रों की तलाश करने में लगे थे।

इतिहास गवाह है कि जयपुर, जोधपुर, बनारस, पटना, लखनऊ और मुर्शिदाबाद आदि संगीत, कला, साहित्य, दस्तकारी और व्यापार के प्रमुख केन्द्रों के रुप में उभरकर सामने आये। संगीत में नए घरानों का सूत्रपात हुआ और चित्रकारी में भी नवीन शैलियों की खोज हो रही थी।

अंग्रेज अपने साथ भाषा, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, रेल, डाकतार, टेलिफोन, प्रशासन और शासन लेकर आए थे। उनके पास 'फूट डालो और राज करो' की नीति थी। भारतीय संस्कृति और साहित्य इन सब टकराहटों को देख रही थी। अब तक प्राचीन ब्रज भाषा का प्रयोग ही काव्य में किया जा रहा था परन्तु अब खड़ी बोली हिन्दी की ओर लेखकों का ध्यान आकर्षित हुआ। पूर्व की कविताओं के विषय भक्तिपूर्ण, राष्ट्रप्रेम और नायक-नायिकाओं के चित्रण तक सीमित थे, किन्तु अब यह चेतना जाग्रत हो रही थी कि साहित्य को समाज से जोड़ना चाहिए। 'साहित्य समाज का दर्पण है' केवल इतना कह देने से काम नहीं चलेगा। सामाजिक परिवर्तन के लिए समाज को जागना होगा और नई चेतना के स्वर फूँकने होंगे। नवीन परिस्थितियों और पाश्चात्य चिंतन के प्रभाव से गद्य लेखक की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी थी। यद्यपि बंगला साहित्य के साथ-साथ पाश्चात्य साहित्य भी अपनी जगह और जड़ें गहरी बना रहा था। आधुनिकता, जो अंग्रेजों के साथ हमारे जीवन में आई, वह भाषा के माध्यम से खड़ी बोली के गद्य में प्रचारित होने लगी थी। प्रेस के आ जाने से विचारों का आदान-प्रदान आसान हो गया था। यह आधुनिकता कलकता सिविलाईजेशन और फोर्ड विलियम कॉलेज के माध्यम से अधिक साकार हुई।

हिन्दी साहित्य में आधुनिकता का प्रयोग गद्य के माध्यम से हुआ, इसलिए आधुनिक काल को 'गद्य काल' की संज्ञा भी दी जाती है। भारतीय साहित्य अंग्रेजी राज्य के फलस्वरुप उत्पन्न नवीन परिस्थितियों, शक्तियों, संघर्ष और यूरोप से आए नए विचारों से गहराई तक प्रभावित हुआ। 19वीं और 20वीं शताब्दी में जो परिवर्तन हुए, उनमें शिक्षा और वैज्ञानिक आविष्कार प्रमुख थे। जिसके कारण जीवन-शैली में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हो रहे थे। यह परिवर्तन बाह्य और अन्दरुनी दोनों तरह के थे। भारतीय जनमानस भी इन परिवर्तनों से प्रभावित हुआ। मध्ययुगीन परिवर्तन के बाद यह समय 'पूर्ण जागरण' का था। जनभावना के वैचारिक द्वन्द्व समाज में चल रहे थे। आधुनिक काल को साहित्य के अध्ययन की दृष्टि से दो भागों में बांटा जा सकता है। 19वीं शताब्दी को भी पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध में विभक्त कर देख सकते है। गद्य के क्षेत्र में खड़ी बोली की परंपरा का प्रारंभ यही से होता है। लल्लूलाल, सदल मिश्र, ईंशा खाँ की रचनाओं का आविर्भाव, मिशनरियों के धार्मिक ग्रंथों की रचना, समाचार प्रकाशन, शिक्षा का इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति, भौतिक रसायन, प्रकृति विज्ञान और ज्योतिष जैसे ग्रंथों की रचना इस काल की प्रमुख विशेषता मानी जा सकती है। खड़ी बोली गद्य में अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग हो रहा था। यद्यपि जिस बोली का प्रयोग इतिहास में किया जा रहा था, वह शुद्ध रुप से खड़ी बोली नहीं थी।

साहित्यिक परिदृश्य – साहित्य की विधाओं में उपन्यास और कहानियों के साथ ही निबंध, आलोचना और जीवन साहित्य के लेखन की शुरुआत हुई। यद्यपि कहानी या उपन्यास की विधि प्राचीन, पौराणिक कथाओं में मिलती है, किन्तु यह उसके समीप होकर भी उससे भिन्नता लिए हुए थी। इसका कारण यह है कि हिन्दी के उपन्यास लेखन पर पश्चिम का प्रभाव हो रहा था।

भारतेन्दुजी ने पौराणिक, ऐतिहासिक और सामाजिक उपन्यासों की ओर अधिक ध्यान दिया। 'चन्द्रप्रभा' और 'पूर्ण प्रकाश' उपन्यासों का अनुवाद उन्होंने स्वयं किया है। किशोरीलाल गोस्वामी ने 'त्रिवेणी', 'स्वर्गीय कुसुम',

* प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

'हृदय हारिणी', श्रीनिवास दास ने 'परीक्षा गुरु', बालकृष्ण भट्ट ने 'नूतन', 'ब्रह्मचारी' और 'सौ अजान एक सुजान', देवकीनंदन खत्री ने 'चन्द्रकान्ता', 'नरेन्द्र' आदि ग्रंथ लिखकर गद्य साहित्य को विकसित किया।'[1]

इस काल की उपन्यास कला अपनी प्राथमिक अवस्था में थी। 'सामाजिक चेतना, धार्मिक जागरुकता और राष्ट्रीय भाव की शिक्षा देना इस युग के साहित्यकारों का प्रमुख उद्देश्य रहा है। उपन्यास साहित्य की भांति भारतीय साहित्य का जन्म भी इसी युग में हुआ। हिन्दी साहित्य में एक प्रकार से नाटकों का अभाव ही था। उस समय रामलीला, पारसी थियेटर या रासलीलाएं ही प्रमुख रुप से मनोरंजन का साधन थी। इस युग के साहित्यकारों को हिन्दी साहित्य में जनता के शुद्ध मनोरंजन का अभाव खटक रहा था। इसलिए उन्होंने प्राचीन भारतीय नाट्य साहित्य की ओर ध्यान देना शुरु कर दिया था। इससे पूर्व महाराज विश्वनाथ सिंह कृत 'आनंद रघुनंदन', बाबू गोपालचंद्र गिरधर दास कृत 'नहुष' नाटक और राजा लक्ष्मण सिंह द्वारा अनुदित 'शकुंतला' नाटक जैसी उल्लेखनीय कृतियां लिखी जा चुकी थी।'[2]

भारतेन्दु काल में साहित्यिक निबंधों की रचना की दृष्टि से बालकृष्ण भट्ट और प्रतापनारायण मिश्र के नाम से उल्लेखनीय है। इनकी रचनाएँ स्व संपादित क्रमश: हिन्दी प्रदीपय और 'ब्राह्मण' पत्रों में प्रकाशित हुई, किन्तु इस काल के निबंधकारों का उपादान विषय विस्तार और शैली सीमित रही।

पत्र-पत्रिकाओं का संपादन भी सन् 1826 ई. में युगल किशोर शुक्ल द्वारा स्थापित परंपरा का विकसित रुप कहा जा सकता है। भारतेन्दु युग में प्रत्येक लेखक किसी न किसी पत्रिका का संपादक रहा है। पत्र-पत्रिकाओं में सुधारवादी आंदोलन और उससे संबंधित चिंतन, निबंध साहित्य को प्रोत्साहन दिया गया। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा संपादित 'कविवचनसुधा', 'हरिशचन्द्र मैग्जीन' आदि, बालकृष्ण भट्ट द्वारा संपादित 'हिन्दी प्रदीपय', प्रतापनारायण मिश्र द्वारा संपादित 'ब्राह्मण' और प्रेमधन द्वारा संपादित 'आनंद कादम्बिनी' आदि पत्रों के नाम विशेष रुप से उल्लेखनीय है।'[3]

समालोचना साहित्य का संबंध भी कुछ-कुछ पत्रों से है। प्रारंभ में समालोचना केवल समीक्षा के रुप में हो रही थी। 1877 ई. में श्रीनिवास दास के 'संयोगिता स्वयंवर' की आलोचना की गई। 1897 ई. में नागरी प्रचारिणी पत्रिका के प्रकाशन से हिन्दी समालोचना साहित्य की विशेष वृद्धि हुई एवं नूतन प्रणालियों का विकास हुआ।'[4]

उपसंहार – इस प्रकार भारतेन्दु काल में भारतीय समाज नई करवट ले रहा था और साहित्य में भी नये परिवर्तन की गूँज साफ दिखाई दे रही थी। इस काल में गद्य के साथ ही नई कविता धारा भी विकसित हो रही थी। ये कविता प्रकृति वर्णन से हटकर जीवन से जुड़ने लगी थी। कविता के नये-नये विषय खोजे जा रहे थे। काव्यगत राजनीतिक चेतना, देशप्रेम का संदेश दे रही थी और भारत के दु:ख दारिद्रय पर संताप प्रकट कर रही थी। शासन संबंधी और सुधारों जनसत्तात्मक प्रणाली की मांग की जा रही थी। इस काल की कविता में पारस्परिक भेदभाव भूलकर स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए एक जुट होने की प्रेरणा दी गई। काव्य भाषा के रुप में ब्रज भाषा प्रधान थी। यद्यपि भारतेन्दु हरिशचन्द्र की मृत्यु के बाद खड़ी बोली ने काव्य के क्षेत्र में पदार्पण शुरु कर दिया था। इस प्रकार भारतेन्दु काल का साहित्यिक परिदृश्य अपने पूर्ववर्ती समय से भिन्न नई दशा और दिशा में परिवर्तित हो गया था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य कोश (भाग-1)/सं. धीरेन्द्र वर्मा
2. हिन्दी साहित्य कोश (भाग-1)/सं. धीरेन्द्र वर्मा
3. हिन्दी साहित्य कोश (भाग-1)/सं. धीरेन्द्र वर्मा
4. हिन्दी साहित्य कोश (भाग-1)/सं. धीरेन्द्र वर्मा

****

प्राचीन साहित्य में नारी चित्रण की पंरपरा

डॉ. शबनम खान *

प्रस्तावना – संसार की विभिन्न संस्कृतियों और सभ्यताओं के विकास में नारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रत्येक युग में सभी राष्ट्रों में संस्कृति का मुख्य मापदण्ड भी नारी ही रही है। नारी की स्थिति में हर काल में परिवर्तन होते रहे है। सामाजिक परिवर्तन विकास के परिचायक होते है और ये परिवर्तन सामाजिक मान्यताओं के अनुरुप बदलते रहते है। इतिहास गवाह है कि सामाजिक मान्यताओं और समय में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार नारी की स्थिति में भी परिवर्तन होते रहे है। भारत में, विशेषकर प्राचीन भारत में नारी की सामाजिक स्थिति को लेकर परस्पर विरोधी बातें मिलती है। धर्मग्रंथ भारतीय संस्कृति के आधार है और विश्वसनीय प्रमाण भी। इनका अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि इनमें भी नारी को लेकर परस्पर विरोधी बातें कही गई है। इसलिए किसी एक निष्कर्ष पर पहुंचने में कठिनाई होती है। प्राचीन भारतीय साहित्य की विशेषता यह भी है कि इसमें जिन नारियों का चित्रण भी किया गया है वे परिवार की है, गृहस्थ की है और घर–गृहस्थी के बाहर उनका संसार नहीं के बराबर दिखाई देता है। दूसरी विशेषता यह भी है कि मध्यम वर्ग की गृहणियों का उल्लेख कम ही हुआ है, किन्तु जो साहित्य उपलब्ध है उनके आधार पर नारी की स्थिति पर विचार किया जा सकता है।

भारतीय संस्कृति में जिस प्रकार नारी का स्थान श्रेष्ठ माना गया है, उसी तरह साहित्य में उसे स्थान दिया जाता रहा है। संस्कृत महाकाव्यों से लेकर हिन्दी महाकाव्यों तक की लंबी परंपरा में नारी की अनिवार्य उपस्थिति रही है। साहित्य में नारी चित्रण की विकास परंपरा का अध्ययन वाल्मीकि की रामायण से प्रारंभ होकर आधुनिक काल तक फैला हुआ है। इस साहित्यिक विकास के अंतर्गत जहां एक ओर नारी स्वयं मूल्यांकन का कारण बनी है, तो दूसरी ओर अनेक साहित्यिक मान्यताओं को भी उसने जन्म दिया है। महाकाव्यों की परम्परा आदिकवि वाल्मीकि की रामायण से प्रारंभ मानी जाती है। वैदिक युग का साहित्य नारी चित्रण को लिए हुए है। वैदिककाल में नारी का स्थान सम्मानजनक था। माना जाता था कि जिस घर में नारी की पूजा होती है, या सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते है। नारी को देवी, लक्ष्मी, अन्नपूर्णा आदिशक्ति कहा गया है। नारी के इन सभी रुपों का चित्रण वैदिक साहित्य में मिलता है।

रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने आदर्श परिवार नीति, धर्म और संबंधों की स्थापना की है। इसके माध्यम से उन्होंने भारतीय गृहस्थ जीवन और धर्म का, विस्तृत चित्रण किया है। आदर्श पिता, आदर्श माता, आदर्श पति, आदर्श पत्नी आदि सभी रुपों का अनुपम चित्रण इसमें मिलता है। डॉ. नगेन्द्र का विचार है कि रामायण में नीति के बंधन अत्यंत दृढ़ हो गए थे। स्त्री–पुरुषों की वरण संबंधी स्वतंत्रता कम हो गई थी। विशेषकर स्त्री, वरण में स्वतंत्र नहीं रह गई थी। यद्यपि स्वयंवर प्रथा अब भी प्रचलित थी, पर स्त्री के गुरुजन ही उसके योग्य पुरुष का चुनाव करते थे। रामायण का मूल उद्देश्य धर्म है, किन्तु भारतीय नारी के आदर्श रुप को यथा प्रसंग आदिकवि ने चित्रित किया है। रामायण की नारी अपने स्वभाव को, भक्ति, पाणिग्रहण को पीछे छोड़कर केवल उसके स्त्रीत्व को आगे रखने वाली प्रवृत्ति के साथ मिलती है। महाभारत हिन्दू संस्कृति का महान ग्रंथ है। इसमें भी धर्म और मर्यादा की चर्चा की गई है। यह भी बताया गया है कि जब–जब भी मर्यादाओं को तोड़ा जाता है तो समूची सभ्यता, संस्कृति का विनाश होता है। जहां तक नारी चित्रण का संबंध है, यहां नीति और आदर्श में शिथिलता देखी जा सकती है। इसके पात्रों की विशेषता यह है कि वे सब स्वाभिमानी है। 'गलती करने वाला अपनी गलती पर गर्व करता है, प्रेम करने वाला अपने प्रेम पर अभिमान करता है और घृणा करने वाला अपनी घृणा का खुलकर प्रदर्शन करता है।'[1]

यद्यपि सत्यवती और कुंती कुमारावस्था में ही संतान को जन्म दे देती है। द्रोपदी पांच पतियों की भार्या है, फिर भी कुंती और द्रोपदी तेजोमय नारियां है 'महाभारत' अपने आप की जीवनी शक्ति से परिपूर्ण वनस्पतियों और लताओं का विशाल वन है और इसीलिए महाभारत की नारी अपने नारीत्व पर अभिमान करती है'[2] रामायण और महाभारत के बाद कवि अश्वघोष के दो महाकाव्य ग्रंथ इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। एक 'बुद्धचरित' और दूसरा 'सौन्दरान्द' प्राप्त हुए है। अश्वघोष का समय सन् ईस्वी की प्रथम शताब्दी में पड़ता है। कवि ने संसार की मोहक और आकर्षक नारी को इन महाकाव्यों में स्थान दिया है। इन्होंने नारी के आकर्षक और विकर्षक दोनों पहलुओं का चित्रण इसमें किया है। 'बुद्धचरित' एवं 'सौंदरानंद' में नारी का जो रुप चित्रित किया गया है, उसमें उसे वैराग्य मार्ग की बाधा के रुप में स्वीकार किया गया है। अश्वघोष के पश्चात् कालिदास के दो महाकाव्यों की रचनाएँ उस काल की उपलब्धि है। 'कुमारसंभव' और 'रघुवंश' इन दोनों ही महाकाव्यों में पुन: आदर्श नारी की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। 'कुमारसंभव' के अंतर्गत कालिदास ने जिस पर्वत कन्या के प्रेम व्यापार की योजना की है, उसका जैसा विकास उचित था, वैसा ही इस ग्रंथ में किया गया है।

कालिदास के प्रेम निरुपण और चरित्रों को लेकर डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'जो प्रेम तपस्या से उत्पन्न होता है, वह स्थायी होता है और शुभ भविष्य का बीज लेकर आता है। शिव पार्वती के प्रेम में कालिदास ने इसी महान सिद्धांत का प्रतिपादन किया है।''परन्तु सर्वत्र उनकी रचना सुष्मित है। कुमार या काम की पराजय नारी के आंतरिक प्रेम का पराभाव नहीं, बल्कि उसकी महिमा को और भी उज्जवल, और भी सरस तथा और भी महान बनाने वाला है।'[3]

'रघुवंश' भी नारी की गौरवगाथा से परिपूर्ण है। दिलीप के साथ सुदक्षिणा के तपोमय जीवन का वर्णन कर कालिदास ने नारी को भी सहधर्मिणी, सहचरी और पुरुष की समभागिनी सिद्ध किया है। 'आज के विलाप के अंतर्गत कालिदास ने जहां एक ओर इन्दुमती के प्रति आज का

* प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रेमभाव प्रकट किया है, वहीं वे नारी को गृहिणी, सचिव, सखी और प्रिय शिष्या बताने में भी नहीं चूके है।'[4]

वैसे भी कालिदास नारी सौन्दर्य के सजीव वर्णन के चितेरे रहे है। उन्होंने नारी के श्रृंगारिक रुप का ही चित्रण नहीं किया, वरन् नारी की महिमा को भी कभी खंडित नहीं होने दिया है। संस्कृत के महाकाव्यकारों में कालिदास के बाद भारवि का नाम आता है। इन्होंने 'किरातार्जुनीय' ग्रंथ की रचना की है। इनके अलावा 'भट्टिकाव्य' के रचयिता भट्टी, 'जानकीहरण' के रचनाकार कुमारदास, 'शिशुपाल वध' के कवि माघ आदि के नाम आते है। श्री हर्ष का नाम भी उल्लेखनीय है, जिन्होंने 'नेषधीय चरित्र' की रचना की है। इस काल की रचनाओं में भी नारी चित्रण मिलता है। नारी का जो रुप और चरित्र इन ग्रंथों में वर्णित है, वह भारतीय नारी के आदर्श रुप को प्रस्तुत करता है।

इस काल में संस्कृत के साहित्य का बोलबाला था। कवियों की रुचि नारी के सौन्दर्य को लेकर अधिक दिखाई देती थी। बाह्य सौन्दर्य के अतिरिक्त इस काल के कवियों ने नारी के आंतरिक सौन्दर्य, आदर्शरुप और मर्यादा को अधिक स्थान दिया है। वैसे कालिदास के बाद का अधिकांश साहित्य रामायण और महाभारत के प्रसंगों पर आधारित है। इसके अतिरिक्त इस काल की उल्लेखनीय कृतियों में वात्स्यायन के 'कामसूत्र' का नाम आता है। इस काल के अधिकतर कवि अपने आश्रयदाता की संतुष्टि के लिए रचना कर रहे थे, इसलिए उन्हें अपने आश्रयदाता की इच्छानुसार रचना करनी पड़ती थी। ऐसे ग्रंथों में नारी के सौन्दर्य और उसके कामिक रुप का चित्रण अधिक रुचि के साथ मिलता है। ये रचनाएँ आवेग और कल्पना पर आधारित थी। डॉ. नगेन्द्र के मतानुसार 'स्त्री-पुरुष का संबंध वैभव और विलास के इस युग में, शरीर की आवश्यकता नहीं थी। वह मन का विलास था, इसलिए इसमें तीव्रता और उत्कंठता के स्थान पर माधुर्य और मृसणता मिलती है।'[5]

उपसंहार – इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है कि प्राचीन भारत में नारी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था। इस काल के साहित्य में भी उसे वही स्थान दिया गया है। रामायण, महाभारत, बौद्ध, जैन आदि ग्रंथों में नारी के आदर्श रुप का ही चित्रण मिलता है। समाज में नारी को धीरे-धीरे दोयम दर्जे पर रखा जाने लगा था, इसके संकेत भी उन ग्रंथों में मिलते हैं। पर यह तय है कि नारी को साहित्य में, हर युग में स्थान दिया जाता रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संस्कृत साहित्य की रुपरेखा – डॉ. व्यास
2. हिन्दी साहित्य की भूमिका – डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
3. संस्कृत के महाकाव्यों की परंपरा, पृ. 12
4. संस्कृत के महाकाव्यों की परंपरा, पृ. 12
5. देव और उनकी कविता – डॉ. नगेन्द्र

****

साहित्य में व्यंग्य की प्रासंगिकता

डॉ. सुदामा प्रसाद धूमकेती *

शोध सारांश – व्यंग्य केवल हंसाने का कार्य न कर सतसैया के दोहों की भांति गंभीर घाव करने वाला होता है। इसका उद्देश्य मात्र मनोरंजन न होकर अभीष्ट बांकपन लाना है। यह श्रोता और पाठक के मानस पर ही नहीं व्यक्ति, समाज, दल आदि के मन में टीस उत्पन्न करते हुए आश्रय को उचित मार्ग पर लाने का माध्यम है। यह मानवीय कमजोरियों, दुर्बलताओं, दोषों, कमियों आदि को दूर करने में सहायक का काम करता है। व्यंग्य व्यक्तिगत राग द्वेष से ऊपर होता है यह पूर्णत: विकासात्मक और सुधारात्मक है। प्रमुख व्यंग्य लेखकों में परसाई , शरद जोशी ,श्री लाल शुक्ल आदि के नाम लिए जाते हैं। हास्य व्यंग्य लेखकों में बेढब बनारसी का भी नाम है जिन्होंने अपने निबंधों द्वारा इस दिशा में पहल की, यद्यपि उनका उद्देश्य प्रकाश्य रूप में हंसी और विनोद का सृजन था फिर भी परोक्ष रूप से राजनीति और समाज की विसंगतियों पर वे गहरा व्यंग्य करते थे। व्यंग्य का सम्बन्ध समाज और व्यक्ति दोनों के जीवन से हो सकता है। किन्तु मूलत: सामाजिक जीवन से ही अधिक होता है। व्यंग्य का आलंबन व्यक्ति भी प्राय: सामाजिक अन्तर्विरोधों का प्रतीक होता है। इसलिए यह देखने में आता है कि सामाजिक जीवन अनुभव और सामाजिक दृष्टि वाले कवि व्यंग्य विधान में अधिक प्रवृत्त और सफल होते हैं। ये जीवन की बनावट अन्याय, विषमता, अव्यवस्था, अपवित्रता, और षोषण को दूर करके सामाजिक जीवन को लोकमंगल की भूमि पर प्रतिष्ठापित करने का प्रयत्न है।

प्रस्तावना – साहित्य में यद्यपि व्यंग्य एक प्राचीन विधा है। खासकर प्राचीन साहित्य में भी व्यंग्य के पर्याप्त उदाहरण देखे जा सकते हैं रवीन्द्रनाथ त्यागी, शरद जोशी जैसे व्यंग्यकारों ने अपनी प्रतिभा के बल पर व्यंग्य लेखन को जो विस्तार दिया है उसी का परिणाम है कि आज व्यंग्य लेखन की अनेक धाराएं फूटी हैं व्यंग्य लेखन साहित्य और पत्रकारिता की अद्यतन विधा है, को नवीन एवं जनप्रिय रूप प्राप्त हो चुका है अपितु भक्तिकाल का साहित्य तो कई अर्थों में व्यंग्य साहित्य ही है। इसके सबसे प्रमुख हस्ताक्षर कबीर हैं लेकिन एक स्वतंत्र विधा की तरह व्यंग्य को मान्यता आधुनिक काल में ही मिली है हरिशंकर परसाई श्री लाल शुक्ल आज के पत्र पत्रिकाओं में नित्य स्थान पा रहे हैं व्यंग्य विधा काव्य की अपेक्षा गद्य को अधिक महत्व देती है।

व्यंग्य एक ऐसी साहित्यिक रचना है जिसमें व्यक्ति तथा समाज की कमजोरियों दुर्बलताओं करनी एवं कथनी के अंतरों की समीक्षा, निन्दा भाषा को टेढी भंगिमा देकर अथवा कभी कभी पूर्णत: सपाट शब्दों में प्रहार करते हुए की जाती है। वह पूर्णत: अगंभीर होते हुए भी गंभीर हो सकती है। अतिश्योक्ति तथा अतिरंजना का आभास देने के बावजूद पूर्णत: सत्य हो सकती है। व्यंग्य में आक्रमण की स्थिति अनिवार्य है। साथ ही सुधार की दृष्टि भी अनिवार्य होनी चाहिए। मुक्तिबोध के शब्दों में कहें तो व्यंग्यकार की दृष्टि कुछ ऐसी होती है जैसी दुनिया है उससे बेहतर चाहिए। सारा कचरा साफ करने को मेहतर चाहिए।। कबीर के समय में समाज में असंतोष का बोलबाला था ऐसे ही समय में कबीर के द्वारा व्यंग्य का आर्विभाव हुआ व्यंग्य असंतोष की वजह से ही उत्पन्न हुआ है परन्तु यह संवेदनशील और करूण हृदय के असंतोष की प्रतिक्रिया के रूप में उपजता है कबीर भी अपने समय में प्रचण्ड व्यंग्य करते थे और सुनने वालों को तिलमिला कर रख देते है।पर किसी का मजाक उड़ाने या उपहास करने के लिए नहीं बल्कि उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने के लिए। कबीर का सम्पूर्ण व्यंग्य करूणा से उपजा है अक्खडता तो सिर्फ उसकी ढाल है। वह चूंकि चेतना के धरातल पर जगे हुए थे और विसंगतियों एवं मूढ़ताओं को समझते थे और उस पर प्रहार करना जरूरी मानते थे।

साहित्य में व्यंग्य का महत्व और प्रमुख रचनाकार – साहित्य में हास्य तो रस का भेद बनकर अत्यन्त प्राचीन काल से ही अपनी सत्ता जमाये हुआ है, किन्तु व्यंग्य का उन्मेश आधुनिक काल में ही हुआ। व्यंग्य का अस्तित्व पहले नहीं था ऐसी बात नहीं, वह पहले भी था किन्तु हास्य के अन्तर्गत ही था। हास्य अपनी मूल प्रकृति में बहुत निश्छल होता है वह किसी का जी दुखाये बिना आलंबन की विचित्रता का चित्रण कर एक आहलाद प्रदान करता है, वह किसी को कचोटता नहीं खुला सुख देता है इसलिए व्यंग्य उसमें खोकर भी अपनी स्वतंत्र सत्ता उभार नहीं पाता। व्यंग्य की कथ्य की असंगतियों का पर्दाफाश कर चोट करता है। यह चोट हल्का हल्का हंसाती भी है और बेचैन भी करती है। व्यंग्य का सम्बन्ध समाज और व्यक्ति दोनों के जीवन से हो सकता है। किन्तु मूलत: सामाजिक जीवन से ही अधिक होता है। व्यंग्य का आलंबन व्यक्ति भी प्राय: सामाजिक अन्तर्विरोधों का प्रतीक होता है। इसलिए यह देखने में आता है कि सामाजिक जीवन अनुभव और सामाजिक दृष्टि वाले कवि व्यंग्य विधान में अधिक प्रवृत्त और सफल होते हैं। भारतेंदु काल के सारे लेखकों ने व्यंग्य का सहारा लिया फिर प्रगतिवाद ने व्यंग्य की ओर भरपूर दृष्टिपात किया और नयी कविता में तो प्रमुखत: व्यंग्य कविता ही बन गयी।

भारतेंदु युग में हास्य एवं व्यंग्यात्मक कविताओं की भी प्रचुर मात्रा में रचना हुई। पश्चिमी सभ्यता विदेशी शासन सामाजिक अंधविश्वासों रूढियों आदि पर व्यंग्य करने के लिए कवियों ने विषय और शैली की दृष्टि से अनेक नये प्रयोग किये। इस दिशा में भारतेंदु का योगदान सर्वाधिक है।अपने नाटकों के प्रगीतों में कहीं कहीं शिष्ट हास्य को स्थान देने के अतिरिक्त उन्होंने व्यंग्य नीतियों और मुकरियों की भी रचना की है।इस काल के व्यंग्यकारों में प्रेमधन और प्रताप नारायण मिश्र हैं। भारतेंदु युग के बाद द्विवेदी युग का आगमन हुआ इसमें व्यंग्य के विषय राजनीतिक शोषण, सामाजिक कुरीतियां,

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय ज. मु. चौ. महिला महाविद्यालय, मंडला (म.प्र.) भारत

धर्माडम्बर, लकीर की फकीरी, विदेशीयता का अंधानुकरण, फैशनपरस्ती, व्यभिचार आदि हैं। आचार्य द्विवेदी ने'सरगौ नरक ठेकाना नाहिं' में कल्लू अल्हैत के माध्यम से गांव को छोड़कर शहर जाने वाले तथा विदेशी सभ्यता का अंधानुकरण करने वाले लोगों की हास्यास्पद स्थिति का चित्रण किया गया है। बालमुकुंद गुप्त इस युग के सबसे बडे सशक्त व्यंग्यकार हैं।इन्होंने तत्कालीन वाइसराय लार्डकर्जन को अपने व्यंग्य और हास्य का प्रमुख आलंबन बनाया– हमसे सच की सुनो कहानी। जिससे मरे झूठ की नानी।। सच है सभ्य देश की चीज। तुमको उसकी कहां तमीज।।

छायावादोत्तर काल में कवि निराला व्यंग्य की ओर विशेष रूप से प्रवृत्त हुए सामाजिक जीवन के अनुभवों और लोक दृष्टि से सम्पन्न होने के कारण निराला में शुरू से ही व्यंग्य का स्पर्श मिलता है, किन्तु बाद में चलकर उन्होंने कुकुरमुत्ता, मास्को डायलाग्स, गर्म पकोड़ी प्रेम, संगीत आदि उत्कृष्ट व्यंग्य कविताएं लिखीं ये कविताएं प्रगतिशील धारा में समाहित की जा सकती हैं। निराला की इन कविताओं की परम्परा में प्रगतिशील कवि नागार्जुन त्रिलोचन और रामविलास शर्मा की बहुत सी कविताएं देखी जा सकती हैं इनमें नागार्जुन का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।नागार्जुन में सामाजिक जीवन के अनुभवों प्रगतिशील दृष्टि और राजनीतिक चेतना का सुंदर समन्वय है, इसीलिए वे हमारे सामाजिक और राजनीतिक जीवन के बीच व्याप्त भयंकर विसंगतियों और अर्न्तर्विरोधों को पहचान लेते हैं। उनकी प्रगतिशील दृष्टि इन विसंगतियों के उद्घाटन में एक ओर शोषक व्यक्ति और समाज के आचरण मूल्य के अलगाव पर चोट करती हैं तो दूसरी ओर शोषित के प्रति दर्द जगाती है।

नयी कविता और विशेषतया परवर्ती नयी कविता की प्रकृति ही व्यंग्यात्मक है कारण यह है कि स्वाधीनता परवर्ती भारतीय समाज निरंतर विसंगतियों से त्रस्त होता चला गया। कथनी और करनी , आचरण और मूल्य के बीच विरोध बढता गया।अनुभव पर बल देने के कारण नई कविता में उन आदर्शों या मूल्यों की स्थापना करने से इंकार कर दिया जो व्यवहार में न उतारकर केवल ऊपर टंगे हुए थे। कवि की यथार्थवादी दृष्टि हमारे सामाजिक राष्ट्रीय और व्यक्तिगत जीवन के जटिल अन्तर्विरोधों के उद्घाटन के लिए व्यंग्य का सहारा लेकर चली, इसलिए व्यंग्य नई कविता की मूल प्रकृति बन गया। अज्ञेय, मुक्तिबोध, भारती , भवानीप्रसाद मिश्र ,रधुवीर सहाय, भरतभूषण अग्रवाल, प्रभाकर माचवे, सर्वेश्वरदयाल, विजयदेवनारायण साही आदि सभी प्रमुख कवियों में व्यंग्य मिलता है। अज्ञेय की सांप और भवानी प्रसाद मिश्र की गीतफरोश इस धारा की दो बहुत प्रसिद्ध व्यंग्य कविताऐं हैं। हास्य व्यंग्य लेखकों में बेढब बनारसी का भी नाम है जिन्होंने अपने निबंधों द्वारा इस दिशा में पहल की, यद्यपि उनका उद्देश्य प्रकाश्य रूप में हंसी और विनोद का सृजन था फिर भी परोक्ष रूप से राजनीति और समाज की विसंगतियों पर वे गहरा व्यंग्य करते थे। श्रीनारायण चतुर्वेदी ने भी विनोद शर्मा के छदमनाम से राजभवन की सिगरेटदानी में परिपक्व व्यंग्य प्रतिभा का परिचय दिया है। वर्तमान व्यंग्यकारों में हरिशंकर परसाई, केशवचंद्र वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, भीमसेन त्यागी, रवीन्द्रनाथ त्यागी, शरदजोशी, नरेन्द्रकोहली आदि ने भी काफी संख्या में व्यंग्यात्मक निबंधों की सृष्टि की है। इनमें परसाई का नाम प्रमुख है। उनके व्यंग्य सामान्यत: मूल्यगत विसंगतियों से सम्बद्ध होते हैं।

निष्कर्ष – मूल्य चाहे राजनीतिक हों चाहे सांस्कृतिक या पीढ़ीगत, केशवचंद्र वर्मा, रवीन्द्रनाथ त्यागी, प्रभृति लेखकों ने व्यंग्य लेखन की यही पद्धति अपनायी।परसाई कहते हैं कि व्यंग्य एक गंभीर चीज है हंसने हंसाने की चीज नहीं । व्यंग्य निष्पक्ष ईमानदारी के बिना पैदा नहीं हो सकता और यह ईमानदारी अपने युग के प्रति जीवन मूल्यों के प्रति होनी चाहिए। एक व्यंग्कार को अपनी रचना में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए 1 संवेदनशीलता 2 कल्पनाशीलता 3 व्यापकता 4 युगबोध और युगचेतना 5 भाषा शैली आदि। व्यंग्य पढ़कर सुनकर हंसी आ जाना प्रासंगिक भर होता है, पर उसका अभीष्ट नहीं। व्यंग्यकार का मानवीयता और मानव जीवन से गहरा सरोकार होता है।

व्यंग्य वह औजार है जो जीवन के झाड झंखार को दूर करता है, समाज की वह विसंगति,अन्याय,अत्याचार,अनाचार, मिथ्याचार, पाखण्ड, दोमुंहापन और दंभ जो घातक है, अशिव है इन सब पर यह प्रहार करती है, यह चोट प्रहार सात्विक होती है और ऐसी सात्विकता, मानवीय करूणा और सरोकार से ही उपज सकती है। व्यंग्य लेखन में कल्पनाशीलता का सहारा ज्यादा दूर तक नहीं लिया जा सकता। व्यंग्य विकट यथार्थ के अनुभव से ही पैदा होता है यदि उसमें कल्पनाशीलता का समावेश कर व्यंग्य पैदा करने की कोशिश की गई तो वह रचना हास्यास्पद हो जायेगी उसमें धार तो कभी आ नहीं सकती। परसाईजी का व्यंग्य लगभग पूरा का पूरा खुद के अनुभव पर आधारित है और इसीलिए उसकी रचनाओं में वह धार है। इस अर्थ में व्यंग्य साहित्य की अन्य सभी विधाओं से विशिष्ट है। कविता कल्पना के आधार पर, विशुद्ध कल्पना पर आधारित होती है उपन्यास और कहानी में व्यंग्य पैदा करने के लिए ठोस अनुभव चाहिए इसके बिना काम नहीं चल सकता। व्यंग्य लेखन के लिए युग चेतना और युगबोध का बोध होना आवश्यक है। कबीर को अपने समय की युग चेतना और युग सत्य की समझ थी, यह समझ हरिशंकर परसाई में भी थी। युग चेतना और युग सत्य जब इतिहास से टकराते हैं तो उससे अवांछनीय और अवरोधक तत्व खत्म होने लगते हैं। बीसवीं शताब्दी के जिन दो हिन्दी साहित्यकारों को उनके जीवंत और सक्रिय युगबोध के आधार पर सबसे बड़ा व्यंग्यकार माना जाता है वे हैं प्रेमचंद और परसाई । प्रेमचंद स्वतंत्रता पूर्व के युगबोध के सबसे सशक्त साहित्यिक प्रतिनिधि हैं, तो परसाई स्वतंत्रता पश्चात के युगबोध के।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास –डॉ नगेन्द्र
2. आजकल साहित्यिक पत्रिका –संपादक सुभाष सेतिया
3. उपकार सिविल सर्विसिज हिन्दी –डॉ राजेश्वर प्रसाद
4. निबंध एवं अन्य विधाएं सम्पादक –शशिप्रभा पाण्डेय म प्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल
5. srijanshilpi.com
6. प्राचीन हिन्दी काव्य– मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल
7. हिन्दी साहित्य का अतीत – आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

****

तकनीकी शब्दावली का महत्व

डॉ. वंदना अग्निहोत्री *

शोध सारांश – तकनीकी शब्दों का अर्थ कभी-कभी एक-दो षब्दों में समेट पाना संभव नहीं हो पाता, कुछ अर्थ संरचना स्पष्ट करती है और शेष उसकी परिभाषा । ऐसी स्थिति में परिभाषा की अनिवार्यता ही शब्दों को परिभाषिक बनाती है। भारत में इसकी परम्परा बहुत प्राचीन है। समय-समय पर वैयाकरणों, नैयामिकों तथा मीमांसकों ने गंभीर चिंतन-मनन किया। यही कारण है कि दर्शन शास्त्र की शब्दावली की दृष्टि से आज भी विश्व हमारी ओर देखता है। व्याकरण का सूक्ष्म चिंतन शिक्षा ग्रन्थों में किया गया। मुगलकाल में भी हमारे प्राचीन शास्त्रों के अरबी-फारसी में अनुवाद कराए गए।

प्रस्तावना – हिन्दी के वर्तमान शब्द भण्डार में वैज्ञानिक धारणाओं को व्यक्त करने की अनन्त संभावनाएँ हैं और यही कारण है कि हमारी वैज्ञानिक और पारिभाषिक शब्दावली के बहुत बडे भाग को इस शब्द भंडार ले लेना संभव हो सका है। जनता तक ज्ञान-विज्ञान की जानकारी पहुँचाने और जनता के दैनिक जीवन में अमली स्थान दिलाने के लिए आवश्यक है कि भाषा में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली बोलने-लिखने और समझने में आसान हो। स्वतन्त्र देश की अपनी निजी राजभाषा में पारिभाषिक शब्दों का महत्व एवं उपयोगिता और अधिक हो जाती है, क्योंकि शासन सम्बन्धी सभी कार्य उसकी अपनी भाषा में होते है। इस दृष्टि से हिन्दी की पारिभाषिक शब्दावली का महत्व बहुत अधिक है।

उपयोगिता– जब भी कोई देश विकासोन्मुख होता है तो आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तेज हो जाती है और देश के विकास के साथ भाषा का विकास भी होता है। भाषा मनुष्य की अभिलाषाओं, भावनाओं के अनुरूप और सांस्कृतिक प्रगति के साथ बढती है। माधुर्य सूक्ष्मता, शक्ति, स्पष्टता एवं ओज से सम्पन्न होना जीवित भाषा का अनिवार्य लक्षण है। नेहरूजी का विश्वास था कि 'अगर भाषा शक्तिशाली और जोरदार होती है तो उसका इस्तेमाल करने वाले लोग भी वैसे ही होते है। अगर वह छिछली, लच्छेदार और पेचीदा है तो उसे बोलनेवाली प्रजा में वही लक्षण देखने को मिलेंगे।'1 महाकवि अज्ञेय मानते है- 'भाषा कल्पवृक्ष है। जो उससे आस्थापूर्वक मॉगा जाता है। भाषा वही देती है।'2

तकनीकी शब्द ज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में विशिष्ट और सुस्पष्ट ढंग से अर्थ के संदर्भ में परिभाषित करने का दायित्व लेते हैं, ताकि शब्द जो कुछ व्यक्त करें वह वक्ता और श्रोता दोनों केा स्पष्ट हो।

भाषा के माध्यम से मनुष्य अपने विचारों को एक दूसरे तक सम्प्रेषित करते है। भाषा की प्रकृति व्यक्ति प्रधान न होकर सामाजिक है और सभी विकल्प होते हुए भी वह समाज में समझ ली जाती है। 'भाषा की प्रकृति उसके दोनों पक्षो भाषा व्यवस्था और भाषा-व्यवहार को ठीक-ठीक उद्घाटित करती है। और बोधगम्य कराती है।'3

ज्ञान के क्षेत्र में सामाजिक भिन्नता के आधार पर पर्याप्त वैविध्य देखने को मिलता है 'आज के इस आधुनिक युग में कोई समाज विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान की उत्पत्ति न भी करे, उसे अन्य आधुनिक देशों से ज्ञान अवश्य प्राप्त करना पडता है और इसी से वह सांसारिक विकास से जुड पाता है।'4 जब हमारे पास शब्द होते है, हम अनुवाद करते हैं, शब्द न होने की स्थिति में केवल शब्द निर्माण करते है।

रसायन विज्ञान, भैतिकी, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान आदि जैसे ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट शब्द परिभाषिक तकनीकी शब्द कहलाते है। प्रत्येक शब्द का केवल एक विशिष्ट अर्थ होना चाहिए, ताकि अर्थ संप्रेषित करने वाले शब्द में द्वयर्थकता न हो। 'पारिभाषिक शब्द अर्थपरक् भाव परक अथवा वैचारिक शब्द होते है।'5 इनकी परिभाषा अथवा व्याख्या प्रस्तुत करना अपेक्षित होता है। Head (सिर) शरीर रचना विज्ञान से सम्बद्ध हैं। किन्तु मुहावरों में सिर चकराना, सिर फिरना मूल शब्द सिर से भिन्न है कई बार एक ही शब्द भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में प्रयुक्त होने के कारण अलग-अलग अर्थ में भी प्रयोग किया जाता है।

इंजीनियरिंग में- Plant (संयत्र) ऊर्जा सूयंत्र सूचक

उद्यान-विज्ञान में - Plant (पादप) अंकुर का सूचक जो बीज से फूटता है। तकनीकी शब्दावली एवं सामान्य शब्दावली में विशेष अन्तर है। विज्ञान की भाषा पानी H_2O जबकि साहित्यिक भाषा में कहीं जल कहीं उदक हो सकता है, किन्तु इससे यह आशय नहीं है कि जन-सामान्य की भाषा में विज्ञान की बाते नहीं समझायी जा सकती विज्ञान में तथ्य निरूपण के कारण शब्दों का तथ्यात्यक रूप ही स्वीकार किया जाता है। जबकि साहित्य में भाषा का भावात्मक एवं रागात्मक स्वरूप स्वीकार होता है।'6 आक्सीजन को कई शती पूर्व (Vital Air) प्राणवायु कहा जाता रहा है। विज्ञान की भाषा की विशेषता है सांक्षिप्तता सटीकता जब शब्द अधिक व्यवहार में आते हैं तो भाषा में रच-पचकर रह जाते है। पोटाश, और नाईट्रोजन आज भारतीय किसान तक पहुँच गया है। वेग भौतिक में उद्दीपन मनोविज्ञान में तथा अनु क्रिया रसायन शास्त्र मे भिन्न अर्थ रखते है। गणित में प्रयुक्त सांख्यिकी अब अलग से स्टेटिक्स के लिए, शास्त्र के लिए प्रयुक्त होता है।

भाषाविद् ब्लूमफील्ड ने कहा है- 'तकनीकी शब्द लम्बे वाक्याशों या व्याख्यात्मक विवरण का स्थान ले लेते है जिनका अर्थ सर्व सम्मत परिभाषा से सुनिश्चित होता है, केवल उसी अर्थ में वैज्ञानिक जगत में उसका सर्वत्र प्रयोग किया जाता है।'7

तकनीकी शब्दों का प्रयोग सामान्य बोलचाल की भाषा में न होकर किसी अर्थ विशेष के संदर्भ और संकेत रूप में ही हुआ करता है। डॉ. राजेश के शब्दों में देश के संविधान में हिन्दी राजभाषा घोषित कर दी गई है अत:

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली के प्रयोग की सीमा दैनिक व्यवहार एवं औपचारिक लिखन-पढन एवं विचार-विनियम के लिए भी दिनोंदिन बढती जा रही है।'[8]

जीवन में नए-नए अविष्कारों एवं अनेकानेक नई वस्तुओं के आने से तत्सम्बन्धी क्रियाओं और विचारों में नए-नए शब्दों का प्रवेश होता जा रहा है। परिणाम स्वरूप अन्य विदेशी भाषाओं तथा अंग्रेजी के अनेक शब्द हिन्दी शब्दावली के प्रमुख अंग बन गए है। तकनीकी शब्दों को उसके उपयुक्त संदर्भ में समझना पडता है। सामान्य व्यक्ति तब तक इसका अर्थ नहीं निकाल पाता जब तक उसने विषय को पढा न हो। यही कारण है कि 'कानूनी भाषा अथवा तर्क की भाषा, अथवा समुद्री जीव-विज्ञान जैसे विशिष्ट विषयों को समझना कठिन होता है, क्योंकि उस विषय की भाषा की अपनी प्रकृति होती है।'[9] उदाहरणार्थ जीवविज्ञान के शब्द कशेरूक शब्द यदि दस बार आए तो एक बार 'प्राणी' रीढ की हड्डी वाले प्राणी प्रयोग करके नौ बार परिभाषिक शब्द का प्रयोग करना पडेगा। यदि शब्द का लगातार प्रयोग किया जाए तो वह सरल हो जाता है। रेण्डम हाउस डिन्शनरी में लिखा हैं 'विशिष्ट विषय जैसे विज्ञान अथवा कला विषय की तकनीकी अभिव्यक्ति के लिए निश्चित अथवा विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त एक शब्द अधिकांशत: कला का शब्द'[10] डॉ. भोलानाथ तिवारी ने भी लिखा है पारिभाषिक शब्द ऐसे शब्दों को कहते है जो सामान्य भाषा व्यवहार के शब्द न होकर ज्ञान के विविध क्षेत्रों (जैसे रसायन, भौतिकी, अर्थशास्त्र, राजनीति आदि) के होते है तथा विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान या शास्त्र में जिनकी अर्थसीमा परिभाषित या निश्चित रहती है।'[11] विज्ञान की विभिन्न शाखाओं की अपनी शब्दावली होती है, जिनका अध्ययन अनिवार्य है। वह शब्दावली आनेवाली पीढियों के लिए है। देवेन्द्रनाथ शर्मा ने यही कहा है-'वस्तुत हमें भूलना न चाहिए कि जो शब्दावली तैयार की जा रही है, वह इस पीढी के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढियों के लिए है नव वयस्क बच्चे काफी सुगमता और सुविधा से हिन्दी शब्दों को सीख रहे है फीजिक्स सुनने के आदी कानों को भौतिकी में काई अस्वाभाविकता नहीं लगती। भूत पंचभूत कौन नहीं जानता फिर उसे भौतिकी बनाने में क्या उलझन है। इसी प्रकार लिग्विस्टिक्स की अपेक्षा भाषिकी शब्द कही अधिक सार्थक और सहज है।'[12]

तकनीकी शब्दावली निर्माण में अल्पाक्षरता, असंदिग्धता, सुबोधता तथा शुद्धता का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रत्येक शब्द के गुण, अवगुण, उसकी व्यंजना और शक्ति व्यापकता तथा प्रसार को समझकर ही शब्द निर्मित करना चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित एवं स्वीकृत शब्दों का जबरन अनुवाद करना ठीक नहीं। उन्हें यथावत स्वीकार लेना ही ठीक है। नए शब्द बनाने में स्त्रोत भाषा की ध्वनि व्यवस्था, उच्चारण आदि के पक्षो पर विचार कर लिप्यंतरण करना चाहिए इसके लिए समन्वय वादी सिद्धान्त अपनाना चाहिए 'उसे अनुकूलन प्रक्रिया द्वारा अपनी भाषा की प्रकृति के अनुकूल किया जाता है जैसे अंग्रेजी का एकेडमी अकादमी बन जाता है।'[13]

निष्कर्षत: कानून, विधान, चिकित्सा, उद्योग, व्यापार, शिल्प, विज्ञान, धर्म, कारीगरी, दस्तकारी आदि से सम्बन्धित शब्दावली सरल व सुबोध होनी चाहिए।

1. अनुवाद प्रक्रिया स्वरूप डॉ. कैलाशचन्द्र भाटिया पृ.36
2. अनुवाद के विविध आयाम डॉ. पूरनचन्द्र टंडन एवं हरिश कुमार सेठी पृ.195
3. अनुवाद प्रक्रिया और स्वरूप डॉ. कैलाशचन्द्र भाटिया पृ.109, 110
4. अनुवाद के विविध आयाम डॉ. पुरनचन्द्र टंडन पृ.198
5. प्रयोजन मुलक हिन्दी प्रक्रिया और स्वरूप डॉ. कैलाशचन्द्र भाटिया पृ.197,200
6. हिन्दी भाषा का इतिहास डॉ. राकेश पृ.167
7. अनुवाद के विविध आयाम डॉ. पूरनचन्द्र टंडन हरिशकुमार सेठी पृ. 205
8. Chambers technical Dictionary – page. 48
9. अनुवाद विज्ञान डॉ. भोलानाथ तिवारी पृ.215
10. राष्ट्रभाषा हिन्दी समस्याएँ और समाधान डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा पृ.63
11. प्रयोजन मूलक हिन्दी डॉ. माधव सोनटक्के पृ.04

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अनुवाद प्रक्रिया और स्वरूप डॉ. कैलाशचन्द्र भाटिया
2. अनुवाद के विविध आयाम डॉ. पूरनचंद्र टंडन एवं हरिश कुमार सेठी
3. प्रयोजनमूलक हिन्दी प्रक्रिया और स्वरूप डॉ. कैलाशचंद्र भाटिया
4. हिन्दी भाषा का इतिहास डॉ. राकेश
5. अनुवाद विज्ञान डॉ. भोलानाथ तिवारी
6. राष्ट्रभाषा हिन्दी समस्याओं और समाधान डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा
7. प्रयोजन मूलक हिन्दी डॉ. माधव सोनटक्के

****

जनवादी रचना के प्रतीक : नागार्जुन - एक विश्लेषण

डॉ. रशीदा खान *

प्रस्तावना - नामवर सिंह ने नागार्जुन की कविताओं पर बातचीत करते हुए एक जगह उल्लेख किया है कि 'जो वस्तु औरों की संवेदना को अछूती छोड़ जाती है वही नागार्जुन के कवित्व की रचना भूमि है।' (नागार्जुन प्रतिनिधि कविताएँ पृ. 5) नागार्जुन की यह एक विरल काव्यगत विशेषता रही है, जिसके कारण उनकी कविताओं के विशाल फलक पर जीवन के विविध चित्र अंकित मिलते हैं। सच तो यह है कि इसे हम अनायास या आकस्मिक नहीं कह सकते। क्योंकि नागार्जुन समाज और जनजीवन के कुशल चितेरे थे। यही उनके साहित्य का आधार था। जिनके लिये उन्होंने समय-समय पर कविताएँ, कहानियाँ तथा उपन्यास लिखे। उनका व्यक्तित्व एक अक्खड़ और यथार्थवादी लेखक का रहा, जो दरअसल एक बड़े रचनाकार की महिमा से मंडित था।

नागार्जुन अपनी अक्खड़ प्रकृति के कारण एक ओर जहाँ कबीर की परम्परा से जुड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर निराला और मुक्तिबोध की पंक्ति में भी खड़े दिखाई देते हैं। दरअसल निराला और नागार्जुन में विचारधारा और चेतना में अंतर होने के बावजूद दोनों में एक प्रकार की समानता भी है।

नागार्जुन की कविताओं में जनजीवन से गहरा लगाव दिखाई देता है। वे लगातार परिस्थितियों का दबाव महसूस करते हैं किन्तु अपनों को याद रखना नहीं भूलते। उनकी कविताओं में चाहे पत्नी का सिन्दूर हो या मिथिला का रूचिर भू भाग हो, बच्चे की मुस्कान, प्रायवेट बस ड्रायवर की सात साल की बच्ची, फटी बिवाइयों वाले खुरदुरे पैर हों सबके प्रति उनका समान लगाव होने के कारण कविताओं का महत्व बढ़ जाता है, अभिजात वर्ग को चुनौती देते हुए वे कहते हैं -

कुली मजदूर हैं
बोझा ढोते हैं
खींचते हैं ठेला
धुँआ-धुँआ भाप से पड़ता है साबका .....।

नागार्जुन अपने रहन-सहन और विचारों में कबीर के आस-पास दिखाई देते हैं। कबीर जिस तरह छोटी-बड़ी जातीयता की मानसिकता पर चोट करते थे, नागार्जुन भी उसी दिशा में चलने वाले अक्खड़ कवि साबित होते हैं। उनकी काव्य भाषा कबीर की भाषा की तरह पूरी तरह सधुक्कड़ी न होने पर भी वे जिस भाषा का प्रयोग करते थे वह जनभाषा के निकट थी। उनकी 'अकाल और उसके बाद', 'नीम की टहनियाँ', 'बहुत दिनों के बाद' आदि सभी कविताएँ इसके उदाहरण हैं। उनकी 'प्रतिबद्ध' शीर्षक से एक कविता है जो 1975 में लिखी गई तथा जिससे उनके वैचारिक सरोकार का तो पता चलता ही है साथ ही इससे उनके व्यापक जीवन, वास्तव में लगाव की भी सूचना मिलती है। वे खुले रूप में इस बात की घोषणा करते हुए कहते हैं -

आबद्ध हूँ
जी हाँ आबद्ध हूँ
स्वजन परिजन के प्यार की डोर में
प्रियजन पलकों की कोर में
सपनीली रातों के भोर में
बहुरूपा कल्पना रानी के आलिंगन-पाश में
तीसरी चौथी पीढ़ियों के दंतुरित
शिशु सुलभ हास में
लाल-लाल मुखड़ों के तरूण-हुसास में
आबद्ध हूँ
जी हाँ शतधा आबद्ध हूँ।

नागार्जुन की कविता राजनीतिक शिक्षण का भी काम करती है। उनकी 'भोजपुर' कविता में उन्होंने समस्त युवा और क्रांतिकारी शक्तियों को सम्बोधित करते हुए कहा है -

यहाँ अहिंसा की समाधि है
यहाँ कब्र है पार्लमेण्ट की
भगत सिंह ने नया नया अवतार लिया है

उक्त कविता में कवि की दृष्टि 1967 की कृषि क्रांति के प्रभाव के तहत होने वाले किसान आन्दोलन की ओर है। नागार्जुन की कविता में सर्वत्र सामाजिक सरोकार का बोध होता है। उनमें कहीं-कहीं वैचारिक भटकाव भी दिखाई देता है। जिसके चलते वे कभी-कभी विवादों के घेरे में आ जाते हैं - 'क्रांति तुम्हारी तुम्हें मुबारक', 'पुत्र हूँ भारत माता का', 'कुछ नहीं हिन्दुस्तानी हूँ महज' आदि कविताओं को उद्धृत किया जाता है। नागार्जुन ने जिन स्थितियों और प्रसंगों को लक्ष्य कर तथाकथित वैचारिक भटकाव की कविताएं लिखीं। वे जनमानस के बहुत निकट हैं। इस प्रसंग में नागार्जुन में कबीर का अक्खड़ व्यक्तित्व प्रखर होता है -

अपने सुदृढ़ आलिंगनों में कसकर
हमें इतना अधिक मत झकझोरो
लेकिन जैसे आपके पितामह हुए
जिन्होंने हासिल करवा दिया
आपके लिये स्वर्ग-सुख
मगर हमारा तो
कोई पूर्वज नहीं हुआ।

नागार्जुन वैसी क्रांति के भी खिलाफ थे, जो स्वत: स्फूर्त ढंग से व्यापक जनता को गुमराह करती है। वे संपूर्ण क्रांति को भ्रांति कहकर पुकारते हैं, कारण कि इस प्रकार की क्रांति में सामंत, नौकरशाह और पूँजीपति घराने के नर-नारी भी शामिल थे, जिसका वर्णन 'क्रांति सुगबुगाई है' शीर्षक कविता में इस प्रकार हुआ है -

हवा से भर उठी इन्कलाब के कपूर की खुश्बू

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

बार–बार गूँजा आसमान
बार–बार उमड़ आये नौजवान
बार–बार लौट गये नौजवान।

नागार्जुन लोगों के 'राजनीतिक खेल' का मकसद खूब समझते थे। उन्होंने उनके खिलाफ भी कलम चलाई। उन्होंने संघ परिवार के प्रमुख नेता देवरस को संबोधित एक कविता लिखकर उनके वैचारिक चेहरे को बेनकाब करने का काम किया था। यथा –

देवरस दानव रस
पी लेगा मानव रस
होंगे विकृत विरस
क्या षटरस क्या नवरस
होंगे सब विजित–विवश
क्या तो तीव्र क्या तो ठस
देवरस दानव रस
पी लेगा मानव रस।

निष्कर्ष – इस तरह नागार्जुन एक जनवादी और क्रांतिकारी तेवर के कवि थे। उनकी कविताओं में भारतीय समाज का जीवंत यथार्थ चित्रित हुआ है। नागार्जुन ने समाज और देश में सम्प्रदायवाद के विषाक्त परिवेश के फैलाये जाने के पीछे लोगों की तुच्छ मानसिकता को माना।

नागार्जुन अपनी साहित्य साधना के दौरान बराबर एक जनवादी और क्रांतिकारी रचनाकार के रूप में ही सामने आते हैं।

अन्ततः वे एक जन पक्षधर कवि और लेखक के रूप में ही याद किये जाते रहे। किसी ने सच ही कहा है –

रहेगा रंज जमाने में यादगार तेरा
वो कौन दिल है जिसमें नहीं मजार तेरा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पुस्तक का नाम – शमशेर, नागार्जुन, मुक्तिबोध, रामनिहाल गुंजन पृ. संख्या 56–57
2. 'प्रतिबद्ध' कविता नागार्जुन 1975
3. 'कुली मजदूर' है कविता – घिन तो नहीं आती है नागार्जुन
4. देवरस – कविता नागार्जुन देवरस दानवरस
5. 'शांति मैत्री' कविता – 1984 नागार्जुन

****

Current Scenario Of Higher Education In India With It's Challenges

Pawan Kumar Jaiswal * **Archana Arya** * *

Abstract - The education system of India is one of the major contributors to the economic rise of India. Universities are the life -blood of higher education, Islands of excellence in professional education, such as IITs and IIMs are valuable complements but can't be substitutes for universities which provide educational opportunities for people at large. There is no doubt that higher education has made a significant contribution to economic development, social progress and political democracy in independent India. The Indian higher education system is presently facing several challenges ,due to this government has set a target of increasing the Gross Enrolment Ratio(GER)from the present level of about 12 % to 15 % by the end of XI five year plan and to 30% by the year 2020.

The size of India's higher education market is about $40 billion per year. Presently about 12.4 % of students go for higher education from the country. If India were to increase that figures of 12.4% to 30 % then it would need another 800 to 1000 universities and over 40,000 colleges in the next 10 years.

The aim of this paper is to presents the development and present scenario of higher education in India by analyzing the various data and identities the key challenges that India's higher education sector is facing .This paper also presents the key initiatives by the government and recommendations to meet these challenges.

Key Words - Higher Education, Knowledge Economy, Technical Education.

Introduction - In order to promote economic and industrial development in a country, the essential requirement is the capacity to develop skilled manpower of good quality in adequate number. According to population projections [1] based on the 2001 Census figures, in 2011 nearly 144 million of India's population will be between the age-group 18 to 23-the target age group for Higher Education. At the beginning of India's independence, there were 20 universities and 500 colleges while students enrollment at the tertiary level of education was 0.1 million. After independence, the growth has been very impressive. India now possesses a highly developed higher education system that offers facility of education and training in almost all aspects of human creation and intellectual endeavors. India's higher education system is the third largest in the world after China and United States in terms of enrolment. However, in terms of the number of institutions, India is the largest higher education system in the world with 26,455 institutions (611 universities and 31324colleges) as on 31August, 2011(Table1).

Table1: Number, Nature and Category of Institutions (As on 31 August, 2011)

Type of institution	**Number**
Central Universities	43
State Universities	289
State Private Universities	94
Deemed to be Universities	130
Institutes of National Importance plus Other Institutes	50
Institutions established under State Legislature Acts	5
Total	611
Total Colleges	31,324
Grand Total	**31,935**

Source: UGC, MHRD

Knowledge Economy - Knowledge is the driving force in the rapidly changing globalized economy and society. Education general and higher education in particular, is a highly nation-specific activity, determined by national culture and priorities. The emergence of India as a knowledge-based service driven economy has made its human capital its major strength and opportunity for growth.

According to a report [3] by ICRIER, New Delhi, India is home to the world's largest pool of scientific and knowledge workers and produces 400,000 engineers per year while the US produces 60,000. According to the same report, in August 2006 India filed 1312 patent applications second only to the United States.

This indicates that on the science and technology side, India has built up the largest stock of scientists, engineers and technician. In order to sustain these positive trends and an economic growth rate of 7%, a venture Intelligence calculates that India's higher education gross enrollment ratio (GER) would need to increase from 12 to 20 percent by 2014.

* **Research Scholar, SOE, D.A.V.V., Indore (M.P.) INDIA**

* * **Research Scholar, M.J.B. Girls, P.G. College Moti Tabela, Indore (M.P.) INDIA**

Table2: **Student Enrolment: Faculty-wise: (2009-10)**

S. No.	Faculty	Total Enrolment	% to Total
1	Arts	61,43,959	42.01
2	Science	28,22,623	19.30
3	Commerce/Management	26,07,638	17.83
4	Education	3,65,621	2.50
5	Engineering/Technology	15,10,762	10.33
6	Medicine	5,08,950	3.48
7	Agriculture	80,438	0.55
8	Veterinary Sciences	20,475	0.14
9	Law	3,43,688	2.35
10	Others	2,20,836	1.51
	Total	**1,46,24,990**	**100.00**

Source: UGC Annual Report, 2009-10

